विशाखदेव एवं शिवदत्त के सिक्कों के पृष्ठतल पर गजलक्ष्मी[३१] प्रतीक मिलता है। **विष्णुधर्मोत्तर पुराण**[३२] में एक देवी का वर्णन है, जिसका दो हाथी दोनों ओर से अभिषेक कर रहे हैं। विशाखदेव के सिक्कों पर कमल पर खड़ी लक्ष्मी और उसके दोनों ओर दो हाथियों का चित्रण है। शिवदत्त के सिक्कों पर लक्ष्मी आसीन मुद्रा में प्रदर्शित हैं।

---

२६. आर० जी० भण्डारकर **वैष्णव, शैव एवं अन्य धार्मिक मत**, पृ० १७२

२७. **महाभारत**, ३/२६६/१४; **वायुपुराण**, ७२/४५

२८. **जर्नल आफ न्यूमिस्मेटिक आफ इण्डिया**, २५, पृ० १०१

२९. श्री वत्स प्रतीक की महत्ता के लिए द्रष्टव्य–पी० के० अग्रवाल, **श्री वत्स–दि वेव आफ गाडेस श्री।** एवं डॉ० ए० एल० श्रीवास्तव, **श्री वत्स- भारतीय कला का एक मांगलिक प्रतीक** इलाहाबाद १९८३

३०. जातक, ४६०

३१. ओमप्रकाश सिंह, **आइकनोग्राफी आफ गजलक्ष्मी**, १९८२

३२. **विष्णुधर्मोत्तरपुराण**, ३/८२/७

विशाखदेव, धनदेव, कुमुदसेन एवं अजवर्मा के सिक्कों पर नन्दि, हाथी एवं स्वस्तिक आदि चिह्न मिलते हैं। इनमें ऊपर की ओर उपर्युक्त शासकों के नाम ब्राह्मी अक्षरों में खुदे हैं। पृष्ठतल पर सूर्य का चिह्न, घेरे में वृक्ष, त्रिशूल या नन्दिपद अथवा किसी स्त्री की आकृति का चित्रण है। ये सिक्के नन्दि प्रकार, हस्ति प्रकार, लक्ष्मी प्रकार तथा स्वस्तिक प्रकार नामों से ख्यात हैं।[३३] सूर्य एवं स्वस्तिक चिह्नों से सूर्य पूजा का संकेत मिलता है। सूर्य पूजा का इतिहास अत्यन्त प्राचीन है।[३४] ऋग्वैदिक युग में इसकी उपासना सविता नाम से होती थी। वह जगत् में जंगम एवं स्थावर जीवों की आत्मा था।[३५] कालान्तर के अनेक ग्रन्थों में भी सूर्य पूजा के सन्दर्भ मिलते हैं।

एलेन द्वारा वर्णित तृतीय वर्ग के सिक्कों के पृष्ठतल पर सूर्य के समक्ष वृषभ का अंकन है। ये सिक्के आयुमित्र, सत्यमित्र, कुमुदसेन और विजयमित्र प्रभृति अयोध्या शासकों द्वारा चलाए गये थे। एलेन महोदय ने भी इसे पताका या बरछे के समक्ष बैल का अंकन माना है। समुद्रगुप्त के अश्वमेध प्रकार के सिक्कों पर भी यूप के समक्ष अश्व का अंकन है। यदि हम एलेन की मान्यता में विश्वास करें तो इन सिक्कों पर शूलगव यज्ञ का अंकन है। यह यज्ञ धन, पवित्रता, पशु, पुत्र एवं दीर्घजीवन प्राप्त करने के उद्देश्य से सम्पादित किया जाता था।[३६] अनुमान किया गया है कि रुद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए अयोध्या शासकों ने वृषभ–बलि दी थी।

उपर्युक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि अयोध्या के सिक्कों पर अंकित विविध प्रतीक सोद्देश्य चित्रित हैं। इनसे उनकी धार्मिक अभिरुचि और प्रतीक पूजा का संकेत मिलता है, जिसका अध्ययन कर हम उनके धर्म की रूपरेखा सुनिश्चित कर सकते हैं।

□□□

---

३३. वासुदेव अपाध्याय, भारतीय सिक्के पृ० ८१

३४. सूर्य पूजा के विस्तृत अध्ययन के लिए द्रष्टव्य–एल० पी० पाण्डेय, सन-वर्शिप इन एन्शिएण्ट इंडिया।

३५. ऋग्वेद, १०/१२५/८/६१/७/६०/१/७/६२/२

३६. हर्षचरित, पृ० १४८; बृहत्संहिता, ६०/१६; विक्रमोर्वशीय, ५/४; रघुवंश, ३/२२

गुजरात के चौलुक्यों के अभिलेखों में उल्लिखित सिक्के और ब्याज की दर

डा० वर्षा जी० जानी

गुजरात के इतिहास में चौलुक्यों का काल (ई० सं० ६४२ से १२४४) अत्यन्त महत्त्वपूर्ण एवं समृद्धि का युग माना गया है। इस समय गुजरात की आबादी अधिक थी। इस काल में, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रगति हुई थी। इन सबकी विशेष जानकारी हमें, उस समय के अभिलेखों से प्राप्त होती है। अलबत्ता, अभिलेखों से सिक्के की जानकारी बहुत कम प्राप्त होती है फिर भी जो जानकारी उपलब्ध है, वह इस प्रकार है–

चौलुक्यकाल में गुजरात के व्यापार उद्योग अच्छी तरह से विकसित हुये थे। अनेक देशों और प्रदेशों के साथ उनके आर्थिक संबंध थे फिर भी चौलुक्यों के चलणी सिक्के प्राप्त नहीं हुये हैं। साहित्यिक उल्लेखों में प्रबंधों और "लेखपद्धति" नामक ग्रन्थ में जयसिंहप्रिय, कुमारपालप्रिय, वीसलप्रिय, भीमप्रिय, लूणताप्रिय जैसे विविध मुद्राओं के उल्लेख हुए हैं।[1]

अल्लाउद्दीन खिलजी के समय के सिक्काविज्ञ ठक्कुर फेरू के प्राकृत ग्रंथ **द्रव्यपरीक्षा** में (संभवतः १३वीं सदी का अंत और १४वीं सदी का प्रारम्भ) "गुर्जरीमुद्रा" नाम का प्रकरण दिया गया है। इसमें चौलुक्य राजाओं की विविध मुद्राओं के नाम दिये गये हैं।[2] इसमें कुमरपुरी (कुमारपालकी) (अजयपुरी) (अजयपालकी) (भीमपुरी) (भीमदेवकी) जैसे विविध सिक्के और उनके वजन का भी उल्लेख किया है। इस प्रकार की जानकारी के आधार से यह अनुमान किया जाता है कि, चौलुक्य राजाओं ने अपने चलणी सिक्के अवश्य बनवाये होंगे। इन सिक्कों के कोष्ठक इस प्रकार हैं[3] –

५/४ कुमरपुरी १०० मध्ये तोला १८ मासा ४
५/४ अजयपुरी १०० मध्ये तोला १८ मासा ४
५/४ भीमपुरी १०० मध्ये तोला १८ मासा ४
५/४ लवानपुरी १०० मध्ये तोला १८ मासा ४
५/८ अर्जुनपुरी १०० मध्ये तोला १६ मासा ६
६ वीसलपुरी १०० मध्ये तोला १६ मासा ८

---

१. जिनविजयजी–प्राचीन गुजरातना सांस्कृतिक इतिहास नी साधन सामग्री, पृ०–५६

२. गुज्जरवइरायाणं–बहुबिहमुद्दाइ विविहनामाइं । द्रव्यपरीक्षा, पृ० २७,२८

३. ठक्करफेरू–"द्रव्यपरीक्षा" संपादक, भंवरलाल नाहटा पृ० ३३

सिद्धराज जयसिंह के सोने के दो सिक्के लखनऊ म्यूजियम में हैं। यदि ये सिक्के सचमुच सिद्धराज के ही हैं तो ये खालवा के विजयप्रसंग पर बनवाये गये होंगे, ऐसी कुछ विद्वानों की मान्यता है। प्रो० होडीवाला के संग्रह में कहीं छोटे सिक्कों पर "श्री मज्जयसिंह" लिखा गया है। ये सभी सिक्के सिद्धराज के होंगे ऐसी सम्भावना श्री गिरिजाशंकर आचार्य ने व्यक्त की है।[४]

झांसी के पास से पंडवाहा से थोड़े सिक्के मिले हैं। इस सिक्के पर "सिद्धराज" ऐसा लिखा दिखाई पड़ता है।[५]

चांदी के कुछ सिक्के महेसाना के पास पिलवाई में मिले हैं। इस सिक्के पर भी "श्री मज्जयसिंह" जैसा अक्षर अंकित किया गया है। इसलिए ये सिक्के सिद्धराज जयसिंह के हैं, ऐसा माना गया है।[६]

६ से ७ ग्रेज के चांदी के सिक्के ८वीं सदी के अंत भाग में मध्य भारत और गुजरात में भी प्रचलित थे। इस प्रकार के सिक्के गुजरात के चौलुक्य राजा सिद्धराज के समय में १२वीं सदी में प्रचलित हुये थे। इन सिक्कों के अग्रभाग में गज की आकृति और पृष्ठ भाग पर तीन पंक्तियों में "श्री मज्जयसिंहप्रिय" लिखा गया है। **लेखपद्धति** आदि ग्रंथों के आधार से यह जाना जा सकता है कि चौलुक्यकाल में राजा अपने सिक्के पर राजा के नाम के बाद 'प्रिय' शब्द का प्रयोग करते थे जैसे कि "भीमप्रिय", "विसलप्रिय"।[७]

ठक्कर फेरू के उपर्युक्त कोष्ठक में उल्लिखित "जयसिंहप्रिय" लिखित सिक्के का अध्ययन करना आवश्यक है।

इस कोष्ठक में कुमरपुरी से लवणपुरी तक अर्थात् कुमारपाल, अजयपाल, भीमदेव, और लवणप्रसाद के अंत में "पुरी" अंकित ऐसे १०० सिक्के का तोल १८ तोला और ४ मासा है। इसलिए प्रत्येक राजा के १०० सिक्के का तोल १८x१२ = २१६x४ = २२० मासा होता है। इसलिए प्रत्येक सिक्के २.२ मासा तोल का होता है। उस जमाने में चांदी के १ माप = २ रत्ती तोल गिना जाता है।[८] इसलिए प्रत्येक सिक्का २.२x२ = ४.४ रत्ती का होता था। रत्ती का लगभग तोल १.८३ ग्रेज अथवा .११६ ग्राम हो सकता है। उसी प्रकार प्रत्येक सिक्का ४.४ x १.८३ = ८.०५२ ग्रेज अथवा ४.४ x .११६ = .५२३६ ग्राम वजन का होता है । जयसिंहप्रिय के उपलब्ध सिक्के का तोल शायद .५ ग्राम है[९] अर्थात् ५०० मिलीग्राम। उसी प्रकार ठक्करफेरू ने जो कोष्ठक दिया है उनके साथ यह सिक्का मिलता जुलता है। अलबत्ता फेरू ने जयसिंहपुरी के सिद्धराजप्रिय नाम का उल्लेख नहीं किया है।

---

४. Proceedings of Seventh all India Oriental Conference , Baroda,1993,p,695

५. उमाकांत शाह, "कुमारपालना सिक्का" **स्वाध्याय** पृ०–६, पृ० ४६६

६. अमृत व० पंडया,"महाराजा जयसिंह सिद्धराजना चांदीना सिक्का, **विजयवल्लभसूरि स्मारक ग्रंथ,"** पृ० १०१–११.

७. ह.गं. शास्त्री प्र० च० परीख **"भारतीय सिक्काशास्त्र"** पृ० १३२

८. वही पृ० १३३

९. ऐसा ही एक सिक्का अहमदाबाद के भूतपूर्व मेयर श्री चीनु भाई चिमनभाई के निजी संग्रह में है।

गुजरात के बाहर भी कुमारपाल के नामांकित सिक्के प्राप्त हुए हैं। संभवतः ये सिक्के चौलुक्य राजा कुमारपाल के हो सकते हैं । यह संभव हो सकता है कि मुसाफिरों और प्रवासियों के साथ ये सिक्के बाहर गये होंगे।[१०]

हरिभद्रसूरि कृत प्राकृत **"चंद्रप्रभचरित"** सं० १२३३ – ई० सं० ११७७ तथा अपभ्रंश **"नेमिनाथ चरित"** के आधार पर डॉ० उमाकांत शाह ने सिद्ध किया है कि, "चौलुक्यों के सभी सिक्के और राजकीय मुद्राओं पर लक्ष्मी की आकृति थी।[११] **विमलशाह** के पिता चौलुक्य राजाओं की टंकशाला के उपरी थे। यह जानकारी हमें *चंद्रप्रभचरित* की प्रशस्ति से प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त श्रीमाल की टंकशाला की जानकारी अनेक आधारभूत उल्लेखों से प्राप्त होती है।[१२]

चौलुक्यकालीन अभिलेखों में भी चलणी सिक्कों के उल्लेख प्राप्त होते हैं। उदाहरणार्थ **हसतकुंडी धवल** के वि० सं० १०५३ के बीजापुर के लेख में **"विंशोपक" "रूपक"**, इत्यादि सिक्कों का उल्लेख हुआ है।[१३]

वि० सं० ११४० के ताम्रपत्र में २ विंशोषक १८ रूपक और ३ रूपक इत्यादि का उल्लेख हुआ है।[१४]

वि० सं० ११४८ के लेख में सरोवर के निबाह के लिए राज्य की ओर से भाग, उपभोग कर और "सुवर्ण" लिए जाते थे, ऐसा उल्लेख मिलता है। इसमें सुवर्ण का उल्लेख स्पष्टतः सिक्का ही लगता है।

मांगरोल की सोढणी वाव के वि० सं० १२०२ के शिलालेख में मंदिर के निबाह के लिए, लोगों के पास से विविध कर राज्य की ओर से लिए जाते थे। इसमें कार्षापण द्रम्म और रूपक का उल्लेख किया है।[१५]

कुमारपाल के वि० सं० १२१३ के लेख में उल्लिखित बंदर मांडवी की उपज में से रोज के रूपक का दान तीन जैन मंदिरों को दिया गया था।[१६]

वि० सं० १२३५ के लेख में भी विंशोपक शब्द का प्रयोग किया गया है।[१७]

---

१० . उमाकांत शाह, पृ० ५००–१

११ . Umakant Shah, "Coin age of Early Chaulukyas of Anahillavada Patan" *journal of the numismatic Society of India* Vol. 16 b. 2. P. 239-42.

१२ . लेखपद्धति – पृ० ३४,३५,३६,३७,४१,४२,४३,४५

१३ . गिरिजाशंकर आचार्य– "गुजरातना ऐतिहासिक लेखा भाग," – ३ लेख, नं०, २३८ अ

१४ . *Journal of the Oriental Institute, Baroda*

१५ . गिरिजाशंकर आचार्य – वही, नं० १४३

१६ . वही. नं० १४५

१७ . वही. नं० १४८ क

भीमदेव द्वितीय के वि० सं० १२६४ के लेख में बताया गया है कि भीमदेव राजा का मंत्री श्रीकरण समस्त मुद्रा–व्यापार चलाता था। तदुपरान्त इस लेख में "द्रम्म" का भी उल्लेख किया है।[१८]

वि० सं० १२८८ के लेख में भी द्रम्म और विंशोपक का निर्देश किया गया है।[१९] वि० सं० १२८८ के अन्य एक लेख में भी द्रम्म और विंशोपक का उल्लेख मिलता है।[२०] वि० सं० १२९१ के लेख में वस्तुपाल का पुत्र जयतसिंह खंभात में मुद्रा–व्यापार करता था, ऐसा निर्देश है।[२१]

भीमदेव–राजा के वि० सं० १२६२ के लेख में "द्रम्म" का भी उल्लेख मिलता है।[२२] इस प्रकार उपर्युक्त चर्चा के अनुसार विविध अभिलेखों में चौलुक्य कालीन सिक्कों के उल्लेख दिखाई पड़ते हैं। इन सिक्कों का अर्थ इस प्रकार किया जाता है। जैसे कि सुवर्ण – अर्थात् सोने का सिक्का। रूपक– अर्थात् चाँदी का सिक्का। द्रम्म– अर्थात् चाँदी का सिक्का। विंशोपक सिक्के के लिए विविध मान्यताएं हैं। एक मान्यता के अनुसार विंशोपक का अर्थ कौड़ी और दोकड़ा होता है।[२३]

दूसरी मान्यता के अनुसार यह सिक्का किसी सिक्के का १/२० वाँ भाग हो सकता है। प्रा. डी. आर. भांडारकर के मतानुसार विंशोपक यह मूल द्रम्म कार्षापण का १/२० वाँ भाग के ताँबे का सिक्का होगा लेकिन वि० सं० १२३५ के लेख के कथनानुसार सोमेश्वर की पूजा के लिए दो विंशोपक प्रतिदिन दान में दिया जाता था। इसलिए यह सिक्का रूपक हो सकता है।[२४]

सामान्यतः यहाँ कार्षापण का अर्थ चाँदी का सिक्का होता है। वि० सं० १५४० के ताम्रपत्र में विंशोपक का उल्लेख किया गया है, रूपक नाम के चांदी के सिक्के के २० वें भाग का चाँदी का ही यह सिक्का हो सकता है।

लेकिन दूसरे लोगों के मतानुसार कार्षापण का अर्थ तीन धातु सोना, चाँदी और ताँबा से बना हुआ सिक्का है। कहीं कहीं कार्षापण का यह अर्थ चाँदी के सिक्कों के लिए भी किया जाता था।[२५]

अभिलेखों से प्राप्त इन सिक्कों का अनुपात इस प्रकार दिया जाता है।[२६]

---

१८ . वही. नं० १५७ ड

१९ . वही. नं०. २४३

२० . आबु के प्राचीन जैन लेख संग्रह नं०२७७, पृ० ११६

२१ . प्राचीन जैन लेख संग्रह नं० ८२– पृ० ५६५

२२ . Annals of the Bhandarkar Oriental Research Institute; P.50

२३ . आबु के प्राचीन जैन लेख संग्रह, पृ० ११६

२४ . देखिये वि० सं० १२३५ के लेख की प्रस्तावना गिरिजाशंकर आचार्य–वही. नं० १५७ क

२५ . ह. गं. शास्त्री प्र० च० परीख वही, पृ० ३८

२६ . वही, पृ० २४६,४७

१६ मार्ष = १ सुवर्ण

१ कर्ष = १ पण या कार्षापण

४ कर्ष = १ पल

१ कर्ष = ८० गुंजा

१ विंशोपक = २० मासा

२० कोड़ी = १ विंशोपक

५ रूपक = १ द्रम्म

श्रीधराचार्य के **गणितसार** पर सं० १४४६ ई० सं० १३६३ में लिखी हुयी पुराणी गुजराती की टीका में से नाणां और तोलमाप के कोष्ठक मिलते हैं।[२७] ये इस प्रकार हैं–

२० वाराटक कोडी = १ कोकिणी

४ कोकिणी = १ पण

१६ पण = १ पुराण

५ कोडी = १ पावीस

४ पावीस = १ वसु

५ वीसु = १ लोहडिया

४ लोहडिया = वोकाडउ

५ रूअ = १ द्रम्म

३ वांकुठा = १ द्रम्म

१०० वीसा = १ द्रम्म

४०० पावीसा = १ द्रम्म

(२) २० कोडी = १ विंशोपक

५ विंशोपक = १ लोहडिया

४ लोहडिया = १ रूपक

५ रूपक = १ द्रम्म

(३) १ रूपक = २ भागक

उपर्युक्त सिक्कों में से कुछ के नाम दूसरे शिलालेखों में मिलते हैं। नड्डुल के आदिनाथ मंदिर के ठक्कुर राजपालदेव के वि० सं० १२०० के शिलालेख में विंशोपक शब्द का प्रयोग किया गया है। प्रस्तुत कोष्ठक में "वीस" ये विंशोपक का प्राकृत रूप है। उसी प्रकार राजपालदेव के वि० सं० १२०२ के शिलालेख में "रूओ" शब्द का प्रयोग किया है।[२८]

---

२७. भोगीलाल सांडेसरा – मध्यकालीन गुजरांतना तोलमाप अने नाणां विशे केटलीक माहिती १२ मुं साहित्य सम्मेलन, इतिहासं विभाग, पृ० ३६ से ८२ तक

२८. डॉ० भारती शेलत – "सोलंकी राजाओंना सिक्का, पथिक," वर्ष १९८१, सेप्टेम्बर – ओकटोबर – अं० १२–१, पृ० ३१–४१

कोष्ठक नं० २ के संदर्भ में देखने पर यह मालूम होता है कि विंशोपक २० कोडी मूल्य के ताँबे के सिक्के होते हैं। रूओं को रूपक के अर्थ में लिया जाता है, और कोष्ठक के अनुसार १ रूपक = २० विंशोपक = ४०० कोडी होता है।

चौलुक्य राज्य के सिक्के बहुत संख्या में उपलब्ध नहीं होते हैं। उसका एक कारण यह भी हो सकता है कि चौलुक्य राज्य के अंत के बाद, उस समय के पुराने सिक्कों को नये राज्य ने स्वीकार नहीं किया होगा । अथवा यह भी संभव हो सकता है कि गुजरात में से सैकड़ों की संख्या में और हजारों की संख्या में रूपा और तांबे के मिश्रित गधैया नाम से प्रचलित सिक्के मिलते हैं। हो सकता है कि ये सिक्के चौलुक्यकाल में और पूर्व में सार्वत्रिक रूप से प्रचलित थे। अतः चौलुक्यकाल में चौलुक्य राजाओं के द्वारा बनाये हुए सिक्कों को लोगों ने स्वीकार नहीं किया होगा। परिणामस्वरूप उसका उपयोग मर्यादित क्षेत्र में बहुत सीमित हो गया । अलबत्ता, समकालीन अभिलेखों में और साहित्य में निर्देशित उल्लेखों के आधार पर कहा जा सकता है कि इस काल में निश्चित प्रकार का सिक्का जरूर प्रचलित रहा होगा।

तोलमाप- चौलुक्यकालीन अभिलेखों में सिक्के, सिक्के का माप, उपरांत धन्य, सुवर्ण, घी, तेल और जमीन आदि का तोल माप भी निर्दिष्ट हुआ है।

वि० सं० १०५३ के लेख में धान्य के तोल माप का उल्लेख मिलता है। जैसे कि हरेक अरधट्टे (रेंटवाला कूवा) घेंठ और जपका

– १ (आटक चार शेर)

– पेठ़ दीठ ५ पणी

– हरेक्र भारे (२००० पल) विंशोपक

– ३, केसर, गुंद, उन वगैरे पर हरेक भार १० पल

– राण आदि पर – १ द्रोण – १ माणक

श्रीधराचार्य के **गणितसार** पर वि० सं० १४४६ (ई० सं० १३३३) में लिखी गई राजकीर्ति नामक पुरानी गुजराती टीका में नाणा के तोल माप के साथ साथ अन्य तोल माप भी मिलते हैं।[२६]

धान्य के तोल माप इस प्रकार हैं-

२ पण = प्रसूति

२ प्रसूति = १ कुडव

४ कुडव = १ प्रस्थ (६४ तोला)

४ प्रस्थ = १ आटक

१ आटक = १ द्रोण

---

२६ . भोगीलाल सांडेसरा – वही, पृ० ३६ से ४२

१ द्रोण = १ बारी

४ पावला = १ पाली

४ पाली = १ माणक

४ माणक = १ सेति (मण)

६ रोति = १ हारि

४ हारि = १ माणि

१६ सेति = १ कणशी

१०कणशी = १ मूडो

घी, तेल का माप :-

१३ तिल = १ टीप	४ पावली = १ कर्ष
४ टीप = १ लगार	४ कर्ष = १ पल
४ लगार = १ पावली	४ पल = १ सोहल
२ पावली = १ अधोल	१६ सोहेल = १ घडी

जमीन के माप :-

८ सरसव = १ जव	३ दंड = १ बांस
३ जव = १ अंगुल	१४ बांस = १ नेतन
२४ अंगुल = १ हस्त	१ नेतन = १ हलवाइ
४ हस्त = १ दंड	१ हलवाह = ३३६० हस्त

२००० दंड = १ कोश (गाडु) = ८०६४० अंगुल

४ कोश = १ योजन = ४०८३८४० जव

ऊपर बताये गये तोल माप चौलुक्य काल में प्रचलित दिखाई पड़ते हैं।

ब्याज की दर

इस काल के अभिलेखों में से सिक्कों के उपरांत ब्याज के दर का भी उल्लेख प्राप्त होता है। किन्तु यह जानकारी बहुत कम मिलती है।

भीमदेव – राजा के वि०सं० १२८८ के लेख में ब्याज की आय में से १६ द्रम्म देने का उल्लेख प्राप्त होता है।[३०] इसके उपरांत १६ द्रम्म का ब्याज हर महीने ८ विंशोपक आयेगा और उसमें से आधे द्रव्य से, देरी के मूलनायक की पूजा करना, ऐसा उल्लेख है। ऊपर बताये गये हिसाब के अनुसार १६ द्रम्म का वार्षिक ब्याज हद विंशोपक उपर्युक्त कोष्ठक के अनुसार १६ द्रम्म = १६x५ = ८० रूपक = ८०x२० = १६०० विंशोपक होता है। इसलिए १६०० विंशोपक पर वार्षिक ब्याज ९६ विंशोपक मिलने पर ब्याज की दर ६ % होता है।

---

३०. आबु के प्राचीन जैन लेख संग्रह – नं० २७७, पृ० ११६

द्वयाश्रय में ब्याज का दर आधा पाँच और 'छ' टके का बताया गया है।[३१] इससे आधा टका के ब्याज का अर्थ शायद मासिक आधे टके का होगा। इसलिए वार्षिक ब्याज का दर 'छ' टके का हो गया।

लेखपद्धति में दिये गये एक दस्तावेज में ब्याज का दर मासिक दो टका यानी कि वार्षिक २४ टका बताया गया है।[३२]

नाणा, ब्याज उपरांत वस्तु विनिमय की प्रथा भी, इस समय में प्रचलित रही होगी। क्योंकि आभिलेखिक प्रमाणों को देखते हुए ऐसा मालूम होता है कि राज्य की ओर से कर लिये जाते थे। इसमें वस्तु–चीज के बदले में वस्तु ही लेने का उल्लेख प्राप्त होता है। जैसे कि वि० सं० १०५३ के ई० सं० ६६७ लेख में बताये गये अनुसार[३३] रू, केसर, गुद, उन आदि का दस भार पल भर के माने जा सकते हैं। साहित्य में भी ऐसा उल्लेख कहीं कहीं दिखाई पड़ता है।

"द्वयाश्रय" में बताये गये अनुसार धान्य के दो द्रोए से ६ आखला और उनके सौ कामजा से एक घोड़ी खरीदी जा सकती है।[३४]

उपर्युक्त दी गई माहिती के आधार पर यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि चौलुक्य काल में गुजरात का अर्थतंत्र ठीक से चलता था।

अभिलेखों में बताये गये मंदिरों को बनाना, ब्राह्मणों को भूमिदान करना, और इसके अलावा लगान – कर की समग्र व्यवस्था देखकर यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि गुजरात की आबादी बढ़ी हुई थी। अलबत्ता अभिलेखों से चौलुक्यों की आर्थिक स्थिति पर कोई विशेष जानकारी प्राप्त नहीं होती है।

□□□

३१. रामलाल मोदी **"संस्कृत द्वयाश्रय" काव्यमां मध्यकालीन गुजरात नी सामाजिक स्थिति, पृ० ३२**

३२. **लेखपद्धति – पृ० ३३**

३३. गिरिजाशंकर आचार्य – नं० १५७ ब

३४. रामलाल मोदी – **वही, पृ० ३२**

THE CONTRIBUTION OF NARMADĀ TO THE URBAN GROWTH OF TRIPURĪ

Prof. S. K. SULLEREY
Jabalpur

The Narmadā is regarded as the life line of Madhya Pradesh. With a course of over 1312 Km, this is the largest among the West flowing rivers of Indian subcontinent. Originating from Amarkantaka, the Narmadā flows west ward, through an asymmetrical valley of about 160 Kms in length, enclosed between the Vindhyas on the north and Satpurā on the South, till it reaches down to the neighbouring region of Tripurī. The gorge - like valley is full of rapids and falls. At Bheraghat near Tripurī, it forms a beautiful 15 Metres high, Dhuandhar Water falls. Here the Narmadā has a youthful appearance.[1]

Tripurī is situated in the basin of the Narmadā a river which divides the Indian sub-continent in two distinct cultural zones. Tripurī now represented by a modern village Tewar situated on the Jabalpur Bheraghat Road, about 13 Kms to the West of Jabalpur. The site is bounded on its three sides by the Banagangā, a tributory of the Narmadā.[2] The Narmadā played a vital role in the urban growth of Tripurī. The river not only provided drinking water, fertile agricultural land and relatively easier network of Communications, but it also facilitated irrigation thus expropriated a large amout of surplus, thereby strengthening the urban growth. It may be mentioned here that the ancient main trade routes passed through the Tripurī connecting the town with the other part of India[3] also play a significant role in the urban growth of this town.

---

1. V.S. Pathak and S.K. Sullerey : *Tripurī tīrthapaṭṭa: A Sculptural Mythic Representation of Tripurī* (to be published), The Narmadā carved as a beautiful damsel standing on Crocodile in tīrthapaṭṭa. p. 5.
2. *Ibid.*, p. 5 Tripurī tīrthpāṭṭa is bounded on its three side by the Narmadā.
3. *Journal of the Madhya Pradesh Itihāsa Parishad* No. VP. 55.

In ancient India, there were two important categories of towns - political and economic. In the present context if we limit our analysis to the latter category it will become obvious that such towns were trade centres and some of them grew as a result of their location on important trade routes[4].

The excavations conducted at Tripurī[5] have thrown valuable light on the urban growth and decay.[6] The post Harappan Chalcolithic cultures developed in the valley of Narmadā from beginning of the Second millennium B.C. to C. 600 B.C.[7] The urban occupation of Tripurī continued from C. 500 B.C. to C. 400 A.D.[8]. The Sātavāhana and post Sātavāhana periods are better known for various Coins of lead, copper or potin belonging to the Sātavāhanas and Ksatrapas[9]. In addition the Sātavāhanas age possesses red polished ware sprinklers and Kaolin Wares[10]. During Sātavāḥana period Tripurī grew up into a trade centre of Central India[11]. This period also marks the introduction of Buddhism at Tripurī and two brick building were identified as Vihāras. In them were encountered several Buddhist objects, such as steatite caskets, beads and pottery marked with Buddhist symbols. They also made an extensive use of Kaolin for their pottery, procured from nearby quarries of this clay from Lametaghat[12] of Narmadā. There is a reason to believe that region around Tripurī then lay on the main high road to the south and this period is marked by a number of minor antiquities like terracotta figurines which betray an intermingling of Southern and North Indian Cultures[13].

4. *Great Rivers of India*, p. 110.
5. M.G. Dikshit - *Tripurī* - 1952, *IAR*, 1965-66 pp. 21.22 1966-67 pp. 17-19, 1967-68, pp. 23.24; 1968-69, pp. 11-12.
6. R.S. Sharma : *Urban Decay in India*, p. 62.
7. *Marg*, Vol. XXVI, No. 3 p. 28.
8. R.S. Sharma : *Urban decay in India*, p. 62.
9. *IAR*, 1966-67 p. 18.
10. *IAR*, 1965-66 p. 22.
11. *Marg*, Vol. XXVI, No. 3, p - 28.
12. M.G. Dikshit : *Tripuri* - 1952, p.2.
13. *Ibid.*

The post Sātavāhanas phase yeilded sprinklers, mica dust pottery[14], punch marked coins, iron and stone objects[15]. Baked clay sealing bearing inscriptions of the Second-third Century A.D. also appear[16]. Structures deteriorated during C 200 A D to 400 A.D. The habitational deposits in this period are 0.3048 metre to 1.52 metres thick, and this 'last occupation' show very poor structure marked by brick bats.[17] In the contrast the habitational deposits representing the period 100 to C-200 A.D. range from 0.4572 metre to 1.82/2.13 metres thick[18]. The Sātavāhanas were succeeded by the Bodhis Kings who ruled in the Tripurī during the second third Century A.D. The excavations at Tripurī have brought to light coins and sealings as many as four rulers of the Bodhi dynasty[19]. The site was abandoned after C 400 A.D. and regained its significance under the Kalachuries.

The urban decline is one of the most Controversial problem of Indian history[20]. Several Scholars have attributed various factors responsible for urban decay in India, such as political factor, foreign invasions, natural calamity and decline of long distance trade, crafts and commerce with Roman empire.[21]

Similarly scholars assign various factors responsible for urban decay at Tripurī. M.G. Dikshit[22] consider Huna invasions responsible for urban decay of Tripurī. H.D. Sankalia advocated the theory - struggle between Buddhist and Saivas the main cause of decay[23] A.M. Shastri assigned no particular reason for urban decay of Tripurī[24]. Undoubtedly the decline of long- distance trade

---

14. Mica. dusted pottery also reported from Kakrahata excavations conducted jointly by Dept. of A I H C & Archaeology R.D. V. V, Jabalpur & state Archaeology MP.
15. *IAR*, 1966-67, p. 18.
16. *IAR*, 1966-67, P. 18.
17. M.G. Dikshit : *Tripurī* - 1952, Pp. 13, 18, 29.
18. R.S. Sharma : *Urban decay in India*, P. 63.
19. *Marg*, Vol. XXVI, No. 3 P. 28.
20. R.S. Sharma : *Urban decay in India*, PP. 132.142.
21. *Ibid.*
22. M.G. Dikshit : *Tripurī* - 1952- P. 2.
23. *Journal of the Madhya Pradesh, Itihasa Parishad*, No. VP. 55 ff.
24. A.M. Shastri : *Tripuri* (Hindi) P. 89.

which involved Roman, Chinese, Parthisans, Kuṣānas and Sātavāhanas was an important cause of urban decay in the late third century and in the fourth century[25], had been mainly responsible for urban decay of Tripurī. It is interesting to note that Narmadā which was so conducive for urban growth of Tripurī, also spelt disaster for town due to the erasion and recurrent flooding. Inspite of the Narmadā and the Banagangā, there has been the scarcity of water in the adjoining areas of Tripurī, throughout its long history. It was, therefore, necessary to dig lakes, ponds and wells and make sufficient provisions for water in the habitational areas. The Kalachuri dynasty ruling over Tripurī paid their special attention to the water problem and got excavated several big and small lakes in the adjoining areas of Tripurī[26]. Thus water scarcity can also be responsible for urban decay of Tripurī to some extent.

□□□

25. R.S. Sharma : *Urban decay in India,* P. 135.

26. S.R. Nema : *Political History of the Soma-Vamsī King of South Kosal,* Foreword, P. IX-XIII.

सतकुण्डा (रायसेन) के प्रागैतिहासिक शैलचित्र : एक अध्ययन

प्रदीप कुमार शुक्ल

सागर

मध्यप्रदेश का यह "महाप्रदेश" पुरातत्त्व के विभिन्न आयामों, प्रागैतिहासिक शैलचित्रण, मंदिर वास्तु, पुरामानव शास्त्रीयस्थलों, विशिष्ट भूगर्भीय क्षेत्रों तथा मध्यकालीन स्मारकों के कारण आज भी शोधार्थियों के लिए सर्वोत्तम क्षेत्र प्रस्तुत करता है। इस प्रदेश की प्रमुख नदियों (प्राचीन रेवा तथा मेकलसुता) बेतवा, वेत्रवती, धसान(दशार्ण) ताप्ती, सोन, इन्द्रावती, महानदी आदि के सुरम्य वन संकुल प्रदेश, सुरम्य घाटियों विस्तृत पठारों व उपजाऊ मैदानों के सहारे भारत क्या विश्व की आदिम सभ्यता, प्रागैतिहासिक काल, सिन्धु–हड़प्पा काल, नवपाषाण, ताम्रपाषाण काल से लेकर ऐतिहासिक काल तक के मानव की विकास यात्रा के क्रमिक पदचिह्न हमें इस प्रदेश की महाभूमि में प्राप्त होते हैं। सतकुण्डा (रायसेन) के चित्रित शैलाश्रयों के परिचय पूर्व यह जानना महत्त्वपूर्ण है कि वर्तमान मध्य प्रदेश (महाप्रदेश) में विन्ध्य,सतपुड़ा, मेकल तथा कैमूर पर्वत श्रृंखलाओं के विस्तृत भू–भाग वाला "प्रदेश" है। इन पर्वतों की महत्त्वपूर्ण भूसंरचना एवं विशिष्ट भौगोलिक स्थिति के कारण ही इस प्रदेश में आदिम युग से लेकर ऐतिहासिक काल तक के विश्व सभ्यता के हस्ताक्षर अनवरत पुरातत्त्व को विभिन्न शाखाओं के द्वारा प्राप्त होते हैं। विश्व में शैलचित्रण कला के अब तक अध्ययन के आधार पर (कुमार एवं नरवारे १९८४, साली १९८५, सोनवाने एवं मेहता १९८५, वाकणकर १९८६, वाजपेयी एवं पाण्डे १९७४, मिश्रा १९७४, मठपाल १९७६, न्यूमेर इरविन १९८३, त्यागी १९८८) विद्वानों ने इसे आरंभिक कला तथा आदिम मानव की सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक जादुई तथा शिकारी प्रवृत्ति आदि अनेक गतिविधियों का प्रथम प्रमाण माना है।

प्रारम्भिक उत्खनन एवं सर्वेक्षण के आधार पर भारतीय शैलचित्रण कला का प्रारम्भ उच्च पुरापाषाण काल (लगभग २०,००० पूर्व) से लेकर ऐतिहासिक काल के (लगभग १५वीं शती के) अन्त तक अनवरत क्रम में चलता रहा, वर्तमान समय में भी ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों में जनजातियों के चितेरे एवं गृहचित्रकार लिखना, माढ़ना आदि के माध्यम से अपनी कलात्मक, धार्मिक, मनोवैज्ञानिक अभिव्यक्ति अपनी कलम से करते रहे हैं। (वाकणकर एवं ब्रुक्स आर० आर० १९७५)।

सतकुण्डा (रायसेन) के चित्रित शैलाश्रय

रायसेन जिला भोपाल संभाग के अन्तर्गत मध्यप्रदेश के लगभग मध्य में उत्तरी अक्षांश २२ ४७' से २३ ३३' तथा ७७ २१ से ७८ ४६' पूर्वी देशांश के मध्य स्थित है तथा कर्क रेखा जिले के उत्तरी भाग से जाती है। प्रमुख रूप से मालवा क्षेत्र में तथा आंशिक रूप से नर्मदा घाटी में फैला हुआ यह जिला अनियमित भू–आकृति वाला है। इस जिले में विन्ध्य की मुख्य पर्वत शृंखला लगभग १५ कि०मी० से २५ कि.मी. चौड़ी पूर्व से पश्चिम निकलती हुई उत्तर, उत्तर–पूर्व तक फैली है। प्रमुख शृंखला का ५३० मीटर से ६१० मीटर क़े लगभग विन्यास है तथा कई जगह कई चोटियां लगभग ६६० मीटर तक ऊंची है। इसकी सीमाएँ पश्चिम से सीहोर, उत्तर में विदिशा, पूर्व तथा उत्तर–पूर्व में सागर, दक्षिण पूर्व में नरसिंहपुर, होशंगाबाद जिले को छूती हैं। नर्मदा इसकी दक्षिणी–पूर्वी सीमा बनाती है।

भोपाल–रायसेन राजमार्ग पर रायसेन से १८ किलोमीटर दूरी पर खरबई ग्राम स्थित है। सतकुण्डा के चित्रित शैलाश्रयों तक पहुँचने के लिए खरबई ग्राम समीप "चिड़िया टोल" फारेस्ट हट से कच्चे वन मार्ग से होकर जाना पड़ता है। सतकुण्डा क्षेत्र खरबई ग्राम के उत्तर–पश्चिम में स्थित है। चिड़िया टोल (खरबई) से सतकुण्डा के चित्रित शैलाश्रयों की दूरी लगभग ८ कि.मी. है। चिड़िया टोल फारेस्ट हट से कच्चे वन मार्ग से होकर जाने पर पठार पार कर "चीलपाटा" होते हुये अगले पठार पर सतकुण्डा गांव आवासित है। यह आदिवासी ग्राम है जहाँ राजस्थानी बंजारे आकर बस गये हैं।

"सतकुण्डा क्षेत्र" के चित्रित शैलाश्रय बेतवा उद्गम क्षेत्र के समीप शैलाश्रयों की शृंखला में एक महत्त्वपूर्ण चित्रित शृंखला है। बेतवा का उद्गम शृंखला के "झिरी" नामक स्थान से है जो रायसेन जिले में स्थित है और मध्य भारत के सघन शैल चित्रित शैलाश्रयों में एक है। विन्ध्य शृंखलाओं की प्रकृति सेडीमेंटरी आधार की है जिससे यहाँ पर्याप्त मात्रा में उत्तर कोटि के शैलाश्रयों का निर्माण प्रकृति क्रांति ने मुक्तहस्त से किया है।

इसी क्षेत्र में मध्य भारत की विस्तृत चित्रित शृंखलायें जैसे भीम बैठका, बरखेड़ा भोपाल क्षेत्र, रायसेन क्षेत्र आदि तथा भीमबैठका के अगले क्रम को विस्तृत करती हुई जावरा, फिरंगी, चीलदांत, जामुनखोह, राजा बांधा, बाधवानी नीलझिरी, कठोतिया, आदि शृंखलायें हैं।


सतकुण्डा क्षेत्र के चित्रित शैलाश्रयों को सर्वप्रथम १९६० में अपने शोध कार्य के अन्तर्गत डा० श्याम कुमार पाण्डेय प्रकाश में लाये थे।

सतकुण्डा क्षेत्र में अभी तक ज्ञात २८ शैलाश्रयों को अध्ययन की दृष्टि से तीन खण्डों में विभाजित किया गया है:–


(१) सतकुण्डा मुख्य शृंखला १६ शैलाश्रय

(२) सतकुण्डा पश्चिम शृंखला १० शैलाश्रय


(३)सतकुण्डा (लोअर) निचली शृंखला २ शैलाश्रय




सफेद रंग से चित्रित बारहसिंगा
सतकुण्डा शैलाश्रय क्रमांक 10



हरिण का शिकार चित्रण एवं ककुदमान वृषभ
सतकुण्डा मुख्य शृंखला



सफेद रंग से चित्रित कुकुदमान वृषभ
सतकुण्डा (रायसेन)



पशु चित्रण - समूह दृश्य
सतकुण्डा (रायसेन) मध्य [illegible]

सतकुण्डा के शैलचित्रों को मुख्य रूप से तीन वर्गों में विभाजित किया गया है। प्रथम वर्ग के अन्तर्गत वे चित्र हैं जिन पर चूने की हल्की पर्त (पेटीना) जम गई है और वे तब तक स्पष्ट दिखाई नहीं देते जब तक कि उन पर पानी का छिड़काव न किया जाये। तृतीय वर्ग के अन्तर्गत वे चित्र समाहित होते हैं जिनका संबंध ऐतिहासिक काल से है। ऐसे चित्रों के साथ घुड़सवारों का, ढाल तलवार का, मांगलिक चिह्नों का तथा विभिन्न काल की लिपियों का सामंजस्य प्राप्त होता है और इसी आधार पर इनका वर्गीकरण ऐतिहासिक चित्रों के बीच किया गया है। द्वितीय वर्ग के चित्र पेटीना और ऐतिहासिक चित्रों के बीच की स्थिति के हैं। इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि तीन विभिन्न काल की चित्रण–परम्परा यहाँ उपलब्ध है। शैलीगत विभाजन के आधार पर भी यही रूपरेखा स्पष्ट होती है। तीन विभिन्न युगों के चित्र मानव विकास की तीन विशिष्ट परिस्थितियों का स्पष्ट रूप से दिग्दर्शन कराते हैं। पेटीना के अन्दर बने चित्र जहाँ केवल आखेट दृश्यों का ही प्रदर्शन करते हैं वहीं द्वितीय वर्ग के चित्र मानव जीवन के विभिन्न कार्यकलापों को प्रदर्शित करना प्रारम्भ कर देते हैं। तृतीय वर्ग के चित्र मूलतः युद्ध–पिपासु जीवन का ही प्रदर्शन करते हैं। (सतकुण्डा मुख्य शिलाश्रय क्र.३)

सतकुण्डा से प्राप्त शैलचित्रों के मुख्य रूप से पाँच आक्षेपण प्राप्त हुये हैं। इनमें सबसे पहले स्तर में कतिपय लाल कत्थई रंग के चित्रों का क्रम आता है। इसके पश्चात् सफेद रंग के चित्रों का निर्माण हुआ तथा इन चित्रों पर एक बार पुनः मोटे ब्रश (कलम) से सफेद रंग के चित्रों का आक्षेपण हुआ। अंतिम क्रम में गेरूए रंग के चित्रण आते हैं जो विषय–वस्तु की दृष्टि से अपने पूर्वकालीन चित्रों के कतिपय रूप से भिन्न हैं।

प्रथम काल :

प्रथम काल के चित्र पेटीना के भीतर प्राप्त होते हैं। कालक्रम की दृष्टि से इन शैलचित्रों को मध्य पाषाणकाल (मेसोलिथिक) में रखा गया है। इन चित्रों में मनुष्य का चित्रण एक शलाका (स्टिक) के रूप में किया गया है और इसी आधार पर इनका नामकरण 'यष्टि मानव' (स्टिक शेप ह्यूमन फिगर) के रूप में किया गया है। मनुष्य के इस भाँति के चित्रों का निर्माण एक बचकाना प्रयास दिखाई देता है लेकिन यष्टि–मानव के चित्रण के पास प्राप्त होने वाली पशु आकृतियां बहुत ही यथार्थपरक हैं। इनके भीतर किया गया रेखिक अलंकरण भी अद्वितीय है जो इन चितेरों की उच्चकोटि की सृजनशीलता की ओर इंगित करता है। सतकुण्डा से प्राप्त यष्टि–मानव विशेष रूप से आखेट में संलग्न दिखाये गये हैं। इसके अतिरिक्त नृत्य और संग्रह करने के दृश्य भी यहाँ उपलब्ध हैं।

(सतकुण्डा मुख्य शैलाश्रय क्र० १–ए ७–ए तथा ११–ए)।

आखेटक मानव हाथ में धनुष–बाण या हार्पून लिये हुए है। इनके फलक लघु पाषाण उपकरणों (माइक्रोलिथ) के द्वारा निर्मित हैं (सतकुण्डा शिलाश्रय क्र० १४)। इन चित्रों से यह निश्चित रूप से आभासित होता है कि इस काल का मनुष्य पाषाण युग में रह रहा था तथा उसे

धातु का ज्ञान नहीं था। शिकार करना ही उसके जीवन का मुख्य अंग था और उसी में उसकी गतिविधियाँ केन्द्रित थीं (छायाचित्र १)। शिकार प्राप्ति के पश्चात् उसे जो प्रसन्नता की अनुभूति होती थी उसका प्रदर्शन वह नृत्य और गान के माध्यम से करता था जिसके चित्र सतकुण्डा में उपलब्ध हैं। वनोपज के संग्रह का दृश्य भी यहाँ उपलब्ध है। सतकुण्डा मुख्य शैलाश्रय क्र. १ ए तथा १४ प्रारंम्भिक चित्रों में स्त्री तथा पुरुष का भेद दृष्टिगोचर नहीं होता, लेकिन धीरे–धीरे यहां का चितेरा आयताकार स्वरूप में स्त्री चित्रण करने लगा। इस भाँति के चित्र न केवल सतकुण्डा अपितु रायसेन, पचमढ़ी तथा जिले के अन्य चित्रित शैलाश्रय स्थल जैसे भीमबैठका, लाड़ी की करार, कठोतिया, जावरा, लाखाज्वार आदि से प्राप्त हुये हैं।

इस काल के पशु चित्रण में पूरक या बाह्य रेखांकित शैली के अतिरिक्त चित्रण की जो अन्य विधाएँ प्राप्त हुई हैं वे अद्वितीय हैं। भारतीय शैलचित्रों में मध्य पाषाणकाल (मेसोलिथिक काल) में पशु तथा उनमें किया अलंकरण विश्व में बेजोड़ है। पशुओं के शरीर को भी भरने के लिए विभिन्न प्रकार के एकीकृत तथा ज्यामितिय तरीके (पैटर्न) प्रयोग में लाये गये हैं, जो तत्कालीन चितेरों की कल्पना शक्ति का अनूठा उदाहरण है। इस भाँति के कल्पनाशील पशु–अलंकरण हमें परवर्तीकाल में देखने को नहीं मिलते।

लघु–पाषाण उपकरण तथा विषय–वस्तु के आधार पर ये चित्र निश्चित रूप से धातु युग के पूर्व के प्रमाणित होते हैं। इन चित्रों पर पेटीन का जमाव भी यही निर्देशित करता है कि द्वितीयकाल के चित्रों के निर्माण के बहुत पूर्व ये चित्र बनाये जा चुके थे। इस भाँति इन चित्रों का मेसोलिथिक काल में होना अत्यधिक उपयुक्त है तथा इनमें कुछ चित्र उच्च पुरापाषाणकाल के भी हो सकते हैं, जिन पर और अधिक शोध होना बाकी है।

द्वितीय काल :

द्वितीय काल के चित्रणों में न केवल मानव आकृतियों में विकास हुआ, वरन् पशुओं के अलंकरण में व्यापक परिवर्तन परिलक्षित होने लगता है। रंगों में परिवर्तन के अतिरिक्त विषय वस्तु अपने पूर्वकालीन चित्रों की अपेक्षा भिन्न हो जाती है। इस काल के चित्रों से ऐसा आभासित होता है कि तत्कालीन मनुष्य स्थायी जीवन की ओर अग्रसर हो रहा था और भारतीय पुरातत्त्व की दृष्टि से इस काल को आद्यैतिहासिक काल के अन्तर्गत माना जाता है।

इस काल के अधिकांश चित्र सफेद रंग से बने हुये प्राप्त हैं और इस भाँति के चित्र प्रारंभिक ऐतिहासिक काल तक सतत बनते चले गये। सतकुण्डा के अतिरिक्त रायसेन क्षेत्र के अन्य चित्रित केन्द्रों में यद्यपि लाल तथा हरे रंग का प्रयोग भी इस काल के चित्रों के निर्माण में हुआ लेकिन सतकुण्डा क्षेत्र में यह चित्रण सफेद रंग तक ही सीमित रहा आया । (छायाचित्र क्रमांक – २)

आद्यैतिहासिक कालीन चित्रों की श्रृंखला में जिन मानव आकृतियों का चित्रण किया गया है वे समस्त चित्र अपने पूर्वगामी काल के चित्रों की अपेक्षा शारीरिक संरचना में अधिक

विकसित हैं। इन चित्रों के अधोभाग में कतिपय रूप से वस्त्र का अलंकरण प्रदर्शित किया गया है तथा शिरोभूषा भी चित्रों में प्राप्त होती है। इस काल की मनुष्य आकृतियों को धनुष–बाण लिये हुये दर्शाया गया है तथा बाणों पर एक बाण फलक भी दिखायी देता है जो इस बात को प्रमाणित करता है कि इस काल का मनुष्य धातु के उपकरण भी प्रयोग में लाने लगा था। इस काल के मनुष्य का जीवन भी मुख्य रूप से शिकार पर ही अवलंबित था क्योंकि इस काल के चित्रों में भी शिकार दृश्यों का प्रतिशत अधिक है। इसके अतिरिक्त झोपड़ियों में निवास का दृश्य, नृत्य गान करते हुये स्त्री–पुरूष के दृश्य, मधुसंचय के दृश्य तथा बर्तनों का प्रयोग इस काल के मानव के जीवन विकास को प्रमाणित करता है। (सतकुण्डा पश्चिम शिलाश्रय क्र. ६)।

रायसेन जिले के अन्य क्षेत्रों से रथों आदि के जो चित्र प्राप्त हुये हैं वे भी इनकी जीवन पद्धति में आये परिवर्तन को दिग्दर्शिंत करते हैं। इस काल का पशु चित्रण भी अपने पूर्वगामी काल की अपेक्षा भिन्नता ग्रहण कर लेता है। मध्य पाषाण काल में जहाँ पशुओं का साधारण रेखिक अलंकरण द्वारा चित्रण किया गया है वहीं इस काल के पशुओं के शरीर को अत्यधिक विस्तार देकर चित्रित किया गया है। इस काल के पशु चित्रणों में अलंकरण की परम्परा पूर्णतया बदल जाती है। अब चित्र या तो जातक शैली में भरे गये हैं या पत्तियों की नसों के सदृश आड़े या खड़े अलंकरण का प्रयोग किया गया है। कभी–कभी चित्रों में वक्र रेखाओं (ज़िग–जैग) पैटर्न भी प्राप्त होते हैं।

पशुओं के बड़े–बड़े समूहों का प्रदर्शन इस काल के चित्रणों की विशेषता है जिसमें अरने भैंसे, हिरणों के समूह के अतिरिक्त पालतू जानवर तथा भैंस, बैल और बकरियों का दिग्दर्शन भी होता है। (सतकुण्डा मुख्य शिलाश्रय क्र. १० तथा १२), (छायाचित्र क्रमंक – ३) । इस काल का मनुष्य केवल आखेट से ही संतुष्ट नहीं था । उसने स्थायी जीवन के साथ पशुओं को पालतू बनाकर उनसे बड़े–बड़े झुंडों को चराने का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया था । सतकुण्डा से इस काल के मनुष्य के कृषि–कर्म से संबंधित होने के संकेत प्राप्त नहीं होते लेकिन रायसेन में खेती करते हुये मनुष्यों का इस काल का चित्रण, उनके कृषि–कर्म से संबन्धित होने की सूचना देता है। इसी भाँति अन्य क्षेत्रों से पक्षियों के शिकार के दृश्य भी उपलब्ध हुये हैं। यहां मछलियों के अनेक चित्र प्राप्त हुये हैं वे भी इनके शिकार की ओर ही संकेत करते हैं। इस भाँति हम यह कह सकते हैं कि सतकुण्डा क्षेत्र में निवास करने वाला मानव आद्यैतिहासिक काल के आने तक शिकार के साथ–साथ, कृषि–कर्म भी करने लगा था तथा झोपड़ियाँ बनाकर स्थायी निवास करने लगा था।

ऐतिहासिक काल :


सतकुण्डा से प्राप्त ऐतिहासिक कालीन चित्र विविधता लिये हुये हैं। एक ओर जहां ये अपनी पूर्वगामी चित्रण परम्परा को यथावत् आगे बढ़ाते हुये दिखाई देते हैं वहीं इनकी विषय–वस्तु में भारी परिवर्तन होता हुआ दिखाई देता है। इस काल का मानव अपने चित्रों के

माध्यम से सुव्यवस्थित दिखाई देता है तथा उसका योद्धा स्वरूप बड़े पैमाने पर उभर कर सामने आता है। इस काल में जिन चित्रों का निर्माण हुआ है वे आक्षेपण व शैली की दृष्टि से जहां अपने पूर्वगामी चित्रों से साम्य रखते हैं वहीं उनमें शैली के आधार पर काफी विकास परिलक्षित होता है। इस काल में सफेद रंग के चित्रों पर लाल गरुए रंग, उन पर मोटे सफेद ब्रश (कलम) के चित्र, लाल तथा द्विरंगी चित्र और उंगलियों की पोर (फिंगर टिप) से बनाये गये चित्रों का समावेश होता है। जहां पूर्वगामी दो कालों के चित्र अपेक्षाकृत सीमित हैं वहीं ऐतिहासिक कालीन चित्र संख्या में अधिक और सर्वव्यापी हैं। शायद ही ऐसा कोई शैलाश्रय बाकी हो जहाँ चित्रों की प्राप्ति न हुई हो। इस काल में तीन प्रकार के विशेष चित्रण यहाँ पर उपलब्ध हैं। प्रथम प्रकार के वे चित्र आते हैं जिनमें बड़े–बड़े अंगरखा तथा तुर्की टोपी पहने तथा शरीर से दुगुने आकार के धनुष लिये योद्धाओं का चित्रण हैं। इन्हीं चित्रों के साथ तम्बुओं के चित्र भी प्राप्त हुये हैं, जिनके भीतर कुर्सियों पर बैठे शाही पुरुष प्रदर्शित हैं। तम्बुओं में अस्त्रों के भण्डार, वृक्षों पर लटकते डिब्बे, मृग चर्म आदि का दिग्दर्शन प्राप्त होता है। वेशभूषा की दृष्टि से ये चित्र कुषाणकालीन शिल्प से बहुत अधिक समानता रखते हैं। (सतकुण्डा पश्चिम शिलाश्रय क्रमांक ६)।

दूसरे प्रकार के वे चित्रण–समूह हैं जिनमें ककुद्गान वृषभों का चित्रण है। इन चित्रों की विशेषता यह है कि वृषभ की ककुद् अतिरंजना पूर्ण ढंग से विशाल एवं उन्नत दिखाई गई है। सर्वप्रथम खरबई (रायसेन) से इन चित्रों की प्राप्ति होने के कारण डा. पांडेय ने इन्हें "खरबई शैली के ककुद्मान वृषभ" कहा है (सतकुण्डा मुख्य शैलाश्रय क्रमांक १२ तथा १४) । निश्चित रूप से इन ककुद्मान वृषभों का संबंध शैव–जनों से रहा होगा तथा क्षेत्र पर शैव–धर्म के विस्तार का अनुमान लगाया जा सकता है। (छायाचित्र क्रमांक –४)


तृतीय वर्ग के अन्तर्गत वे समस्त अश्वारोही आते हैं जिन्हें झूलदार घोड़ों पर बैठा हुआ प्रदर्शित किया गया है। ये अश्वारोही ढाल, तलवार तथा बड़े–बड़े भालों से लैस हैं इनके साथ धनुष–बाण तथा ढाल तलवार लिये पैदल योद्धाओं का चित्रण भी उपलब्ध है, जो सेना के स्वरूप को प्रदर्शित करते हैं। कहीं–कहीं दो समूहों के बीच युद्धांकन भी उपलब्ध हैं। ये चित्र लाल रंग, सफेद रंग तथा लाल और सफेद रंग के सामञ्जस्य से बने हुये हैं। ये सभी परवर्ती युग के हैं और राजपूत शैली को प्रदर्शित करते हैं। इसके अतिरिक्त मांगलिक चिह्न यथा स्वस्तिक, वृक्ष–पूजा आदि ऐतिहासिक काल की विशेषतायें हैं (सतकुण्डा मुख्य शृंखला शैलाश्रय क्र. ३.१२ तथा १४)।

इस प्रकार उपर्युक्त समस्त चित्रणों के माध्यम से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि सतकुण्डा क्षेत्र में चित्रांकन उस समय से प्रारम्भ हुआ जब मानव ने लघु पाषाण उपकरण प्रयोग में लाने प्रारम्भ किये तथा धीरे–धीरे विकास करता हुआ वह राजपूत काल तक इस क्षेत्र में चित्रण कार्य करता रहा।




फलक क्रमांक - ।

मध्यपाषाण एवं नवपाषाण कालीन शैलचित्रांकन का कालक्रम.



फलक क्रमांक - 2

ऐतिहासिक कालीन चित्रांकन का कालक्रम.




फलक क्रमांक - 3

मध्यपाषाणकालीन शिकार चित्रण




फलक क्रमांक - 4

मध्यपाषाणकालीन मानव एवं पशुचित्रण




A



B


फलक क्रमांक - 5

मध्यपाषाणकालीन शिकार एवं संग्रह दृश्य




फलक क्रमांक - 6

मधुसंग्रह एवं ताम्रपाषाणकालीन पशुचित्रण




फलक क्रमांक - 7

ऐतिहासिक काल के विविध चित्रांकन



फलक क्रमांक - 8

कुषाणकालीन शिविर दृश्य



फलक क्रमांक - 9

सतकुण्डा क्षेत्र के अश्वारोहियों के विविध चित्रांकनों का क्रम

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

(१) एस० डी० गुरू, – **गजेटियर आफ इण्डिया**, जिला रायसेन (मध्यप्रदेश).

(२) जगदीश गुप्त, – **प्रागैतिहासिक भारतीय चित्रकला**, १९६७.

(३) के०के० चक्रवर्ती – **रॉक आर्ट आफ इण्डिया**.

(४) जी०एस० त्यागी – **'कमेन्ट्स ऑन इन्ग्रेव्ड आस्ट्रिच एग्सेल्स आब्जेक्ट्स', गिरिराज कुमार - न्यू एविडेंस आफ अपर पेल्योलेथिक आर्ट इन इण्डिया** – राक आर्ट रिसर्च १९८८, वाल्यूम ५,नम्बर, १, पृ० ४९–५९ आस्ट्रालियन रॉक आर्ट एसोसिएशन, आस्ट्रेलिया.

(५) मोरेश्वर गंगाधर दीक्षित– **मध्यप्रदेश के पुरातत्त्व की रूपरेखा** १९५४.

(६) श्याम कुमार पाण्डेय – **प्रीहिस्टोरिसिटी ऑफ इण्डियन राक पेन्टिंग्स**, प्राच्य प्रतिभा, प्राच्य निकेतन, भोजाल।

(७) श्याम कुमार पाण्डेय,– **इण्डियन राक पेन्टिंग्स** – ए सिम्बोलिक स्टडी, मार्ग १९७५.

(८) श्याम कुमार पाण्डेय – **पेन्टेड रॉक शेल्टर्स इन मध्यप्रदेश** (अप्रकाशित शोध प्रबन्ध), सागर विश्वविद्यालय, सागर, १९६९.

(९) बी० एन० मिश्रा – **एक्सकवेशन ऐट भीम बैठका - ए मोनोग्राफ.**

(१०) कृष्ण दत्त बाजपेयी, – **सागर थ्रू द एजेज़ - ए मोनोग्राफ.**

(११) कृष्णदत्त बाजपेयी, – **मध्यप्रदेश का पुरातत्त्व**, संग्रहालय एवं पुरातत्त्व विभाग मध्य प्रदेश शासन, भोपाल १९७०–७१.

(१२) व्ही० एस० वाकणकर तथा आर० आर० ब्रुक्स, – **स्टोन एज पेन्टिंग्स इन इण्डिया, १९७४,** तारपोरवाला एन्ड सन्स, बम्बई.

(१३) आर० के० वर्मा – **स्टोन एज कल्चर ऑफ मिर्जापुर** (शोध – प्रबन्ध)।

(१४) आर० के० शर्मा तथा रहमान अली – **आर्कियोलाजी ऑफ भोपाल रीजन – १९८०.**

(१५) आर० के० शर्मा – **मध्य प्रदेश के पुरातत्त्व का सन्दर्भ ग्रन्थ १९७४.**

(१६) एस० डी० सांकलिया, – **प्रीहिस्ट्री एन्ड प्रोटोहिस्ट्री ऑफ इण्डिया एन्ड पाकिस्तान ।**

(१७) मुल्कराज आनंद– मार्ग वाल्यूम २८, क्रमांक – ४ सितम्बर १९७५, **भीमबैठका,**

(१८) न्यूमेर इरविन – **प्रीहिस्टोरिक रॉक पेन्टिंग्स ऑफ इण्डिया**, आक्सफोर्ड प्रेस नई दिल्ली १९८३.

(१९) बी० एन० मिश्रा – **स्टोन एज इन इंडिया, एन एकोलाजीकल परस्पेक्टिव,** 'मैन एन्ड एन्वायरनमेंट' वाल्यूम XIV ए No. १,१९८९.

(२०) जी० कुमार, जी० नरवारे एन्ड आर० पन्चोली १९८८, **इन्ग्रेव्ड आस्ट्रिच एग्सेल्स आब्जेक्ट्स** : न्यू एविडेंस ऑफ अपर पेल्योलेथिक आर्ट इन इंडिया : रॉक आर्ट रिसर्च ५(१) ४३–५२.

(२१) यशोधरा मठपाल **प्रीहिस्टोरिक रॉक आर्ट ऑफ् भीमबैठका**, सेंट्रल इंडिया नई दिल्ली–अभिनव, १९८४.

(२२) एस० ए० साली, **दी अपर पेल्योलेथिक कल्चर ऐट पाटने** (जि० जलगाँव महाराष्ट्र) – **रीसेन्ट एडवांसेज इन इन्डो-पैसेफिक प्रीहिस्ट्री** (वी० एन० मिश्रा एवं पी बेलवुड द्वारा संपादित) पृ० १३३–१४५ नई दिल्ली–आक्सफोर्ड, आर.बी.एच.।

(२३) जी० आर० शर्मा **हिस्ट्री टू प्रीहिस्ट्री** – सिल्वर जुबली सोविनियर इलाहाबाद विश्वविद्यालय १९७४.

(२४) जी० आर० शर्मा– १९७३ **स्टोन एज इन विन्ध्याज़ एन्ड दि गंगा वैली इन रेडियोकार्बन एन्ड इंडियन ऑर्कियोलॉजी** (डी० पी० अग्रवाल तथा ए० घोष द्वारा सम्पादित) पृ० १०६–११०, बम्बई –टाटा आधारभूत शोध संस्थान.

(२५) व्ही० एस० वाकणकर, १९७३ **पेन्टेड रॉक शेल्टरर्स ऑफ इंडिया**, (शोधप्रबंध) पूना विश्वविद्यालय, पूना.

(२६) आर० जी० बेन्डारिक, जी० कुमार, एवं जी० एस० त्यागी : **"पेट्रोग्लिफ़्स फ्राम सेन्ट्रल इंडिया"** रॉक आर्ट रिसर्च वाल्यूम ८, नम्बर १, १९९१.

(२७) जी० एस० त्यागी **"दि डेकोरेटिव इन्ट्रीकेट डिजायन पैटर्न इन इंडियन रॉक आर्ट"**.

फलक क्रमांक – १– मध्यपाषाण एवं नवपाषाणकालीन शैल पेटर्न इन इंडियन रॉक आर्ट.
फलक क्रमांक – २– ऐतिहासिककालीन चित्रांकन का कालक्रम.
फलक क्रमांक – ३– मध्यपाषाणकालीन शिकार चित्रण.
फलक क्रमांक – ४– मध्यपाषाणकालीन मानव एवं पशुचित्रण.
फलक क्रमांक – ५– मध्यपाषाणकालीन शिकार एवं संग्रह दृश्य.
फलक क्रमांक – ६ – मधुसंग्रह एवं ताम्रपाषाणकालीन पशुचित्रण.
फलक क्रमांक – ७– ऐतिहासिक काल के विविध चित्रांकन.
फलक क्रमांक – ८– कुषाणकालीन शिविर दृश्य.
फलक क्रमांक – ९– सतकुण्डा क्षेत्र के अश्वरोहियों के विविध चित्रांकनों का क्रम.

□□□

THE CHALCOLITHIC MIDDLE GANGA VALLEY

V. D. MISRA

Allahabad

The middle Ganga Valley (24^0 30 'N-27^0 50' N and 81^0 47 'E-87^0 50' E) measuring about 144,409 km. has been a distinct cultural and economic entity even though not a clearly defined physical unit.[1] Bounded by the Himalayas in the north, Vindhyas in the south, the Ganga-Yamuna confluence in the west and Bihar-Bengal border in the east, it includes modern eastern Uttar Pradesh and plains of Bihar. On the basis of the river system, it is subdivided into the Ganga Plain North and Ganga Plain south, the former further sub-divisible into (i) the Ganga-Ghaghra doab (ii) the Ghaghara-Gandak interfluve (iii) Gandak-Kosi interfluve and (iv) the Kosi-Mahananda interfluve and the latter, i.e. the Ganga Plain south, into (i) west of Karmnasa (ii) Karmnasa-East interfluve (iii) Lower Son Valley and finally (iv) the Magadha-Anga Plain. As would be evident, the Ganga is the life-line of the Middle Ganga Valley.

The region, outlined above, has been the cradle of Indian culture and civilization. It has been a meeting ground of different races, cultures and creeds. People of the region were credited with elasticity both in their thought and action. It was the home of the *vrātyas.* Divine gospels, contained in some of the Upanisads, were conceived and preached in this region. It had the previlege of hearing the philosophical discourses of Yājñavalkya. It is the land associated with the story of the *Rāmāyaṇa.* The deductive portions of the *Mahābhārata* are also supposed to have been written in this region. It not only gave birth to Buddha and Mahavira, but also heard their teachings with rapt attention. Right from the 6th century B.C. onward, the Middle Ganga Valley played a crucial role in the political history of India. From Bimbisara to

1. R.L. Singh (ed) *India : A Regional Geography,* Varanasi, 1971, pp. 143, 192-193. see also Singh, S.C. Delimination of the middle Ganga Plain. *National Geographical Journal of India,* xi (2 June, 1965) pp. 74-83.

Asoka, the history of the Middle Ganga Valley was the history of India. It saw the rise of the early Magadhan empire as well as that of the Guptas. Viewed against such illustrious history, tradition and legends, the recorded archaeological relics of the region upto the fifties of the present century looked prosaic. The Northern Black polished ware appeared to be the earliest cultural relics of man discovered in the area. However, the archaeological investigations over the last three decades under the auspices of the Departments of Ancient History of the Universities of Allahabad, Benaras Hindu University, Sampurnanand Sanskrit Visvavidyalaya, Gorakhpur, Patna on the one hand and the state Department of Archaeology and Museum Govt. of Bihar and Archaeological survey of India on the other brought to light the relics of human culture right from the late upper Palacolithic[2] to the early historic periods through Mesolithic, Neolithic and Chalcolithic. In the following pages, however, an attempt has been made to delineate the salient features of the Chalcolithic cultures of the Middle Ganga Valley.

The archaeological sites, having bearing on the Chalcolithic culture, are scattered throughout the region though the area lying to the north of the Saryu of Ghaghara appears more promising. The sites located, include pure Deojani, Pelkhawar and Bhelvani in Pratapgarh[3], Akahua in Jaunpur[4], Rajghat[5], Prahladpur[6], Sarai-Mohana[7] and Kamauli[8]

---

2. G.R. Sharma, V.D. Misra, D. Mandal, B.B. Misra and J.N. Pal, *Beginning of Agriculture, Allahabad,* 1980, pp. 117-122; See also G.R. Sharma, Mesolithic Lake Culture in the Ganga Valley, India, *Proceeding of Prehistoric Society,* Vol. XXXIX, pp. 129-156; G.R. Sharma Seasonal Migrations and Mesolithic Lake Cultures in the Ganga Valley, *K.C. Chattopadhyaya memorial Volume,* Allahabad; J.N. Pal, The Antecedents of the village and Folk Culture in the Gangetic Plain, *Rural Life and Folk Cultures in Ancient India* (eds), U.N. Roy, V.D. Misra and J.N. Pandey, Allahabad, pp. 117-127; B.S. Verma, Excavations at Chirand : New Light on the Indian Neolithic Culture Complex, *Puratattva,* Vol. 4, pp. 19-22; Lala Aditya Narain, The Neolithic Settlement at Chirand, *Journal of the Bihar Research Society,* Vol. ivi, Part I-IV, pp. 16-35.
3. J.N. Pal, *Archaeology of Southern Uttar Pradesh,* Allahabad, 1986, p. 146.
4. J.N. Pal, *Ibid.*
5. A.K. Narain and T.N. Roy, *Excavation at Rajghat,* Varanasi, 1977.
6. ----------*Excavation at Prahladpur,* Varanasi, 1968.
7. *IAR,* 1967-68, pp. 48-49.
8. *Indian Archaeology - A Review* (*IAR*) 1963-64, p. 58.

in Varanasi, Masoandih[9] in Ghazipur, Nahusa-Raja-Ka-Tila[10] in Azamgarh, Banwarighat[11], Gularihwa-Ghat[12], Lahuradeva[13], Susipar[14], Ramnagarghat[15], Baragaon[16] and Gerar[17] in Basti, Khairadih[18] in Ballia, and Sohagaura[19] and Narhan[20] in Gorakhpur districts of Uttar Pradesh and Chirand[21] and Manjhi[22] in Saran, Maner[23] in Patna, Oriup[24] and Champa[25] in Bhagalpur, Chechar-

---

9. *IAR* (1964-65, pp. 42-43; *IAR* (1965-66, pp. 49-52; *IAR* 1967-68, pp. 46-47; *IAR* (1970-71, pp. 38-39).
10. J.S. Negi, Nahusa Raja-Ka-Tila, *K.C. Chattopadhyaya Memorial Vol.* pp. 50-55, Allahabad, 1975.
11. S.K. Bhatt, Archaeological Exploration in Basti District, *Puratattva,* 3, pp. 78-88.
12. *Ibid.*
13. S.N. Chaturvedi, Excavation at Sathiaon-Fazilnagar, District Deoria and Exploration in the Districts of Gorakhpur and Basti of Uttar Pradesh, *History and Archaeology,* Vol. I, Nos. 1-2, pp. 339-340.
14. S.N. Chaturvedi, Advance of Vindhyan Neolithic and Chalcolithic Cultures to the Himalayan Terai : Excavations and Explorations in the Saryupar region of Uttar Pradesh, *Man and Environment*: Vol. ix, pp. 101-108.
15. S.N. Chaturvedi, *Ibid.*
16. S.N. Chaturvedi, *Ibid.*
17. S.N. Chaturvedi, *Ibid.*
18. *IAR* 1981-82, pp. 67-70; *IAR* 1982-83, pp. 92-94; *IAR* 1983-84, pp. 86-87. See also B.P. Singh, Khairadih - A Chalcolithic Settlement, *Puratattva,* Vol. 18, pp. 28-34.
19. *IAR* 1961-62, p. 56 and *IAR* 1974-75, pp. 46-47. See also S.N. Chaturvedi, *Op. cit.*
20. *IAR* 1984-85, pp. 89-90; See also P. Singh et al. Narhan 1983-85; A preliminary Report of Archaeological Excavation *Bharati,* New Series, 3, pp. 113-188; P. Singh, et al. Excavations at Narhan 1983-85, *Puratattva,* 15, pp. 117-122; P. Singh, painted Black-and-Red ware from Narhan, *Man and Environment,* 12, pp. 17-21; P. Singh, Narhan 1985-87 : Second Preliminary Report of Archaeological Excavations. *Archaeological Studies,* Varanasi, 1988, pp. 61-72.
21. *IAR* 1962-63, p. 6; *IAR* 1963-64, pp. 6-8; *IAR* 1964-65, pp. 6-7; *IAR* 1968-69, pp. 5-6; *IAR* 1969-70, pp. 3-4; *IAR* 1970-71, pp. 6-7; *IAR* 1971-72, pp. 6-7; *IAR* 1972-1973, pp. 7-8; *IAR* 1980-81, pp. 9-10; *IAR* 1981-82, pp. 13-14.
22. *IAR* 1983-84, pp. 15-16; *IAR* 1984-85, pp. 12-13.
23. *IAR* 1984-85, pp. 11-12.
24. *IAR* 1966-67, pp. 6-7.
25. *IAR* 1969-70, p. 2; *IAR* 1970-71, pp. 4-5; *IAR* 1971-72, p. 5; *IAR* 1972-73, pp. 6-7; *IAR* 1974-75, pp. 8-9; *IAR* 1975-76, p. 7; *IAR* 1976-77, pp. 11-12; *IAR* 1982-83, pp. 15-16.

Thus any attempt at writing a social history of Mithilā or north-eastern India on the basis of a critical study of the geneologies and also a scientific analysis of surnames and place-names, can prove to be quite fruitful. The *Pañjī* literature is certainly a veritable mine of information bearing on the social history of Mithilā, and a careful study of this literature would certainly reveal the various trends and forces at work that really shaped and governed the Maithila social order.

The *Pañjī* literature also gives a glimpse of the growing importance of wealth in Medieval Maithila society. With the increasing social prestige attached to the institution of Kulīnism and dowry system, the age old social values received a rude set-back and underwent unprecedented and interesting changes. How the erstwhile "*Ayāchiṣ*" of Mithilā came to follow jealously gross materialistic both for gaining a respectable position in society, is a completely new chapter of Mithilā's early medieval economic history. The age old and widely acclaimed ideals of intellectual perfection among the Maithilas, symbolised by *Mahāmahopādhyāya* Bhavanatha Miśra *or*

---

9. U. Thakur, *History of Mithila*, Darbhanga, 1956, pp. 363-64.

"*Ayāchi*" Miśra no longer enthusiased the people; instead an overwhelming majority of the scholarly Paṇḍitas and brāhmaṇas now developed an insatiable lust for material prosperity. This new development was noticed by contemporary literature and Harihara in his *Sūktimuktāvalī* elaborately discussed the methods of using riches in a right way and cited the example of Vateśvara, the maternal grandfather of Ayāchi, who was "one of the highest among the Maithila Brāhmaṇas (and) was renowned not only for his learning but riches also".[10] In fact, the brāhmaṇas of Mithilā came to monopolise both the intellect and wealth during this period.

Of the six professions approved for a brāhmaṇa, *dāna* or gift became as popular in post Harisimhadeva Mithilā as *yajña* had been in the later Vedic age. Various treatises relating to this subject indicate that *dāna* was the most important source of income for the brāhmaṇas and "the only means of acquiring riches for the more conscientious and orthodox among them."[11] In fact, the attraction of gaining wealth through *dāna* provided a great impetus to the moving band of scholars. The growing socio-economic compulsions for keeping the body and soul together forced even the unwilling scholars to move out in search of new patrons. With the passage of time it became an established practice with the Maithila *Paṇḍitas* to move out, at least once in a year, and return home with riches sufficient enough to make them free to devote themselves to the cultivation of knowledge and learning during rest of the period.[12]

There was yet another class of Maithila *Paṇḍitas* who were hardly satisfied with what they earned for their sustenance. Their lust for wealth took them to far off places in search of liberal patrons and also forced them to stay out for a longer period. Endowed with wit and learning, these *Paṇḍitas* commanded respect almost everywhere they went. Princes and chieftains accorded them unique distinctions and naturally wealth came in its train. Thus laden with immense riches and prestigious titles most of these scholars

---

10. *Suktīmuktāvali* (ed. R.N. Jha), Introduction, p. 32.

11. *Ibid.,* p. 33.

12. Cf. U. Thakur, 'Sanskrit Learning in Mithilā under the Khaṇḍavala dynasty' *Journal of the Bihar Research Society,* (*Mahārāja Kameshwar Singh Commemoration Volume*), Pt. I, Section II, pp. 90-104.

returned back to lead their lives in comparative ease. They also received grants of land which their descendants still enjoy. But a majority of scholars belonging to this category left their homes permanently and settled down in those far-off regions. Their descendants still inhabit certain areas of Bengal, Assam, Madhya Pradesh, Rajputana, Kashmir, Uttara Pradesh and Nepal.[13] If a history of the Maithila brāhmaṇas of these regions is compiled it will be found that each one of them was established by some adventurous and ambitious *Paṇḍitas* who could please some prince and thus receive from him a lavish gift, perhaps the very *guruship* of royal family, content with which he gave up all ideas of returning home and settled down there.[14] Though these details are petty and names are mostly unidentified, yet if analysed with a historical perspective they may yield important information regarding the Maithilas living outside Mithilā.

The *Pañjīs* are equally important for a study of the history of Maithili language and literature. A study of literary elements found in the *Pañjīs* can prove to be highly rewarding in this context. The *Pañjī-Prabandha* of both the Maithila brāhmaṇas and the Karaṇa Kāyasthas contain several specimens of prose and poetry including poems in Brajabhāṣā, Maithili *dohā*, Sanskrit *ślokas*, Maithili *bhajanas*, specimens of contemporary Maithili prose, samples of contemporary correspondence, a few pages of *jyotiṣa* (astronomy), a few pages of the Maithili version of the *Bhāgavata* by Manabodha, *mantras* relating to witch-craft, etc. Furthermore, the gradual development of Maithili script and its form through different ages as well as subsequent changes in Tirhuta (Maithili) alphabets are some of the important topics of study which, if carried with the help of the Pañjī literature, would throw new light on the evolution and growth of Maithili language and literature since the time of Jyotirīśvara.

□□□

13. U. Thakur, *op. cit.,*

14. *Sūktimuktāvali*, Introduction, p. 35.

गुप्तकालीन सामाजिक स्तरीकरण की प्रक्रिया के लौकिक घटक

डा० आदित्य प्रसाद ओझा

इलाहाबाद

सामाजिक स्तरीकरण एक समाजशास्त्रीय अवधारणा है। यह इस तथ्य की ओर इंगित करती है कि व्यक्तियों और व्यक्ति-समूहों दोनों को किसी विशिष्ट या सामान्य विशेषता या विशेषताओं की दृष्टि से विभेदीकृत उच्चतर और निम्नतर स्तर या वर्ग से सम्बद्ध माना जाता है[1]। सोरोकिन ने किसी जनसंख्या के अनुक्रम में एक दूसरे के ऊपर आधारित वर्गों के विभेदीकरण को सामाजिक स्तरीकरण बताया है[2]। ट्यूमिन का कथन है कि सामाजिक स्तरीकरण मुख्यतः किसी सामाजिक वर्ग या समाज की उन स्थितियों की अनुक्रम में व्यवस्था है जो शक्ति, सम्पत्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा और मनोवैज्ञानिक संतुष्टि के दृष्टिकोण से असमान होती है[3]। ट्यूमिन का यह विचार कि "सामाजिक स्तरीकरण" सामाजिक असमानता का पर्यायवाची है[4], समीचीन प्रतीत होता है।

प्राचीन भारतीय सामाजिक स्तरीकरण का आधार आनुष्ठानिक था, जिसे हम शास्त्रीय सामाजिक स्तरीकरण की संज्ञा देते हैं। शास्त्रीय अथवा आनुष्ठानिक सामाजिक स्तरीकरण की प्रक्रिया वैदिक काल[5] से ही प्रारम्भ हो चुकी थी जिसका आधार था वर्ण और जिसमें अवरोही क्रम से ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र वर्णों का स्थान था। मिश्रित जातियाँ और दास समुदाय भी शूद्रों के ही अन्तर्गत आते थे। परन्तु शास्त्रीय दृष्टिकोण मिश्रित जातियों को चतुर्वर्णों के बाद स्थान प्रदान करने का था। अपनी अत्यधिक पराधीनता के कारण दास समुदाय सामाजिक ढाँचे के सब से निम्न स्तर पर अवस्थित था। इनके अतिरिक्त कुछ अन्त्यज अथवा अस्पृश्य लोगों का भी उल्लेख मिलता है जो शास्त्रीय परंपरा के अनुसार वर्ण–व्यवस्था के सामाजिक ढाँचे के बाहर थे[6]।

---

१. इण्टरनेशनल इन्साइक्लोपीडिया ऑफ सोशल साइन्सेज़, १५, पृ० २८८–८६।

२. पी० ए० सोरोकिन, सोशल एण्ड कल्चरल मोबिलिटी, लन्दन, १६५६, पृ० ११।

३. एम० एम० ट्यूमिन, सोशल स्ट्रेटीफिकेशन : द फार्म्स एण्ड फंक्शन्स ऑफ इन्इक्वलिटी, नई दिल्ली, १६७८, पृ० १२।

४. वही, पृ० १२।

५. राज भारती, प्राचीन भारत में सामाजिक गतिशीलता का अध्ययन (पूर्व वैदिक काल से लेकर तृतीय चतुर्थ शता० ई० तक) इलाहाबाद, १६८५, अध्याय २

६. आदित्य प्रसाद ओझा, सोशल स्ट्रेटीफिकेशन इन ऐन्शिएन्ट इंडिया फ्रॉम द फोर्थ टु द सिक्स्थ सेंचुरी ए० डी० (हिन्दी में) डी० फिल० उपाधि के लिए स्वीकृत शोध प्रबन्ध, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, १६८३ (सम्प्रति प्रेस में) अध्याय २।

लेकिन शास्त्रीय सामाजिक स्तरीकरण के साथ ही साथ एक दूसरे का सामाजिक स्तरीकरण भी प्राचीन भारत में प्रचलित था जिसका आधार आर्थिक–समृद्धि और राजनीतिक शक्ति थी जिसे लौकिक सामाजिक स्तरीकरण की प्रक्रिया कहा जा सकता है[७]। सोरोकिन ने भी सामाजिक स्तरीकरण के जो तीन प्रमुख आधार[८] बताए हैं वे लौकिक ही थे। परन्तु ध्यातव्य है कि प्राचीन भारतीय समाज में आर्थिक समृद्धि और राजनीतिक शक्ति पर आधारित लौकिक सामाजिक स्तरीकरण की प्रक्रिया अधिक महत्वपूर्ण नहीं थी। बलवती प्रवृत्ति शास्त्रीय अथवा आनुष्ठानिक आदर्शों पर आधारित सामाजिक स्तरीकरण की ही थी[६]। यह भी उल्लेखनीय है कि इस शास्त्रीय सामाजिक स्तरीकरण की प्रक्रिया का आधार भी प्रारम्भ में काफी हद तक लौकिक ही रहा होगा और बाद में उन्हीं लौकिक आधारों का समावेश शास्त्रीय परंपरा में कर लिया गया होगा।

किसी भी युग का समाज तत्कालीन राजनीतिक परिस्थिति से प्रभावित होता है। गुप्तकालीन समाज भी इसका अपवाद नहीं है। यवन, शक–कुषाण एवं हूण आदि विदेशी शासक भारतभूमि को क्रमशः आक्रान्त करते रहे। इन आक्रमणों के फलस्वरूप रूढ़िवादी चातुर्वर्ण्य–व्यवस्था को पर्याप्त धक्का लगा। यद्यपि इस आघात से सामाजिक व्यवस्था का पुराना ढाँचा तो बना रहा, लेकिन वर्ण–व्यवस्था एक बार डगमगा अवश्य गई[१०] उसमें व्यतिक्रम एवं शिथिलता उत्पन्न हो गयी जिसका स्पष्ट प्रमाण कलियुग–वर्णन के प्रसंग से उपलब्ध होता है। दूसरे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि इस समय सामाजिक स्तरीकरण में जो राजनीतिक, आर्थिक और धार्मिक परिवर्तन आ रहे थे, कलियुग–वर्णन उसी का अति–रंजित विवरण है[११]।

गुप्तकालीन सामाजिक स्तरीकरण उस युग में होनेवाले आर्थिक विकास से भी प्रभावित हुआ जो कि कुषाण काल से ही प्रारंभ हो चुका था। यह विकास कृषि, उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में देखने को मिलता है। यद्यपि छठीं शताब्दी के अन्त तक आते–आते अर्थव्यवस्था के ह्रास के कुछ चिह्न भी दिखाई पड़ने लगते हैं परन्तु उसका स्पष्ट स्वरूप पूर्वमध्यकाल में ही देखने को मिलता है[१२]।

सामाजार्थिक विकास के कारण सामाजिक स्तर के निर्धारण में अर्थ का महत्त्व पहले से ही बढ़ रहा था और गुप्तकाल में यह प्रवृत्ति विकसित रूप से दृष्टिगोचर होती है। मनु के समय

---

७. शास्त्रीय और लौकिक सामाजिक स्तरीकरणों के विभाजन का आधार शंकराचार्य द्वारा **ब्रह्मसूत्र** (१. ३.६.३४.) पर लिखे गये भाष्य में प्रतिपादित शास्त्रीय सामथ्र्य और लौकिक सामथ्र्य का आदर्श है, द्रष्टव्य, ओझा, **वही**, प्राक्कथन एवं अध्याय ३।

८. आर्थिक असमानता, राजनीतिक शक्ति और व्यवसाय, सोरोकिन, पूर्वोद्धृत, पृ० १२।

६. आदित्य प्रसाद ओझा, **वही**, अध्याय ३।

१०. यह प्रक्रिया शक–कुषाण काल से ही प्रारम्भ हो गई थी (बी० एन० एस० यादव, **सम आस्पेक्ट्स आफ द चेंजिंग आर्डर इन इंडिया ड्यूरिंग द शक-कुषाण एज** , जी० आर० शर्मा, **कुषाण स्टडीज़**, इलाहाबाद १६६८, पृ० ७५–७६)। गुप्तकाल में यह और उभरकर सामने आती है।

११. आदित्य प्रसाद ओझा, पूर्वोद्धृत, अध्याय ३।

१२. वही, अध्याय ३।

में ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य के लिए सामाजिक श्रेष्ठता के निर्धारक तत्त्वों में आरोही क्रम से वित्त, बन्धु,आयु, कर्म और विद्या को महत्त्व दिया गया है[१३]। इस प्रकार विद्या का महत्त्व सबसे अधिक था। द्विजाति और शूद्र वर्ण में शूद्र इन सब के साथ यदि आयु में भी बड़ा हो तभी मनु ने उसे सम्मान का अधिकारी माना है[१४]। परन्तु गुप्तयुग में सामाजिक श्रेष्ठता निर्धारित करने वाले इन पाँचों तत्त्वों की मान्यता अवरोही क्रम में स्वीकार की जाने लगी। याज्ञवल्क्य ने सामाजिक स्तर के निर्धारण में विद्या को सब से कम और वित्त को सबसे अधिक महत्त्व दिया है[१५]। सामाजिक स्तर के निर्धारण में अर्थ के महत्त्व में वृद्धि के सन्दर्भ में नवीं शताब्दी ई० के मनु के भाष्यकार मेधातिथि भी यही विचार व्यक्त करते हैं। मनु के उपर्युक्त कथन की व्याख्या करते हुए मेधातिथि (६वीं शताब्दी ई०) कहते हैं कि यदि ब्राह्मण इन गुणों से हीन होगा तो जाति में उत्कृष्ट होते हुऐ भी इन पाँचों गुणों धन, बन्धु, वय, कर्म और विद्या से युक्त क्षत्रिय उसके लिए पूजनीय होगा। इसी प्रकार गुणवान् वैश्य गुणहीन क्षत्रिय के लिए जाति में निम्न होते हुए भी पूज्य होगा[१६]। अतएव स्पष्ट है कि सामाजिक स्तर के निर्धारण में वर्ण का महत्त्व घट रहा था। मनु का यह सामान्य नियम[१७] कि विद्या के आधार पर ब्राह्मणों, बल के आधार पर क्षत्रियों, धन के आधार पर वैश्यों और आयु के आधार पर शूद्रों का सामाजिक स्तर निर्धारित होना चाहिए, याज्ञवल्क्य द्वारा संशोधित किया गया। यही प्रवृत्ति हमें कालान्तर में मेधातिथि के भाष्य में भी मिलती है जिसमें मनु के इस कथन को अर्थवाद कहा गया है[१८]। **महाभारत** के अनुशासन पर्व में भूमिदान संबंधी जो प्रशंसा मिलती है[१९] वह भी सामाजिक स्तर के निर्धारण में धन–सम्पत्ति के बढ़ते हुए महत्त्व की ओर ही संकेत करती है। **विष्णु पुराण** में कहा गया है कि जिसके पास हाथी, घोड़ा और रथ होगा, कलियुग में वही राजा होगा[२०]। जो जिसको विपुल धन देगा वही उसका स्वामी होगा[२१]। अर्थ ही कुलीनता का हेतु होगा, विद्या, आचार आदि नहीं[२२]। कुलीनता और स्वामित्व में धनी और निर्धन का संबंध होगा[२३]। सभी धनाढ्य वर्ण और जाति के

---

१३. वित्तं बन्धुर्वयः कर्म विद्या भवति पञ्चमी।
एतानि मान्यस्थानानि गरीयो यद्यदुत्तरम्।। **मनुस्मृति**, २, १३६।

१४. **मनुस्मृति** २, १३७।

१५. **याज्ञवल्क्यस्मृति**, १, ११६।

१६. त्रिषु वर्णेषु ब्राह्मणक्षत्रियवैश्येषु। यद्येते गुणा भूयांसः प्रकृष्टाश्च क्षत्रियस्यापि भवन्ति तदा गुणहीनेन ब्राह्मणेन जात्युत्कृष्टेनापि क्षत्रियः पूज्यः। एवं क्षत्रियेण वैश्यः। **मेधातिथि, मनु०**, २,१३६–३७।

१७. विप्राणां ज्ञानतो ज्येष्ठ्यं क्षत्रियाणां तु वीर्यतः।
वैश्यानां धान्यधनतः शूद्राणामेव जन्मतः।। **मनुस्मृति**, २,१५५

१८. अयमप्यर्थवाद एव, **मेधातिथि**, **मनुस्मृति**, २, १५५ पर।

१९. **महाभारत**, १३, ६१, ६, ११, ४२, ५८।

२०. यो योऽश्वरथनागादयः स स राजा भविष्यति, **विष्णु पु०** वेंकटेश्वर प्रेस संस्करण, बम्बई, ६, १, ३५।

२१. यो यो ददाति बहुलं स स स्वामी तदा नृणाम्, **वही**, ६,१,१६।

२२. ततश्चार्थ एवाभिजन हेतुः ....., **वही**, ४, २४, २१।

२३. **वही**, ६, १, १६।

भेद–भाव के बिना स्वामी होंगे और सभी निर्धन परिचारक[२४]। यद्यपि यह वर्णन अतिरंजित प्रतीत होता है, परन्तु इसमें सत्य का अंश अवश्य निहित है। इस प्रकार लौकिक परिस्थितियों का प्रभाव शास्त्रीय दृष्टिकोण पर भी दृष्टिगोचर होता है।

गुप्तकालीन ज्योतिष ग्रंथों में भी सामाजिक स्तर के निर्धारण में अर्थ को ही महत्त्व दिया गया है। वराहमिहिर ने **बृहत्संहिता** में सार्थ के प्रधान में चुनाव के सन्दर्भ में अर्थ को ही सर्वोपरि मान्यता दी है। उनके अनुसार इस चुनाव में जाति, विद्या और वय केवल तभी निर्णायक होंगे जब प्रत्याशियों में धन की समानता हो। अन्यथा जो सर्वाधिक धनाढ्य होगा वही सार्थवाह होगा[२५]। स्पष्ट है कि यहाँ पर वराहमिहिर ने धन को प्रधान और जाति, विद्या, वय को गौण माना है। **बृहज्जातक**[२६] और **बृहत्संहिता**[२७] में भृत्यों को भी धन माना गया है जिससे सम्पन्न होना सामाजिक श्रेष्ठता का द्योतक है। **वृद्ध-यवन-जातक** में तो भृत्यों और पशुओं से वंचित होना दुर्भाग्य का सूचक बताया गया है[२८]। गुप्तकालीन अभिलेखों[२९] में भूमिदान करने पर स्वर्ग लाभ और उसके अपहृत करने पर नरक प्राप्ति का जो भय दिखाया गया है, वह भी धन–सम्पत्ति के महत्त्व का ही द्योतक है।

लौकिक दृष्टिकोण से सामाजिक स्तरीकरण का स्वरूप

शास्त्रीय सामर्थ्य पर आधारित सामाजिक स्तरीकरण के समानान्तर लौकिक सामर्थ्य पर आधारित सामाजिक स्तरीकरण की प्रवृत्ति गुप्तकाल के कुछ पहले से ही सामाजार्थिक इतिहास में एक नया आयाम जोड़ रही थी। यदि शास्त्रीय सामर्थ्य पर आधारित सामाजिक स्तरीकरण में वर्णों की आनुष्ठानिक स्थिति पर बल दिया गया था, तो लौकिक सामर्थ्य पर आधारित सामाजिक स्तरीकरण में आर्थिक समृद्धि और राजनीतिक शक्ति पर। यह भी उल्लेखनीय है कि जहाँ एक ओर वर्णों की आनुष्ठानिक स्थिति को ही ध्यान में रखकर सामाजिक अनुक्रम में उनके स्तर निर्धारण की प्रवृत्ति गुप्तकाल में धीरे–धीरे कमजोर पड़ती जा रही थी, वहीं दूसरी ओर आर्थिक[३०] समृद्धि और राजनीतिक शक्ति पर आधारित सामाजिक स्तरीकरण की प्रवृत्ति उत्तरोत्तर महत्त्वपूर्ण होती जा रही थी। प्रो० बी० एन० एस० यादव के

---

२४. यश्च यश्चाबलः सर्वः स स भृत्यः कलौ युगे, **वही**, ६, १, ३५।

२५. दो जिल्दों में, (सम्पा०) सुधाकर द्विवेदी, बनारस १८६५–६७। **बृहत्संहिता**, ८५, ११।

२६. **बृहज्जातक**, (सम्पा०) सीताराम झा, बनारस, १६३४। १६,६।

२७. बहुभृत्यधनी, **बृहत्संहिता**, १००,६।

२८. **वृद्ध-यवन-जातक**, दो भागों में, (सम्पा०) डेविड पिन्ग्री, गायकवाड्स ओरिएण्टल सीरीज, संहया १६२, बड़ौदा, १६७६। ५१,१६

२९. बंगाल से प्राप्त धनैदह, दामोदरपुर, बैग्राम आदि ताम्र–पत्र लेखों में इसका विवेचन प्राप्त होता है। देखिए, आर० आर० मुखर्जी एवं एस० के० मैती, (संपादित) **कापर्स आंव बेंगाल इस्क्रिप्शंस**, कलकत्ता, १६६७, पृ० ४१–४२, ४५–४७।

३०. सामाजिक स्तरों के निर्धारण में आर्थिक आधार का संकेत डा० जयमल राय ने भी किया है, **द रूरल-अरबन इकॉनमी ऐण्ड सोशल चेंजेज़ इन ऐन्शिएण्ट इण्डिया**, वाराणसी, १६७४, पृ० ३२२–२३। बी० एन० एस० यादव, **द इंडियन हिस्टारिकल रिव्यू**, जिल्द ४, भाग २, पृ० ४२४।

मतानुसार कुछ सन्दर्भों में दोनों के परस्पराच्छादी स्वरूप का भी दिग्दर्शन होता है, क्योंकि सामाजिक स्तरीकरण के शास्त्रीय और लौकिक आधार दोनों एक ही सन्दर्भ में सदैव एक दूसरे से अलग नहीं रह सकते थे। ध्यातव्य है कि कुछ वैयक्तिक उपलब्धियों द्वारा आनुष्ठानिक स्तर–भेद को कुछ हद तक कम किये जाने के प्रमाण भी उपलब्ध हैं[३१]। लौकिक स्तरीकरण के स्वरूप को निम्नलिखित रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं–

(१) शासक-समुदाय :– लौकिक सामाजिक स्तरीकरण के उच्चतम स्तर पर वह शासक–समुदाय विद्यमान था जो न केवल आर्थिक रूप से संपन्न ही था, अपितु जिसके हाथ में राजनीतिक और प्रशासनिक शक्ति भी थी। शासक–समुदाय आन्तरिक रूप से भी स्तरीकृत था जिसका स्वरूप इस प्रकार था–

(अ) राजा एवं राजतुल्य ब्राह्मण :– समृद्ध और सत्ताधारी शासक समुदाय के अन्तर्गत प्रथम स्थान था राजाओं (पृथ्वीपतीनाम्) का[३२]। गुप्तकाल में सामाजिक स्थिति के निर्धारक घटकों में धन–सम्पत्ति और राजनीतिक शक्ति के बढ़ते हुए महत्त्व के कारण राजाओं का एक ऐसा समुदाय तैयार हो गया था जिसमें कोई जरूरी नहीं कि वह क्षत्रिय ही हो, जबकि शास्त्रीय मान्यता के अनुसार राजत्व का अधिकार क्षत्रियों को ही था। इस परिवर्तन का स्पष्ट संकेत **वृद्ध-यवन-जातक** (चतुर्थ–पंचम शताब्दी ई०) में किया गया है। मीनराज अपने इस ज्योतिष ग्रंथ में ब्राह्मण, वैश्य और शूद्र वर्णो का उल्लेख तो करते हैं, लेकिन क्षत्रिय का नहीं, बल्कि क्षत्रिय के स्थान पर उन्हें पृथ्वीपति के नाम से सम्बोधित करते हैं[३३]। यदि मीनराज क्षत्रियों के समुदाय को ही पृथ्वीपतियों का समुदाय कहते तो उनकी बात गुप्तकाल के सन्दर्भ में गलत हो सकती थी, क्योंकि इस समय सभी राजा क्षत्रिय ही नहीं थे। क्षत्रियों के अतिरिक्त ब्राह्मण, वैश्य और शूद्र भी अब राजा होने लगे थे। कदम्बवंश का संस्थापक मयूरशर्मन् मानव्य गोत्रीय ब्राह्मण था[३४]। दक्षिण भारत का वाकाटक राजवंश भी विष्णुवृद्ध गोत्रीय ब्राह्मणवंश था[३५]। गुप्तों को अलग–अलग कई वर्णों से संबंधित करने की चेष्टा की गयी है। काशी प्रसाद जायसवाल उन्हें शूद्र मानते हैं[३६]। एलन, आयंकर और अल्तेकर यदि उन्हें वैश्य मानने के पक्ष में हैं[३७] तो गौरीशंकर हीराचन्द ओझा, सुधाकर चट्टोपाध्याय और रमेश चन्द्र मजूमदार

---

३१. आदित्य प्रसाद ओझा, पूर्वोद्धृत, अध्याय ३।

३२. बृहज्जातक, ११,१३, २१, १, "पृथ्वीपतीनाम्" के लिए देखिए **वृद्ध-यवन-जातक**, २,२,१५।

३३. **वृद्ध-यवन-जातक**, २,२,१५।

३४. तालगुण्ड प्रशस्ति, **इपिग्राफ्रिया इण्डिका**, ८,३१, **सेलेक्ट इंस्क्रिप्शंस बियरिंग आन इण्डियन हिस्ट्री ऐन्ड सिविलाइजेशन**, प्रथम जिल्द, कल्कत्ता, १६६५, पृ० ४७५।

३५. बासिम, ताम्रपत्र लेख, इपि० इण्डि २५,१३७ **कार्पस इंस्क्रिप्शनम इण्डिकारम**, ५, ६६, वी० मिराशी वी० **वाकाटक राजवंश का इतिहास तथा उसके अभिलेख**, वाराणसी, १६६४, पृ० २४७।

३६. के. पी. जायसवाल **एनल्स आव भण्डारकर ओरिएण्टल रिसर्च इंस्टीट्यूट**, जिल्द १२; **जर्नल आव बिहार एण्ड ओरिसा रिसर्च सोसायटी**, जिल्द १६।

३७. द्रष्टव्य उदय नारायण राय, **गुप्त सम्राट और उनका काल**, इलाहाबाद, १६७२, पृ० ३६–३७।

क्षत्रिय[३८]। राय चौधरी[३९], क्षेत्रेशचन्द्र चट्टोपाध्याय[४०] और उदय नारायण राय[४१] गुप्तों को ब्राह्मण मानते हैं। थानेश्वर का पुष्यभूति वंश वैश्य वंश था[४२]। ह्वेनसांग जिसका भ्रमण काल गुप्तकाल से अधिक दूर नहीं है, भी उज्जयिनी, जिझोति और महेश्वर के ब्राह्मण राजाओं और मतिपुर तथा सिन्ध के शूद्र राजाओं का उल्लेख करता है[४३]। समकालीन अन्य साक्ष्य भी सौराष्ट्र, अवन्ति, अबुर्द और मालवा के शूद्र राजाओं का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं[४४]। संभवतः इसीलिए मीनराज ने राजाओं के समुदाय को क्षत्रियों का समुदाय न कहकर पृथ्वीपतियों का समुदाय कहा है।

शासक–समुदाय के अन्तर्गत प्रथम स्थान पर विद्यमान राजाओं के साथ ही साथ कुछ ऐसे भी लोग थे जो राजा तो नहीं थे पर जिनका स्तर राजा के समान (राजतुल्य) अवश्य था। इन्हें **बृहज्जातक** में नृपतुल्य, नृपोपम और भूपसम कहा गया है[४५]। ये नृपतुल्य, नृपोपम और भूपसम कौन लोग थे, इसका स्पष्टीकरण **बृहज्जातक** के ही एक दूसरे स्थान पर किया गया है। यहाँ वराहमिहिर एक ऐसे योग का उल्लेख करते हैं जिसके अनुसार यदि जन्मकाल में मंगल बृहस्पति से युक्त हो तो जातक राजा अथवा धनवान ब्राह्मण होगा– नरपतिः प्राप्तवित्तो द्विजो वा[४६]। यहाँ पर हम देखते हैं कि राजा और धनवान ब्राह्मण दोनों को एक ही योग में उत्पन्न बताया गया है और इस प्रकार एक ही स्तर पर रखा गया है। अतएव स्पष्ट है कि इन राजतुल्यों (नृपतुल्य, नृपोपम और भूपसम) से वराहमिहिर का तात्पर्य धनवान् ब्राह्मणों से ही है[४७]। ध्यातव्य है कि लौकिक सामाजिक अनुक्रम में राजा को सर्वोच्च स्थान प्राप्त था न कि धनवान् को, क्योंकि राजा के हाथ में धन और सत्ता दोनों ही होती थी। परन्तु इस योग में तो ब्राह्मण केवल धनवान् है, सत्ता उसके पास नहीं है, तो फिर उसे राजा का समस्तरीय कैसे माना गया? इसकी व्याख्या एक ही सन्दर्भ में सामाजिक स्तरीकरण के दोनों आधारों– शास्त्रीय और

---

३८. उदय नारायण राय, वही, पृ० ३८–४१, सुधाकर चट्टोपाध्याय, **अर्ली हिस्ट्री ऑफ नार्थ इंडिया**, कलकत्ता, १९५८, पृ० १४०, रमेशचन्द्र मजूमदार, **इंडियन हिस्टारिकल क्वाटर्ली**, १९३३।

३९. एच० सी० राय चौधरी, **जर्नल ऑफ बाम्बे ब्रांच ऑफ रायल एशियाटिक सोसाइटी**, १९४८–४९, **पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव ऐन्शिएण्ट इंडिया**, कलकत्ता, १९५३, पृ० ५२,५२८, पाव–टिप्पणी।

४०. क्षेत्रेश चन्द्र चट्टोपाध्याय, **इण्डियन हिस्टारिकल क्वार्टर्ली**, जिल्द १४।

४१. उदय नारायण राय, पूर्वो०, पृ० ४७–५२।

४२. यू० एन० घोषाल, **सोशल कन्डीशंस, द क्लासिकल एज**, बन्बई, १९७० (तृतीय संस्करण) पृ० ५९१।

४३. वाटर्स, **आन युवानच्वाग्स ट्रैवेल्स इन इण्डिया**, राइस डेविड्स टी० डब्ल्यू० एवं बुशेल एस० डब्ल्यू० द्वारा संपादित, लन्दन, जिल्द २, १९०५, पृ० २५०–५२, जिल्द १, १९०४, पृ० ३००, ३३२, ३३४।

४४. पार्जिटर, एफ० ई०, द **पुराण टेक्स्ट ऑफ द डाइनेस्टीज ऑफ द कलि एज**, **आक्सफोर्ड**, १९१३, पृ० ५५, आर० एस० शर्मा, **शूद्राज इन एन्शिएण्ट इंडिया**, (दि० सं०) दिल्ली, १९८०, पृ० २६८–६९।

४५. **बृहज्जातक**, ११, १२, १९, १, १९, ३।

४६. **बृहज्जातक**, १४, ३।

४७. बी० एन० एस० यादव, द प्राब्लम ऑफ द इमरजेंस ऑफ फ्युडल रिलेशंस इन अर्ली इंडिया **प्रेसीडेंशियल ऐड्रेस**, एन्शिएण्ट इंडिया सेक्शन, इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस, ४१वाँ सेशन, बम्बई, १९८०, पृ० १०–११।

लौकिक–के परम्पराच्छादी हो जाने की प्रक्रिया में निहित है। शास्त्रीय सामाजिक स्तरीकरण में ब्राह्मण को सर्वोच्च स्थान प्राप्त था और लौकिक स्तरीकरण में उसका यही ब्राह्मणत्व यहाँ विचारणीय हुआ। इसके अतिरिक्त भूमिदान पानेवाले ब्राह्मणों के हाथ में अपने–अपने क्षेत्र में कुछ हद तक प्रशासनिक शक्ति भी रही होगी। बी० एन० एस० यादव ने यह दिखाया है कि इन ब्राह्मणों में से कुछ अपने–अपने क्षेत्र में सामन्त सदृश थे[४८]। सामान्य ब्राह्मणों को जिनके पास विशेष धन नहीं था, उन्हें राजाओं के साथ प्रथम स्तर पर नहीं रखा गया।

लौकिक सामाजिक स्तरीकरण में राजा के सर्वोच्च स्तर पर विद्यमान होने के अन्य साक्ष्य भी उपलब्ध हैं। वराहमिहिर ने **बृहज्जातक** में एक ऐसे योग[४९] का वर्णन किया है जो यह बताता है कि किसी भी जातक को राजा होने के लिए यह आवश्यक है कि उसके जन्मकाल में कम से कम पाँच या छः ग्रह कालबल और दिग्बल से युक्त होकर अपने मूलत्रिकोण में विराजमान हों, जबकि धनवान् होने के लिए केवल तीन या चार ग्रहों के ही इस स्थिति में विद्यमान होने की आवश्यकता है। इतना ही नहीं यदि जातक राजवंश से संबंधित है तो वह केवल तीन या चार ग्रहों के इस स्थिति में होने पर भी राजा हो सकता है, जबकि ऐसी स्थिति में अन्य वंशोत्पन्न व्यक्ति धनवान् मात्र हो सकता है राजा नहीं[५०]। राजा होने के एक दूसरे योग[५१] की व्याख्या करते हुए यह बताया गया है कि यदि जन्म के समय सात ग्रह स्वगृही अथवा मित्र राशिस्थ हों तो भी जातक राजपद प्राप्त कर सकता है। छः ग्रह के मित्रराशिस्थ होने पर वह केवल सेनापति होगा और यदि चार ग्रह स्वगृही हैं तो वह धनवान् मात्र होगा[५२]। **बृहत्संहिता** के वास्तुविद्याध्याय में राजाओं, सेनापतियों, मन्त्रियों और सामन्तों आदि राज्य के प्रमुख पदाधिकारियों के गृहों के प्रमाण (आकार) आख्यात करते हुए नृपतिगृह को ही आकार में सब से बड़ा बताया गया है[५३]। इससे भी लौकिक सामाजिक अनुक्रम में राजा के सर्वोच्च स्तर पर विद्यमान होने का प्रमाण मिलता है।

(ब) सेनापति, सचिव एवं माण्डलिक :– शासक समुदाय के ही अन्तर्गत दूसरे स्थान पर सेनापति, सचिव और माण्डलिक आते हैं। इनके पास भी सत्ता और सम्पत्ति दोनों थीं। परन्तु अन्तर केवल इतना था कि जहाँ प्रथम स्थान पर विद्यमान राजाओं के हाथ में निहित सत्ता स्वतन्त्र सत्ता थी, वहीं इस समुदाय को अपने सत्तात्मक अधिकारों के लिए राजा पर निर्भर रहना पड़ता था। इस प्रकार इन लोगों की सत्ता अधीनस्थ सत्ता थी। वराहमिहिर ने सेनापति होने के

---

४८. डी० सी० सरकार, द्वारा संपादित, **लैण्ड सिस्टम एण्ड फ्युडलिज्म इन ऐन्शिएण्ट इण्डिया**, कलकत्ता, १९६६, पृ० ६२।

४९. इसे **"राजयोग"** कहा गया है।

५०. **बृहज्जातक**, ११,१३।

५१. **वही**, २१,१।

५२. **वही**।

५३. **बृहत्संहिता**, ५२, ४, नृपतियों के गृह संबंधी उन्हीं प्रमाणों का उल्लेख जो **बृहत्संहिता** में प्राप्त है, **मत्स्यपुराण** में भी मिलता है। देखिए, **मत्स्यपुराण** (सम्पा०) हरि नारायण आप्टे सेक्रेड बुक आफ द हिन्दूज सिरीज, पूना १९०७, २५४, १४–१६।

कई योगों का वर्णन किया है। एक योग के अनुसार मंगल यदि जन्म–काल में मेष या वृश्चिक राशि में स्थित हो तो जातक सेनापति होता है[५४]। इसी प्रकार मेष, सिंह और वृश्चिक राशिस्थ गुरु भी जातक को सेनापति बनाता है[५५]। इस सन्दर्भ में वराहमिहिर द्वारा आख्यात तीसरा योग अपेक्षावृत्त अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि माण्डलिक, सचिव और सेनापति तीनों के एक ही योग में उत्पन्न होने का उल्लेख करता है। इसके अनुसार जातक के जन्म समय में यदि गुरु, धनु या मीन राशि में स्थित हो, तो वह या तो माण्डलिक होगा या सचिव अथवा फिर सेनापति[५६]। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि ये समान स्तरीय माने जाते थे। यह बात विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इन तीनों योगों में धनवान् होने का गुण समान रूप से विद्यमान है जो कि इस समुदाय के सत्तायुक्त होने के साथ–साथ समृद्धशाली होने का द्योतन भी करता है।

गुप्तकालीन आभिलेखिक साक्ष्यों में सेनापतियों के लिए महाबलाधिकृत, बलाधिकृत तथा महादण्डनायक आदि उपाधियाँ प्रयुक्त की गईं हैं,[५७] जबकि साहित्यिक साक्ष्य उन्हें सेनानी, सेनापति वाहिनीनायक, बलनायक आदि अभिधाओं से अभिहित करते हैं।[५८] यदि प्रयाग प्रशस्ति में हरिषेण और तिलभट्ट नामक महादण्डनायकों का उल्लेख किया गया है तो उच्चकल्पों के लेखों में सेनापति के रूप में शिवगुप्त का नाम सुरक्षित मिलता है[५९]। बाणभट्ट विरचित **कादम्बरी** और **हर्षचरित** में क्रमशः बलाहक और सिंहनाद जैसे शूरवीर सेनापतियों का उल्लेख किया गया है[६०]। आभिलेखिक साक्ष्यों से सेनापतियों के बारे में जो महत्त्वपूर्ण तथ्य प्रकाश में आता है वह यह है कि गुप्तकाल में महादण्डनायक ही युद्ध एवं शान्ति संबंधी मामलों का मन्त्री भी होता है[६१]। हरिषेण महादंडनायक के अतिरिक्त सान्धिविग्रहिक भी था[६२]। शाबवीर सेन भी सान्धिविग्रहिक सचिव होने के साथ ही साथ सेनापति भी रहा होगा, अन्यथा शकों के विरुद्ध किये गये सैनिक अभियान में उसकी उपस्थिति[६३] का कोई औचित्य नहीं लगता। परन्तु गुप्तोत्तर काल में यह परंपरा शिथिल होने लगी थी।

---

५४ . **बृहज्जातक**, १८,५।

५५ . सेनानीर्बहुवित्तदारतनयो दाता सुभृत्यः क्षमी– वही, १८, १२–१३।

५६ . वही, १८,१३।

५७ . इपि० इण्डि०, २५,५२, का० इं० इं०, ३,२८,१२८, ३,३०,१३४, ३,१०,१०, वासुदेव उपाध्याय, **गुप्त अभिलेख**, पटना, १६७४, पृ० १४०,एस० के०, मैती, **द इम्पीरियल गुप्ताज एण्ड देयर टाइम्स**, दिल्ली, १६७०। पृ० ६२, महादण्डनायक को कुछ विद्वान् न्यायाधीश और पुलिस विभाग का अध्यक्ष मानते हैं। देखिए हरिपद चक्रवर्ती, **इण्डिया ऐज रिफ्लेक्टेड इन द इंस्क्रिप्शंस ऑफ गुप्ता पीरियड**, दिल्ली, १६७८, पृ० १८३–८४।

५८ . **बृहज्जातक**, १८,५,१२,१३, **बृहत्संहिता**, ५,२६, वासुदेव शरण अग्रवाल **कादम्बरी एक सांस्कृतिक अध्ययन**, वाराणसी, १६७०, पृ० ६३, **हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन**, पटना, १६६४, पृ० १२६।

५६ . का० इं० इं०, ३,२८,१२८, ३,३०,१३४।

६० . अग्रवाल, **पूर्वो०**।

६१ . तुलनार्ह, उदयनारायण राय, **पूर्वोद्धृत**, पृ० ३३०।

६२ . प्रयाग प्रशस्ति, का०इं०इं० ३,१,१०, से० इं०, पृ० २६८।

६३ . कृत्स्न–पृथ्वी–जयार्थेन राज्ञैवेह सहागतः, उदयगिरि शैव गुहालेख, से०इं०, पृ० २८०।

आभिलेखिक साक्ष्यों की समीक्षा से यह तथ्य प्रकाश में आता है कि यद्यपि गुप्तकाल में भी सचिवों का पद वंशानुगत होता था, परन्तु उनकी योग्यता का भी ध्यान रखा जाता था। महाराजाधिराज समुद्रगुप्त का सान्धिविग्रहिक सचिव हरिषेण महादण्डनायक ध्रुवभूति का पुत्र था[६४]। चन्द्रगुप्त द्वितीयकालीन उदयगिरि शैव गुहालेख[६५] तो स्पष्ट रूप से कहता है कि कौत्स गोत्रोत्पन्न सान्धिविग्रहिक सचिव शाब ने जिसका कुलनाम वीरसेन था, वेशपरम्परा के आधार पर सचिव पद को प्राप्त किया[६६]। उसकी योग्यता का उल्लेख भी लेख में प्राप्त होता है। शाब वीरसेन व्याकरण, न्याय और लोक परंपरा का ज्ञाता होने के साथ ही साथ कवि भी था[६७]। हरिषेण की काव्य–प्रतिभा का प्रभाव भी प्रयाग प्रशस्ति[६८] से मिलता है। साहित्यिक साक्ष्य भी सचिवों के इन गुणों का उल्लेख करते हैं[६९]। करमदण्डा के लेख से चन्द्रगुप्त द्वितीय के सचिव एवं कुमारामात्य, शिखरस्वामी और कुमारगुप्त के भी सचिव एवं कुमारमात्य पृथिवीषेण का नाम ज्ञात होता है[७०]। उल्लेखनीय है कि पृथिवीषेण शिखरस्वामी का पुत्र था[७१] जो वंश परंपरागत सचिव–पद प्राप्त करने का उदाहरण प्रस्तुत करता है। परिव्राजकों और उच्चकल्पों के इतिहास से भी वंशानुगत रूप से सचिव–पद प्राप्त करने के साक्ष्य उपलब्ध होते हैं[७२]। सचिव–पद के वंशानुगत होने के कारण ही इनका एक समुदाय बन गया होगा। ऐसा प्रतीत होता है कि सचिव समुदाय में कुछ भोगिक भी सम्मिलित थे क्योंकि कुछ भोगियों के सचिव (अमात्य) और भोगिक दोनों होने का उल्लेख मिलता है।

जहाँ तक माण्डलिकों का प्रश्न है कि वे एक प्रकार के सामन्त (अधीनस्थ राजा) थे। **बृहत्संहिता** के भाष्यकार भट्टोत्पल (१०वीं शताब्दी ई०) ने माण्डलिक को परिमित देश का राजा बताया है[७३]। इससे ऐसा लगता है कि गुप्तकाल में माण्डलिक शब्द का व्यापक स्तर पर प्रयोग हुआ होगा और इसके अन्तर्गत कुमारामात्य, प्रान्तपति, विषयपति, गोप्तृन, उपरिक आदि राज्य के सभी बड़े पदाधिकारी आ जाते रहे होंगे। भारतीय सामन्तवाद का उद्भव एवं प्रारंभिक विकास

---

६४. फ्लीट, का०इं०इं०, ३,१,१०, सरकार से०इं०, पृ० २६८।

६५. फ्लीट, वही, ३.६.३५, सरकार, वही, पृ० २८०, भण्डारकर सूची, नं० १२६०।

६६. अन्वय–प्राप्त–साचिव्यो व्यापृत–सान्धिविग्रहः।

६७. शब्दार्थ–न्याय–लोकज्ञः कविः पाटलिपुत्रकः।

६८. का० इं० इं०, ३.१.६.।

६९. याज्ञवल्क्यस्मृति, १, ३१२, **कामन्दकीय नीतिसार**, ४.२५, वासुदेव शरण, अग्रवाल, **कादम्बरी एक सांस्कृतिक अध्ययन**, पृ० ६६।

७०. इपि० इण्डि०, १०.७१, से० इं०, पृ० २६०।

७१. वही।

७२. देखिए, उदय नारायण राय, **पूर्वो०**, पृ० ३३०।

७३. मण्डले परिमितदेशे ये राजानस्तेषां, **बृहत्संहिता**, ४. १५ पर।

गुप्तकाल में ही हुआ[७४]। इस सामन्तवाद की सामाजार्थिक पृष्ठभूमि यदि शूद्रों के कृषक समुदाय के रूप में परिवर्तन में निहित हैं तो उसके राजनीतिक पदों का प्रतिनिधित्व सामन्त गण करते हैं[७५]। राजा और सामन्तों के संबंधों की झलक भी अभिलेखों से मिल जाती है। समुद्रगुप्त के इलाहाबाद स्तम्भ लेख से यह ज्ञात होता है कि सामन्त गण राजा के दरबार में आकर प्रणाम करते, सभी प्रकार के कर देते और आज्ञा मानते थे[७६]। कुछ सामन्त शासकों के साथ कन्योपायनदान की नीति भी अपनायी गयी थी। वे अपने-अपने विषयों और भुक्तियों पर गरुड मुद्रा से अंकित राजाज्ञा को भी स्वीकार करते थे[७७]। सामन्तों को राजस्व वसूलने का भी अधिकार होता था[७८]। कुछ बड़े-बड़े सामन्तों को सामन्तोपसामन्तीरण का भी अधिकार प्राप्त था[७९]। बुधगुप्त के एरण स्तम्भ लेख से ज्ञात होता है कि सामन्त मातृविष्णु सुरश्मिचन्द्र का अधीनस्थ था जबकि सुरश्मिचन्द्र स्वयं बुधगुप्त का सामन्त था[८०]। परिव्राजक और उच्चकल्प आदि सामन्त राजवंश गुप्त सम्राटों की अनुमति के बिना भी भूमिदान कर सकते थे और इनमें से कुछ तो दानपत्र में अपने अधिपतियों का नामोल्लेख तक नहीं करते थे[८१]। अतएव स्पष्ट है कि कुछ बड़े सामन्त छोटे सामन्तों की अपेक्षा अधिक अधिकारों का उपयोग करते थे। महासामन्त, सामन्त और महाराज आदि उपाधियां सामन्त-समुदाय के आन्तरिक स्तरीकरण का साक्ष्य उपस्थित करती हैं।

सेनापतियों, सचिवों और माण्डलिकों के समुदाय को शासक-समुदाय के अन्तर्गत द्वितीय स्थान प्राप्त था, यह बात **बृहज्जातक** के आश्रय-योगाध्याय में वर्णित उस योग[८२] से सिद्ध होती है जिसमें प्रथम स्थान राजा को दिया गया है और दूसरा सेनापति को क्योंकि इसके अनुसार जहाँ राजा होने के लिए कम से कम सात ग्रहों के मित्रराशिस्थ[८३] होने की आवश्यकता

---

७४. आर० एस० शर्मा, ओरिजिंस ऑफ फ़्युडलिज्म इन इण्डिया, जेशो, (१९५७-५८) १. २६७-३२८, **इण्डियन फ्युडलिज्म**, (द्वि० सं०) दिल्ली, १९८०, प्रथम अध्याय, बी०एन०एस० यादव, **प्रेसीडेंशियल ऐड्रस**, डी० डी० कौसाम्बी, **ऐन इंट्रोडक्शन टु द स्टडी ऑव इण्डियन हिस्ट्री**, बम्बई, १९५६, अध्याय ६।

७५. आर० एस० शर्मा, **वही**, प्रथम अध्याय, द्रष्टव्य, इस पुस्तक का बी० एन० एस० यादव द्वारा किया गया रिव्यू, **इं० हि० रि०**, जिल्द ७, भाग १-२, पृ० २४३-२४७।

७६. सर्वकरदानाज्ञाकरण-प्रणामागमन-**का०इं०इं०**, ३.१८, **से०इं०**, पृ० २६५-६६।

७७. **वही**।

७८. आर० एस० शर्मा, प्रॉब्लम ऑफ ट्रांजिशन फ्राम एन्शिएण्ट टु मिडीवल इन इण्डियन हिस्ट्री, **इं०हि०रि०**, जिल्द १, भाग १, पृ० ३।

७९. शर्मा, **इण्डियन फ्यूडलिज्म**, प० ४-५।

८०. **का०इं०इं०**, ३.१९.८६, से० इं०, पृ० ३३५।

८१. चक्रवर्ती, **पूर्वो०**, पृ० १८५।

८२. **बृहज्जातक**, २१, १।

८३. सातों ग्रहों के स्वगृही होने पर भी राजा होने का योग बनता है।

है वहीं सेनापति के लिए केवल छः ही ग्रहों के। परन्तु अन्य उच्च पदाधिकारियों के विषय में हमें योग नहीं मिलते।

(स) भोगी :– शासक समुदाय के अन्तर्गत ही तीसरा स्थान बड़े भूस्वामियों का था[८४]। इन्हीं को गुप्तकालीन साक्ष्यों में भोगिक, महाभोगिक, भोगपतिक और भोगिकपालक कहा गया है[८५]। भूमिदान और ग्रामदान अथवा स्वतन्त्र उपलब्धि के कारण ग्रामीण क्षेत्र में प्रभावशाली व अधिकार प्राप्त व्यक्तियों के रूप में भोगियों का उदय हुआ जिसे गुप्तकालीन सामन्ती व्यवस्था का एक अंग कहा जा सकता है। भूसम्पन्न और प्रभावशाली होने के अतिरिक्त इनके राजस्व न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारों की प्राप्ति[८६] ने इनके सामाजिक महत्त्व में और अधिक वृद्धि की। भोगियों की प्रतिष्ठा में अभिवृद्धि का आभास उस समय और अधिक होता है जब हम उनमें से कुछ को अमात्य पद का भार सम्हालते हुए भी पाते हैं[८७]। महाराज जयनाथ का करितलाई ताम्र–पत्र लेख (जबलपुर, म० प्र०) गुन्जकीर्ति नामक भोगिक का उल्लेख करता है जो कि अपने को भोगिक और अमात्य राज्यिल का पात्र बताता है[८८]। महाराज हस्तिन का मझगवा ताम्र–पत्र लेख (बुन्देलखण्ड) भी महासांधिविग्रहिक विभुदत्त के संबंध में इसी प्रकार की सूचना देता है[८९]। इन दोनों ही लेखों से भोगिकों के अमात्य–पद सम्हालने के साथ–साथ उनके वंशानुगत होने का भी प्रमाण–प्राप्त होता है[९०]। भोगपतिकों का उल्लेख भी उत्तर भारतीय[९१] लेखों में उपलब्ध होता है जबकि महाभोगी शब्द उड़ीसा[९२] से प्राप्त एक अभिलेख में प्रयुक्त हुआ है। तारापीड के द्वार–प्रकोष्ठ पर खड़े सैकड़ों भोगियों का वर्णन भी बाणभट्ट ने **कादम्बरी** की कथा में किया है। इस उल्लेख द्वारा आभिलेखिक साक्ष्यों को प्रमाणित भी किया जा सका है। भोगिक और भोगपतिक के अतिरिक्त भोगिपालक का उल्लेख भी कलचुरि लेखों में हुआ है[९३]। भोगिपालकों को भोगिकों और भोगपतिकों का अधीक्षक स्वीकार किया गया है[९४]। भोगी और उनके भोगी का

---

८४. डा० जयमल राय द्वारा प्रस्तावित स्तरीकरण के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्तर पर स्थित लोगों को इस समुदाय में समाहित माना जा सकता है, **पूर्वोद्धृत**, पृ० ३२३–३२।

८५. का०इं०इं०, ३.२६.११६, ३.२३.१०८, ४.३.१८, से०इं० पृ० ३६०, महाभोगी के लिए देखिए शर्मा, **इंडियन फ्युडलिज्म**, पृ० १३।

८६. आर० एस० शर्मा, **वही**, पृ० ४।

८७. **वही**, पृ० १२।

८८. का०इं०इं०, ३.२६.११६।

८९. **वही**, ३.२३.१०८।

९०. तुलनाई, शर्मा, **पूर्वो०**, पृ० १२।

९१. से०इं०, पृ० ३६०, शर्मा, **वही**, पृ० १२।

९२. विनायक मिश्र, **मिडीवल डाइनेस्टीज ऑफ ओरिसा**, पृ० २४–२५, शर्मा, द्वारा **इंडियन फ्यूडालेज्म**, पृ० १३ पर उद्घृत।

९३. का०इं०इं०, ४.१३,१८।

९४. वही, भूमिका, पृ० १४१, शर्मा, **पूर्वो०**, पृ० १३।

उल्लेख **बृहत्संहिता** में भी हुआ है[६५]। **बृहत्संहिता** के इस श्लोक पर अपनी टीका में भट्टोत्पल (१०वीं शताब्दी ई०) ने लिखा कि भोगीगण ग्रामीण जनता से देयराशि वसूल करने और उनकी सेवाओं को प्राप्त करने के कारण अपेक्षाकृत उच्च सामाजिक स्थिति का उपभोग कर रहे थे[६६]। **हर्षचरित** भोगपतियों द्वारा भोली–भाली जनता के उत्पीड़ित किये जाने का साक्ष्य भी प्रस्तुत करता है[६७]। ग्रामीण भूतंत्रीय समुदाय से संबंधित ये भोगीगण सामन्ती अनुक्रम में सब से निचले स्थान पर स्थित थे[६८]।

(द) सामान्य राजकर्मचारियों का समुदाय :– शासक-समुदाय के अन्तर्गत ही चतुर्थ और अन्तिम स्थान राजकर्मचारियों का था। न तो ये बड़े भूस्वामी थे और न ही इनके पास श्रेष्ठि और सार्थवाह जैसी धन–सम्पत्ति ही थी। लेकिन राजा से विशेष संबंधित होने के कारण इनकी प्रतिष्ठा अधिक थी। गुप्तकाल में सामान्य राजकर्मचारियों में कायस्थों का एक समुदाय बन रहा था जो लेखकों और गणकों का समुदाय था[६६]। इस समुदाय के प्रधान के रूप में गुप्तकालीन अभिलेखों में प्रथम–कायस्थ का उल्लेख प्राप्त होता है। कुमार गुप्त प्रथम कालीन दामोदरपुर ताम्रपत्र लेखों[१००] (४४४ एवं ४४७ ई०)में यदि शाम्बपाल नाम मिलता है तो बुधगुप्त (४६७–६४ ई०) कालीन दामोदरपुर ताम्रपत्र लेख[१०१] में विप्रपाल का । ५०७ ई० के वैन्यगुप्तकालीन गुणैधर ताम्रपत्र लेख[१०२] नरदत्त और ५४३ ई० का दामोदरपुर ताम्रपत्र लेख[१०३] स्कन्दपाल नामक प्रथम कायस्थ का उल्लेख करता है। ये प्रथम कायस्थ अपनी–अपनी भुक्ति के उपरिकों और विषय के विषय–पतियों को प्रशासन में सहायता देते थे[१०४]। प्रशासनिक शक्ति होने के कारण कायस्थों का यह समुदाय लौकिक सामाजिक अनुक्रम में अपेक्षाकृत अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाता है। कायस्थों का यह समुदाय पूर्व मध्यकाल में जाति का स्वरूप धारण कर लेता है[१०५]।

---

६५. **बृहत्संहिता**, ११,६२।

६६. भट्टोत्पल, **बृहत्संहिता**, ११.६२ पर , बी० एन० एस० यादव, **प्रेसीडेंशियल एड्रेस**, पृ० ७।

६७. **हर्षचरित**, पृ० २१२, शर्मा, **पूर्वो**, पृ० १३।

६८. यादव, **प्रेसीडेंशियल एड्रेस**, पृ० ८।

६६. कायस्थाः गणकाः लेखकाश्च, **याज्ञ०**, १. ३३६ पर विज्ञानेश्वर, लिखितंकायस्थनरदत्तेन, **इण्डियन हिस्टारिकल क्वार्टर्ली**, ६. ५३ तथा आगे एवं ५६१, **से०इं०**, पृ० ४४३।

१००. **इपि० इण्डि०**, १५, १३०, १३३, १७.१६३, **से०इं०**, पृ० २६१,२६३।

१०१. **इपि० इण्डि०**, १५, १३८–३६, **से०इं०**, पृ० ३३७।

१०२. **इण्डि० हिस्ट० क्वा०**, ६.५३, तथा आगे एवं ५६१, **से०इं०**, पृ० ४४३।

१०३. **इपि० इण्डि०**, १५, १४२–४३, १७.१६३–६४, **से०इं०**, पृ० ३४८।

१०४. डी० सी० सरकार, भारतीय विद्या, जिल्द १०(१६४६) पृ० २८० तथा आगे।

१०५. द्रष्टव्य, बी० एन० एस० यादव, **सोसायटी एण्ड कल्चर इन नार्दर्न इंडिया इन द ट्वेल्फ्थ सेंचुरी**, इलाहाबाद, १६७३, पृ० ५०–५४।

(२) **श्रेष्ठि, सार्थवाह एवं व्यापारीः—** लौकिक सामाजिक स्तरीकरण के सर्वोच्च स्तर पर विद्यमान शासक समुदाय के बाद दूसरा स्तर श्रेष्ठियों, सार्थवाहों एवं व्यापारियों का था। यहाँ पर यह विचारणीय है कि सामान्य राजकर्मचारियों की अपेक्षा श्रेष्ठियों, सार्थवाहों एवं व्यापारियों का स्थान ऊँचा रहा होगा। व्यापारियों के लिए वणिक्, पण्याश्रयिन् और अर्थपति जैसी अभिधाएं भी प्रयुक्त हुई हैं[१०६]। साहित्यिक और आभिलेखिक दोनों प्रकार के साक्ष्यों की समीक्षा से यह स्पष्ट हो जाता है कि यह समुदाय आर्थिक रूप से सम्पन्न था जिसका प्रभाव उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा पर भी पड़ा और लौकिक सामाजिक स्तरीकरण में वे अपेक्षाकृत स्तर प्राप्त कर सके। कुमारगुप्त कालीन दामोदरपुर ताम्र—पत्रों लेखों (४४४ और ४४७ ई०) में धृतिपाल नामक नगर श्रेष्ठि और बन्धुमित्र नामक सार्थवाह का उल्लेख हुआ है[१०७]। श्रेष्ठिन, पण्याश्रयिन् और अर्थपतियों का अस्तित्व **बृहत्संहिता** से भी प्रमाणित होता है। शूद्रक के **मृच्छकटिक** नामक नाटक में श्रेष्ठियों के निवास—स्थान (श्रेष्ठिचत्वर) का भी उल्लेख आया है[१०८]। जहाँ तक सार्थवाहों का प्रश्न है यद्यपि **बृहज्जातक** और **लघुजातक** में इनका उल्लेख अप्राप्य है[१०६], परन्तु **बृहत्संहिता** में सार्थ और सार्थवाह का उल्लेख हुआ है[११०]। मीनराज (चौथी—पाँचवींशताब्दी ई०) ने भी अपने ग्रंथ **वृद्ध-यवन-जातक** में विदेश गमन करने वाले सार्थवाहों का विवरण दिया है[१११]। **मृच्छकटिक** नामक नाटक में भी उज्जयिनी के प्रसिद्ध सार्थवाह चारुदत्त का उल्लेख आया है[११२]। इस समुदाय के सदस्यों का निगम के रूप में अपना संगठन भी था जिसका प्रमाण निगम की मुद्राओं से प्राप्त होता है। **यवनजातक** जिसका रचनाकाल (२६६—७० ई०) आलोच्यकाल से बहुत पहले नहीं रखा जा सकता, में न केवल सार्थाधिवास का ही उल्लेख प्राप्त होता है अपितु, व्यापारियों और सार्थवाहों के मुखियों—वणिक्सार्थवाहमहत्तर— का उल्लेख भी मिलता है[११३]। इस समुदाय की आर्थिक समृद्धि एवं लौकिक प्रतिष्ठा का ही परिणाम था कि धृतिपाल नामक नगरश्रेष्ठि और बन्धुमित्र नामक सार्थवाह को कुमारामात्य वेत्रवर्मा की शासन में सहायता करने वाली समिति का सदस्य बनाया गया[११४]।

(३) **स्वतन्त्र कृषिजीवीः—** लौकिक सामाजिक स्तरीकरण में स्वतन्त्र कृषिजीवी[११५] समुदाय तृतीय स्तर पर विद्यमान था। वराहमिहिर कृषिजीवियों के समुदाय का उल्लेख करते हुए

---

१०६ . **बृहत्संहिता**, ५.२१, २६, ६.३१, १०.६, १५.८.२६, १६.१६।

१०७ . **इपि० इण्डि०**, १५.१३०, १३३, १७.१६३, **सं० इं०**, पृ० २६१, २६३।

१०८ . **मृच्छकटिक** (सम्पा०) एम० आर, काले, (तृतीय संस्करण) दिल्ली १६७२, १.७०, २.६०, ४.१४०, ।

१०६ . तुलनाई, यादव, **प्रेसीडेंशियल एड्रेस**, पृ० ५२।

११० . **बृहत्संहिता**, ८६, ३६।

१११ . **वृद्ध-यवन-जातक**, ४१. ५४. ४८. ३४।

११२ . **मृच्छकटिक**, १. ६. ८।

११३ . **यवन-जातक** दो भागों में, (सम्पा० एवं अनु०) डेविड पिन्ग्री, लन्दन, १६७८, १.२०, १६.२३, यादव, **प्रेसीडेंशिल एड्रेस**, पृ० ५२।

११४ . **इपि० इण्डि०**, १५.१३०, १३३, १७.१६३, **से०इं०**, पृ० २६१—२६३।

११५ . तुलनाई, जयमल राय **पूर्वो०**, पृ० ३३२—३३, यादव, **प्रेसीडेंशियल एड्रेस**, पृ० ३२—३३, भारुचि, **मनु०** १०. १२४, १२६ पर, मेधातिथि, **मनु०**, ८.४,१५ पर।

उन्हें कृषीबलानाम्[११६], कृषिरतानाम्[११७], कृषिकर[११८] और कृषिजीविन्[११९] कहते हैं। ज्योतिष–ग्रन्थों में इस समुदाय की आर्थिक समृद्धि और आत्मनिर्भरता को द्योतित करने वाले कम से कम तीन योगों का उल्लेख मिलता है। मीनराज और वराहमिहिर ने क्रमशः अपने ग्रन्थों **वृद्ध-यवन-जातक**[१२०] और **बृहज्जातक**[१२१] में हलयोग का उल्लेख किया है जिसमें जन्म लेनेवाला मनुष्य समृद्ध कृषक होता है। वराहमिहिर द्वारा आख्यात एक दूसरे योग[१२२] में बृहस्पति के ६० वर्षीय चक्र और उसके प्रत्येक वर्ष का फल विहित है। इस चक्र के १२वें युग के अन्तिम क्षय नामक संवत्सर में जब बृहस्पति का आगमन होता है तो वह कृषकों को बढ़ानेवाले– कृषीबल वृद्धिदम्– है[१२३]। तीसरे योग को जिसका उल्लेख **बृहज्जातक** में किया गया है, केदार योग[१२४] की संज्ञा दी गयी है। इस योग में जन्म लेनेवाला मनुष्य भी समृद्ध और स्वतन्त्र कृषक होता है।

आलोच्यकाल में कृषकों को किन–किन विपदाओं का सामना करना पड़ता रहा होगा, इसका आभास भी इन साक्ष्यों से होता है। वराहमिहिर के अनुसार पश्चिम दिशा का दिग्दाह कृषिजीवियों को पीड़ित करता है।[१२५] द्वितीय खांश में चन्द्रमा या सूर्य के ग्रस्त होने[१२६], राहु के पश्चिम दिशा में दिखाई देने[१२७] और खलिहान में उल्कापात[१२८] कृषकों के विनाश और उनके पीड़ित होने का साक्ष्य प्रस्तुत करता है। परिवेश–मण्डल का शनि[१२९] भी कृषकों का हन्ता (कृषिकृन्निहन्ता) होता है। प्राकृतिक विपदाओं में अकाल[१३०], अतिवृष्टि[१३१], अनावृष्टि[१३२], और

---

११९. बृहत्संहिता, १५.२८, ८.५२।
११७. वही, ३३.२१।
११८. बृहज्जातक, १२.१८।
११९. बृहत्संहिता, ३१.४।
१२०. वृद्ध-यवन-जातक, ४०.१३०।
१२१. बृहज्जातक, १२.१३।
१२२. बृहत्संहिता, ८. ५२।
१२३. वही।
१२४. बृहज्जातक, १२. १८।
१२५. बृहत्संहिता, ३४. ४।
१२६. बृहत्संहिता, ५. २६।
१२७. वही, ५. ३४।
१२८. वही, ३३. २१।
१२९. वही, ३४. १२।
१३०. वही, ३.३, ६, १७, १९, ४. १८, १९, २१, २६ आदि काल के कुल ४२ संदर्भ प्राप्त हैं, देखिए एस० के० मैती, इकॉनामिक लाइफ इन नार्दन इण्डिया इन द गुप्त पीरियड, दिल्ली, १९७०, परिशिष्ट–१ पृ० २५१–५२।
१३१. बृहसंहिता, ३, ३७. ५. ३४, ७, १८ आदि। कुल ११ सन्दर्भ प्राप्त हैं, मैती, वही, पृ० २५२।
१३२. बृहसंहिता, ३.२९, ४, १३, २१, ५.२०, २३, ५५, ६१ आदि, कुल ३२ संदर्भ, मैती, वही।

अग्निदाह[१३३] का उल्लेख बहुधा किया गया है। ऐसी स्थिति में इनकी सामन्तों और भोगियों आदि की शरण लेनी पड़ती रही होगी।[१३४]

(४) अप्रतिबद्ध शिल्पि-समुदाय :– लौकिक दृष्टिकोण से निर्मित सामाजिक स्तरीकरण में अप्रतिबद्ध अथवा स्वतन्त्र शिल्पियों का भी एक समुदाय था। यह विचारणीय है कि विशिष्ट शिल्पियों का स्थान आर्थिक दृष्टिकोण से सामान्य कृषकों से ऊँचा रहा होगा। शिल्पियों के इस स्वतन्त्र समुदाय का स्पष्ट प्रमाण वामन जयादित्य विरचित **काशिका** (६५०–६६५ ई०) नामक टीका के ग्रामतक्ष और कौटतक्ष के उदाहरण से प्राप्त होता है।[१३५]

काशिका के अनुसार कौटतक्ष स्वतन्त्र कर्मजीवी थे, वे किसी (ग्रामविशेष) से प्रतिबद्ध नहीं थे[१३६]। इन स्वतन्त्र शिल्पियों की अपनी कुटिया[१३७] अथवा शाला[१३८] (पर्णशाला) होती थी जहाँ बैठकर ये काम करते थे। ध्यातव्य है कि स्वतन्त्र शिल्पियों का यह समुदाय अधिकांशतः नगरों में ही निवास करता रहा होगा और इसी समुदाय के प्रधान को प्रथम–कुलिक के रूप में प्रशासनिक समिति का सदस्य होने का गौरव भी प्राप्त होता रहा होगा। दामोदरपुर ताम्रपत्र लेखों (४४४ एवं ८८७ ई०) में प्रथम कुलिक के रूप में धृतिमित्र का नाम मिलता है।[१३९] प्रशासनिक समिति के सदस्य नियुक्त होने का यह साक्ष्य लौकिक दृष्टिकोण से अप्रतिबद्ध शिल्पि–समुदाय की सामाजिक प्रतिष्ठा का द्योतन करता है। मनु का अनुसरण करते हुए **मनुस्मृति** के टीकाकार भारुचि (५००–६५०) द्वारा शिल्पियों को धन–संग्रह न करने का जो विधान प्रस्तुत किया गया है,[१४०] वह न केवल इस समुदाय की आर्थिक समृद्धि अपितु लौकिक दृष्टिकोण से शिल्पियों के बढ़ते हुए सामाजिक महत्त्व का भी द्योतन करता है।

(५) सामान्य भृतक एवं कर्मकर :– वेतन (भृति)[१४१] के बदले काम करनेवाले मजदूरों का भी एक समुदाय था। पर इस समुदाय में कई कोटियां थी। इन वैतनिक श्रमिकों को भृतक, कर्मकर एवं भृतिजीवी आदि कहा जाता था[१४२]। भृतिजीवियों अथवा वैतनिक श्रमिकों का यह समुदाय काफी पहले से चला आ रहा था। स्फुजिध्वज के अनुसार वृश्चिक के नवांश में जन्म

---

१३३. **बृहत्संहिता**, ३. ६. ७. १, १८ आदि। कुल ६ संदर्भ, मैती, **वही**।

१३४. तुलनाई, जयमल राय, **पूर्वो०**,पृ० ३३३।

१३५. ग्रामकौटाभ्यां च तक्ष्णः, **काशिका**, दो जिल्दों में (सम्पा०) आर्येन्द्र शर्मा एवं अन्य, हैदराबाद, १९६६, ५. ४. ६५।

१३६. स्वतंत्रः कर्मजीवी, न कस्यचित् प्रतिबद्धः इत्यर्थः, **काशिका**, ५. ४. ६५, तुलनाई, **शाकटायन-व्याकरण**, सम्पा० पं० शम्भुनाथ शास्त्री, दिल्ली, वाराणसी, १९७१, २. १. १७०।

१३७. कुट्यां भवः कौटः, **काशिका**, ५. ४. ६५।

१३८. **शाकटायन-व्याकरण**, २. १. ७०।

१३९. **इपि० इण्डि०**, १५. १३०. १३३, १७. १९३, **से० इं०**, पृ० २९१, २९३।

१४०. भारुचि, **मनु०**, १०. १२६ पर।

१४१. **काशिका**, ३. २. २२।

१४२. वही, **विष्णु**, ३७.२०, **यवन-जातक**, ३१. ११०.–१२।

लेनेवाला व्यक्ति भृतजीवी (भृतिजीविन्) होगा[१४३]। भृतिजीवियों का यह समुदाय पशुपालन और कृषि आदि सभी प्रकार के कार्य करता था। **नारदस्मृति** एवं **महाभारत** के शान्ति पर्व में इनके लिए वार्षिक वेतन (सांवत्सरी भृति)[१४४] का निर्धारण किया गया है। नारद ने सौ गायों की देखभाल के लिए प्रतिवर्ष एक बछिया और दो सौ गायों के लिए दूध देने वाली एक गाय देने का विधान किया है। साथ ही साथ यह (भृतक) प्रति आठवें दिन सभी गायों के दूध का भी अधिकारी होगा।[१४५] **महाभारत** के शान्तिपर्व के अनुसार किसी की छः गायों की देखभाल के लिए एक गाय का दूध और सौ गायों की देखभाल के लिए एक जोड़ा पशु वार्षिक वेतन के रूप में दिया जाता था।[१४६] इसी प्रकार अनाज की फसलों और सभी प्रकार के बीजों की रक्षा का वार्षिक वेतन उपज का सातवां भाग था।[१४७] जिस सन्दर्भ में स्फुजिध्वज ने **यवन-जातक** (२६६–७० ई०) में वृश्चिक के नवांश में उत्पन्न होने वाले व्यक्ति के लिए भृतिजीवी[१४८] होने का उल्लेख किया है उसी सन्दर्भ में वराहमिहिर (छठीं शताब्दी ई०) ने अपने **बृहज्जातक** में ऐसे व्यक्ति के विष्टिकृत[१४९] होने की बात कही है जिससे गुप्तकाल में भृतिजीवियों अथवा वैतनिक श्रमिकों के नियोजन की प्रवृत्ति में ह्रास और वैष्टिकों के नियोजन की प्रवृत्ति में वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।[१५०]

(६) आश्रित कृषकों एवं प्रतिबद्ध शिल्पियों के समुदाय :– कुषाण सातवाहन काल से ही हो रहे कृषि के विकास के परिणामस्वरूप आश्रित कृषक– समुदाय के निर्माण की प्रक्रिया भी प्रारम्भ हो गयी थी। यही कारण है कि तृतीय शताब्दी ई० के तृतीय चरण (२६६–२७० ई०) में जब स्फुजिध्वज अपने ग्रंथ **यवन-जातक** की रचना करते हैं तो उसमें कृषकों के भविष्य कथन के बारे में किसी ग्रह–योग का वर्णन नहीं करते जबकि गुप्तकाल में विरचित **वृद्ध-यवन-जातक** (चौथी–पाँचवीं शताब्दी ई०) में मीनराज ने इनके संबंध में ग्रह योग का स्पष्ट विवरण प्रस्तुत किया है[१५१]। मीनराज के अनुसार यदि सूर्य जन्मकाल में दशम भाव और मित्रराशि में विराजमान हो तो जातक कृषिकर्म करने वाला होगा।[१५२] इस स्थिति को और अधिक स्पष्ट करते हुए

---

१४३. **यवन-जातक**, ३१. ११०–१२

१४४. **महाभारत**, १२. ६०. २५।

१४५. **नारद०** ६, १० तुलनाई, **मनु०**, ८. २३१।

१४६. षण्णामेकं पिबेद्धेनुं शताच्च मिथुनं हरते, **महाभारत**, १२. ६०. २४।

१४७. सस्यस्य सर्वबीजानां एषा सांवत्सरी भृतिः, **वही** १२.६०.२५, **नारद०**, ६.३, द्रष्टव्य, बी० एन० एस० यादव, द अकाउण्ट्स ऑफ द कलि एज एण्ड द सोशल ट्रांजिशन फ्राम ऐन्टिक्विटी टु द मिडिल एजेज़, **इं० हि० रि०**, जिल्द ५, भाग १–२, पृ० ३६।

१४८. **यवन-जातक**, ३१. ११०–१२।

१४९. **बृहज्जातक**, २१. ७।

१५०. यादव, **प्रेसीडेंशियल एड्रेस**, पृ० २०–२१।

१५१. द्रष्टव्य, बी० एन० एस० यादव, **प्रेसीडेंशियल एड्रेस**, पृ० १७।

१५२. **वृद्ध-यवन-जातक**, ३. ३३, यादव, **वही**, पृ० १६।

मीनराज का कथन है कि जन्मकालिक यह सूर्य यदि मित्रगृह के भाव में होगा तो वह कृषिकर्म दुष्ट राजा की सेवा से संबंधित होगा जबकि पापग्रह के भाव में होने पर वह कृषिकर्म बल प्रयोग–शारीरिक दण्ड, बन्धन आदि–द्वारा संभव होगा[१५३]। चीनी यात्री फाह्यान जिसने कि ३६६ ई० से ४११ ई० तक भारत के बौद्ध धर्म से संबंधित स्थलों का भ्रमण किया, के यात्रा विवरण से बौद्ध संघों को भूमि और चौपायों के साथ ही साथ भूमि को जोतने के लिए कृषकों के प्रतिबद्ध करने का विवरण प्राप्त होता है[१५४]। आश्रित कृषकों के हस्तान्तरण का प्रमाण आभिलेखिक साक्ष्यों से भी प्राप्त होता है। पल्लव नरेश शिवस्कन्द वर्मन का तृतीय–चतुर्थ शताब्दी ई० का एक दानपत्र ऐसे चार आर्थिकों का उल्लेख करता है जो संबंधित भूमि के दान दे दिये जाने पर भी उस पर उसी रूप में काम करते रहे[१५५]। पल्लवों का ही एक दूसरा दानपत्र लेख चार निवर्तन भूमि पर काम करने वाले किसी अतुक नामक आर्थिक का उल्लेख करता है[१५६]। शालंकायन नरेश विजयदेव वर्मन (३२० ई०) के एक दानपत्र लेख में भी आर्थिकों का उल्लेख किया गया है[१५७]। वलभी नरेश धरसेन द्वितीय का मालिया ताम्रपत्र लेख (५७१–७२ ई०) भी ऐसे भूमिदान का उल्लेख करता है जिस पर कुटुम्बिन काम करते थे[१५८]।

वलभी नरेश धरसेन तृतीय के एक लेख (६२३–२४ ई०) से भी कुटुम्बिनों के हस्तान्तरण का प्रमाण प्राप्त होता है[१५९]। आश्रित कृषकों का यह समुदाय अपनी स्वयं की कृषि अपने सीमित साधनों से कैसे करता रहा होगा, इसका संकेत **महाभारत** के आरण्यक पर्व से उपलब्ध हो जाता है। इसके अनुसार युगक्षय होने पर लोग नदियों के किनारे और नीचे भूमि में हल के बजाय कुदाल से बीज बोयेंगे, हल में गायों को जोतेंगे और एक वर्ष के बछड़े तक को भी नहीं छोड़ेंगे[१६०]।

अप्रतिबद्ध अथवा स्वतन्त्र शिल्पियों के समुदाय की ही भांति प्रतिबद्ध अथवा आश्रित शिल्पियों का भी एक समुदाय बन गया था जो अधिकांशतः गांवों में रहता था। इस समुदाय के सदस्य किसी न किसी गांव से प्रतिबद्ध होते थे। इन्हें ग्रामशिल्पिन् की संज्ञा दी जा सकती है[१६१]। ग्रामनापित, ग्रामकुलाल और ग्रामतक्ष का उदाहरण **काशिका** में प्रस्तुत किया गया है[१६२]।

---

१५३ . वही, यादव, **वही**।

१५४ . हो, चंग–चुन, **चाइनीज लिट्रेचर**, नम्बर ३, पेकिंग, १९५६, पृ० १५३–५५, यादव, **वही**, पृ० ३७।

१५५ . आर्थिकः चत्वारः ४, इपि०इण्डि १, ६ : से० इं०, पृ० ४६४, ४६६।

१५६ . इपि० इण्डि०, ८ . १२।

१५७ . वही, ६.७।

१५८ . का० इं० इं०, ३.३८.१६६।

१५९ . आर० एस० शर्मा, **इण्डियन फ्युडलिज्म**, पृ० ४६।

१६० . **महाभारत**, ३. १८८. २३, २७. द्रष्टव्य, इं० हि० रि०, जिल्द ५, भाग १–२, पृ० ३३।

१६१ . **काशिका**, ६. २. ६, ५. ४. ९५।

१६२ . **वही**, ५. ४. ९५।

लगभग प्रत्येक गांव में पांच शिल्पकार जिन्हें पञ्चकारुकी[१६३] कहा गया है, रहते थे। इसी समुदाय के सदस्यों को गुप्तोत्तर काल में मन्दिरों से भी प्रतिबद्ध किया जाने लगा था[१६४]। गांवों से प्रतिबद्ध शिल्पियों के अतिरिक्त कुछ शिल्पिन् राजाओं से भी प्रतिबद्ध होते थे। राजनापित, राजकुलाल और राजतक्षा का उदाहरण भी **काशिका** में प्राप्त होता है[१६५]। ग्रामशिल्पिन् (गांवों से प्रतिबद्ध शिल्पिन्) की अपेक्षा राजशिल्पिन् (राजाओं से प्रतिबद्ध शिल्पिन्) लौकिक दृष्टिकोण से अधिक प्रतिष्ठित रहे होंगे।

(७) विष्टिकर एवं आज्ञाकर :– लौकिक सामाजिक स्तरीकरण में विष्टिकरों का समुदाय गुप्तकाल तक काफी महत्त्वपूर्ण हो गया था। वराहमिहिर ने **बृहज्जातक** में विष्टिकर होने के दो योगों का वर्णन किया है। एक योग के अनुसार बुध यदि मकर या कुम्भ राशि का हो तो जातक विष्टिकर होता है[१६६]। दूसरे योग के अनुसार वृश्चिक के नवांश का जातक भी विष्टिकर (विष्टिकृत्) होता है[१६७]। १०वीं शताब्दी के टीकाकार भट्टोत्पल ने आज्ञाकर को भी विष्टिकर ही बताया है[१६८]। यहाँ पर आज्ञाकर शब्द का प्रयोग विशिष्ट अर्थ में किया गया है न कि सामान्य अर्थ में[१६९]। कुषाणकालीन ग्रंथ **अङ्गविज्जा** जिसे गुप्तकाल में परिष्कृत किया गया, भी विष्टिकरों के प्रयोग का उल्लेख करता है[१७०]। गुप्तकालीन अभिलेख भी विष्टिकरों की सूचना देते हैं। काठियावाड़ क्षेत्र से प्राप्त होने वाला ५१७ ई० का एक लेख महाराज धरसेन द्वारा राधे और श्येन नामक ब्राह्मण को दिये गये भूमिदान का उल्लेख करता है। इस लेख में राधे और श्येन को उन विष्टिकरों पर भी अधिकार दिया गया है। जो आगे उत्पन्न होंगे[१७१]। ५७५ ई० के लगभग के धरसेन प्रथम के एक लेख में भी दानगृहीता को विष्टि लेने का अधिकार दिया गया है[१७२]। इसी क्षेत्र से प्राप्त ५६२ ई० का विष्णुसेन का दानपत्र लेख भी वारिक संज्ञक एक अधिकारी की देख–रेख में विष्टि लेने का उल्लेख करता है[१७३]।

---

१६३. तत्र चावरतः पञ्चकारुकी भवति, **महाभाष्य**, १.१. ४८।

१६४. द्रष्टव्य, आर० एन०, नंदी, **रिलिजस इंस्टीट्यूशंस एण्ड कल्ट्स इन द डेकन**, (६००–१००० ई०), दिल्ली, १९७३, पृ० २८, बी० एन० एस० यादव, **प्रेसीडेंशियल एड्रेस**, पृ० ५१,ए०पी०, ओझा, पोजीशन ऑफ पॉटर्स इन द सोशिओरिजनल स्ट्रीटीफिकेशन आंन अर्ली मेडीवल इण्डिया, **हिस्ट्री एण्ड कल्चर, बी० पी० सिन्हा फेलिसिटेशन वाल्यूम** (संपा०) डा० भगवन्त सहाय, दिल्ली, १९८७, पृ० ३६६–३७६।

१६५. **काशिका**, ६. २. ६३, ५. ४. ६५।

१६६. **बृहज्जातक**, १८. ११।

१६७. विष्टिकृद्दासवृत्तिः, **वही**, २१.७१।

१६८. विष्टिकरः आज्ञाकरः, भट्टोत्पल, **बृहज्जातक**, १८. ११ पर।

१६९. सामान्य अर्थ में आज्ञाकर शब्द का प्रयोग **प्रयाग प्रशस्ति** में हुआ है।

१७०. **अंगविज्जा**, (संपा०) मुनि पुण्यविजय जी, वाराणसी, १९७५, पृ० १५६, यादव, **प्रेसीडेंशियल एड्रेस**, पृ० ३२।

१७१. सोत्पद्यमानविष्टिक, **इपि० इण्डि** १८.१८।

१७२. **वही**, २१. ८०।

१७३. वारिकेणविष्टिः करणीया, **वही**, ३०. १७१।

(८) **दास** :– लौकिक सामाजिक स्तरीकरण में दास– समुदाय कुषाणकाल से ही महत्त्वपूर्ण हो रहा था। स्फुजिध्वज के अनुसार धनु के नवांश में जन्म लेनेवाला व्यक्ति दास होता है[१७४]। वराहमिहिर ने भी इसी योग में जन्म लेनेवाले व्यक्ति को दासवृत्ति करनेवाला ही बताया है[१७५]। मीनराज के **वृद्ध-यवन-जातक**[१७६] में प्रयुक्त प्रेष्यतम शब्द से आश्रित लोगों के तीन स्तरों– प्रेष्य, प्रेष्यतर और प्रेष्यतम–का प्रमाण मिलता है[१७७]। यहाँ प्रेष्यतम शब्द दासों के लिए ही प्रयुक्त हुआ होगा। भारुचि ने भी गर्भदासों को अत्यन्त परतन्त्र बताया है[१७८]। इस प्रकार आश्रित लोगों में दासों का सब से निम्न स्थान सिद्ध होता है।

बोगार्ड लेविन और विगासिन का विचार है कि भारतीय दास–समुदाय में किसी प्रकार के आन्तरिक स्तरीकरण का अभाव है और सभी प्रकार के दासों को एक ही सामाजिक स्तर पर रखा जा सकता है[१७९]। परन्तु हाल की शोधों[१८०] के आधार पर लेविन और विगासिन का यह विचार समीचीन नहीं माना जा सकता। बी० एन० एस० यादव ने **बृहज्जातक**[१८१] से अवरोही–क्रम में दासों के तीन स्तरों का साक्ष्य प्रस्तुत किया है। वराहमिहिर के अनुसार यदि जातक के जन्मकाल में नवांशपति सूर्य, चन्द्रमा एवं बृहस्पति में से कोई एक ग्रह नीच अथवा शत्रु राशि के नवांश में हो तो वह (जातक) स्वयं जाकर (अभ्युपगम) किसी के यहां दासता स्वीकार कर लेता है, यदि दो ग्रह नीच या शत्रुराशि के नवांश में हों तो यह खरीदा हुआ दास (क्रयदास) होता है और यदि तीन या चार ग्रह नीच अथवा शत्रुराशि के नवांश में हो तो वह गर्भ से ही दास (गर्भदास) अर्थात् दास का पुत्र होता है[१८२]। इस प्रकार दासों में अभ्युगमन दास का स्तर सर्वोच्च था, उसके बाद क्रयदास और सब से निम्न सामाजिक स्तर गर्भदास का था परन्तु दास-समुदाय के आन्तरिक स्तरीकरण का यह दृष्टिकोण शास्त्रीय कम और लौकिक अधिक था।

लौकिक सामाजिक स्तरीकरण की प्रक्रिया में नगरीय अर्थ व्यवस्था भी महत्त्वपूर्ण थी। आर्थिक एवं राजनीतिक घटक नगरों में ही विशेष रूप से क्रियाशील थे। नगरीय अर्थव्यवस्था में सामाजिक प्रतिष्ठा के निर्धारण का आधार वर्णों की आनुष्ठानिक स्थिति के साथ–साथ तथा कभी–कभी उससे अधिक आर्थिक समृद्धि थी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था और जीवन पद्धति में अब भी

---

१७४. **यवन-जातक**, ३१. ११०–१२।

१७५. दासवृत्तिः, **बृहज्जातक**, २१. ७।

१७६. **वृद्ध-यवन-जातक**, ४०. ४।

१७७. बी० एन० एस० यादव, **प्रेसीडेंशियल एड्रेस**, पृ० २४।

१७८. भारुचि, मनु० ८. ६६ पर।

१७९. जी० एम० बोंगार्ड लेविन एवं ए०ए० विगासिन, **सोसाइटी एण्ड स्टेट इन ऐन्शिएण्ट इण्डिया, इ० हि० रि०**, जिल्द ५, भाग १–२, पृ० २२।

१८०. बी० एन० एस यादव, **द अकाउण्ट्स ऑव द कलि एज ऐण्ड द सोशल ट्रांजिशन फ्राम ऐन्टिक्विटी टु मिडिल एजेज**, वही, पृ० ५६।

१८१. **बृहज्जातक**, २३. १४।

१८२. **बृहज्जातक**, २३. १४।

परम्परागत चतुर्वर्णीय सामाजिक स्तरीकरण की प्रवृत्ति ही बलवती रही होगी। यहां लोगों के आर्थिक समृद्धि के बल पर ही व्यापारिक एवं व्यावसायिक वर्ग के सदस्य होने के बजाय परम्परागत वर्ण और जाति से संबंधित सामाजिक स्तरीकरण के दायरे में ही सीमित रहने की प्रक्रिया प्रधान रही होगी[१८३]।

सामाजिक स्तरीकरण की प्रक्रिया में लौकिक घटक गुप्तकाल में इतने महत्त्वपूर्ण हो गये थे कि चतुर्वर्णीय समाज में वर्णों और जातियों पर आधारित परम्परागत द्विभाजन[१८४] के साथ-साथ कुछ हद तक उसे दुर्बल बनाते हुए आर्थिक आधार पर सामाजिक द्विभाजन की प्रवृत्ति भी काफी हद तक स्पष्ट हो गयी थी। यह विभाजन अज्ज (आर्य) और पेस्स (प्रेष्य) के रूप में देखने को मिलता है[१८५] जिसका आधार विशुद्ध रूप से आर्थिक था[१८६]।

□□□

---

१८३ . आदित्य प्रसाद ओझा, सोशल स्ट्रेटीफिकेशन इन ऐन्शिएण्ट इण्डिया, अध्याय – ३।

१८४ . भारतीय संस्कृति के संदर्भ में सामाजिक द्विभाजन की प्रवृत्ति वैदिक क़ाल से ही देखने को मिलती है। एक प्रकार का द्विभाजन आर्य एवं दास तथा आर्य एवं शूद्र के मध्य, दूसरे प्रकार का द्विभाजन स्वतन्त्र एवं दास तथा शासक एवं शासित के मध्य और तीसरे प्रकार का द्विभाजन द्विज एवं शूद्र के मध्य था। द्रष्टव्य, वही।

१८५ . अज्जी पेस्सोति, अङ्गविज्जा, पृ० २१८, बी० एन० एस० यादव, कुषाण स्टडीज, पृ० ७८।

१८६ . द्रष्टव्य, आदित्य प्रसाद ओझा, सोशल स्ट्रीटीफिकेशन इन ऐन्शिएण्ट इंडिया, अध्याय ३।

THE PROBLEM OF SLAVERY IN ANCIENT AND EARLY MEDIEVAL INDIA : A RETROSPECTIVE SURVEY

LAVA KUSH DWIVEDI

Banda (U.P.)

Though a lot of work has been done on slavery in early India, research on the topic is still far from adequate. This inadequacy can be pin pointed only by an upto date historiographical survey of the work done so far.

The first serious scholar interested in Indian form of slavery was Montesquie.[1] Almost the same time Abbe Raynal described the misfortunes of the *pariahs* who were agricultural slaves of South India.[2] Abbe Dubois's work on slavery published in the 19th century discussed the miserable condition of slaves in Malabar and showed that this institution was held legitimate here as sanctioned by Hindu Law.[3] The roots of that modern phenomenon thus went, according to him, as back as the ancient period when the Hindu Law texts were compiled. In 1920, R. Fick's work on ancient Indian social organisations rapidly gained pre-eminence and has become a classic. According to him, "Every big land owner, every rich marchant employed workers on a daily wage in addition to the slaves he possessed". He throws light on conditions of domestic slaves and peasants thereby proving beyond doubt the existence of domestic slavery in the time of Buddha and later.[4] This conclusion significantly contradicted by positive evidence the unequivocal statement of Megasthenes that Indians were all

---

1. De l'esprit des lois, liv. XIV, ch. XV, pp. 218 ff. as quoted by D.R. Chanana, Slavery in Ancient India, Delhi, 1960, p. 1.
2. D.R. Chanana, op. cit.
3. *Ibid.*, p. 2.
4. R. Fick, The Social Organisation in North-East India, Calcutta, 1920, pp. 305-12.

free and no body in India was a slave. Rhys Devid while affirming the factual existence of domestic slavery denied its large scale development in the working of mines and agriculture as was done in Greece and Rome.[5] He also pointed out that the treatment meted out to slaves in ancient India was so humane as compared to that in Greece and Rome as to mislead an observer like Megasthenes who used to taking slavery as a synonym of misery and toil, failed to recognise its very existence in India.[6] Later R.K. Mookerji also struck a similar note.[7]

It was left to Dange to point out that slavery in ancient Indian society was not merely a casual domestic factor.[8] According to him, like all other societies of human history passing from the state of primitive communism to the first step of civilization, Indian society, too, was developing a mode of production based on slave labour.[9] Slavery in ancient India was, therefore, the basis of the first production system and social formation and was in no way better or worse than in other societies on the threshold of civilisation.

D.D. Kosambi bitterly criticised this mechanical grafting of the model of the history of other societies on Indian society, as Dange had done, but he retained the basic framework by pointing out that "The principal change in the productive relations was the formation of a servile class".[10] This servile class, according to him, continued to grow and in the varṇa-caste configurations of ancient Indian society gradually came to acquire the proximity of Śūdra *varṇa*.[11] Though śūdras as a whole cannot be equated with slaves, slaves and Sūdras together constituted the servile class to which *Karmakaras* too were added.[12] Kosambi thus tried to identify the peculiarity

---

5. R. David, *Cambridge History of India*, Vol. I, P. 40.
6. *Ibid.*, p. 56.
7. R.K. Mookerjee, *Ancient Indian Education*, London, 1951, pp. 423 & 469.
8. S.A. Dange, *India from Primitive Communism to Slavery*, (Hindi Edition), Delhi, 1978, pp. 41-56.
9. *Ibid.*, pp. 186-94.
10. D.D. Kosambi, *An Introduction to the Study of Indian History*, Bombay, 1975, pp. 97-98.
11. *Ibid.*
12. *Ibid.*, pp. 97-99.

of ancient Indian social formation which also modified to a great extent the profile of slavery as well. This empathetic approach of Kosambi made him the pioneer of the approach which aimed at linking slavery with the mose of production and social formation in a balanced sympathetic manner.

This line of inquiry, however, did not attract all the scholars working in the field. Ghoshal still harped on the old tune of fact finding research and tried to highlight Indian slavery belonging to a period from C. 200 B.C. to 400 A.D.[13] Yet he rendered the distinct service of collecting and interpreting reference from various sources of this period. K.M. Saran, while working on ancient Indian labour system, has tried to distinguish slavery from other forms of labour.[14]

The work of D.R. Chanana, devoted exclusively to slavery has been proclaimed as of outstanding importance in so far as it stresses, beside covering other aspects of slavery, the existence of a servile class which not only helped substantially in the prevailing mode of production but also helped in war, at least in monarchical systems of government.[15] But it has been decided on the ground that it does not work out any fundamental change in the position of slaves vis-a-vis the changing aspects of economy.[16] In 1965, Lallanji Gopal has published an important book on economic conditions of Northern India, which throws light on various aspects of slavery in early medieval India, such as increasing number of slaves,[17] decline of human values,[18] treatment meted out to slaves,[19] muslim influence on slavery,[20] etc. So much classified information on early medieval Indian slavery was made available, perhaps for the first time. Gopal makes the significant observation that human values, rather than the

---

13. U.N. Ghoshal, *Studies in Indian History and Culture,* Calcutta, 1957.
14. K.M. Saran, *Labour in Ancient India,* Bombay, 1957.
15. D.R. Chanana, op. cit.
16. R.S. Sharma, Review of Chanana's book in *J.E.S.H.O.,* Vol. 2, 1959, pp. 345-48.
17. L. Gopal, Economic Life of Northern India, Varanasi, 1965, pp. 78-80.
18. *Ibid.*
19. *Ibid.*
20. *Ibid.*

number of slaves, declined during early medieval period.[21] He, however, admits the lesser employment of slaves in agricultural and other productive operations in early medieval India while highlighting the tendency of segregating the use of slaves to impure work.[22]

At the same time, R.S. Sharma writes about the institution of slavery in ancient and early medieval India in his pioneering work on Indian feudalism. He has tried to notice some fundamental changes in slavery resulting from the emergence of feudal formation.[23] He also traces the history of servile class of which slaves also formed a part.[24] He has thus furthered the line of inquiry started by Kosambi. Sharma concluded from these studies that slavery declined in the early medieval period because the emerging feudal formation in the period brought with it its substitute of forced labour boardering on serfdom.[25] Some scholars, however, still felt strongly against this view and thought that Indian economy at any period was not as dependent on slavery as was that of classical Greece and hence the slavery of the two countries were essentially different.[26] As far as the conclusion of the decline of slavery in early medieval India is concerned, there are scholars who argue against it and try to show that it was on the increase though in a somewhat transformed shape.[27] In 1968, J.D.M. Derrett has also discussed some aspects of slavery with particular reference to the legal rights of slaves in the light of the law texts.[28] In 1971, P.C. Jain has attempted to give an assemblage of some relevant pieces of evidence with regard to the different forms of labour among which slavery also figures as one.[29] In 1972, D.N. Ganguli has presented a work to the scholarly world on slavery and has

---

21. *Ibid.*
22. *Ibid.*
23. R.S. Sharma, *Indian Feudalism,* Delhi, 1980, pp. 243-45.
24. *Ibid.*
25. *Ibid.*
26. D.C. Sircar, 'A Chinese Account of India - 732 A.D.', *J.I.H.,* August, 1966, pp. 351-357.
27. *Ibid.*
28. J.D.M. Derrett, *Religion, Law and the State in India,* London, 1968.
29. *Ibid.*

highlighted some aspects of modern form of slavery in India.[30] B.N.S. Yadava has thrown some valuable light on ancient and early medieval slavery also. He has shown that in Post-Gupta times slavery was declining to a considerable extent.[31] However, he remarks, domestic slavery continued to exist to some extent in the aristocratic sections of the society.[32] By and large he supports the conclusions of R.S. Sharma.

In 1975, G.R. Kuppuswami has dealt with some aspects of slavery in his work on Karnataka's economic condition. In the course of his discussion on tenurial systems, the author states that the common folk dragged on a miserable and pathetic existence, sometimes bordering on slavery.[33] In 1976, S. Mukerjee has devoted one chapter on ancient Indian slavery in her book and tried to indicate profitable utilisation of servile labour not only in tillage but in industrial and commercial under-takings as well.[34] She has also thrown light on slave-trade and slave-markets besides stressing the fundamental value of the legal rights granted to the slaves by the Indian Law-givers.[35]

In 1976, P.C. Jain has published another book on socio-economic exploration of medieval India, in which he has noticed that the early medieval legal literature reveals a deprecatory attitude towards slavery inspite of the probable swelling-up of the number of domestic slaves.[36] According to the author, slavery, as an institution of crucial importance in the economic sector, declined and serfdom emerged. Slavery was converted into serfdom which somewhat bettered the conditions of slaves.[37] But this statement is not free from controversies.

---

30. D.N. Ganguli, *Slavery in British Dominion,* Calcutta, 1972.

31. B.N.S. Yadav, *Society and Culture in Northern India in the Twelfth Century A.D.,* Allahabad, 1973, pp. 73-74.

32. *Ibid.*

33. G.R. Kuppuswami, *Economic Conditions in Karnataka,* Dharwar, 1975, pp. 185-97.

34. S. Mukerjee, *Some Aspects of Social Life in Ancient* India, Allahabad, 1976, pp. 175-90 & 203.

35. *Ibid.*

36. P.C. Jain, *Socio-Economic Exploration of Medieval* India (from 800-1200 A.D.), Delhi, 1976, pp. 10 & 281.

37. *Ibid.*

A work on modern Indian slavery has been done by Amal Kumar Chattopadhyaya in 1977 in which the author has tried to deal with the slave systems of Bengal region especially and covers the whole period of Indian history.[38] B.N.S., Yadava, in his presidential address to the socio-economic history section of The Indian History Congress in 1980 has brought the astrological data to bear on socio-economic history.[39] He, for the first time, pointed out an astrological reference to slavery in Vriddha-Yavana Jātaka of Minaraja which makes a mention of some unfavourable sign positions of sun in the tenth house of the natal chart which would destine people to become subjected to slave labour or to perform agricultural labour.[40] In 1981, G.K. Rai has worked on forced labour in ancient India in which he practically concures with the view of R.S. Sharma that slavery declined in early medieval period and '*viṣṭi*' or forced labour came to substitute it[41], though his observation that '*viṣṭi*' in the *Arthaśāstra* meant forced labour and that "there was little money or trade and no wealthy kingdom or powerful monarch in India in A.D. 600-1200" have been taken amiss by some scholars.[42] 1982, witnessed three significant works on slavery; one by S. Manicum presents a regional study of slavery[43], second by Sheela Chaturvedi examines the muslim shade of slavery in India in the period of Turkish rule,[44] and third by Sharad Patil in which he has tried to give a full picture of slavery for the whole range of Indian history linking it to the charging mode of production in Indian History.[45]

In 1983, R.S. Sharma has published his another work on socio-economic history of early India in which he maintains that in India for nearly one thousand years from the 6th century B.C. to 5th century A.D. real

---

38. A.K. Chattopadhyaya, Slavery in India, London, 1977.
39. B.N.S. Yadava, Presidential Address, Proceedings of the Indian History Congress, Bombay, 1980.
40. *Ibid.*
41. G.K. Rai, *Involuntary Labour in Ancient India,* Allahabad, 1981.
42. D.C. Sircar, Review of G.K. Rai's book published in *I.H.R.*, Vol. X.
43. S. Manicum, *Slavery in Tamil Country: A Historical Over View, Madras,* 1982.
44. S. Chaturvedi, Turk-Kālīn Bhārat mein Muslim Dāsatā, Delhi, 1982.
45 S. Patil, *Dasa-Sudra Slavery,* Delhi, 1982.

basis of production was provided by Vaiśyas whose efforts were supplements by Śūdra slaves and wage earners[46]. Ajaya Mitra Shastri has pointed out some disagreements with this view. D.N. Shukla has contributed a work to the scholarly world on revenue system of northern India in 1984 in which he has made an attempt to distinguish the different forms of labour from one another[47]. In respect of slavery it denies the contention of some scholars that slavery declined in early medieval period and gave way to force & labour[48]. He defines forced labour as occupying a midway position between slave labour and free labour[49]. All the three of these are shown to have been concurrent in the period as also earlier. In this year another work of D.P. Singh came into light which supplies a complete chapter on slavery of early medieval period. The author has tried to show the different causes of slavery in it.[50]

Slavery also figured prominently in the work of Utsa Patnaik which was published in 1985. The author provides us with an integrated picture of ancient, medieval and modern slavery in India covering practically one whole of Indian subcontinent.[51] Different aspects of slavery such as its historical analysis,[52] the nature and extent of servitude in historical context,[53] women and bondage,[54] etc., in the context of the ancient period of Indian history has been also dealt in it.

In 1987, the two works, one of S.P. Tiwari and other by D.N. Jha, throw some important light on ancient and early medieval slavery of Indian

---

46. R.S. Sharma, *Perspectives in Social and Economic History of Early India,* Delhi, 1983, pp. 23-31.
47. D.N. Shukla, Uttar Bhārat kī Rājasva-Vyavasthā, Allahabad, 1984, pp. 137-165.
48. *Ibid.,* pp. 140-142 & 148.
49. *Ibid.,* pp. 151-159.
50. D.P. Singh, Hindū Samāj mein Parivartana kī Prakriyā, Gorakhpur, 1984, (Chapter on Dāsas), pp. 135-157.
51. U. Patnaik, *Chains of Servitude : Bondage and Slavery in India,* Madras, 1985.
52. In the above mentioned book of Utsa Patnaik (Editor), Uma Chakravorti has written a chapter on 'of Dasas and Karmakaras, Servile Labour in Ancient India', In this Chapter she has dealt with all these problems.
53. *Ibid,* pp. 1-75.
54. *Ibid.*

history.[55] But both these works hardly tell us anything new which is not known from earlier contributions on the topic.

Research papers and articles appearing from time to time in various journals focus on the various aspects of slavery identified and studied by the books discussed above. They hardly appear to be setting new trends of study in the domain of slavery in ancient India. The foregoing historigraphical sketch of the work done so far by a number of scholars engaged in the research on slavery in India shows that in the beginning, the main issue was to prove or disprove the existence of slavery in ancient India on a purely factual and evidential basis. The burning issue at the time was to concur with or to refute the statement of Megasthenes denying the existence of slavery in his time and to distinguish Indian slavery from that of Greece and Rome. No conceptual framework was applied to put ancient Indian slavery in right perspective. Some historians have tried to paint the Marxist theory on Indian slavery and some have given its total counter.

Therefore the real picture of Indian slavery was dragged on a path of which ends itself are doubtfull. Truely speaking, research on ancient Indian slavery has just emerged from the fact finding stage to the maturer stage of entering a proper conceptual perspective of the processes and forces of human civilization. But the linking of slavery with modes of production and social formation constitues only one aspect of slavery which, too, has been approached from the end of production system and social formation rather than the end of slavery.

Other aspects of slavery such as its concepts, its differentiation from other forms of labour in general as well as in particularly ancient Indian context, its organisation including procurement, trade and marketing or slaves, its historical transformations economic as well as non-economic and its changing profiles through legal, religious and social systems are yet to be studied and properly understood. The pioneering formulation with respect to early medieval state of slavery declaring that it was declining as a factor in

55. In these works "Royal Attendants in Ancient Indian Literature, Epigraphy and Art' and 'Feudal Formation in Early India', (respectively) are important in this regard.

production system and was being increasingly substituted by forced labour and serfdom may be very correct but it is certainly not the answer to all the questions that can be raised about all the aspects of early medieval slavery. Perhaps a fuller and independent study of slavery of the period is likely to enlighten us more than what has been known thus for about the early medieval mode of production and social formation. The controversy recently raised by some scholars regarding early medieval slavery in India on its decline needs a re-examination.

□□□

production system and was being increasingly substituted by forced labour and serfdom may be very correct but it is certainly not the answer to all the questions that can be raised about all the aspects of early medieval slavery. Perhaps a fuller and unprejudiced study of slavery of the period is likely to enlighten us more than what has been done so far about the early medieval mode of production and social formation. The controversy recently raised by some scholars regarding early medieval slavery in being on its decline needs re-examination.

□□□

शंकर-दर्शन में भक्ति चेतना

डा० अतुल कुमार सिन्हा

बरेली

प्रकटतः ज्ञान-मार्ग और भक्तिमार्ग क्रमशः बुद्धि और हृदय की केन्द्रीयता के साथ एक दूसरे के विपरीत दिखायी देते हैं। ज्ञान-मार्ग का बौद्धिक कलेवर भक्ति मार्ग के भाव-प्रवण स्वरूप से सर्वथा अलग प्रतीत होता है और संभवतः दोनों के बीच के इस अन्तर के कारण ही इस सामान्य धारणा का विकास हुआ कि शंकर-दर्शन ज्ञानमार्गी होने के कारण न केवल भक्ति चेतना से शून्य और उसका विरोधी है, बल्कि उसी की प्रतिक्रिया स्वरूप भक्तिमार्ग ने भक्ति-आंदोलन की तीव्रता में अपनी स्पष्ट पहचान प्राप्त की और ज्ञानमार्ग का एक विकल्प प्रस्तुत किया यद्यपि उसके सूत्रों की प्राचीनता तो किसी न किसी रूप में ऋग्वेद-काल तक जाती दिखती है। प्रस्तुत शोध-पत्र शंकर-दर्शन विषयक इस धारणा के पुनर्वीक्षण के द्वारा इस जिज्ञासा के शमन के प्रति उद्दिष्ट है कि क्या वास्तव में ज्ञान और भक्ति के मध्य कोई नैसर्गिक विरोध है और यदि दोनों के लक्ष्य समान हैं तो क्या उनमें कोई समन्वय-सूत्र ढूँढ़ा जा सकता है ? यदि हाँ, तो शंकर-दर्शन में ज्ञान और भक्ति के मध्य विरोध कैसे व्याख्यायित किया जा सकता है ? और यदि नहीं तो शंकर के दर्शन में पूर्णता का दावा किस प्रकार संभव है ? इन प्रश्नों पर विचार करने के पूर्व भक्ति की सामान्य पारम्परिक अवधारणा को दृष्टिपथ में रखना आवश्यक होगा और तत्पश्चात् इस अवधारणा के तन्तुओं की शंकर-दर्शन के एक प्रच्छन्न "घटक अवयव" का प्रकाशन हो सकेगा।

"भज्" धातु में "क्तिन्" प्रत्यय के संयोग से उद्‌भूत बहुअर्थक "भक्ति"[१] शब्द के व्युत्पत्तिमूलक अर्थ का "भाग" (हिस्सा) शब्द से सम्बन्ध स्थापित करते हुये कतिपय इतिहासकारों ने कबीलाई जीवन में सम्पत्ति विभाजन की भावना से उसे जोड़ने का प्रयास किया है।[२] इस प्रयास में भगवत् (भगवान्) शब्द का अर्थ "सम्पत्ति का एक मात्र सम्पूर्ण अधिकारी" बताते हुए भक्ति का अभिप्राय "सम्पत्ति में भाग प्राप्त करने की इच्छा से 'भागवत्' के प्रति प्रेम और निष्ठा" का भाव व्यक्त करने से समझा गया[३] जो अपने ऐतिहासिक विकास में परिस्थितिजन्य अर्थ-वैभिन्न्य की प्रक्रिया से गुजरते हुए कालान्तर में पारलौकिक तथा आध्यात्मिक भाव का

---

१. भक्ति शब्द के विभिन्न अर्थों के लिए देखिए-एम० विलियम्स, संस्कृत-इंगलिश डिक्शनरी, पृ० ७४३.

२. देखिये, सुवीरा जायसवाल, द ओरिजिन एण्ड डेवलपमेन्ट ऑव वैष्णविज्म, दिल्ली, १९६७, पृ० ३८.

३. वही, पृ० ३८-३९

संकेतक बन गया। भक्ति की इस भौतिकवादी अवधारणा का अलग विकास मध्यकाल की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक परिस्थितियों में विकसित सामन्तवादी व्यवस्था के सैद्धान्तिक ढाँचे में उसकी संगति स्थापित करने के प्रयासों में दिखायी देता है।[४] भक्ति-आन्दोलन के विकास-काल के राजनीतिक घटना क्रम के साथ सन्दर्भित करके देखने के प्रयास में कतिपय विद्वानों ने बाह्यगत समानताओं के आधार पर उसे ईसाई धर्म[५] के, तो कुछ अन्य विद्वानों ने इस्लाम धर्म[६] के हिन्दू धर्म और समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का परिणाम बताया है। छुआछूत, ऊँच-नीच के भेदभाव से ग्रस्त हिन्दू समाज में निम्न वर्गीय सदस्यों द्वारा सामाजिक-धार्मिक रुढ़ियों व परम्पराओं के विरुद्ध किये जाने वाले विद्रोह के रूप में भी भक्ति-आन्दोलन को व्याख्यायित किये जाने के प्रयास किये गये हैं[७]।

भक्ति की अवधारणा के ऐतिहासिक विकास पर एक दृष्टि डालने से ज्ञात होता है कि भक्ति काल भले ही मध्य काल में एक आन्दोलन के रूप में उभरता दिखायी देता हो, सूत्र रूप में उसकी प्राचीनता विशेषतः वरुण तथा इन्द्र को सम्बोधित **ऋग्वेद** के कतिपय भावपूर्ण मंत्रों तक पहुँचती दिखायी देती है[८]। उत्तरवैदिक काल के प्रथमार्ध में याज्ञिक-आनुष्ठानिक-कर्मकाण्डीय बहुलता में यद्यपि ऊपर से देखने पर इसके संकेत नहीं मिलते तथापि यज्ञ-सम्पादन के एक प्रमुख उद्देश्य, देव-सायुज्य, के रूप में भक्ति की चेतना एक अन्तर्धारा के रूप में प्रवाहित होती रही थी। उपनिषद्-काल में उसकी भावात्मक झलक **कठ** और **मुण्डक** उपनिषदों में कहीं-कहीं

---

४. डी० डी० कौसाम्बी, **द कल्चर एण्ड सिविलाइजेशन ऑफ एन्शिएन्ट इन्डिया इन हिस्टारिकल आउटलाइन्स**, (हि० अनु०), दिल्ली, १६६४, पृ० २६१-६२, आर० एम० शर्मा, "प्राब्लम ऑफ ट्रान्जीशन फ्राम एन्शिएन्ट टू मेडीवल इन इन्डियन हिस्ट्री" **द इन्डियन हिस्टारिकल रिव्यू**, जिल्द १. सं० १, दिल्ली, १६७४

५. द्रष्टव्य-ए० बेवर, ई० डब्ल्यू० हापकिन्स, एन० मैक्नीकॉल तथा जे० केनेडी। इनके तर्कों का सफलतापूर्वक खंडन हेमचन्द्र राय चौधरी, बी० एन० सील, आर० जी० भण्डारकर तथा एन० एन० लॉ आदि के द्वारा किया जा चुका है।

६. ताराचन्द तथा युसुफ हुसैन इस मत के प्रतिपादक रहे हैं। देखिए, कृष्ण शर्मा, पूर्वोद्धृत, पृ० २७-२८, पी० एन० चोपड़ा, "द इम्पैक्ट ऑफ इस्लाम ऑन इण्डिया" **स्टडीज इन द कल्चरल हिस्ट्री ऑव इन्डिया** (सं०) जी० एस० मेटरॉक्स एवं एफ० मूजे, आगरा, १६६५, पृ० २८३-२८४.

७. देखिये, इरफान हबीब, "द हिस्टारिकल बैकग्राउन्ड ऑफ द पापुलर मोनोथेइस्टिक मूवमेन्ट्स ऑफ द १५वीं सेन्चुरीज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित **"हिस्ट्री ऑफ आइडियाज"** में प्रस्तुत शोध-पत्र। रोमिला थापर के अनुसार भक्ति आंदोलन एक प्रकार का नगरीय आन्दोलन था। रोमिला थापर, **ए हिस्ट्री ऑफ इन्डिया**, जिल्द-१,दिल्ली, १६६६, पृ० ६८, २६४, ३०८, कृष्णा शर्मा, **पूर्वोद्धृत**, पृ० ३३ पर उद्धृत।

८. **ऋग्वेद** १.६२.११, ६.४५.२६, ७.८६.४, ७.८८.५। देखिये ए० बी० कीथ का लेख, **जर्नल ऑफ रॉयल एशियाटिक सोसाइटी**, लंदन, १६१५ में पृ० ८३४, पी० यश, **हिस्ट्री एण्ड इवोल्यूशन ऑव वैष्णविज्म इन ईस्टर्न इन्डिया**, कलकत्ता, १६८२, पृ० २०२ पर उद्धृत। और भी, चार्ल्स इलियट, **हिन्दुइज्म एण्ड बुद्धिज्म**, जिल्द-२, लंदन, १६६८, पृ० १८१.

दिखायी देती है[९]। और **श्वेताश्वतर** उपनिषद् में तो "भक्ति" शब्द का उल्लेख लगभग उसी अर्थ में प्राप्त होता है जो कालान्तर में विकसित भक्ति की अवधारणा का केन्द्र बनकर उभरा[१०]। इस प्रवृत्ति का अगला विकास **गीता और महाभारत** - विशेषतः 'शान्तिपर्व' के नारायणीय खण्ड– में देखने को मिलता है जबकि भागवत् धर्म के नाम से वैष्णव धर्म की लोकप्रियता धीरे-धीरे बढ़ने लगी थी और भक्ति ने उसके एक प्रमुख सिद्धान्त का रूप ग्रहण करना प्रारम्भ कर दिया था। वैष्णव धर्म के विकास को रेखांकित करने वाले वैष्णव पुराणों-विशेषतः **विष्णुपुराण** और **भागवत्पुराणों** में भक्ति का स्वरूप और भी अधिक स्पष्ट हुआ और धीरे-धीरे मध्यकालीन धर्मग्रन्थों और परवर्ती आचार्यों एवं संतों की वाणी में उसने अपना निश्चित आकार प्राप्त कर मोक्ष-प्राप्ति के साधनों-ज्ञान और कर्म के साथ सन्दर्भित होकर साधन-त्रयी का निर्माण किया। मध्यकालीन धर्मग्रन्थों में भक्ति का सांगोपांग विवरण प्राप्त होता है जो जनमानस में इसके बढ़ते प्रभाव का स्पष्ट द्योतक है और भक्तिमार्ग के आन्दोलनकारी स्वरूप का स्पष्ट प्रमाण भी।

अपने अवधारणात्मक रूप में भक्ति भक्त और ईश्वर के बीच के सम्बन्धों की भावात्मक चेतना से उद्भूत होती है और अपने विकास की चरम अवस्था में सम्बन्धों की औपचारिकताओं के विलीनीकरण द्वारा ईश्वर के प्रति असंदिग्ध निष्ठा और पूर्ण समर्पण तक जा पहुँचती है। शांडिल्य "भक्ति जिज्ञासा" का शमन करते हुए भक्ति को "ईश्वर में परानुरक्ति" रूप में परिभाषित करते हैं[११] जिसकी काणे के अनुसार दो व्याख्यायें संभव हैं, (१) "भक्ति का सर्वोच्च रूप है परमेश्वर में अनुरक्ति" या (२) "परमेश्वर में सर्वोच्च अनुरक्ति ही भक्ति है[१२]।" शांडिल्य के कथन की टीका करते हुए स्वप्नेश्वर "आराध्य विषयक राग" से उद्भूत बताते हुए "परमेश्वर के विषय में अन्तःकरण की एक विशेष वृत्ति" को भक्ति बताते हैं[१३]। नारद के अनुसार यह ईश्वर के प्रति परम प्रेम है जो अमृत स्वरूप है।[१४] अनुरक्ति, अनुराग, प्रेम, प्रीति आदि भक्ति की प्राथमिक शर्त है जो ईश्वर की महिमा और उसकी उपाधियों आदि के सम्यक् ज्ञान से भक्त के मन में उत्पन्न होता है।[१५] यह अनुरक्ति, अनुराग, प्रेम अथवा प्रीति अबाधित (अव्यवहित) एवं अहैतुकी होनी चाहिये, तभी भक्ति का सर्वोच्च रूप प्राप्त हो सकेगा।[१६] इस भक्ति का प्रतिफल क्रमशः

---

९. **कठोपनिषद्**, २.२२, **मुण्डक उपनिषद्**, ३.२.२

१०. **श्वेताश्वतर उपनिषद्** ६.२३ इसी उपनिषद् में (६.१८) में उल्लिखित "प्रपद्य" शब्द, काणे के अनुसार, कालान्तर में रामानुज आदि वैष्णव सम्प्रदायों में "प्रपत्ति" सिद्धान्त का आधार बना। देखिये, पी० वी० काणे, **हिस्ट्री ऑफ धर्मशास्त्र**, (हि० अनु०), चतुर्थ भाग, लखनऊ, १९७३, पृ० ४५६, ४६३.

११. "अथातो भक्तिजिज्ञासा। सा परानुरक्तिरीश्वरे।" **शाण्डिल्यभक्तिसूत्र**, १.१.१.२,

१२. पी०वी० काणे, **पूर्वोद्धृत**, पृ० ४६१

१३. "आराध्यविषयकरागत्वमेव सा। इह तु परमेश्वरविषयकान्तःकरणवृत्तिविशेष एव भक्तिः।" **शाण्डिल्यसूत्र** (१.१.१.२)

१४. "सा त्वस्मिन् परमप्रेमरूपा। अमृतस्वरूपा च।" **नारदभक्तिसूत्र**, १.३

१५. द्रष्टव्य-शाण्डिल्य द्वारा उल्लिखित "अनुरक्ति" शब्द पर स्वप्नेश्वर की टीका।

१६. **भागवत पुराण**, ३.२९.१२

सालोक्य, सार्ष्टि, सामीप्य, एवं सायुज्य से बढ़ते हुए एकत्व तक जा पहुँचता है इस प्रकार भक्ति का सर्वोच्च लक्ष्य वही है जो ज्ञान का है अर्थात् अंश का समग्र में, भक्त का भगवान् में अथवा आत्मन् का ब्रह्म में विलय। किन्तु लक्ष्य की समरूपता के होते हुए भी ज्ञान और भक्ति के बीच शाण्डिल्य अन्तर बताते हैं। उनके अनुसार भक्ति इच्छा के प्रयत्न का अनुसरण नहीं करती, अतः वह ज्ञान की भाँति कर्म नहीं है और इस कारण ज्ञान से भिन्न है।[१७] ज्ञान की भाँति भक्ति बुद्धि का विषय नहीं है।[१८] यह मन का विषय है और संदेहविहीन निष्ठा और श्रद्धा से फलीभूत होता है। "अहं" का लोप इसकी प्राथमिक अनिवार्यता है जो अपने नैमित्तिक अस्तित्व के स्वीकरण से प्रारम्भ होती है और सम्पूर्ण कर्तव्य को ईश्वरीय अनुकम्पा अथवा प्रसाद के पर्याय-बोध में डुबा देती है। भक्ति की प्रारम्भिक अवस्था में भक्त ईश्वर की कृपा का आकांक्षी होता है किन्तु जैसे-जैसे भक्ति का स्तर ऊपर उठता जाता है, वैसे-वैसे भक्त के मन से आकांक्षा, भले ही वह कृपा की हो, तिरोहित होती जाती है, साथ ही भक्त के मन में समर्पण-भाव की गहनता बढ़ती जाती है जो ईश्वर और भक्त के बीच का भेद समाप्त करती जाती है और अन्ततः भक्त भगवान में उसी प्रकार आत्म-लाभ प्राप्त कर लेता है जैसे बूँद समुद्र में।[१९] यह भक्ति की पराकाष्ठा है जो उसके नवधा प्रकारों में से किसी भी प्रकार में प्राप्त हो सकती है।[२०]

भक्ति की इस सामान्य अवधारणा के परिप्रेक्ष्य में शंकर के व्यक्तित्व और कृतित्व का आकलन करने से यह धारणा होती है कि शंकर-दर्शन ज्ञानात्मक एकान्तिकता का दर्शन है और चूँकि ज्ञान का स्वरूप बौद्धिक होता है जिसका आधार तर्क और विवेक है, इसलिए वह श्रद्धा, निष्ठा और आस्था के भावजनित स्तम्भों पर निर्मित और विकसित भक्ति प्रसाद की सहज ही अनदेखी करता है।[२१] शंकर-दर्शन का स्वरूप निश्चयतः ज्ञानात्मक है और उसमें मोक्ष प्राप्ति के साधनों में ज्ञानमार्ग की सर्वोच्चता निर्विवादतः प्रतिपादित की गयी है किन्तु इस बात में संदेह के लिए अवकाश नहीं है कि ज्ञान मार्ग का प्रतिपादन शंकर ने भक्तिमार्ग के अविरोध में किया

---

१७. **शाण्डिल्य सूत्र**, ७

१८. देखिए, **नारदभक्तिसूत्र**, १५, २६ ३०, **शाण्डिल्यभक्तिसूत्र**, ६६, ६८, कृष्णा शर्मा, **पूर्वोद्धृत**, पृ० १२८.

१९. देखिये, पी० फैलान, "अक्ट्रिनल बैकग्राउन्ड ऑफ द भक्ति स्पिरिचुआलिटी" **रिलिजस हिन्दूइज्म**, (सं०) एल० रेमन्ड, इलाहाबाद, १९६४, पृ०, २४७-२४९.

२०. **भागवत् पुराण**, ७.५.२३–२४। नारद नवधा के स्थान पर भक्ति के ११ प्रकारों का उल्लेख करते हैं। ये ग्यारह प्रकार हैं– गुणमाहात्म्य, रूप, पूजा, स्मरण, दास्य, सख्य, वात्सल्य, कान्त, आत्मनिवेदन, तन्मयता और परम विरह की ग्यारह आसक्तियाँ **नारदभक्तिसूत्र**, ८३, पी०वी० काणे, **पूर्वोद्धृत** पृ० ४६६, कृष्णा शर्मा के अनुसार नारद केवल दशधा भक्ति का उल्लेख करते हैं।

२१. "परम्परा के अनुसार और प्रायिक आधुनिक विवरण के अनुसार शंकर की विचार-व्यवस्था एक रस है, यद्यपि उसमें कुछ प्रश्नों पर विचार आगे के लिए अनेकधा व्याख्येय रह जाते हैं।..................मध्ययुग में चिरकाल मठवासी होने के कारण उनके दर्शन की छवि एकांगी निषेध की हो गयी जिसकी व्याख्या एकान्तिक कर्मत्याग और जगन्मिथ्यात्व के प्रत्ययों से ही होने लगी और..................भक्ति सम्प्रदायों के विरोध का वह लक्ष्य बन गया।" गोविन्दचन्द्र पाण्डे, **पूर्वोद्धृत**, पृ० ११६

है।[२२] ज्ञान की सर्वोच्चता स्थापन का शंकर-प्रयास वस्तुतः वैरोध्य-भावमूलक द्वैतात्मकता के परिहार द्वारा उद्वैत के प्रतिष्ठापन का प्रयास था। ब्रह्म एकमात्र सत्य है और ज्ञान उसकी प्राप्ति का एकमात्र साधन है जो अपनी उच्चतम स्थिति में बौद्धिक स्वरूप का अतिक्रमण कर आत्मज्ञान का रूप प्राप्त कर लेता है और ब्रह्मज्ञान से अभिन्न हो जाता है।[२३] इस प्रकार ज्ञान का चरम अद्वैत में प्राप्त होता है जो आत्म-साक्षात्कार अथवा आत्मानुभूति का ही एक पर्याय है। दूसरी ओर भक्ति का चरम भी ईश्वर और भक्त के द्वैत को समाप्त कर एक ऐसे ही अद्वैत की स्थिति में पहुँचा देता है और यह स्थिति भी आत्मानुभूति के रूप में ही ज्ञेय है। इस प्रकार सतही विभेद से ऊपर उठकर देखने पर ज्ञान और भक्ति में कोई अन्तर नहीं रह जाता और वे दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू प्रतीत होते हैं।[२४] उनका भेद उनके बीच किसी नैसर्गिक विरोध का परिणाम नहीं है बल्कि ये भेद उपाधि-भेद मात्र है और उपाधियों का प्रभाव रहने तक वह विरोध भाव का आभास देता रहता है।[२५] शंकर-दर्शन में भक्ति का यदि कोई विरोध है तो वह मात्र आभास है। शंकर के बाद आन्दोलन के सूत्रधार भक्ति प्रमुख वैष्णव आचार्यों ने भक्ति आन्दोलन को गति देने से भले ही अपने-आप को शंकर से अलग रखने का प्रयास किया हो किन्तु उनमें से कोई भी शंकर के अद्वैत दर्शन के प्रभाव से स्वयं को मुक्त नहीं कर पाया[२६] बल्कि एक (आधुनिक) मत के अनुसार तो अद्वैत वेदान्त की अति लोकप्रियता ने उन्हें विवश कर दिया कि वे अपने सिद्धान्तों को उसी के सैद्धान्तिक ढाँचे के साथ सन्दर्भित करके ही विकसित करें[२७] और यदि सगुण भक्ति पर शंकर-दर्शन का प्रभाव कुछ अप्रत्यक्ष भी दिखायी देता हो तो निर्गुण भक्ति तो उसी का एक विकास-बिन्दु प्रतीत होता है।[२८]

शंकर का ज्ञान मार्ग की ओर सर्वोच्चता के बावजूद भक्ति से कोई विरोध नहीं था। उनके द्वारा संचित कतिपय स्तोत्र विशेषतः **सौन्दर्यलहरी, दक्षिणामूर्तिस्तोत्र, हरिमीडे** आदि में उनकी "भावसघन एवं उदार भक्ति" का रूप प्राप्त होता है।[२९] शंकर मोक्ष प्राप्ति के साधनों में भक्ति की महत्ता को निश्चित रूप से स्वीकार करते हैं। **विवेकचूड़ामणि** में भक्ति को परिभाषित करते हुए वे इसे "स्वरूपानुसंधान" अर्थात् अपने "आत्म स्वरूप की खोज" का साधन बताते हैं

---

२२. गोविन्द चन्द्र पाण्डे, **पूर्वोद्धृत**, पृ० १०१

२३. एन० के० देवराज, **ऐन इन्ट्रोडक्शन टू शंकरज़ थ्योरी ऑफ नॉलेज**, वाराणसी, १९७२, पृ० ८८-८९

२४. तु० गोविन्द्रचन्द्र पाण्डे, **द रोल ऑफ शंकराचार्य इन द कल्चरल एण्ड फिलासाफिकल हिस्ट्री ऑफ इन्डिया**, जयपुर, १९८९, पृ० ९.

२५. तु० गोविन्दचन्द्र पाण्डे, **शंकराचार्य : विचार और सन्दर्भ**, पृ० ४९-५१.

२६. देखिये, एन० के० देवराज, **पूर्वोद्धृत**, पृ० २६.

२७. कृष्णा शर्मा, **पूर्वोद्धृत**, पृ० १३८.

२८. **वही**, पृ० १५०.

२९. देखिये एम० एन० देशपाण्डे, **"इन्फ्लुएन्स ऑफ द फिलासफी ऑफ शंकराचार्य ऑन हिन्दू टेम्पिल आर्कीटेक्चर एण्ड सिम्बोलिज्म" मैन एण्ड इन्वायर्नमेण्ट**, जिल्द - १७, सं० २, १९९२, पृ० ७.

और उसे अपने पूर्ववर्तियों द्वारा प्रतिपादित "स्वात्म-तत्त्व" की खोज से अभिन्न बताते हैं।[३०] मोक्ष प्राप्ति के लिए श्रद्धा, भक्ति और ध्यान योग[३१] का महत्त्व प्रतिपादित करते हुए शंकर भक्ति को सर्वोपरि स्थान प्रदान करते हैं।[३२] क्योंकि भक्ति मनुष्य को आत्मोन्नयन के प्रति सतत् प्रेरित करती है और अन्ततः ईश्वरानुभूति के रूप में आत्मानुभूति अथवा आत्मज्ञान के उस द्वार तक पहुँचा देती है जो मोक्ष की ड्योढ़ी में खुलता है।[३३] श्रद्धा, भक्ति और ध्यान योग आध्यात्मिक साधना के तीन घटक हैं, जिसमें श्रद्धा, आस्था का वह बिन्दु है जहाँ से यह प्रक्रिया (साधना) प्रारम्भ होती है, ध्यान-योग इसकी सक्रिय चेतना है और भक्ति वह भाव-प्रवण सायुज्यता है जो मनुष्य संवेगों और मनोभावों को सातत्य प्रदान करते हुए उसमें आत्मोन्नयन की अभीप्सा जाग्रत बनाये रखती है।[३४] शंकर की दृष्टि में भक्ति, इस प्रकार आत्म-चिंतन की प्रक्रिया और परिणाम दोनों के भाव-स्वरूप का निर्माण करती है और इसी कारण उसे साधन और साध्य दोनों रूपों में समझा जा सकता है।[३५] भक्ति का सर्वोच्च रूप शंकर के शब्दों में "ज्ञान-निष्ठा" अर्थात् आत्म-ज्ञान की अभीप्सा है।[३६] आत्मोन्नयन के प्रारम्भिक चरण में भक्ति साधन-रूप होती है किन्तु जैसे-जैसे इस प्रक्रिया का विकास होता जाता है, साधनता साध्यता में परिणत होती जाती है और अन्ततोगत्वा ईश्वरानुभूति के रूप में आत्मानुभूति की अन्तिम स्थिति में पहुँच कर यह स्वयं साध्यरूप हो जाती है। भक्ति के इस सर्वोच्च शिखर पर सारे द्वैत विलीन हो जाते हैं। भक्ति और ज्ञान में कोई अन्तर नहीं रह जाता।[३७] ईश्वर और क्षेत्रज्ञ दोनों एकरूप हो जाते हैं। भक्ति का यह चरम अद्वैतवेदान्ती शंकर के अद्वैतवादी सैद्धान्तिक ढाँचे के साथ पूर्णतः समन्वित होकर अद्वैत-भक्ति का रूप प्राप्त कर लेता है जिसका स्पष्ट उल्लेख **गंगाशतक** में, परम्परानुसार, स्वयं शंकर करते हैं।[३८] ऊपर से देखने पर अद्वैत-भक्ति का यह सिद्धान्त अन्तर्विरोधग्रस्त प्रतीत होता है किन्तु "अपने अवधारणात्मक विकास में यह सभी अन्तर्विरोधों को दूर कर देता है। इसका प्रारम्भ भक्ति से होता है। किन्तु अन्तिम परिणति एकात्मरूप आत्मानुभूति में होती है। अद्वैत-भक्ति (ज्ञानमूलक) पूर्णानुभूतिवाद एवं नैतिक-आध्यात्मिक अनुशासन अर्थात् भक्ति के बीच समन्वयन का परिणाम-बिन्दु है। नैतिक उपक्रम और एक निष्ठ ध्यान उसके अनिवार्य साधन

---

३० . **विवेकचूडामणि** (सं) स्वामी माधवानन्द (छठा सं०), कलकत्ता, १६५७, ३६, स्वात्मतत्त्वानुसंधानं भक्तिरित्यपरे जगुः।" **वही**, ३२

३१ . **वही**, ४६

३२ . **वही**, ३१

३३ . कृष्णा शर्मा, **पूर्वोद्धृत**, पृ० १४८–१४६.

३४ . **वही**, पृ० १४६.

३५ . **वही**, पृ० १४६.

३६ . "ज्ञाननिष्ठा पराभक्तिरित्युच्यते", **शंकराचार्य कृत गीताभाष्य**, अ०, अनन्त कृष्ण शास्त्री, बम्बई, १६३८, १.१.३१.

३७ . कृष्णा शर्मा, पूर्वोद्धृत, पृ० १४६

३८ . **गंगाशतक**-६, एम० एन० देशपाण्डे, **पूर्वोद्धृत**, पृ० ७, पर उद्धृत।

हैं[३६]।" अद्वैत भक्ति आत्मन् की अद्भुत-आलौकिक शक्ति है जो मनुष्य को ईश्वर से जोड़ती है। इसी के माध्यम से मनुष्य और ईश्वर की एकता और अभिन्नता का सम्बन्ध अपनी पूर्णता प्राप्त करता है।[४०]

भक्ति और उपासना का शंकर-कृत भेद भक्ति के शंकर-स्वरूप को और भी अधिक स्पष्ट कर देता है। मोटे तौर पर भक्ति का सम्बन्ध ज्ञान-निष्ठा के रूप में यदि निर्गुण (पर) ब्रह्म से है और उसका परिणाम मोक्ष है, तो उपासना किसी विशिष्ट वैयक्तिक ईश्वर के रूप में ब्रह्म के सगुण अथवा साकार (अपर) ब्रह्म की आराधना है[४१] जो उपासक को क्रमशः ऐहिक-पारलौकिक आनन्द प्रदान करने के अतिरिक्त अपर मुक्ति (जो कर्म-मुक्ति रूप है) की अर्हता प्रदान करती है। यह अवर मुक्ति अन्तिम मुक्ति अथवा मोक्ष के पूर्व स्थिति है जो अगले चरण में उपासक के लिए, यदि उसकी निष्ठा अनवरत रही तो, मोक्ष को प्राप्तव्य बना देती है।[४२] शंकर का आग्रह निश्चित रूप से भक्ति की तुलना में उपासना को अवर बताने का प्रतीत होता है जिसे वे ज्ञान के अवर स्वरूप के साथ समीकृत करते हैं जबकि भक्ति को ज्ञान-निष्ठा के रूप में सर्वोच्च ज्ञान का पर्याय माना गया है। जहाँ उपासना का प्रयोग शंकर उसके द्वि-आयामी स्वरूप अर्थात् ध्यान तथा पूजा-कृत्य रूप बाह्याभिनय के लिए करते हैं, वहीं भक्ति उनके लिए पूर्णतः हृदय और मन का अन्तर्भूत विषय है। उपासना उपासक को ईश्वर की समीपता और सालोकता के लिए अर्ह बनाती है जबकि भक्ति सायुज्यता और स्वरूपता के प्रति उद्दिष्ट होती है जिसकी परिणति आत्मज्ञान और मोक्ष में होती है।[४३] निर्गुण ब्रह्म और सगुण ब्रह्म एक दूसरे के विरोधी नहीं बल्कि निर्गुण ब्रह्म की सर्व-व्यापकता में सगुण ब्रह्म का स्वतः समावेश हो जाता है।[४४] नाम और रूप की औपाधिक औपचारिकतायें ब्रह्म की स्वरूपगत पूर्णता को किसी प्रकार भी प्रभावित नहीं करती। ब्रह्म हो अथवा ईश्वर, शंकर की दृष्टि में दोनों अन्ततः एक ही हैं। भक्ति-भाव ईश्वर अथवा सगुण ब्रह्म से भले ही जुड़ा हो, शंकर-मत में निर्गुण ब्रह्म को जानने के लिए उतना ही आवश्यक है और इस रूप में ब्रह्म-भाव से अभिन्न भी है। **बृहदारण्यक उपनिषद्** के भाष्य में शंकर का स्पष्ट कथन है कि श्रद्धा और भक्ति के साथ "ओउम्" की आराधना से ब्रह्म की प्राप्ति संभव है।[४५] भक्ति के प्रति शंकर के इस दृष्टिकोण के कारण ही रुडोल्फ ओटो निचले धरातल पर शंकर को रामानुज की अपेक्षा कम भक्तिवादी नहीं मानते यद्यपि उच्चतर

---

३९. एम० एन० देशपाण्डे, **पूर्वोद्धृत**, पृ० ७

४०. वही।

४१. **ब्रह्मसूत्रभाष्य** (३.२.१२–१४) में शंकर का कथन है कि उपासना के उद्देश्य से निर्गुण ब्रह्म पर गुणों की औपाधिकता ही सगुण ब्रह्म का कारण है।

४२. कृष्णा शर्मा, **पूर्वोद्धृत**, पृ० १४६, एम० एन० देशपाण्डे, **पूर्वोद्धृत**, पृ० ८

४३. कृष्णा शर्मा, पृ० १४६.

४४. वी० एच० दाते, **वेदान्त एक्सप्लेन्ड**, जिल्द-२, बम्बई, १६५४, पृ० ५१५, कृष्णा शर्मा, **पूर्वोद्धृत**, पृ० १५०.

४५. " श्रद्धाभक्तिभ्यां भावविशेषेण च ओंकारे आवेशयति।" **बृहदारण्यक उपनिषद् भाष्य**, V.I.I.

धरातल पर निश्चयतः शंकर रामानुज से अपना पार्थक्य बनाए रखते हैं।[४६] इस प्रकार, अद्वैत वेदान्त के प्रमुख प्रणेता और ज्ञान-मार्ग के अप्रतिम प्रतिपादक होते हुए भी शंकर, भक्ति के प्रति अपने आग्रह के कारण अपनी मूल-चिन्तना से दूर नहीं हो जाते बल्कि एक व्यावहारिक दृष्टिकोण से इस चिन्तना के व्यापक परिप्रेक्ष्य में भक्ति एवं उससे सम्बन्धित अन्य सभी धारणाओं को समेट लेते हैं, और इस प्रकार, जहाँ ज्ञान को शुष्क बौद्धिक-सैद्धान्तिक अनुशासन से ऊपर उठकर प्रेम और आनन्द की सरसता से अभिसिंचित करते हैं वहीं दूसरी ओर भक्ति की भाव–प्रवणता को ज्ञानात्मकता के सूत्रों से संग्रथित कर अवर ब्रह्मानुभूति को परम ब्रह्मानुभूति का दिशाबोध प्रदान करते हैं और इन दोनों की सामन्वयिक पूर्णता के प्रतीक पुरुष बनकर अपनी सारी तेजस्विता और ऊर्जस्विता के साथ ही पूर्वकालीन, समकालीन और पश्चात् कालीन दार्शनिकों में अपनी विशिष्टता स्थापित करते हैं। यही शंकर का शंकरत्व है ज्ञान-रूप में भी और भक्ति-रूप में भी, और यही उनका अद्वैत है जो सारे द्वैतों के साथ भी और उनके बाद भी अद्वैत ही रहता है, निर्विकार और निर्विकल्प।

□□□

४६. रुडोल्फ ओटो, मिस्टिसिज्म : ईस्ट एण्ड वेस्ट, लंदन, १६३२, पृ० १५३-१५४, एम० एन० देशपाण्डे, पूर्वोद्धृत, पृ० ७

VILLAGE AUTONOMY IN NORTHERN INDIA (FROM MAURYAN TIMES TO THE TWELTH CENTURY A.D.)

Dr. O.P. SRIVASTAVA
Allahabad

Scholars have discussed the various facets of rural as well as folk life of ancient and early medieval India. But the problem of "village autonomy'[1] has been dealt with by a few scholars. Prof. B.N.S. Yadava,[2] who is one of them, has given a synoptic view on this problem in his book which, mainly, deals with social and economic history of India in the eleventh and the twelfth centuries A.D. However, this problem needs further investigation. In the present paper attempts have been made to trace the power and privileges of the village headman as well as villagers or assembly of villagers betraying the elements of village autonomy from Mauryan times to the twelfth century A.D., as received in the literary texts and epigraphs and to correlate them with the changing political, social and economic conditions. In this connection one thing is, always, to be borne in mind that the greater is the power of the village headman the lower is the autonomy of village, the lower is the power of the village headman the greater is the autonomy of village.

---

1. Talking of the Village autonomy in early India in the strict sense of the term commonly used in the context of the villages of modern india is illogical and untenable. One has to bear in his mind that the present paper deals with the village autonomy of the monarchial, oligarchal and arstocratic forms of government in which all sorts of freedom or autonomy rests at the mercy and discretion of the rulers. This paper, therefore, attempts to trace the comparative freedom and facilities the villagers enjoyed on the one hand & their oppression at the hand of the village headmen on the other. Thus, the village autonomy may be discerned in relation to the state of domination and subordination of the village lords and the village assembly selected by the villagers.

2. B.N.S. Yadava, *Society and Culture in Northern India in the Twelfth Century* (*SCNI*), Allahabad, 1973, pp. 239-70.

In pre Mauryan times village was the lowest political unit and the village headman, no doubt, possessed a considerable executive and political authority.[3] He also possessed the powers of imposing fines and levying of dues.[4] But no evidence explicitly states about the precise nature of the appointment of the village headman. The evidence of the *Jātaka*[5] stories allude to it that the village headman was mostly selected from among the villagers and by the villagers. Sometimes, he was directly appointed by the king but it does not seem to be the general practice.[6] In Mauryan times also the village was a lowest territorial unit. In the *Arthaśāstra*[7] it is referred to as 'Corporate political unit'. According to the same work, "when the headman of a village has to travel on account of any business of the whole village the villagers shall by turn accompany him."[8] Those who fails to do it shall pay a fine of 1½ *paṇa*.[9] It further states, "if the headman of a village ejects any one from the village except thief or an adulterer, he shall be punished with a fine of 24 *paṇas* the highest amercement in case of a village.[10] These rules of Kauṭilya give a clear hint of a close organization of villages. It also appears from these injunctions that there was a village with headman who used to transact the whole business of village with the help of the villagers. He, together with the villagers not only enjoyed the right to punish the offenders but he could even send out a person from village. In this connection a few rules from the *Arthaśāstra* of Kauṭilya may be cited. It gives a rule, "those who do not cooperate in the preparation work for a public show shall, together with their families, forfeit the right to enjoy the show and if a man, who has not cooperated in preparing for a public play is

---

3. R.C. Majumdar, *Corporate Life in Ancient India,* Calcutta, 1969 (third edition, pp. 126 f.

4. *Loc. cit.,* pp. 126-127; A.N. Bose, *Social and Rural Economy of Northern India,* Calcutta, 1970 (third edition), pp. 68-69.

5. Majumdar, *op. cit.,* p. 127.

6. *Ibid.,* p. 128.

7. Tr. R.P. Kangle, *The Kauṭilīya Arthaśāstra,* part II, Bombay, 1962 (second edition), 3.10.16.

8. *Ibid.,* 3.10.16.

9. *Ibid.,* 3.10.16.

10. *Ibid.,* 3.10.18.

साहित्यिक और पुरातात्त्विक समस्त प्रमाणों से यही सिद्ध होता है कि मालवगण उज्जैन में ई० पू० में नहीं आए फिर ई० पू० के शकों को परास्त करना और उज्जैन में संवत् चलाने का प्रश्न ही नहीं उठता । इसीलिए डी० सी० सरकार, एस० के० दीक्षित आदि विद्वान् ऐसा भी मानते हैं कि विक्रम संवत् की स्थापना सिंध में शकों या कुषाणों ने की और मालवगण जो उनके सामन्त थे, इस संवत् को सिंध से राजस्थान ले आए। **(इंडियन इकोनोग्राफी, पृ० २५७)**

वस्तुतः मालवगण कम से कम समुद्रगुप्त तक जयपुर–टोंक क्षेत्र में ही रहे। इसी क्षेत्र में स्वतंत्र और स्वयंप्रभु रहते हुए उन्होंने दिग्विजयी समुद्रगुप्त के प्रताप के सामने बिना लड़े ही सर झुका दिया था। डा० लाहा की यही मान्यता है– **हिस्टारिकल जिओग्राफी आफ इंडिया,** पृ० ३२२। उदयपुर के नान्दसा गांव में प्राप्त दूसरी सदी का यूप लेख तथा जयपुर–टोंक क्षेत्र में प्राप्त ६००० मालवी–सिक्के यही प्रमाणित करते हैं कि १५० ई० पू० से ३५० ई० पू० तक मालवगण पूर्वी राजस्थान में ही रहे। इसी क्षेत्र के उणियारा गांव को कार्लायल ने मालवों की टकसाल बताया था। उषवदात के नासिक अभिलेख के सन्दर्भ में डा० लाहा का मत है कि उसमें आए मालय शब्द से भी यही सिद्ध होता है कि ईसा की दूसरी सदी में मालवों का पूर्वी राजस्थान के नागर क्षेत्र पर अधिकार था (पूर्व लिखित ग्रंथ पृ० ३२२)।

मालवक आहारों का भी उल्लेख गुजरात के वलभी प्रदेश के दानपत्रों में ही मिलता है, उज्जैन में या अवन्ती में नहीं। यह भी इसी सत्य को पुष्ट करता है कि ६वीं सदी का वराहमिहिर जो उज्जैन के कायथ ग्राम का निवासी था मालवों को उत्तरी राष्ट्रों में गिनता है, अवन्ती, मालव और दशपुर का पृथक्शः उल्लेख करता है। वह मालवों को अम्बर, मुद्रक, पौरव, त्रिगर्तादि के साथ रखता है **(बृहत्संहिता ४/२७)**। वराहमिहिर के इस उल्लेख पर अजय मित्र शास्त्री लिखते हैं कि वर्तमान मालवा को छठवीं सदी में मालवा कहे जाने का एक भी प्रमाण नहीं है। स्पष्ट है कि वराहमिहिर के समय तक उज्जैन में मालवसत्ता या बस्ती भी नहीं थी ।

मंदसौर में वासुल और वत्सभट्टि कवि तो मालवसंवत् का प्रयोग करें लेकिन उज्जैन में रहकर भी वराहमिहिर कृत, मालव या विक्रम संवत् का प्रयोग नहीं करता, अपितु शक संवत् का प्रयोग करता है । वह स्पष्टतया शककाल, शकनृपकाल, शकेन्द्रकाल जैसे शब्दों का प्रयोग करता है। स्पष्ट है, वराहमिहिर कृत, मालव और विक्रम संवत् को नहीं जानता था, मालव और विक्रम से सम्बद्ध नहीं था। अतः उनकी सभा का रत्न होना तो दूर की बात है। अतः **ज्योतिर्विदाभरण** का नवरत्नवाद अप्रामाणिक है। मालवगण प्रमुख विक्रम का सभारत्न, न तो मालवों को उत्तरी राष्ट्रों में गिनाएगा और न ही उनके शत्रुओं शकों के संवत् का प्रयोग करेगा। अतः अकेले वराहमिहिर ही ५७ ई० पू० उज्जैन में मालव–प्रमुख द्वारा संवत्–प्रवर्तन की आधुनिक कल्पना को निर्मूल सिद्ध कर देते हैं।

बाण– पूर्व किसी भी लेखक ने उज्जैन में मालवों की चर्चा नहीं की। भास और कालिदास भी, अवन्ती और उज्जयिनी के विस्तृत वर्णन में भी, मालव शब्द का प्रयोग, किसी भी प्रसंग में नहीं करते। कालिदास एक मालविका को जानते हैं, लेकिन वह वैदर्भी है, आवन्तिका नहीं, राजपुत्री है, गणकन्या नहीं शरणार्थिनी है, विक्रम–बाला नहीं। समुद्रगुप्त से निस्तेज और चन्द्रगुप्त से निर्वीर्य किए गये मालव बिखर गए और संभव है विदर्भ तक फैल गए, लेकिन कालिदास, बाण की तरह, क्षिप्रा को,"यौवन–मदमत्त मालवीकुचकलश" से लुलित सलिला के रूप में नहीं जानते, वेत्रवती को भी मज्जनमालवविलासिनी– कुचतटास्फालनजर्जरितोर्मिमाला, के रूप में नहीं पाते, क्योंकि कालिदास के समय उज्जैन या विदिशा में मालवगण तो दूर, मालवजन भी नहीं थे। हम ऐसी कल्पना नहीं कर सकते कि सांची की कला–कृतियों, हेलियोदोरस के विष्णुध्वज और दशपुर के सूर्य मंदिर की तरह, कालिदास ने मालवों की अनदेखी कर दी, क्योंकि कोई भी आश्रित या रत्न अपने आश्रय वंश की उपेक्षा नहीं कर सकता, और यदि उपेक्षा मानते हैं तो यह अपने आप में अकाट्य प्रमाण हो जायेगा कि कालिदास मालवों से असंबद्ध था, फिर सभारत्न और तत्कालीन होने की बात स्वतः खंडित हो जाती है। इन प्रमाणों से सुसिद्ध होता है कि मालवगण उज्जैन में ई० पू० में आए ही नहीं। **कालक कथा**, जिसमें सौराष्ट्र और अवन्ती में शकों के आगमन, गर्दभिल्ल–पराजय और पुनः शकों के पराजय की कथा लिखी है, में भी मालवगण का उल्लेख नहीं है। अतः मालवों द्वारा शक पराजय और कृत–संवत् के प्रवर्तन की कल्पना सर्वथा निराधार है।

आज तक उज्जैन में जितने भी उत्खनन कार्य हुए उनमें प्रद्योत, मौर्य, यवन, नाग, शक, सातवाहन, सासानी तथा परमारों की सत्ता के तो प्रमाण मिले हैं किंतु मालव, संवत्–प्रवर्तन और संवती विक्रमादित्य के अस्तित्व के पुरातात्त्विक एक भी प्रमाण नहीं मिले। जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और झालावाड़ में कृत संवत् के लेख तो मिले किन्तु उज्जैन में एक भी नहीं मिला, समस्त मालवसंवत् के लेख मंदसौर और चित्तौड़गढ़ में मिले, उज्जैन में नहीं। यदि उज्जैन में संवत्–स्थापना मालव प्रमुख द्वारा की गई होती तो यहां एकाध प्रमाण अवश्य मिलता। डा० वाकणकर को ई० पू० की ब्रासीलिपि पाली भाषा में लिखित एक मिट्टी की सील उज्जैन के गढ़–क्षेत्र में मिली है। उस पर **"क त स उजेनीय"** लिखा है ऐसा उनका पढ़ना है। उनका कहना है कि **क त स** माने मालव प्रमुख विक्रमादित्य। ब्राह्मी के विद्वान् निश्चित करेंगे सील के वास्तविक लेख को । मेरा निवेदन है कि **क त स** और **कृतस्य** का अर्थ विक्रमादित्य हो नहीं सकता। डा० अल्तेकर ने कृत का अर्थ अवश्य ही मालवमुख्य सरदार संभावित या विकल्पित किया था, किन्तु डा० डी० आर० भण्डारकर ने नान्दसा के अभिलेख के आधार से खंडित कर दिया था। नान्दसा के लेख में "कृतयोद्र्वयोर्वर्षशतयोद्र्वयशीतयोः" ऐसा लिखा है, यदि कृत का अर्थ मुखिया मानेंगे तो मुखिया ऐसा अर्थ करना पड़ेगा, जो अनर्थ है, क्योंकि विक्रमादित्य हो नहीं सकते, साथ ही मालव प्रमुखों के जो नाम उनकी मुद्राओं पर मिले हैं उनमें कृत या क्रम या विक्रम नहीं है। इससे सुप्रमाणित है कि **कृत** शब्द किसी भी मालवमुखिया का नाम नहीं था। दूसरा तथ्य यह है कि जयपुर–टोंक में प्राप्त मालव मुद्राएं प्राकृत में या संस्कृत में हैं, पाली में नहीं। पाली भाषा भी मुख्यतः पाटलिपुत्र के आसपास बौद्ध धर्म की भाषा थी, अन्यत्र पालि का प्रयोग पाटलिपुत्र के राजनैतिक और सांस्कृतिक विजय और प्रसार का प्रमाण है, न कि अन्तःपुर को भी संस्कृत भाषात्मक बनाने वाले और संस्कृत के सर्वश्रेष्ठ कवि कालिदास के तथाकथित

आश्रय विक्रमादित्य की सत्ता का। इस सील के लेख का कुछ भी अर्थ हो लेकिन इसका अर्थ मालव मुख्य विक्रमादित्य की उज्जयिनी नहीं हो सकता, क्योंकि यह सील पालिभाषा के माध्यम से मौर्यों और शुंगों के प्रमुख को व्यदत्त करती है, न कि छठवीं सदी में आने वाले मालवों के प्रभुत्व को, जो उज्जैन में कभी भी रहा ही नहीं । इसके अतिरिक्त पालि भाषी जनता और राजा के लिए कालिदास की रचनाएं हो नहीं सकतीं। कालिदास की रचनाएं तो संस्कृत तथा प्राकृत भाषी जनता और आश्रय के लिए ही हैं। मालवों की मुद्राओं से प्रमाणित है कि वे पाली से अनभिज्ञ, प्राकृत भाषी थे। ईसा की प्रथम द्वितीय सदी में वे संस्कृतज्ञ भी हो गए थे। मालवानां जयः और नान्दसा लेख प्रमाण हैं। पुराणों ने भी उज्जयिनी या अवन्ती के राजवंशों में आन्ध्र, आमीर, गर्दभिल्ल, शक, यवन, और तुष्क के नाम तो गिनाए हैं लेकिन मालव नाम नहीं लिखा। अवश्य ही पुराणों की सूचना अंतिम नहीं मानी जा सकती, क्योंकि उज्जैन में मौर्य, नाग, शुंग और सासानी शासन के पुरातात्त्विक प्रमाण भी मिलते हैं, किन्तु मालवसत्ता के कोई भी प्रमाण नहीं मिलते। अतः उज्जयिनी में मालव प्रमुख विक्रमादित्य द्वारा संवत् प्रवर्तन की मान्यता प्रमाण–निरस्त है।

डा० सूर्यनारायण व्यास मानते हैं कि मालवों की मूलभूमि आवन्तिका रही है और यहीं से वे जिप्सियों की तरह अन्यत्र फैले। उपलब्ध प्रमाणों के आधार से ऐसी मान्यता सर्वथा काल्पनिक और प्रमाण–प्रहीण है। बाण के पूर्व समस्त वाङ्मय अवन्ती और मालव का पृथक्शः उल्लेख करते हैं। यह पार्थक्य भी क्षुद्रक मालवों की तरह नहीं था, कहीं पर भी आकरावन्ती की तरह मालवावन्ती या "अवन्वी मालव" जैसे समस्त पद का लेख ही नहीं है, जिससे यह माना जा सके कि ये दोनों जातियां क्षुद्रक–मालवों की तरह पड़ोसी थीं और बाद में एकाकार हो गईं। सत्य तो यह है कि अवन्ती और मालव की पृथक्ता में हजारों कि०मी० का ही अन्तर नहीं था अपितु इनका परस्पर कोई सम्बन्ध भी नहीं था।

पुरातात्त्विक प्रमाण भी इसी सत्य को पुष्ट करते हैं। विंसेंट स्मिथ लिखते हैं कि अवन्ति क्षेत्र में प्राप्त जो अवन्तिका चिन्ह हैं, वह एरण, बेसनगर और आन्ध्र के सिक्कों पर भी मिलते हैं। सर्वस्वीकृत मत यह है कि यह चिह्न सातवाहनों का है न कि मालव या अन्य का, फिर भी देखना है कि क्या अवन्ती की किसी राजसत्ता से मालवों का सम्पर्क था? प्रश्न है कि आन्ध्र और एरण जैसे दूर देशों के सिक्कों पर तो–अवन्ति–चिह्न मिले किन्तु अणियारा–कर्कोट नगर के मालव–सिक्कों पर क्यों नहीं मिले ? स्पष्ट है दोनों देशों का सम्बन्ध न था। अवन्ती मुद्राओं पर नदी या सरोवर में मछली का अंकन है, बैठी हुई लक्ष्मी को गज स्नान करा रहा है, कुछ मुद्राओं पर दो सींग वाला गैंडा है और दांत वाले गज भी हैं। मथुरा के शक–छत्रप सोदास की मुद्राओं पर तो राज–लक्ष्मी का अंकन है, लेकिन मालवों के एक भी मुद्रा पर ऐसे अंकन नहीं हैं। स्पष्ट है, अवन्ती का शकों से सम्बन्ध था, मालवों से नहीं।

वृक्ष, वृषभ, और सूर्य–प्रतीक के अंकन अवश्य ही आवन्त्यों और मालव–मुद्राओं पर हैं, किन्तु ये अंकन–साम्य भी मालव–आवन्त्य एकता के बजाय मालवों पर बौद्ध और ईरानी प्रभाव के प्रमाण हैं। वृषभ तो मोहनजोदड़ो की मुद्रा पर भी पाया गया है। कुषाण, शक, यौधेय और आर्जुनायनों की मुद्राओं तथा कौशाम्बी मुद्राओं पर भी ककुद्मान वृषभ का अंकन है, जो कृषि–जीविता और गोपालनत्व का प्रमाण है न कि उन जातियों के एकत्व का। वृक्ष भी बौद्धों के

बोधि–वृक्ष का प्रतीक है। उत्तर पश्चिमी भारत पर बौद्धों का पर्याप्त प्रभाव रहा है। मथुरा के नागों, औदुम्बरों तथा कौशाम्बी की मुद्राओं पर भी वृक्षों का अंकन है। वृक्ष–पूजा अनार्यो की देन है, यह एक प्रमाणित सत्य है। अतः वृक्षादि–अंकन से मालव और आवन्त्यों की एकता सिद्ध होने के बजाय उन पर बौद्ध प्रभाव प्रमाणित होने लगता है। स्पष्ट है कि दोनों भिन्न जातियां थीं।

मत्स्यादि पुराणों ने भी आवन्त्यों को मूलतः हैहयजाति का माना है, मालव जाति का नहीं। उज्जयिनी के १० नामान्तर हैं **(विक्रम स्मृति** पृ० ४२३)। किसी भी नाम से मालववीर्य, शकपराजय, संवत् प्रवर्तन या विक्रमादित्य के विक्रम की ध्वनि नहीं मिलती। इस पौराणिक तथ्य की उपेक्षा नहीं की जा सकती। **स्कन्द पुराण** के अवन्ती खण्ड में जो उज्जयिनी के तीर्थों का "गाइड" है, उज्जयिनी के नाम में शक पराजय की कथा नहीं अपितु दानव–पराजय का हेतु लिखा है। बाण और वराहमिहिर के बीच छठवीं सदी के उत्तरार्ध में मालवजन उज्जैन में अवश्य आए, किन्तु सिक्कों के प्रमाण से वे १५७ ई० पू० से ३४० ई० तक जयपुर–टोंक क्षेत्र में ही रहे, उज्जैन में नहीं। अतः उनके द्वारा उज्जैन में संवत्–प्रवर्तन और उनकी सभा में कालिदास का एक रत्न होने का प्रश्न ही नहीं उठता।

कालिदास **मेघदूत** में मालवों की दो प्रथित गणधानियों की उपेक्षा भी करते हैं। उज्जयिनी–वर्णन के प्रसंग में कवि कहीं भी विक्रमादित्य या मालवों की व्यंजना भी नहीं करता, उज्जैन को संवत्–प्रवर्तक की गणधानी या राजधानी कहना भी उसे पसंद नहीं, जबकि विदिशा को राजधानी लिखता है, मानों शुंगवंश और अग्निमित्र मालव वंश और विक्रमादित्य की अपेक्षा महीयान् और उल्लेखनीय थे किन्तु मालव विक्रमादित्य उल्लेखनीय। यहीं नहीं, जब मेघ दशपुर से अलका की ओर चलता है तो रास्ते में आए मालवों की दो गणधानियों–जयपुर और फाजिल्का–की अनदेखी भी करता है मानों वह उनसे अनभिज्ञ हो या तो स्थान नगण्य हों। मेघ दशपुर से सीधे कुरुक्षेत्र पहुँच जाता है । गणधानियों का अनुल्लेख इस तथ्य का प्रमाण है कि कालिदास का मालवों से परिचय या संबंध नहीं था। अवश्य ही मालव आकर्षक या यशस्वी नहीं थे, अन्यथा राक्षस रावण के शौर्य के गीत गाने वाला, बौद्ध उदयन के प्रणय–कथा को स्मरण करने वाला कालिदास मालवों के सौन्दर्य या शौर्य का अवश्य ही उल्लेख करता। अतः मालव प्रमुख से कालिदास की तिथि संबद्ध हो नहीं सकती।

जयपुर–टोंक क्षेत्र में प्राप्त मालवों के ६००० से भी अधिक तांबे के सिक्के, विश्व में लघुत्तम हैं। इनका अधिकतम भार ४०.३ ग्रेन और न्यूनतम भार २ ग्रेन हैं। मालवगण इतने समृद्ध नहीं थे कि सोने–चांदी के भी सिक्के चलाते, तांबे के सिक्के भी इतने हल्के हैं मानो उन्हें उसका भी टोटा था। अतः यह विश्व में विपन्नतम जाति थी। इनके सिक्कों की एक विशेषता और है। इनके जैसे सिक्के भारत में अन्यत्र नहीं मिलते। स्मिथ ने कार्लायल को उद्धृत किया है।

Not more than about thirtyfive coins were of outside origin or derived from a foreign source with the exception of these few, the whole of the coins found at Nagar were exclusively of Nagar mintage and belong to Nagar alone. (ट्रिब्युनल क्वायन्स, पृ० १६२)। इससे यही प्रमाणित होता है कि मालवजन दिग्विजयी या वीर या विहारी या व्यापारी प्रकृति के नहीं थे, अन्यथा ताँबे के अतिरिक्त सोने–चांदी के भी सिक्के चलाते और वे सिक्के व्यापार या अन्य यात्राओं के माध्यम से अन्यत्र भी मिलते। ऐसे निर्धन और स्वयंकेन्द्रित जाति से

कालिदास का संबंध हो नहीं सकता। उनका साहित्य स्वर्णिम है। सर्वप्रथम कालिदास ने संस्कृत में दिग्विजय का वर्णन किया है। उन्होंने अपनी रचनाओं में स्वर्ण के १६ पर्यायों में दशाधिक नामों का प्रयोग किया है, मानों वे भारत के स्वर्णिम युग को व्यंजित कर रहे हों। उन्होंने स्वर्ण–वृष्टि का वर्णन किया है **(रघु० ५/२६)** स्वर्णधारा को देखा था **(शाकु० ७/८)** तपस्वियों को भी स्वर्णिम वल्कल पहने देखा था **(कुमार ६/६)** । वे ताँबे के सिक्कों को तो जानते ही नहीं, बल्कि स्वर्ण के सैकड़ों सिक्कों को देखा था। अग्निमित्र की पट्टमहिषी धारिणी स्वर्ण के सैकड़ों सिक्कों के बराबर दक्षिणा देती हैं ताकि उनका पुत्र वसुमित्र यवनों को पराजित कर सके । नाटककार ने स्वर्ण मुद्राओं के लिए **निष्क** शब्द का प्रयोग किया है।

"निष्कशतसुवर्णपरिणामां दक्षिणां देवी दक्षिणीयैः परिग्राहयति"

(मालवि० ५वें अंक का प्रवेशक)

अतः ताम्र मुद्रा वाले मालवों से कालिदास की तिथि संबद्ध हो नहीं सकती।

पाणिनि ने **अष्टाध्यायी** में अम्बष्ट, त्रिगर्त, अवन्ति, यौधेय, आर्जुनायन, उशीनर, वाहीक, भद्रक, शिवि आदि का तो उल्लेख किया किन्तु क्षुद्रक–मालवों का नहीं। डा० उदयनारायण राय ने **गुप्तसम्राट और उनका काल** में लिखा है कि मालवगण का प्रथम उल्लेख **अष्टाध्यायी** में हुआ, यह सर्वथा असंगत है। पाणिनि ने **अष्टाध्यायी** में मालवक्षुद्रक दोनों को भाषा की दृष्टि से उल्लेखनीय नहीं माना, क्योंकि ये संस्कृत भाषी नहीं थे, जिसकी पुष्टि पुरातत्त्व भी करता है । ई० पू० की समस्त मालव मुद्राएं प्राकृत में हैं। ईसा की दूसरी सदी के सिक्कों पर अवश्य ही **मालवानां जयः** लिखा है, किन्तु ई० पू० के सिक्कों पर **मलवन या मालवन जय** लिखा है। स्पष्ट है कि दूसरी सदी के पूर्व यह गण असंस्कृत था। ऐसी जाति के लिए कालिदास संस्कृत के नाटक नहीं लिख सकते क्योंकि संस्कृत नाटक देखने समझने के लिए संस्कृत जानना चाहिए। अतः कालिदास मालवों के आश्रित नहीं थे।

यह जाति संस्कृति–सम्पन्न भी न थी । प्रमाण हैं इनके नाम। इनकी मुद्राओं पर कार्लायल ने ४० नाम पढ़े, स्मिथ ने २० नामों की सूची दी है। इन नामों में वैदिकता, कलात्मकता, पौराणिकता या अन्य सांस्कृतिक तत्त्व नहीं हैं। जैसे अशिक्षित जन–नचका, मुकरू, मिरुआ आदि नाम रख लेते हैं, वैसे ही ये शब्द भी हैं। इसके विपरीत उसी काल के अन्य विदेशी जातियों में भारतीयता और संस्कृति थी । हेलियोडोरस अपने को 'भागवत' कहता था और मिनांडर बौद्ध मिलिन्द हो गया था। उसके सिक्कों पर धर्मचक्र बना है। वह अपने को धार्मिक लिखता था। कुषाण व शकों ने भारतीय नाम रख लिए थे। शक वंशावली में ३३ नाम हैं, ३ को छोड़ शेष सभी भारतीय नाम हैं। कुषाण और शकों के नाम ही वैदिक या पौराणिक नहीं हैं, उनके सिक्कों पर भी वैदिक और पौराणिक आकृतियां हैं। इन विदेशियों ने संस्कृत के प्रयोग और प्रसार को प्रोत्साहित भी किया, किन्तु मालवों के नामों–गजब, गोजर, जमक, जमकू आदि, को देखकर अल्लन आदि विद्वान चकित और चिन्तित हो जाते हैं, वे मालवों को विदेशी तक सम्भावित करने लगते हैं। अल्लन तो लिखते हैं कि जमक आदि शब्द "मालवानां जयः" लिखने के निरर्थक प्रयास हैं, अर्थात् उनमें लिखने की योग्यता भी नहीं थी। इतना तो प्रमाणित है कि मालवों पर ईरानियों का प्रभाव था, तभी तो उनके कुछ सिक्कों पर विदेशी खरोष्टी लिपि भी है, किन्तु मालवजन विदेशी नहीं थे। हां, अनार्य अवश्य थे, अन्यथा वे असंस्कृत और प्राकृत नाम

वाले न होते। पाणिनि के समय मालव आयुधजीवी थे, कृषिजीवी या वार्ताजीवी न थे। **काशिका** ने उन्हें उत्सेधजीवी लिखा है। आयुधजीवित्व वन्यता का प्रमाण है। पाणिनि के समय वे आक्रमण करके लूटपाट करते थे, अवैदिक और आर्येतर थे, इनका आर्यीकरण नान्दसा लेख के पूर्व दूसरी तीसरी सदी में राजस्थान में हुआ। ई० पू० की ऐसी अवैदिक और प्राकृत जाति से विक्रम तथा कालिदास का संबंध हो नहीं सकता, क्योंकि "समानशीलव्यसनेषु सख्यम्" होता है।

यदि कालिदास गणप्रमुख की सभा के रत्न होते तो वे गणतंत्र की महिमा गाते, न कि गणतंत्र के उन्मूलक राजतंत्र की। उनकी समस्त रचनाएं राजतंत्र की संस्तुतियों से भरी हैं, विशेषतः **रघुवंश**। क्या गणाश्रित कवि गणोन्मूलकों के गीत गाएगा ? स्पष्ट है, कालिदास गणाश्रित न थे। सत्य तो यह है कि वे शक, मालव, और विक्रमादित्य की तरह गणतंत्र को भी नहीं जानते। उन्होंने गण शब्द समूह के अर्थ में ही प्रयुक्त किया है। चूंकि कालिदास मालवमुख्य विक्रमादित्य से अनभिज्ञ थे, अवएव वे ई० पू० के नहीं थे।

□□□

भारतीय इतिहास लेखन में काल की समस्या

डॉ० ईश्वर शरण विश्वकर्मा

भोपाल

ऐतिह्य का कायसम्पत् स्वरूप मूलतः त्रियामी है। दिक् इतिहास का वामन–विराट् 'अणोरणीयान् महतो महीयान्'वपु है। इतिहास की काया में विद्यमान अमूर्त्त कलनात्मक स्पन्दित प्रणवात्मा ही 'काल' है। मननात्मक मानव द्वारा ज्ञानेन्द्रियों एवं कर्मेन्द्रियों द्वारा कृत पुरुषार्थ ही ऐतिह्य की प्रघटना है । इन्हीं त्रियामों से इतिहास 'रूपं रूपं प्रतिरूपं बभूव ' होकर प्रमाकरण द्वारा प्रमाणित इतिहास बनता है । प्रमाणित इतिहास की अमर आत्मा 'काल' है । इस काल को भारतीय इतिहास दर्शन में 'सनातनकाल' की संज्ञा दी गई है जिससे मूर्त्त का उपचय एवं अपचय द्योतित होता है ।[१] भारतीय ऐतिह्य चिन्तन में काल को चराचर विश्व की अन्तिम सत्ता कहा गया है जहां काल अनादि, अनन्त, अजर और अमर है, इसीलिए वह सनातन है ।

प्रत्येक संस्कृति की जो मूल विचारधारा है उससे ही उसके कालगत और देशज विचारों का अवतार होता है । आज तक भारत में यह कहना सम्भव नहीं हुआ कि हमारा भूतकाल सहस्त्रों या लाखों वर्ष का है । हम कहते हैं कि वेदव्यास या कालिदास हुए । संस्कृत परीक्षाएं जबसे होती हैं उनमें आज तक यह प्रश्न नहीं आया कि कालिदास कब हुए ? परन्तु पश्चिम की भावना ठीक इसके विपरीत है । उनका पहला प्रश्न यही है कि कालिदास कब हुए? अंग्रेजी पाठ्यक्रम की परीक्षा में यह प्रश्न प्रायः विद्यमान रहता है और इतिहास-लेखन में इसीलिए तिथि की समस्या को अपने अनुरूप प्रस्तुत करने का प्रयास पाश्चात्य विद्वानों ने किया। भारत में प्रचलित विभिन्न 'संकल्प मंत्रों के द्वारा प्रत्येक शुभ कार्यों में सृष्ट्यारम्भ से लेकर अतिथि तक के स्मरण का विधान है जो औपाधिक सनातन काल के अमूर्त्त को मूर्त्त रूप में प्रस्तुत करते हैं।[२] आधुनिक विद्वानों को मैं एक आश्चर्यजनक तथ्य की ओर संकेत करता हूं कि भारत के प्रत्येक गॉवों में काली माई, (काल) तथा 'समयमाई' (समय) की मूर्तियां और वेदिकाएं प्रतिष्ठापित हैं, जो ऐतिहासिक घटनाओं के उपचय एवं अपचय की श्रुति, स्मृति परम्परा में संक्रमित होती रहती हैं ।

---

१. येन मूर्तीनामुपचयश्चापचयाश्च लक्ष्यन्ते तं कालमाहुः । –पाणिनि २/२/५ पर महाभाष्य-वार्तिक।

२. कालो मूर्तिरमूर्तिमान् – मैत्रायणी उपनिषद् - ६.१४

भारत के प्रामाणिक इतिहास लेखन में ईस्वी सन् का प्रचलन सर्वाधिक दुर्भाग्यपूर्ण कार्य है। विदेशी विद्वानों ने १६वीं शताब्दी के अन्त में भारतीय इतिहास की सभी राजनैतिक घटनाओं को अपने निश्चित योजना के अधीन निर्धारित किया है । ब्रिटिश शासकों ने भारतीय इतिहास की घटनाओं को न्यून करके सम्पूर्ण तिथिक्रम तालिका निश्चित किया और उसे ही विदेशी विद्वानों ने पाठ्यक्रम के रूप में भारतीय विद्यालयों में प्रचलित किया । उनके तिथि निर्धारण का आधार सिकन्दर के भारतीय अभियान की तिथि हैं जिसे वे प्रमाणिक मानते हैं। विलियम्स जोन्स ने जनवरी १७८८ ई० में महाभारतयुद्ध–काल से लेकर मगध पर शासन करने वाले नरेशों की एक वंशावली प्रकाशित किया[3] जो भागवत पुराण के आधार पर निर्मित थी। पुराणानुसार :

बृहद्रथ वंश के २० नरेश

१००० वर्ष ३१०१ से २१०० ईसापूर्व

प्रद्योत वंश के ५ नरेश

–१३८ वर्ष, २१०० ईसापूर्व से १६६२ ईसापूर्व

शिशुनागवंश के १० नरेश

–३६० वर्ष, १६६२ ईसा पूर्व से १६०२ ईसा पूर्व

नन्दवंश का एक नरेश –

१०० वर्ष, १६६२ ईसा पूर्व से १५०२ ईसा पूर्व

परन्तु विलियम जोन्स ने उपर्युक्त तालिका में संदेह प्रस्तुत कर एक नई तालिका प्रस्तुत किया[4]–

अर्जुनपुत्र अभिमन्यु	–	२०२६ ईसापूर्व
प्रद्योत	–	१०२६ ईसापूर्व
बुद्ध	–	१०२७ ईसापूर्व
नन्द	–	६६६ ईसापूर्व
बलिन(आन्ध्रवंशी)	–	१४६ ईसापूर्व
विक्रमादित्य	–	५६ ईसापूर्व
देवपाल(गौड. नरेश)	–	२३ ईसापूर्व

एस० डब्ल्यू० जोन्स द्वारा संशोधित तालिका के सम्बन्ध में प्रथम विरोध प्रगट करते हुए एम० कृष्णमाचारियार महोदय ने लिखा है कि जोन्स ने अपने इस तिथि निर्धारण के द्वारा एक नई दिशा प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। उनका तिथि निर्धारण मूलतः पं० राधाकान्त शर्मा द्वारा

---

३. दि वर्क्स ऑफ सर विलियम्स जोन्स, खण्ड ४, सम्पादित–लार्ड तिग्निमाउथ, पृ० ३६–४०, १८०७

४. तत्रैव पृष्ठ, ४२

जोन्स के समय में लिखित 'पुराणार्थप्रकाश' पर आधारित है।[५] विलियम जोन्स द्वारा निर्धारित तिथिक्रम पुनः उन्हीं के द्वारा एक नये ढंग से संशोधित रूप में प्रस्तुत किया गया[६] —

बुद्ध	—	१०२७ ईसापूर्व
परीक्षित	—	१०१७ ईसापूर्व
प्रद्योत(२० या ३० पीढ़ी)	—	३१७ ईसापूर्व १७ ईसापूर्व
नन्द	—	१३ ईस्वी या ३१३ ईसवी

प्रो० लैसन तथा मैक्समूलर ने १८५६ ई० में जोन्स के दृष्टिकोण को दृढ़ता से अन्तिम रूप से स्वीकार कर लिया[७] और यह घोषणा किया कि भारतीय इतिहास की तिथि गणना का आधार चन्द्रगुप्त मौर्य है जो सेल्यूकस का समकालीन था । यद्यपि प्रो० एम० ट्रायर नामक पाश्चात्त्य विद्वान् ने १८५६ ई० में ही जोन्स के मत का खण्डन किया और महाविद्वान् मैक्समूलर को अपने विचारों से अवगत कराया कि पुराणों की वंशावली में गुप्तवंश का एक चन्द्रगुप्त नामक राजा का नाम दिया गया है । वही वास्तव में सैण्ड्रोकेटस है, मौर्य वंश का चन्द्रगुप्त नहीं।[८] परन्तु मैक्समूलर ने केवल इतना ही लिखा कि "एम० ट्रयर जैसे कुछ लोग मूलाधार का विरोध करते हैं किन्तु हम जो कहते हैं, वही सही है" अर्थात् कारण न बताते हुए मैक्समूलर ने अपना आग्रह वैसा ही रखा जैसा जोन्स ने प्रतिपादित किया । भारतीय ऐतिहासिक काल–निर्धारण के शीट ऐंकर के रूप में विन्सेंट स्मिथ अग्रसर हुआ । इस अंग्रेज अधिकारी ने भारतीय इतिहास के तिथियों को अत्यधिक न्यून कर दिया। उसने प्रत्येक शासनकर्ता के काल को औसतन २० वर्ष की अवधि निश्चित किया । परिणामतः भारतीय इतिहास की तिथि कम को पुराणों से विपरीत अपने स्वेच्छानुसार मनगढ़न्त रूप में स्मिथ ने प्रस्तुत किया।[९]

वंशावली का नाम	पुराणों में वर्षों की अवधि	स्मिथ द्वारा प्रदत्त अवधि
नन्दवंश	१००	४५
मौर्य	३१६	१३७
शुंग	३००	११२
कण्व	८५	४५
आन्ध्र	५०६	२८९
गुप्त	२४५	१४६

---

५. एम० कृष्णामाचारियर, हिस्ट्री ऑफ क्लासिकल संस्कृत लिटरेचर, पृष्ठ ६२,१६३७

६. लार्ड तिग्निमाउथ, तत्रैव, पृष्ठ ४२–४६।

७. मैक्समूलर, हिस्ट्री ऑफ एंशिएंट संस्कृत लिटरेचर, पृष्ट ३–८,१८५६

८. एम० ट्रायर, कल्हण की राजतरंगिणी के अनुवाद की भूमिका।

९. वी०ए० स्मिथ, अर्ली हिस्ट्री ऑफ इण्डिया पृष्ठ ४६–४८, आक्सफोर्ड,१९२४

स्मिथ द्वारा निर्धारित और न्यूनीकरण स्थिर मान लिया गया और भारतीय पुस्तकालयों के पाठ्यक्रमों में पढ़ाया जाने लगा तथा कालान्तर के विद्वानों–वी०आर० रामचन्द्र दीक्षितार,[१०] आर० डी० बनर्जी[११], डी० सी० सरकार[१२] तथा अन्यों ने स्मिथ के इस काल निर्धारण को अपरिवर्तनीय मानक रूप में स्वीकार किया । इन विद्वानों में इतना साहस नहीं हुआ कि वे स्मिथ के भारतीय इतिहास के न्यूनीकरण का विरोध कर सकें। जोन्स ने तो दो बुद्धों तक की कल्पना कर डाली।[१३] पाश्चात्य विद्वानों ने अपने सिकन्दरी अभियान के मूल तिथि के आधार पर बुद्ध–निर्वाण का वर्ष ४८३ ई० पूर्व स्वीकारा। लंका में यही बुद्ध निर्वाण वर्ष माना जाता है। लंका का यह बुद्ध निर्वाण वर्ष वर्तमान के सर्वाधिक निकट होने के कारण ही पाश्चात्य विद्वानों ने इसका प्रचलन भारतीय पाठयक्रमों के लिए निश्चित कर दिया।

लंका के प्राचीन ग्रंथों में दिया गया कालक्रम तो पाश्चात्त्यों को मान्य हुआ किन्तु भारतीय तिथि मान्य नहीं हुई। बुद्ध–निर्वाण का वर्ष थाईलैण्ड में सातवीं शताब्दी ईसापूर्व, तिब्बत में ६वीं शताब्दी ईसापूर्व तथा चीन में ग्यारहवीं शताब्दी ईसापूर्व माना जाता है'। जिनमें से पाश्चात्त्यों ने आधुनिक लंका का निर्वाण–वर्ष इसलिए चुना कि वे भारत के इतिहास की प्राचीनता को कम कर सकें। परन्तु आचार्य उदयवीर शास्त्री जैसे विद्वान् बुद्ध और महावीर को १८वीं शताब्दी ईसापूर्व में रखने का तर्क देते हैं।[१४] डॉ० सत्यकेतु विद्यालंकार का कथन है कि बौद्ध काल गणना विशेषज्ञों ने चन्द्रगुप्त मौर्य के विदेशी तिथि को मानकर बुद्ध–निर्वाण की तिथि निकाली है। अतः विद्वानों को सर्वप्रथम चन्द्रगुप्त मौर्य की तिथि निश्चित करनी होगी । उनका सुझाव है कि "गुप्त वंशीय चन्द्रगुप्त को सैण्ड्रोकोटस मानकर उनका गुप्तवंश के प्रारम्भ का समय चौथी शताब्दी (३२३) ईसापूर्व रख दिया जाय तो मौर्यवंश का काल १४वीं–१३वीं शती ईसापूर्व में रखा जा सकता है। इस प्रकार बुद्ध और महावीर का समय १८वीं शताब्दी ईसापूर्व में होगा।[१५] इसी प्रकार पं० चन्द्रकान्त बाली ने महावीर तथा बुद्ध का काल इस प्रकार निर्धारित किया है।[१६]

महावीर स्वामी	भगवान बुद्ध
१३६८ ई०पू०	१२७६ ई०पू० जन्म
१२५७ ई०पू०	१२४१ ई०पू० कैवल्य या सम्बोधि
१२२७ ई०पू०	१२१२ ई०पू० परम निर्वाण

१०. **मत्स्यपुराण, मद्रास**

११. **एज ऑफ इम्पीरियल गुप्ताज़**, वाराणसी

१२. **'सक्सेसर ऑफ सातवाहनाज़', जर्नल ऑफ डिपार्टमेंट ऑफ लेटर्स**, कलकत्ता, खण्ड, २६।

१३. **दि वर्क्स ऑफ सर विलियम जोन्स**, खण्ड ४, पृष्ट १७।

१४. आचार्य उदयवीर शास्त्री, **वेदान्त दर्शन का इतिहास**, अध्याय १४।

१५ गिरिवर चरण अग्रवाल, भारत–युद्धकाल, पृष्ठ –१५।

१६. **बिहार राष्ट्र भाषा परिषद् पत्रिका,** वर्ष २० अंक ४,१६८१, पृष्ठ ४६–६७ ।

पाश्चात्त्य विद्वानों ने आद्य शंकराचार्य के काल के विषय में भी आधुनिकतम काल चुना है। पाश्चात्त्य विद्वानों. ने द्वारिका (द्वारका), पुरी और काञ्ची के शांकरगणों में उपलब्ध गुरु परम्परा की सूचियों में शंकराचार्य के जन्मवर्ष ५०६ ईसापूर्व को छोड़कर मात्र श्रृंगीरी मठ की सूची में अपने धीयुञ्जन द्वारा वह वर्ष ७८८ ईसापूर्व निश्चित किया अर्थात् १३०० वर्ष वर्तमान में शंकराचार्य को खींच लाये । इस सम्बन्ध में श्री गिरिवर चरण अग्रवाल का सुझाव है कि "यदि शंकराचार्य के समय का निर्धारण पूर्व निश्चय के साथ हो जाय तो एक निश्चित सीमा तक बुद्ध एवं महावीर के समय का निर्धारण किया जा सकता है"।[१७] आचार्य उदयवीर शास्त्री **'एज ऑफ शंकर'** तथा 'वेदान्त दर्शन' के इतिहास में शांकरमठों की गुरु परम्परा की सूचियों के आधार पर शंकराचार्य के जन्म की तिथि ५०१ ईसापूर्व मानते हैं । नित नये अनुसंधानों के आधार पर बुद्ध और महावीर का समय कतिपय विद्वान् लगभग २५०० ईसापूर्व प्रस्तुत करना चाहते हैं।[१८] इन विसंगतियों को एक संगति देने के लिए भारतीय कालक्रम का पुनः निरीक्षण होना आवश्यक है।

फ्लीट कल्हण की **राजतरंगिणी** को पुराणों से अधिक विश्वसनीय मानते हैं । उनका कथन है कि **राजतरंगिणी** में अशोक को लगभग १२६० ईसापूर्व में प्रस्तुत किया गया है और इस आधार पर हमें भारतीय इतिहास के काल को पुनः निर्धारित करना पड़ेगा।[१९] पाश्चात्त्य विद्वानों द्वारा भारत के ऐतिहासिक तिथि निर्धारण का आधार भारतीय ऐतिहासिक घटनाओं को त्यागकर यूनानी सिकन्दरी अभियान की घटना का आधार इसलिए स्वीकार करना पड़ा, क्योंकि उनका स्वयं का कोई मूलाधार नहीं था। इस तिथि के पूर्व भारत की प्राचीनता को वे स्वीकार करना नहीं चाहते क्योंकि उनके पवित्र धर्मग्रंथ **बाइबिल** में पृथ्वी के सृजन की तिथि लगभग ४००० ईसापूर्व उल्लिखित है । तिलक महोदय का कथन है कि ईसाई देवशास्त्र में उल्लिखित सृष्टि रचना का काल ४००० ईसा पूर्व है अतः इस तिथि के पूर्व पाश्चात्त्य विद्वान भारत की सभ्यता की प्राचीनता को स्वीकार नहीं करना चाहते।[२०] १६६४ ई० में जब सृष्टि की रचना पर विवाद उत्पन्न हुआ तो आयरलैंड के आर्क विशप जॉन असर ने १६६४ ई० में यह घोषणा की कि सृष्टि–रचना २३ अक्टूबर ४००४ ईसापूर्व में ६ बजे प्रातःकाल हुई तथा इसके विरुद्ध यदि कोई नया विचार प्रस्तुत करेगाा तो उसे पन्थद्रोही माना जायेगाा।[२१] अपने मत के सम्बन्ध में पाश्चात्त्यों के दुराग्रह ने उन्हें विश्व इतिहास के न्यूनीकरण की ओर उत्प्रेरित किया । भारत की

---

१७. गिरिवर चरण अग्रवाल, **भारत-युद्धकाल**, पृष्ठ –१५।

१८. विशेष द्रष्टव्य, श्री एम० अय्यर एवं लक्ष्मी नारायण शास्त्री, शंकराचार्य मठों की परम्परागत आयु,"दी एज ऑफ शंकर" **जर्नल ऑफ रॉएल एशियाटिक सोसाइटी**, १९१६, पृष्ठ १५६।

१९. **इण्डियन एन्टीक्वेरी**, ३० पृष्ठ १ ।

२०. बाल गंगाधर तिलक, **ओरायन**, चतुर्थ संस्करण, १६५५, पृष्ठ २३४

२१. **साइंस टुडे** (मासिक), बाम्बे, जून १६७६

प्राचीनता तथा श्रेष्ठता उन्हें खटकती थी परिणामतः उन्होंने सायास भारतीय कालक्रम को विकृत किया । इसी भावना से प्रेरित होकर स्मिथ महोदय ने सिकन्दरी अभियान की तिथि ३२७ ईसापूर्व को भारतीय तिथि निर्धारण का मूलाधार स्वीकारा।

भारत में प्राचीनकाल से प्रचलित कलियुग कालमान के विरोधी पाश्चात्य विद्वानों और उनके भारतीय अंधानुकर्ताओं को यह जानना चाहिए कि ईसामसीह और उनके नाम पर प्रचलित ईस्वी संवत् का अस्तित्व तद्देशीय विद्वानों द्वारा सन्देहास्पद माना जाता है फिर भारत में ईस्वी सन् का प्रचलन क्यों ? १८१६ ई० में सभी विशपों का एक सम्मेलन चेल्सी में हुआ था।[२२] इस गोष्ठी में यह निश्चित किया गया था कि सभी विशपों को ईसा संवत् का प्रयोग प्रारम्भ करना चाहिए। परन्तु अभिलेखों के अध्ययन से यह ज्ञात हुआ कि वास्तव में अधिकारिक तौर पर इसका प्रयोग चार्ल्स तृतीय द्वारा जर्मनी में ८७६ ई० में हुआ। अतः ईस्वीसन् के प्रारम्भ की प्राचीनता ११०० वर्षों पूर्व ज्ञात होती है। जबकि तुलनात्मक दृष्टि से कलि संवत् का प्रारम्भ ईसापूर्व ३००० मान्य है। यहाँ भी ध्यातव्य है कि जर्मनी के चार्ल्स तृतीय ने स्वयं ईस्वी सन् की गणना अपने से पूर्व से प्रारम्भ किया । **इलस्ट्रेटेड वीकली,**मई १६८४ के अंक ६–१२ में एक पुस्तक तथा दूरदर्शन के क्रम की समीक्षा में यह प्रश्न प्रस्तुत किया गया है कि क्या वस्तुतः जीसस क्राइस्ट का अस्तित्व था ? इसी प्रकार ई० एच० डान्स ने यह संदेह प्रस्तुत किया है कि ईसा का जन्म–काल अभी तक निश्चित नहीं है।[२३] अतः भारत के प्रामाणिक इतिहास लेखन की भारतीय काल गणना में मतैक्य आवश्यक है।

भारत में प्रचलित संवत् :- ऐतिहासिक काल–निर्धारण में भारत में प्रचलित अनेक विध संवत्सर बाधक हैं। इनमें प्रमुख ब्राह्म संवत्, सप्तर्षि, बार्हस्पत्य, कलि अथवा युधिष्ठिर, परशुराम या कोलम्ब, बुद्ध, महावीर या वीर विक्रम, शूद्रक, मालवगण, श्रीहर्ष, शक, ईस्वी तथा हिजरी संवत् हैं।[२४] इसके अतिरिक्त भारतीय साहित्य एवं अभिलेखों में मौर्य, नन्द, पार्थियन, गुप्त, बल्लभी, कल्चुरी या चेदि, गांगेय, भौमाकार चालुक्य, सिंह शिवाजी राज्यारोहण, फसली अगली, बंगाली त्रिपुर, मल्ल, भाटिक आदि अनेक संवत् क्षेत्रीय आधार पर प्रचलित हैं।[२५] भारत के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित विभिन्न संवत्सरों की सूची उपर्युक्त उल्लिखित सूची से बृहद् हो सकती है, परन्तु राष्ट्रीय स्तर पर कोई भी संवत् प्रचलित नहीं है। यद्यपि स्वतंत्रता के पश्चात् भारतीय शासन में मेघनाथ साहा के नेतृत्व में एक राष्ट्रीय संवत् निश्चित करने का कार्य दिया गया था जिसने अपने प्रतिवेदन में 'शक संवत्' को राष्ट्रीय संवत् के रूप में प्रचारित करने का निर्णय दिया था[२६], जिसका प्रयोग स्वयं शासकीय कार्यों में नहीं होता है और न तो भारत के

---

२२. कोटा वेंकटचेलम् कलि शक विग्ननमु भाग १, पृष्ठ ८, विजयवाड़ा

२३. ई० एच० डान्स की पुस्तक का हिन्दी अनुवाद,**"इतिहास एक प्रवञ्चना"** पृष्ठ २.१९६७

२४. रामजी पाण्डेय, प्राचीन भारतीय काल गणना एवं पारम्परिक संवत्सर,पृष्ठ १३५–२१३

२५. तत्रैव, पृष्ठ १२८–१३३।

२६. दामोदर झा, **भारतीय कालगणना की रूपरेखा,**पृष्ठ १०।

लोक जीवन में यह संवत् प्रचलित है। विक्रम संवत् सामान्यतया ईस्वी सन् से ५८ वर्ष पूर्व माना जाता है। उत्तर भारत में चन्द्रमान से चैत्र कृष्ण या शुक्ल प्रतिपदा को गुजरात में कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को तथा पंजाब और नेपाल में सौरमान से मेष संक्रान्ति को इसका प्रारम्भ होता है। इस संवत् का प्रचार लगभग सम्पूर्ण भारत में है, विशेषतः इसका प्रचलन उत्तर भारत में है।[२७] विक्रम संवत् को भारतीय लोक जीवन में विशेषतः सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, एवं सांस्कृतिक जीवन में मान्यता प्राप्त है और सम्पूर्ण राष्ट्र जीवन इससे संचालित होता है परन्तु भारत के राजनीतिक जीवन में इसका प्रचलन नहीं है तथापि पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में विक्रम संवत् का प्रचलन राष्ट्र जीवन के सभी क्षेत्रों में हो रहा है। भारत के इतिहासकारों के सम्मुख कालमान निर्धारण की यह एक विकट समस्या है।

भारत में प्रचलित ऐतिहासिक कालमानों में अत्यधिक विवाद होने के कारण कतिपय इतिहासविद् ईस्वी सन् के प्रचलित रहने के तर्क को प्रस्तुत करते हैं। परन्तु भारत के इतिहास की प्राचीनता ईसा के जन्म से सहस्रों वर्ष पूर्व प्रमाणित है तथा ईसवी संवत् स्वयं में विवादास्पद है और अवैज्ञानिक है। ईस्वी संवत् का मूल रोमन संवत् है, जो ईस्वी पूर्व ७५३ में रोम नगर की प्रतिष्ठा से प्रारम्भ हुआ था इसके पूर्व रोमनों का कोई संवत् नहीं था। प्रारम्भ में रोमन संवत् ३०४ दिन का माना जाता था जो परम अशुद्ध था। मार्च से दिसम्बर तक इसमें दस मास होते थे। कालान्तर में इसमें अन्तर देखकर ४६ ई० पूर्व में जूलियर सीजर ने अपने नाम से जुलाई मास बना दिया उसके पश्चात् आगस्टस ने एक और मास अपने नाम पर अगस्त बनाया । इस प्रकार रोमन संवत् बारह मास तथा ३६५,१/४ दिन का बना। फिर भी इसमें अन्तर पड़ता रहा और १५८२ ईस्वी में इसमें ग्यारह दिन का अंतर हो गया था। उसी वर्ष ईसाईयों के धर्मगुरु पोप ग्रेगरी ने अपनी आज्ञा से ४ अक्टूबर को १५ अक्टूबर बना दिया और आगे के लिए जो मानदण्ड ईस्वी संवत् में उसने स्थापित किया वही ईसाई जगत् को मान्य हो गया[२८] और अंग्रेजों के विश्वव्यापी राज प्रभुत्व ने ईस्वी संवत् को विश्वव्यापी बना दिया। अंग्रेजों के भारत से चले जाने के पश्चात् भी स्वतंत्रता के पश्चात् अनेक राष्ट्रीय मानदण्डों की स्थापना शासन द्वारा की गई परन्तु शिक्षा, संस्कृति, सभ्यता और इतिहास के क्षेत्र में कोई राष्ट्रीय मानदण्ड अद्यावधि स्थापित नहीं किया गया।

इतिहास के अध्ययन और अध्यापन में कालमान का निर्णय करने में सर्वाधिक कठिनाई उपस्थित होती है। यद्यपि पुरातत्त्ववेत्ताओं ने अपने नये शोध लेखन में एक नई विधा (पी०बी०) का प्रयोग करना प्रारम्भ कर दिया है परन्तु इतिहासकार अभी उसे स्वीकार करने में संकोच कर रहे हैं

इतिहास शास्त्र (विज्ञान) का वस्तुतः अपना कोई कालमान नहीं है, जबकि इतिहास की आत्मा काल को माना जाता है। विश्व इतिहास के प्रमुख संवतों के अध्ययन से यह तथ्य प्रगट होता है कि वे प्रायः धार्मिक हैं, अन्य वैयक्तिक हैं। भारत एक धर्म निरपेक्ष और समाजवादी राष्ट्र

---

२७. तत्रैव

२८. तत्रैव, पृष्ठ ६१–६२।

है परन्तु व्यावहारिक दृष्टि से राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय शासन सम्पूर्ण राष्ट्र में धार्मिक और वैयक्तिक संवत् को प्रचलित किए हुए है। निरपेक्ष इतिहासकार भी इस दोष से मुक्त नहीं है। भारत के प्रामाणिक इतिहास लेखन के लिए अद्यावधि किसी इतिहासकार अथवा राष्ट्रीय स्तर की तथाकथित किसी संस्था ने भी इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किया। यद्यपि राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालयों में पढ़ायी जाने वाली पाठ्य पुस्तकों का पुनर्लेखन शासन की ओर से शासकीय संस्थाओं एन० सी० ई० आर० टी० द्वारा तथा राज्य स्तर पर किया जा रहा है परन्तु शासकीय इतिहास पुनर्लेखन में भी राष्ट्रीय कालमान के रूप में ईस्वी संवत् का ही प्रयोग किया जा रहा है। शासन का यह प्रयास भी विरोधाभास और विसंगतिपूर्ण है तथा इसमें भारतीय अस्मिता का अभाव रहेगा।

□□□

A RIDDLE OF MANIYA DEV AND ORIGIN OF CHANDELAS

DR. N.P. GUPTA
Chhatarpur (M.P.)

Modern Mahobā (a town in the district of Hamīrpur, U.P.) was renowned as Mahotsava-Nagar (a city of great festivals) in Chandelas' times. Being the capital of Chandelas, the supreme power of Northern India during the period of Ninth to thirteenth centuries A.D., it was known an important City of the country, but people identified it as the Mahobā of Ālhā-Ūdal, the great Banāfar heros of Parmardidev, a Chandela king who reigned over Jejākbhukti (Bundelkhaṇḍ) from 116 to 1202-03 A.D. Though Mahobā survives several remains of archaeological importance as Chandela temples, fort, Palace, Statues, inscriptions yet Maniyā Dev is remembered first in the old and new ballads. It seemed that Maniyā Dev was a popular folk-god like Chandikā and Shiva. Jagnik, the first folk poet of India, has prayed his first tribute to Maniyā Dev in his folk-epic 'Ālhā' or Ālhākhaṇḍ.But the identity of Maniyā Dev has been a riddle of Indian history because of its close connection with the origin of Chandelas.

Among the historians the popular opinion favours Mr. V.A. Smith, according to which Maniyā Dev has been identified as Maniyā Devī, the goddess of aboriginal tribe of Gonds[1]. Another Maniyā Devī is found at Maniyāgarh Fort which is situated on a high hill close to Chandranagar, a village of Chhatarpur on the road to Pannā from Chhatarpur. At first Maniyāgarh was a fort of Gond rulers, later on became one of the famous eight forts of Chandelas. The famous archaeologist Mr. J.D. Beglar has written on the page 44 in Archaeological survey Reports Vol. VII that an image of a woman with a sword in her hand was searched out in the remains

1. *Indian Antiquary,* 1908, Vol. 37, pages 136-37.

of a small and simple temple. His remark runs as follows, 'she was a sort of compromise between the Brāhmanical Pārwatī and the obscenely naked female worshipped to this day by some tribes of Gonds, settled near Jabalpore, for the points of similarity between the Gond goddess and Maniyā Devī are not few'.

At this stage a question arises about the name of Maniyā Devī. In my opinion she was named after Maniyāgarh. If it is not so, what evidence compelled Mr. Beglar or Cunningham to name her Maniyā Devī. If Maniyāgarh Fort was named after Maniyā Devī, then the fame of Maniyā Devī ought to have been established beforehand.

According to Mahobā traditions Maniyā Dev of Mahobā was tutelary or adored god of Chandelas. The ballads of Ālhā composed during twelfth to Eighteenth centuries point out that Maniyā Dev belongs to Mahobā, not to Maniyāgarh (Maniyā Dev Mahobe Kyār), on the embankment of Madan Sāgar, a lake in the name of Chandel King Madanvarman and in front of Dīp-Stambh, stone-pillar of lamps, there lies the temple of Maniyā Dev. It is an admitted fact that the statue in the temple is as old as Chandel. Mr. Beglar agrees to this conclusion, but he likes to prove it a female statue of Maniyā Devī, not of male Maniyā Dev. Mr. V. A. Smith emphasizes that the image of Maniyā Dev was brought to Mahobā from Maniyāgarh[2]. It means that there were two statues of Maniyā Devī (Maniyā Dev). In fact, a particular custom prevails in this region due to which the tutelary deity is always borrowed from the origin. On this particular ground Mr. Smith comes to the conclusion that Chandel Rajpūts were originally Hinduised Gonds. Whenַ they rose to power and kingship, the stories were adduced for the purpose of hiding the impure origin and glorifying them.

First of all, the main problem is to establish the identity of Maniyā Dev,for which the following points are noteworthy :-

(1) In the oral traditions of Mahobā and Bundelkhaṇḍ Maniyā Dev has been a popular male God. People of any part of India call Him Maniyā Dev, the male God.

---

2. Quoted from' *Chandel aur Unkā rājatva Kāl'* by Keshav Chandra Mishra, First Edition page 391.

(2) In Ālhā and Ālhākhaṇḍ ballads composed by folkpoets in 12th to 18th century, the diety is named as Maniyā Dev (Male), not Maniyā Devī (female).

(3) In 'Parmāl Rāso', an epic composed in 16th century, Maniyā Dev has been recognised as a male God. The word 'Dev' is used for Him in the tenth chapter and this stands for a male. Malhnā, the chief queen of Chandel king Parmardidev addresses Him as a male God.

(4) A few lines from 'Jagatrāj Kī Digvijai', a historical epic written in 1722-23 A.D. are given below as an evidence.

(i) तिहि समय ऐलविल[3] पार्श्व मणि[4], दै चंदेल कहि हित सहित ।
मणि देव यक्ष रक्षक सुपुनि, धन कलाप प्रति नित्य नित ।। ५०० ।।

(ii) जब ससि चंद्रब्रहम उपजाये, यज्ञ समय धनपति तहँ आये ।
पारस दै मणि देव यक्ष दै, अवनी पर दरसन प्रतक्ष दै[5] ।। ६७३ ।।

In the first extract the name of Maṇi Dev is obvious. He is Yaksha, the Protector and he with the Pāras Maṇi was bestowed to Chandel King by Kuber, a Yaksha god. In the other portion the arrival of Kuber and his gift of Pāras Maṇi and Maṇi Dev Yaksha to the king supports the above. Mahobā traditions tell that Pāras Maṇi was in the possession of Chandelas. Ālhā ballads or Ālhakhaṇḍ also claims that :

पारस पथरी है महुबे मा लोहा छुअत सोन हुई जाय (Mahobā possesses a Pāras stone which turns iron into Gold with a simple touch). This fact is retold in Mahobā Khaṇḍ of Prithvīrāj Rāso, Parmāl Rāso and others. Legends regarding Pāras stone are still popular in this region and their analysis confirms the historical event. According to Mahobā Khaṇḍ the gift of Pāras Stone was given by Moon God[6], but it cannot be accepted because the owner of Pāras Stone were Yaksha. In Parmāl Rāso Kuber, the Yaksha God bestows it -

"कुबेर अति सुख पाय। पारस मनि दिय आय।।[7]।।

---

3. Kuber.

4. Pāras Maṇi or Stone.

5. *Jagatrāj Kī Digvijaya* by Harikesh, manuscript, metre No. 500 and 673.

6. Mahobā Khaṇḍ, Chandrabrahma Utpatti Khaṇḍ, metre no. 139-40.

7. *Parmāl Rāso*, Nagri Pracharini Sabha Publication, First edition, 2/74.

(Having been pleased Kuber arrived and gave Pāras Stone.)

The curiosity about Maṇi Dev Yaksha, the protector of Pāras Stone remains to be satisfied. In fact, Maṇibhadra Yaksha, the king of Yakshas is owner of Maṇi or Stone. Hence Maṇi Dev Yaksha is Maṇibhadra Yaksha who became later on famous as Maniyā Dev. It is easy to turn Maniyā or Maniyāñ from Maṇi or Māṇi. The Serpent with a Maṇi is called Maniyāre. Likewise the God with a maṇi can easily be called Maniyāre or Maniyā Dev and it is correct as far as the linguistic point of view is concerned. Maniyāre Dev becomes Maniyā Dev in daily speech. In the times of Chandel's reign Yaksha-worship was prevalent and popular. The worship of Bhagwān Maṇibhadra is described as an important Ceremony in a drama entitled as 'Karpūracarita Bhāṇa[8] written by Vatsarāj, the minister of Chandelking Parmardi Dev. It shows that Chandelas were devoted worshipper of Maṇibhadra Yaksha who was later on known as Maniyā Dev by people.

Yakṣha-worship in Bundelkhaṇḍ is very old. Yakṣhas are carved in the Bharhut Stūpa during Nāga's reigns. Images of Yakshas are found in large number at Pawāyā (Padmāvatī, old capital of Nāg Rājās.). Since Nāg's times the Chauras or Chabutras of Yakshas were built in every village for the purpose of worship which gave birth to the popular saying - "गांव गांव को ठाकुर, गांव गांव को बीर" - (Which means that every village has a thākur and a bīr.) Bīr was Yaksha God. Baram Dev in the Pīpal tree is also Yaksha. In this way Yakshas were acknowledged as popular folkgod till 20th century. Thākur was Gond deity who protects the village from all dangers. Both of them were popular, but in the upper class of society the Bīrs or Yakshas were worshipped[9]. Really Bīr or Yaksha was considered such a god who blesses all (what) desired by people. The great poet Tulsīdās has written in *Vinayapatrikā* :-

बीर महा अवराधिये साधे सिधि होय।
सकल काम पूरन करै जानै सब कोय।। १०८ ।।

---

8. *Rūpakaṣaṭakam,* by Vatsarāj, Pune publication.

9. See details in my article entitled- 'Lok darshan and Bundelkhaṇḍ' published in the Magzine - 'Choumāsā' No. 17 and 'Lokdharma and Bundelkhaṇḍ' Chaumāsā No. 16.

This is enough to prove that Yaksha worship prevailed in Bundelkhaṇḍ from 100 B.C. to 16th century A.D.

Yakshas were symbols of physical beauty and power, hence the images of Yakshas carved by sculptors were gigantic and beautiful. *Yaksha-prashna* (Questions asked by Yaksha) are the best example of their intelligence and knowledge. Besides these qualities Yakshas bless wealth and immortality. For all these purposes Yakshas specially Maṇibhadra were adored by Chandelas.

Another remarkable point is that gigantic images of Yakshas are carved by the sculptors in the folk style, hence they lack fineness and ornamentation. Secondly, Yaksha images, temples and Chaityas are seen very close to the tanks, rivers and water-resources, and sometimes to a famous wrestling ground called Akhārā in Hindī, on these grounds Maniyā Dev justifies his identity of being Yaksha. First of all, Maniyā Dev of Mahobā is a rude image carved on a big rock rounded by a wall. Secondly the Temple of Maniyā Dev has been built in front of a famous Akhārā on the bank of Madan Sāgar. These evidences favour that Maniyādev is Maṇibhadra Yaksha.

In the above point of view it is not difficult to conclude that Maniyāgarh was a Yaksha Chaitya just like a Bauddha Chaitya. Dr. Vasudeo Sharan Agrawal[10] has pointed out that there were Yaksha Sadan or Chaitya like Boddha Chaitya or Vihār. In a Yaksha Chaitya the main image of a Yaksha is essential. Similarly Maniyāgarh Chaitya was named after Maṇibhadra Yaksha. As regards Maniyā Devī, she was an image of a Yakshaṇī named after Maniyāgarh and carved by a folk sculptor. Images of a Yakshaṇī were carved as naked females in this Region.[11] But the image of a female with a sword in hand seems a woman of warrior class who became satī after her husband's death. It is, if an image of goddess, then the sculptor has left her undressed.[12] Folk sculptor is always careless of manifestations and his art is devoid of refinement and adornment.

---

10. *Bhārtīya Kalā*, 1966, page 153.

11. Outer part of Jain temples at Khajuraho and other temples, symbolizing fertility.

12. See my article entitled 'Lokkalā : Pahachān aur Kasauṭī', Choumāsā, No. 9.

Now come to the problem of the origin of Chandelas, which has created a controversy among the great historians. A legendary story of Hemvatī and her Union with the Moon-God from Mahobā Khaṇḍ of Prithvīrāj Rāso has been interpretted by some historians that Chandelas were descent of the Moon-God. Dr. Hemchandra Rai[13] related this story with the inscriptions of Chandelas' times and concluded that Chandelas were Kshatriya, while Mr. V.A. Smith rejected this story and proved them Hinduized Gonds. On contrary to it Mr. C.V. Vaidya[14] regarded Chandelas as of high birth and of Āryan origin. Other historians favoured or disfavoured the above mentioned views and hence the riddle of the origin of Chandelas is still alive.

Sometimes wrong interpretation of an evidence and its blind perusal is out of an ignorance regarding folk-art or folk-literature. For instance, a scholar has connected the story of Hemvatī with a Satī Pillar in which a folksculptor has carved the symbols of the Sun and Moon.[15] The Sun and the Moon are always used in a folkimage or a folkpicture to denote eternity of life. It has nothing to do with the story of Hemvatī and the Moon in Mahobākhaṇḍ. Satī female belonging to the warrior class are also carved with a sword in hand. It is essential to go deep while studying the evidences of Satī Pillars regarding the story of Hemvatī or the identity of Maniyā Devī.

Now the identity of Maniyā Dev and Maniyā Devī is ascertained that they are Maṇibhadra Yaksha and Yakshaṇī. In this respect the conception of the famous historian Mr. V.A. Smith regarding the origin of Chandelas has lost its ground, and now it is a matter of revaluation keeping in view of the above established fact in this article.

□□□

---

13. *Dynastic History of Northern India*, Part II, pages 667-68.

14. *History of Medieval India*, Vol. II, pp. 130-133.

15. See footnotes on J.A.S.B. 1877, pp. 234-35 and *J.A.S.B.* 1868, p. 186 quoted from 'Chandelkālīn Bundelkhaṇḍ Kā Itihās' by Ayodhya Prasad Pandeya, 1968, p. 13.

GOPĀLA-THE SAVIOUR OF KĪRTTIVARMAN CHANDELLA

DR. K.L. AGRAWAL

It is generally thought that Kīrttivarman was the younger brother of Devavarman and his accession to the Chandella throne was not a peaceful one. Some scholars think that the latter died without any lineal descendent. Hence the throne passed to his younger brother Kīrttivarman. The *Vikramāṅkadevacarita*,[1] composed by the illustrious Bilhaṇa, a court poet of Chalukyan king Someśvara I, refers to Karṇa Kalachuri as deadly as death to the lord of the Kālañjar mountain. Dr. N.S. Bose[2] remarks that the term may not necessarily mean the actual death but may only imply the defeat of the ruler of Kālañjar. The term 'Death' is commonly used in inscriptions in this sense, Dr. H.C. Ray[3] believes that one of the predecessors of Kīrttivarman lost the life in the war, which took place between the Chedis and the Chandellas. The opinion of Dr. Ray seems to be correct. In the war that ensued between the Kalachuri Karṇa and the Chandella Devavarman, the latter lost his life in the battle-field. Subsequently, the task of reviving the swallowed Chandella kingdom by the former, fell upon Kīrttivarman. The Ajaygarh rock inscription of V.S. 1137[4] mentions Kīrttivarman as a pitcher-born in swallowing the ocean of the Kalachuri power and also as the lord of Creatures in creating a new kingdom. Similarly an inscription from Mahoba records[5] that Kīrttivarman had acquired great fame by crushing with his strong arms the haughty Lakṣmīkarṇa. The aforementioned statements are also corroborated by an allegorical drama *Prabodhacandrodaya* written by the

1. Bühler's ed., XVIII, p. 93. 'कालः कालंजरगिरिपतेर्यः'
2. *History of the Candellas*, p. 78.
3. *DHNI*, Vol. II, p. 698.
4. *Ep. Ind.*, Vol. I, pp. 327-29, V. 3.
5. *Ibid.*, Vol. I, p. 219, V. 26.

illustrious Kṛṣṇa Misra, the court dramatist of the Chandella sovereign. The work gives full credit of the rise of the Chandella empire to one Gopāla. The drama narrates : "Here is Gopāla, the bright flame of whose prowess blazed in the forest of the numerous and powerful enemies, and spread throughout the three worlds; Gopāla, whose glory fills the universe, who aided by his sword as his friend, conquered the lords men and has invested with sovereignty of the earth Kīrttivarman, the chief of the princes."[6]

The glorious Gopāla, whose lotus foot is ornamental with the crests of tributary kings; who, in the form of Nṛsimha opens a door through the breasts of his enemies, who, assuming the shape of a boar, raises up the earth, when it has sunk in the waters of destructions poured down upon its sovereign."[7]

His anger was roused to establish the sovereign of the race of the moon, who had been dethroned by the lord of the Chedi, the Rudra and fire of destruction of all royal families of the earth."[8]

Now, the question arises as to who this Gopāla was and who revived the Chandella empire! Scholars like Hultzsch,[9] Smith[10] Kielhorn[11] and Ray[12] argue that he was the Brāhmaṇa general of Kīrttivarman. In support of their contention, they refer to a passage of *Prabodhacandrodaya* in which the heroism and valour of Gopāla are compared to the merciless activities of Paraśurāma's famous battle axe, sparing neither women, children nor persons of old age.[13] But a comparison of the passage with those of the *Mahābhārata* and the Kādambarī will make it clear that Gopāla was of royal blood and was a kṣatriya:

---

6. Chowkhambha ed., pp. 7-8.
7. *Ibid.*, p. 4.
8. *Ibid.*, p. 8.
9. *Ep. Ind.*, Vol. I, p. 220.
10. *Ind. Ant.*, Vol. XVIII, p. 143.
11. *Ibid.*
12. *DHNI*, Vol. II, p. 698.
13. P. 11, V. 17.

1. (i) *Kādambarī* प्रतापानुरागावनतसमस्तसामन्तचक्र:[14]

Prabodhacandrodaya सकलसामन्तचक्रचूडामणिमारीचिमञ्जरीनीराजितचरणकमलेन[15]

(ii) *Kādambarī* नाम्नेव यो निर्भिन्नारातिहृदयो विरचितनारसिंहरूपाडम्बरम्[16]

Prabodhacandrodaya बलवदरिवहवक्षस्तटकपाटपाटनप्रकटितनृसिंहरूपेण[17]

(iii) *Mahābhārata* ततः प्रतापो राजा स सर्वभूतहितेरत:[18]

Prabodhacandrodaya भगवन्नारायणांशसंभूतो भूतहिताय तथाविधाःपौरुषभूषणाः पुरुषाः क्षितिमवतीर्य निष्पादितकृत्या:[19]

2. The commentator Nāṇḍillagopaprabhu in explaining 'Śrīmatā Gopālena' invariably gives the designation of Rājan to him.[20]

3. The fragmentary Jhansi stone inscription of Sallakṣaṇasimha points out that the saviour of Kīrttivarman was a king of Kanauj.[21]

4. Lastly the term 'Pratāp', 'Puruṣārtha', 'Asilatāmātramitreṇa', 'Pauruṣabhūṣaṇapuruṣaḥ etc. are generally used for the kṣatriya ruler and these terms are obviously ascribed to Gopāla. This fact gives strength to the proposed view that Gopāla belonged to the kṣatriya race.

Cunningham[22] interpreted 'Gopāla' as an appellation of Viṣṇu and opined that Kīrttivarman had thrown off the yoke of Kalachuri subjugation by the grace of Gopāla (Viṣṇu). But the epithet 'सकलसामन्तचक्रचूडामणिमरीचिमञ्जरीनीराजितचरणकमलेन' given to him in the drama[23] far from indicating his feudatory status, suggests that he had his own circle of sāmantas.[24]

---

14. (Bombay 1946), p. 7 & 12.
15. (Benaras, 1955), p. 4.
16. p. 9.
17. p. 4.
18. 1.92.1.
19. p. 11.
20. *Prabodhacandrodaya*, p. 12, note 'श्रीमता महानुभावेन गोपालेन राज्ञा'
21. *Ep. Ind.*, Vol. I, p. 216, Lines 20-21.
22. *A.S.R.*, Vol. II, p. 453.
23. *DHNI*, Vol. II, p. 697, 700; *Struggle for empire*, p. 58; *History of the Gāhaḍavāla dynasty*, p. 19.
24. p. 4.

स प्रजापतिरेकः पुष्करपर्णे समभवत्। तस्यान्तर्मनसि कामस्समवर्तत। इदं सृजेयम्।.... स तपोऽतप्यत्। स तपस्तप्त्वा शरीरमधुनत। तस्य मांसमासीत्। ततो अरुणा केतवः वातरशना ऋषयः उदतिष्ठन्। ये नखास्ते वैखानसाः। ये वाला ते वालखिल्याः। १.२४.४–५.

"वह प्रजापति पुष्कर – पर्ण में एकाकी उत्पन्न हुआ। उसके अन्तर्मन में इच्छा उत्पन्न हुई–इसका मैं सृजन करूँ। उसने तप किया। तप करने के पश्चात् शरीर को प्रकम्पित किया। उसका जो मांस था उससे अरुण केतव वातरशनों की उत्पत्ति हुई। जो नख थे वे वैखानस हैं। जो बाल थे वे वालखिल्य हैं।"

तीसरा उल्लेख कूश्माण्ड ब्राह्मण के अन्तर्गत कूश्माण्ड होम से सम्बद्ध है–

वातरशना ह वा ऋषयश्श्रमणा ऊर्ध्वमंथिनः बभूवुः।
तानृषयोऽर्थमायंस्ते निलायमचरंस्तेऽनुप्रविविशुः कूश्माण्डानि। २.७

"वातरशन ऋषि निश्चय ही श्रमण ऊर्ध्वमंथी (ऊर्ध्वरेता ?) हुए। जब अन्य ऋषि आये तो वे छिपकर विचरण करते हुए कूश्माण्ड में प्रविष्ट हो गये।"

उपर्युक्त विवरण से ज्ञात होता है कि वातरशन आरण्यक तपस्वी थे और सम्भवतः (विष्णु–सम्प्रदायी) वैखानसों से सम्बद्ध थे। वे अग्नि–चर्या करते थे और कूश्माण्ड होम उनकी अपनी विशेषता थी।

अभिधान सादृश्य के अतिरिक्त केशी–सूक्त के वातरशन और **तैत्तिरीय आरण्यक** के वातरशनों में कोई सादृश्य नहीं दिखायी देता। न तो आरण्यकीय वातरशन रुद्र से सम्बद्ध हैं, न

मौनेय से उन्मदित और न ही वे पिशंग–मल धारण करते हैं। दूसरी ओर ऋग्वेदीय वातरशन न तो अग्नि–चर्या से सम्बद्ध हैं और न कूश्माण्ड होम से। अतः केशीसूक्त और **तैत्तिरीय आरण्यक** के आधार पर वातरशन–परम्परा के सातत्य का इतिहास संरचित नहीं हो सकता।

इसी प्रसंग में शैव, वैष्णव और जैन मतों की त्रिविध परम्पराओं में समादृत ऋषभदेव के विषय में **भागवत** का निम्नोक्त विवरण भी विचारणीय है –

धर्मान्दर्शयितुकामो वातरशनानां रमणानामृषीणामूर्ध्वमंथिनां शुक्लया तनुवावतार (५.३.२०)।

'वातरशन श्रमण ऊर्ध्वमंथी ऋषियों के धर्मों के आचरणों के लिए ऋषभ देव ने तात्त्विक वृत्ति से शरीर धारण किया।'

तैत्तिरीय आरण्यक की रचना के करीब एक हजार वर्ष बाद लिपिबद्ध भागवत परम्परा में 'वातरशन ऊर्ध्वमंथी श्रमण ऋषि' का यह उल्लेख निस्सन्देह ही विस्मयकारी है। इस लम्बे अन्तराल में आरण्यक की यह समन्वित पदावली अन्यत्र दृष्टिगोचर नहीं होती है। ऋषभदेव के चरित्र की त्रिपथगा शैव, वैष्णव और जैन पुराणों में मिलती है और उससे यथेष्ट भिन्नता है। शैव पुराणों में ऋषभदेव पर भागवतीय प्रभाव परिलक्षित होता है, जब कि इन दोनों से यथेष्ट रूप में भिन्न जैन **'आदिपुराण'** में ऋषभदेव का चरित्र व्याख्यात है। **भागवत** के इस विवरण में विसंगतियाँ भी हैं। शतपुत्र उत्पन्न करने वाले गृहमेधि–धर्म का अनुवर्तन करने वाले नरेश ऋषभदेव को वातरशन ऊर्ध्वमंथी और श्रमण कहना सुसंगत तो नहीं। यहाँ स्पष्टतः वैखानस आदि भागवतीय सम्प्रदाय के ढाँचे में जैन आख्यान को प्रस्तुत करने का प्रयास दिखाई देता है। वातरशन, ऊर्ध्वमंथी यह पदावली जैन परम्परा में स्वीकृत नहीं, वैखानस में प्रचलित रही होगी। अतः **भागवत** के इस उद्धरण से न तो वातरशनों के सम्प्रदाय की अविच्छिन्न परम्परा का साक्ष्य ही मिलता है औन न जैन धर्म का वातरशन सम्प्रदाय के मौलिक सम्बन्ध का आधार ही दिखाई देता है। मेरा यह निष्कर्ष श्रीधरस्वामी के भाष्य से समर्थित भी है। उनका कथन है कि **वातरशनानां दिग्वाससां पाषण्डिव्यावृत्त्यर्थमाह,** "जैनमत के दिगम्बर वेषधारी ऋषभदेव से विभिन्न दिखाने के लिए उनसे व्यावृत्ति के लिए वातरशन पद का प्रयोग किया गया"। अस्तु, केशीसूक्त से करीब एक हजार वर्ष पश्चात् संरचित **तैत्तिरीय आरण्यक** और उसके प्रायः एक सहस्राब्दि पश्चात् लिपि–निबद्ध **भागवत** के आधार पर वातरशन श्रमणों की परम्परा के इतिवृत्त के सर्जन का साहस सम्भवतः इतिहासकार जुटा न पाये और न यह साक्ष्य–परम्परा वातरशनों का आदिम श्रमणों से सम्बन्ध स्थापित करने में सक्षम ही है।

पुनः मुनि–तत्त्व के विषय पर लौटते हुए वैदिक वाङ्मय में उपलब्ध इतर साक्ष्यों का संक्षिप्त सर्वेक्षण कर लिया जाय। **ऋग्वेद** के **धुनिर्मुनिः** (७.५६.८) की सायणीय व्याख्या **'बहुविधशब्दोत्पादक मुनिः'** समीचीन ही है और यह **ऐतरेय ब्राह्मण** (६.३३)` मुनि ऐतश के प्रलाप से सुसंगत है। **इन्द्रो मुनीनां सखा।** (ऋ. ८.१७.४) और **ताण्ड्य ब्राह्मण** (१०.१४.४७) के मुनि–भरण और वैखानस रक्षण से सम्बद्ध प्रतीत होता है। शौनकीय **अथर्ववेद** के दोनों सन्दर्भ (७.७८.१; ८.६.१७) अतीन्द्रियार्थदर्शी मुनि से अप्रसक्त प्रतीत होते हैं। **पैप्पलाद अथर्ववेद** (५.३४.५) का मुनि–चक्षु प्रज्ञाचक्षु का समानार्थक प्रतीत होता है। **ऐतरेय आरण्यक** (२.२०.१) मुनियों की गंगा–यमुना के अन्तरालवर्ती प्रदेश में अवस्थिति का द्योतन करता है–

गंगायमुनयोर्मुनिभ्यश्च नमः।

किन्तु इन सन्दर्भों से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण होता है मुनि तुर कावषेय का प्रसंग। तुर कावषेय के सम्बन्ध में दो प्रकार के आख्यान मिलते हैं– प्रथम तो **ऐतरेय ब्राह्मण** (७.३४) के राजसूय–प्रसंग में फल–चमस–भक्ष्य के माहात्म्य का जनमेजय को प्रकाशन और जनमेजय को ऐन्द्र महाभिषेक से अभिषिक्त (८.२१) करना तथा दूसरे **शतपथ ब्राह्मण, ऐतरेय आरण्यक** और **बृहदारण्यक उपनिषद्** में तुर कावषेय का ब्रह्म विद्या से सम्बद्ध विवरण। ये दोनों तुर कावषेय एक ही हैं अथवा दो भिन्न व्यक्ति, यह समस्या प्रसंग में महत्त्वपूर्ण नहीं जो विशेष सार्थक है, वह है मुनि कावषेय के ब्रह्म विद्या–सम्बन्धी उपदेश और उनका मुनि तत्त्व से सम्बन्ध।

शतपथ ब्राह्मण (१०.६.५६) और **बृहदारण्यक उपनिषद्** (६.५.४) ब्रह्मविद्या के शिष्य–प्रशिष्य परम्परा की क्रमशः संक्षिप्त और विस्तृत सूची उपलब्ध होती है और दोनों में तुर कावषेय को प्रथम मानव आचार्य माना गया–ब्रह्म से प्रजापति ने, प्रजापति से तुर कावषेय ने, तुर कावषेय से यज्ञवच राजस्तम्बायन ने, कुश्रि ने राजस्तम्बायन से, शाण्डिल्य ने कुश्रि से इत्यादि यह विद्या प्राप्त की।

इन मुनि कावषेय का एक महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त **शतपथ ब्राह्मण** (६.५.२.१५–१६) में सुरक्षित है –

अथाह स्म शाण्डिल्यः। तुरो ह कावषेयः कारोत्यां देवेभ्योऽग्निं चिकाय तं ह देवाः पप्रच्छुर्मुने यदलोक्यामिमामग्निचित्यामाहुरथ कस्माद् चैषीरिति।

"ऐसा शाण्डिल्य ने कहा। तुर कावषेय ने 'कारोति' नामक स्थल में देवों के लिए अग्नि–चयन किया। उससे देवों ने पूछा "मुनि, जब तुम यह कहते हो कि अग्नि चिति से (स्वर्ग) लोक नहीं मिलता है तो तुमने अग्नि–चयन क्यों किया ?"

तुर कावषेय के उत्तर का एक अंश है – **स होवाच। किं नु लोक्यम्। किमलोक्यम्।** उसने कहा "स्वर्ग क्या है? अस्वर्ग्य क्या है ? यहाँ पुर कावषेय के लिए 'मुनि' सम्बोधन विशेष रूप से अवधारणीय है।"

यहाँ स्पष्ट ही मुनि कावषेय द्वारा अग्नि–चयन के महत्त्व की और स्वर्ग्य की स्थिवि की अस्वीकृति अथवा अवहेलना ध्वनित होती है।

इस निष्कर्ष का समर्थन **ऐतरेय आरण्यक** (३.२.६) से भी परोक्ष रीति से होता है–

आहुर्ऋषयः कावषेयाः किमर्थं वयमध्येष्यामहे किमर्थं वयं यक्ष्यामहे
वाचि हि प्राणं जुहुमः प्राणे वा वाचम्। यो ह्येव प्रभवः स एवाप्ययः।

"ऋषि कावषेयों ने कहा हम वेद का स्वाध्याय क्यों करें ? हम यज्ञ क्यों करें ? हम वाणी में प्राणों की आहुति दें। प्राण में वाणी का होम करें। जो उत्पत्ति है, वही अन्त है।"

यहाँ भी कावषेयों द्वारा वैदिक स्वाध्याय और अग्नि–चयन की निरर्थकता के साथ प्राणोपासना का महत्त्व प्रदर्शित है। किन्तु कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है– संन्यासियों के लिए विहित

आन्तर अग्निहोत्र अथवा प्राणाग्निहोत्र के सिद्धान्त का सूत्र । ऐतरेय आरण्यक का उपर्युक्त वचन **कौषीतकि उपनिषद्** (२.४) के प्रसंग में व्याख्येय है–

अथातः सायंमनं प्रातर्दनमान्तरमग्निहोत्रमित्याचक्षते।
यावद्वै पुरुषो भाषते न तावत्प्राणितुं शक्नोति,
प्राणं तदा वाचि जुहोति, यावद्वै पुरुषः प्राणिति,
न तावत् भाषितुं शक्नोति वाचं तदा प्राणे जुहोति।
एते अनन्ते अमृताहुती।

"अब हम प्रतर्दन के संयमन सिद्धान्त जिसे आन्तरिक अग्निहोत्र कहा जाता है (विवेचन करेंगे)। जब तक पुरुष बोलता है तब तक प्राणोच्छ्‌वास लेने में असमर्थ रहता है। उस समय वह वाक् में प्राण का होम करता है। जब तक पुरुष प्राणोच्छ्‌वास करता है तब तक वह बोलने में असमर्थ रहता है। उस समय वह वाणी का प्राण में होम करता है। ये अनन्त अमृत आहुतियाँ हैं।"

यद्यपि यहाँ आन्तर अग्निहोत्र को प्रतर्दन के द्वारा प्रवर्तित सिद्धान्त बताया गया किन्तु प्रतर्दन स्वयं कहता है **एतत् ह वै पूर्वे विद्वांसोऽग्निहोत्रं न जुहुवांचक्रे** (कौषीतकि उपनिषत् २.५) "यह जानकर पूर्व कालीन विद्वान् अग्निहोत्र नहीं करते थे"। अतः प्रो० बेनीमाध्व बरुआ (**प्रि-बुद्धिस्ट फिलोसफी**, पृ. १११–११२)का ऊपर उद्‌धृत **ऐतरेय आरण्यक** के आधार पर यह निष्कर्ष ठीक है कि आन्तर अग्निहोत्र का यथार्थ प्रवर्तक मुनि कावषेय था।

इस प्रकार मुनि कावषेय ब्रह्मविद्या का प्रथम आचार्य था। उसने वैदिक अग्निचिति के महत्त्व को अस्वीकृत किया, वैदिक स्वाध्याय की महिमा का निषेध किया और इनसे भी महत्त्वपूर्ण है कि उसने पश्चाद्वर्ती संन्यासियों के लिये आन्तर अग्निहोत्र के सिद्धान्त का प्रवर्तन किया।

इसी शृंखला में **बृहदारण्यक उपनिषद्** द्वारा की गई मुनि की परिभाषा का विमर्श किया जाय–

तस्मात् ब्राह्मणः पाण्डित्यं निर्विद्य बाल्येन तिष्ठासेत्। बाल्यं पाण्डित्यं च निर्विद्याथ मुनिः (३.५.१) "(लोक–सम्मान के परित्याग से) ब्राह्मण पाण्डित्य से विरक्त होकर बालक के समान भोलेपन से रहने की इच्छा करे। बाल्य और पाण्डित्य युक्त होकर वह मुनि की स्थिति प्राप्त करता है।" बाल्य से तात्पर्य है कि लौकिक ज्ञान का अभाव और पाण्डित्य से अभिप्राय है कि लौकिक वैदुष्य। ज्ञान की प्राप्ति के साथ साथ जब बालक की निष्कलुषता तथा भोलापन जुड़ जाता है, तो मुनि भाव सम्पन्न होता है।

शंकराचार्य ने इस स्थल पर पाण्डित्य और मुनि–भाव को समानार्थक माना है। उनका कथन है **'मुनिशब्दस्य ज्ञानातिशयार्थत्वात् मननान्मुनिरिति च व्युत्पत्तिसम्भवात् मुनीनामप्यहं व्यासः' इति च प्रयोगदर्शनात्** (वेदान्त–सूत्र ३.४.४७ पर शांकरभाष्य)। तात्पर्यार्थ है कि व्युत्पत्ति और प्रयोग दोनों आधारों पर मुनि का अर्थ ज्ञानातिशय है। इसी अर्थ में **बृहदारण्यक** (४.४.२२) की उक्ति है–

एतमेव विदित्वा मुनिर्भवति। एतमेव प्रव्राजिनो लोकमिच्छन्तः प्रव्रजन्ति।..... लोकैषणायाश्च व्युत्थाय भिक्षाचर्यं चरन्ति।

'ब्रह्म–तत्त्व को जानकर वह मुनि होता है। ब्रह्मलोक की इच्छा करते हुए ये परिव्राजक प्रव्रज्या धारण करते हैं। लोक–सम्मान की इच्छा त्यागकर भिक्षाचरण करते हैं।

इसके पश्चात् ही सूत्रग्रन्थों में मुनि, भिक्षु, परिव्राजक और सन्यासी समानार्थक हो गये – मुनि शब्द चतुर्थाश्रमवाची हो गया। बौधायन सन्यासी को परिव्राजक, आपस्तम्ब मुनि और गौतम भिक्षु कहते हैं। इस प्रकार मुनि–परम्परा संन्यास में निमज्जित हो जाती है।

वैदिक वाङ्मय में अतीन्द्रियार्थदर्शी मुनि की दो परम्परायें हैं। प्रथम केशी सूक्त में उपनिबद्ध हैं और द्वितीय मुनि तुर कावषेय के सन्दर्भ में दिखाई देती हैं। ये परिव्राजक पिशंग (काषाय) वस्त्रधारी थे। प्राणोपासना इनकी केन्द्रीय साधना थी। ये वैदिक स्वाध्याय और अग्निचर्या के महत्त्व को स्वीकार नहीं करते थे। ब्रह्म विद्या ही इनका ध्येय था।

दूसरी परम्परा यतियों की थी जिससे श्रमणों के मूल सूत्र का सन्धान किया जाता है। यदि मुनि भारतीय–आर्य अवधारणा है तो यति भारतेरानी धार्मिक परम्परा का एक प्रमुख तत्त्व ।

प्राचीन भारतीय मनीषियों तथा आधुनिक विद्वानों ने यतियों के विषय में विविध मतों का उपन्यास किया है। अधिकांश इनको इन्द्र–विरोधी वेदेतर तापसों के रूप में स्वीकार करते हैं। इनको 'आसुरी प्रजा' मानकर अथवा उनके असुर–सम्बन्ध को ध्यान में रखकर उनके प्रति अनार्यता भी ध्वनित की गई। कुछ विद्वानों ने उनको श्रमणों का मूल रूप भी माना। इन सन्दर्भों के परिप्रेक्ष्य में यतियों के स्वरूप का संक्षिप्त अनुसन्धान अपेक्षित है।

यत्–यात् धातु से व्युत्पन्न यति निश्चित ही आर्य शब्द है। बांवेनिस्ते, बेली और तोपोरोव ने जो सम्प्रति शोध–कार्य किया है उससे स्पष्ट होता है कि इस धातु का मूलार्थ है 'उचित स्थान निर्धारित करना' अर्थात् नियति निश्चित करना और अनुवादार्थ रूप से इष्ट पदार्थ प्रदान करना'। इससे ही दूसरा अर्थ निकला ' श्रद्धा–पूर्वक कृत्य करना, सादर अपने को देव के समक्ष उपस्थित करना, बलि–उपहार देना। इन दुहरे सम्पृक्त अर्थों के कारण यति शब्द के भी दो अर्थ हो जाते हैं – देव विशेषतः मित्र जो नियति–निर्धारण करता है और देव–पूजक जो श्रद्धापूर्वक देव–समक्ष अपने को उपस्थित करता है। इन देव–वाची और मानव–अभिधायक यमल अर्थों के कारण मैकडोनेल–कीथ (**वैदिक इण्डेक्स**, खण्ड २.पृ० १५०) को भ्रान्ति हो गई। देव–वाची को उन्होंने मिथक समझा और मानव को अभिहित करने वाले सन्दर्भों को ऐतिहासिक। ऋग्वेद में दोनों अर्थ हैं–

यद्देवा यतयो यथा भुवनान्यपिन्वत् (१०.७२.७).

"जिस प्रकार यति देवों ने लोकों को (रश्मियों से अथवा वृष्टि से) आपूरित कर दिया।" यहाँ यति देववाची हैं। पुनः **तुर यतिषु तुरयनृजिप्यो भ्रुवोः किरते रेणुकृञ्जन्।** ४.३८.७.

"यतियों के भ्रू पर ऋजुगामी धूलि का प्रसाधन करते हुए विकीर्ण करता है।" किन्तु यत्–यात् धातु की एक विशेषता ऋग्वेद में दृष्टिगोचर होती है। मित्र, मित्रावरुण तथा आदित्य के प्रसंग में इसका प्रायः उल्लेख हुआ है।

जनं च मित्रो यतति ब्रुवाणः ७.३६.२.

"आवाहन करने पर मित्र देवजन पर कृपा करता है।"

मित्रो जनान् यातयति, ३.५६.१ आदि अनेक ऐसे सन्दर्भ हैं। इस तथ्य का सार्थक उद्‌घाटन मित्र का एक विशेषण **'यातयज्जन'** स्पष्टता के साथ करता है। चार प्रसंगों में मित्र, मित्रावरुण अथवा सहयोगी देवों को इस विशेषण से विभूषित किया गया–

गृणीहि विप्र शुष्मिणम्। मित्रं न यातयज्जनम्। ८.१०२.१२.

"हे विप्र, तुम शुष्मी (बलवान् ?) करो जैसे यातयत्– जन मित्र की करते हो"

सायण ने यातयत्–जन की विविध सन्दर्भों में विभिन्न व्याख्यायें की हैं। **हत-शत्रु-जनं** 'जिसने शत्रुजन को मार डाला' (८.१०२.१२). **यातयन्ति लोकं यदीया जनाः प्रेष्याः स तादृशः** 'जिसके सेवक लोक की यातना करते हैं, **नरके निपात्यमानाः जनाः येन** 'जो मनुष्यों को नरक में भेजता है' (१.१३६.३), इत्यादि।

दैवात् **मिहिर यश्त** के एक सन्दर्भ से इसका अर्थ स्पष्ट हो जाता है। तोपोरोव ने इसकी ओर ध्यान आकृष्ट किया था –

तूम् ता दञ्हावो निपाहि
या हुबरतीं यातये इति
मिथ्र हे .....। १०.७८.

"तुम उन जनों (दञ्हुओं–दस्युओं = जनों) की रक्षा करते हो जो मिथ्र–मित्र के हु–बरतीं (सुभृतिं) श्रद्धा–युक्त (बलि–उपहार) अर्पित करते हैं (उनके समक्ष रखते हैं)।" यहाँ 'हुबरतीं यातये इति' की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। 'यातये इति' निस्सन्देह वैदिक यात यति का आवेस्तिक रूप है। **'हुबरतीं'** मनोरञ्जक और तथ्योद्‌घाटक है। हुबरतीं का वैदिक रूप है **'सुभृतिं'।** सु+भृ के अनेक वैदिक रूप हैं, जिनमें मुख्य हैं ' सुभृत' और यह देव–यजन के प्रसंग में बलि–उपहार निवेदन के लिए प्रयुक्त होता है। इसका अर्थ है कि "आदर सहित उपहार"। यथा–**सुभृतं विभर्ति वल्गूयते वन्दते च** "सादर उपहार लाता है, स्तवन करता है, नमस्कार करता है" (४.५०.७)। हखामनी अभिलेखों में इसका 'उबरतं' रूप मिलता है। दारायवौष के बहिस्तून प्रथम की २१–२२ पंक्ति है–

इमा दह्याव मर्तियाह्य आगरिय आह अवम् उबर्तम् - "इन देशों के मनुष्य जो मेरे साथ (भक्त) थे उनको मैंने सादर बख्शीस (उबर्तम्) दी"। अतः हुबरतीं यातये इति से तात्पर्य है श्रद्धापूर्वक बलि–प्रसाद अर्पित करना– सामने रखना।

यातयत्–जन में भी यही अर्थ अभिप्रेत है।

प्रथमतः अवलोकनीय है कि यह असामान्य समास है जिसके कुछ उदाहरण ऋग्वेद में मिलते हैं। जैसे प्रथम मण्डल में उषा का विशेषण है **यावयद्-द्वेषा।** सायण इसकी व्याख्या करते हैं **यावयन्ति अस्मत्त पृथक्कृतानि द्वेषांसि राक्षसाणि यथा स तथोक्ता।** इसी प्रकार **यातयत्-जनः** का विग्रह होगा **यातयन्ति जनाः यं सः** जिसको 'जन श्रद्धासंवलित उपहार अर्पित करते हैं'।

पञ्चम मण्डल में मित्रावरुण को **ध्रुवाक्षेमा** (स्थायी निवास में स्थित) **यातयज्जना** (५.७२.२) कहा गया। इसी प्रकार प्रथम मण्डल (१.१३६.३) में **मित्रस्तयोर्वरुणो यातयज्जनो** में मित्रावरुण के

लिए यह विशेषण प्रयुक्त होता है। यातयत–जन में जो श्रद्धाभिव्यक्ति की प्रक्रिया है उसकी किंचित् छाया तृतीय मण्डल की एक ऋचा में दिखाई देती है–

नमसोपसद्यो यातयज्जनो गृणते (३.५६.५)

नमस्कार करने के पश्चात् देव को आसन दिया जाता था–

(नमस्कारेण उपसद्यः उपसदनीयः) तथा फिर उनकी स्तुति की जाती थी (गृणते स्तोत्रं कुर्वते)।

सारांश में, यत्–यात् धातु का **ऋग्वेद** में मित्रावरुण के प्रसंग में अनेकशः प्रयोग के साथ ही अवेस्ता में भी **मिथ्र-मिहिर** के प्रसंग में इस धातु का उल्लेख, यति के मित्रावरुण और मिथ्र–मिहिर के प्रति घनिष्ठ सम्बन्ध की प्रबल सम्भावना उपस्थित करता है।

इस सम्भावना को और भी बल मिलता है जब हम देखते हैं कि मित्रावरुण के साथ सम्बद्ध भृगुओं को भी यति कहा गया। **ऋग्वेद** में दो प्रयोग हैं जहाँ यति भृगु से सम्बद्ध हैं– **यतिभ्यो भृगवे धने हिते** (८.३.६) तथा एक ऋचा में भृगुओं को स्पष्टतः यति कहा गया–

यतयस्त्वा भृगवो ये च तुष्टुवुः। ८.६.१८.

हे इन्द्र भृगु यतियों ने तुमको सन्तुष्ट किया।

अथर्ववेद (२.५.३) **जघान् यतीन्। विभेद बलं भृगुर्न** में भी भृगु और **यति** साथ–साथ प्रयुक्त हैं, किन्तु इसका पाठ सन्दिग्ध है। **सामवेद** (२.१०.४) में पुनः भृगु और यति का समीकरण उपलब्ध होता है।

भृगुओं का वरुण से सम्बन्ध सुविख्यात है। **शतपथ ब्राह्मण** (११.६.१.१) में भृगु को वरुण का पुत्र ही कहा गया– **भृगुर्वै वारुणिः।** भृगु और यति इस सम्बन्ध से मित्रावरुण के उपासकों के रूप में यतियों के होने की सम्भावना पुष्ट होती है।

साथ ही परम्परा में यतियों को आंगिरस भी कहा गया। सायण अनेक प्रसंगों में कहते हैं–

आंगिरसाः यतयः (८.३.६.;५.४५.७ आदि पर भाष्य)। भृगु और आंगिरस यहाँ का प्राचीनतम पुरोहित वर्ग था और दोनों में अत्यन्त घनिष्ठ सम्बन्ध था यहाँ तक कि **अथर्ववेद** को भृग्वंगिराओं का वेद कहा गया (द्रष्टव्य मॉरिस ब्लूमफील्ड, **हिम्स आफ दी अथर्ववेद** भूमिका पृ. २६. और आगे)।

यतियों को असुरों से भी सम्बद्ध बतलाया गया, और यह पक्ष यतियों के विषय में एक नवीन, महत्त्वपूर्ण और मनोरञ्जक आयाम का उद्घाटन करता है। सायण एक प्राचीन परम्परा का उद्वहन करता है जब वह कहता है कि–

यतयो नाम नियमशीला असुर्याः प्रजाः (अथर्ववेद २.५.३ पर व्याख्या)। मेधातिथि भी एक पुरातन अनुश्रुति को ही दुहराता है जब वह मनु (१२.४८) की टीका में लिखता है **'मेरु-निवासिनः केचिज्जनपदा यतयो नाम'** 'मेरु पर्वत के निवासी किन्हीं जनपदीयों को यति कहा जाता है'। इसी प्रसंग में **तैत्तिरीय संहिता** (२.६.६) के पर्जन्येष्टि–प्रसंग के एक वचन का उल्लेख कर दिया

जाय–"जब यतियों को खाया जा रहा था।" (यतीनां अद्यमानानां) तब उनके सिर गिर पड़े (शीर्षाणि परापतन्) वे खर्जूर हो गये (ते खर्जूरा अभवन्) ; उनका रस ऊपर निकला और करीर बन गये। खर्जूर और करीर यहाँ अवधारणीय हैं। उपर्युक्त सम्पूर्ण सन्दर्भ–परम्परा यतियों का सम्पर्क अथवा सम्बन्ध भारत के पार्श्ववर्ती पश्चिमी देशों से इंगित करती है।

यह पक्ष और भी स्पष्ट हो जाता है इन्द्र के द्वारा त्वाष्ट्र विश्वरूप, यति–समूह और अरुर्मघों के वध के प्रसंगों में। **तैत्तिरीय संहिता** (७.२.७.६) में उक्त–है– **इन्द्रो यतीन् सालावृकेभ्यः प्रायच्छत्** 'इन्द्र ने यतियों को भेड़ियों के समान डाल दिया।' इसका उपबृंहण अनेक ग्रन्थों में हुआ (सन्दर्भों के लिए द्रष्टव्य **वैदिक इण्डेक्स**, २, पृ० १८५, पाद–टिप्पणी ३)। इस कथा का विस्तृत विवेचन अपेक्षित नहीं। यहाँ केवल इस परम्परा में एक भिन्नता की ओर ध्यान आकृष्ट करना आवश्यक है। **ऐतरेय ब्राह्मण** (७.२८), **जैमिनीय ब्राह्मण** (२.१३४) आदि में यतियों ओर अरुर्मघों का पृथक् उल्लेख है–

विश्वरूपं त्वाष्ट्रमभ्यमंस्तः ..... यतीन् सालावृकेभ्यः
प्रादात् अरुर्मघानवधीत् .....(ऐ. ब्रा., ६.२८)

इन्द्र ने "त्वष्ट्रा के पुत्र विश्वरूप को मार डाला। यतियों को भेड़ियों के सामने डाल दिया, अरुर्मघों का वध किया।"

किन्तु कौषीतकी परम्परा में अरूर्मघों को ही यति कहा गया। **तैत्तिरीय संहिता** (२.५.१.१) पर वेदार्थ प्रकाश की टीका पर मध्वाचार्य एक कौषीतकी श्रुति का उद्धरण देते हैं–

अतएव कौषीतकिन इन्द्रवाक्यमेतदामनन्ति
.....त्रिशीर्षाणं त्वाष्ट्रमहं अहनं अरुन्मुखान् यतीन्
सालावृकेभ्यः प्रायच्छम्।

'अतः कौषीतकि परम्परा में इन्द्र के इस वाक्य का उल्लेख होता है ..... मैंने त्रिशीर्ष त्वष्टा–पुत्र(विश्वरूप) का वध किया; अरून्मुख यतियों को भेड़ियों के सामने डाल दिया।

इनका समर्थन **कौषीतकी उपनिषद् ब्राह्मण** (३.१) द्वारा भी होता है।

यहाँ विशेष रूप से है यह महत्त्वपूर्ण तथ्य द्रष्टव्य कि विश्वरूप त्वाष्ट्र यति और अरुर्मुखों को पुरोहित और असुर–संबंधी माना गया। सायण ने **ऐतरेय ब्राह्मण** के उपर्युक्त उद्धरण की व्याख्या में यतियों को **'यतिवेषधरान् असुरान्' ! १ और अरुर्मघों को ब्राह्मणवेषान् असुरान्** कहा । **सायण की व्याख्या अविश्वसनीय हो सकती है, किन्तु यही तो संहिता-साहित्य में भी लिखा गया है। तैत्तिरीय संहिता (२.५.१.१) में कहा गया -**

विश्वरूपो वै त्वाष्ट्रः पुरोहितो देवानामासीत्
स्वस्त्रीयोऽसुराणाम्.....स प्रत्यक्षं देवेभ्यो भागमवदत्
परोक्षमसुरेभ्यः.....।

'त्वष्ट्रा का पुत्र विश्वरूप देवों का पुरोहित था तथा असुरों का भागिनेय। वह प्रत्यक्ष रूप से देवों को बलि देता था और परोक्ष रूप से असुरों को।' यही स्थिति अरुर्मुख यतियों की

भी है। **अरुर्मघ** यति एक अद्यावधि अव्याख्यात समस्या है। इस शब्द के तीन रूपान्तर हैं– **अरुर्मुखान्** (**जैमिनीय ब्राह्मण** २.१३४; **शांखायन आरण्यक** ५.१), **अरुन्मुखान्** (**कौषीतकि उपनिषत्** ३.१), तथा **अरुर्मघान्** (**ऐतरेय ब्राह्मण** ७.२८)। इस समस्त शब्द का प्रथम पद अरुस् के उस् प्रत्यय के स् का वैदिक भाषा में कभी–कभी लोप हो जाता है जैसे अरुस्राण में (**अथर्ववेद** २.३.३ पर ह्विटने की टिप्पणी), और क्वचित् उसके स्थान पर **'न्'** का आगम हो जाता है जैसे **अरुन्** में (बरो, संस्कृत, पृ. १६०)। इस प्रकार **अरुस्** और **अरुन्** दोनों रूप उपलब्ध होते हैं। लौकिक संस्कृत में **अरुस्**, **अरुस्क**, **अरुस्कर** आदि शब्द तो मिलते ही हैं, **अरुन्तुद** (अरुषि–तुदति, घावों को दुखाने वाला, मर्मस्पृक्, **अमरकोष** ३.१.८३) भी उपलब्ध होता है। पाणिनि ने इसके लिए **अरुद्विषत्** (६.३.६७) सूत्र ही बनाया है। इस प्रकार **अरुस्** और **अरुन्** दोनों रूप व्याकरण और प्रवृत्ति के आधार पर शुद्ध हैं।

अरुस/अरुन् का अर्थ है व्रण, घाव अथवा अंग का वह स्थान जहाँ त्वचा न हो। **शतपथ ब्राह्मण** (३.१.३.१०) में आँख में अञ्जन लगाने की सार्थकता बतलाते हुए कहा गया **अरुर्वै पुरुषस्याक्षि** 'पुरुष की आँख एक व्रण है' (क्योंकि उसके ऊपर त्वचा नहीं; अतः औषधि–लेप के समान अञ्जन लगाना चाहिए)।

पुराकाल में अरुस् व्रण की चिकित्सा के लिए असुरों की विशेष ख्याति थी । **अथर्ववेद** (२.३.३)में कहा गया –

नीचैर्खनन्त्यसुरा अरुस्राणमिदं महत्। तदास्रावस्य भेषजम्।

'असुर इस महान् अरुस्राण औषधि को नीचे से खोदते हैं।'

यह रक्त–स्राव का भैषज्य है।

'अरुर्मघ' का द्वितीय पद मघ और आवेस्तिक मग समानार्थक है और इनका अर्थ है पौरोहित्य से वृत्ति (धन) प्राप्त करने वाले। पश्चाद्वर्ती हखामनी–सासानी **मगुस्** और शाकद्वीपी **मग** इसी शब्द–परम्परा से सम्बद्ध हैं किन्तु इनका अभिधेय मूलार्थ से हटा हुआ है। इस विषय पर यहाँ विस्तृत विवेचन का अवकाश नहीं। इस पर विमर्श अन्यत्र किया जा रहा है। यहाँ पर इतना ही कहना यथेष्ट है कि अरुन्मघ वे भारतेरानी देवोपासक थे जो भिषक् थे और विशेषकर रक्त – स्राव की चिकित्सा करते थे।

विश्वरूप त्वाष्ट्र और **अरुन्मघ** यतियों का असुरों से सम्बन्ध बताया गया है। यहाँ पर असुर से तात्पर्य अहुरोपासक प्राचीन ईरानियों से है।

सारांश में, मुनि–परम्परा प्राक्–ऋग्वेदीय भारतीय आर्यों से सम्बद्ध थी। इसकी परिणति ब्राह्मण–भिक्षु–परिव्राजक वर्ग में हुई। यति–परम्परा भारतेरानी युग से प्रारम्भ होकर क्रमशः परिक्षीण हो गयी, केवल यति शब्द के अवशेष को छोड़कर जो बाद में परिव्राजकों और श्रमणों के अर्थ में व्यवहृत होने लगा।

इन दोनों परम्पराओं में श्रमण–संस्कृति की कोई लाक्षणिक विशेषता उपलब्ध नहीं होती है और इसलिए श्रमणों का मूल–सूत्र इनसे निबद्ध करना समीचीन नहीं। इसी सरणि में

ब्राह्मण–परिव्राजकों के प्राचीन इतिवृत्त का अवलोकन करना आवश्यक है। साधारणतः 'चतुर्दिक् भ्रमण करने वाले व्यक्ति को – परितः व्रजति चरति यः– परिव्राजक कहते हैं। पालि – साहित्य में परिव्राजक का किंचित् संकुचित अर्थ है– आगारस्मा अनागरियं पवज्जति जो घर से निकलकर अनिकेत स्थिति में प्रवेश करता है' वह परिव्राजक है। **बृहदारण्यक उपनिषद्** (४.४.१–२) में भी यही अर्थ अभिप्रेत हैं। मैत्रेयी और कात्यायनी नाम की दोनों भार्याओं को और अपनी गार्हस्थिक सम्पत्ति को छोड़ने वाले याज्ञवल्क्य को **अन्यवृत्तमुपाकरिष्यन्** 'गृहस्थ' से भिन्न जीवन–पद्धति को अपनाते हुए' **प्रव्रजिष्यन्** कहा गया। इसी प्रत्यय का पल्लवीकरण करते हुए पुनः कहा गया –

एतमेव प्रव्राजिनो लोकमिच्छन्तः प्रव्रजन्ति। ..... प्रजां न कामयन्ते।
किं प्रजया करिष्यामो येषां नाऽयमात्मायं लोकः। ४.४.२२

"ये प्रव्राजी (ब्रह्म) लोक की ही इच्छा करते हुए (इस लोक को) छोड़ देते हैं। वे पुत्रों की कामना नहीं करते हैं। वे कहते हैं कि पुत्र से हमें क्या मतलब ? उन (ब्राह्मणों) का यह लोक ही नहीं है। आत्मा ही उनका लोक है।"

अतः **बृहदारण्यक उपनिषद्** के अनुसार पुत्र–भार्याओं से समन्वित गृहस्थ की जीवन–चर्या का परित्याग कर, आगार को छोड़कर ब्रह्मलोक अथवा आत्म–साधना के लिए अनागारी हो जाना ही प्रव्रजन है।

इस सन्दर्भ में **निरुक्त** में परिव्राजकों का उल्लेख महत्त्वपूर्ण है। **ऋग्वेद** (१.१६४.३२) की एक ऋचा है–

स मातुर्योना परिवीतो अन्तर्बहुप्रजा निर्ऋतिमा विवेश।

इस ऋचा पर यास्क (**निरुक्त** २.२८) टिप्पणी करते हैं –

बहुप्रजा कृच्छ्रमापद्यत इति परिव्राजकाः । आशय यह है कि परिव्राजक–वर्ग इस ऋचा की व्याख्या करते हुए कहते हैं कि अनेक सन्तानों को उत्पन्न करने वाला दुःख उठाता है'। सायण इसकी विस्तृत व्याख्या करते हुए लिखते हैं–

स तादृशः मातुः जनन्याः योना यौनो अन्तः परिवीतः उल्बजरायुभ्यां परितो वेष्टितः सन् बहुप्रजाः बहुजन्मभाक्। अथवा उत्पन्नः सन् स्वयमपि अपत्योत्पादनेन बहुप्रजाः। एवं गर्भदुःखमनुभवन् निर्ऋत्यभिधानं प्रदुःखमनुभवति यावत् स्वरूपभूतात्मज्ञानम्।

'वह व्यक्ति इस प्रकार माता की कुक्षि के भीतर उल्ब और जरायु से घिरा हुआ अपने अनेक जन्मों अथवा अपने द्वारा उत्पादित अनेक संततियों के कारण गर्भदुःख का अनुभव करता हुआ उस समय तक निर्ऋति नाम के दुःख से पीड़ित होता है जब तक उसे अपने स्वरूप का ज्ञान नहीं हो जाता है'।

परिव्राजकों का यह 'बहुप्रजा निर्ऋतिमाविवेश' का सूत्र **ऋग्वेद** ८.२४.२४ तक पहुँचता है –

वेत्था हि निर्ऋतीनां वज्रहस्त परिवृजम्।
अहरहः शुन्ध्युः परिपदामिव।।

'जिस प्रकार पवित्र करने वाला आदित्य नित्यशः अपने स्थान से निकलकर उड़ने वाले पक्षियों को जानता है उसी प्रकार वज्रहस्त तुम निर्ऋतियों के परिवृज को पहचानते हो।'

इस मंत्र में परिपद का वस्तुतः अर्थ है परिपथिक जो यूनानी **पेरिपेतोस्** का वैदिक रूप है; दूसरे शब्दों में वैदिक चरणों के व्यक्ति। सायण अपनी व्याख्या में विकल्प के रूप से इन्हीं की ओर इंगित करता है–

परितः यजमानानाम्। अतः यहाँ परिपद अर्थात् वैदिक **चरण** के यजमान और निर्ऋति के परिवृज के बीच में अन्तर किया गया है।

निर्ऋति से यहाँ तात्पर्य उपर्युक्त ऋचा के अनुकूल 'कृच्छ्र' अथवा दुःख से, विशेषतः जन्म–मरण के दुःख से है । जो जन्म और मरण से युक्त इस संसार को दुःखपूर्ण मानते हैं वे ही यहाँ निर्ऋतिवादी कहे गये; और **परिवर्ज** का अर्थ है सांसारिक जीवन का परित्याग, परिवर्जन। इन्हीं को **बृहदारण्यक उपनिषद्** (४.४.२) में ब्राह्मण अथवा परिव्राजक कहा गया।

यदि यह विचार–सरणि स्वीकार कर ली जाय तो यह साक्ष्य–परम्परा परिव्राजकों का अस्तित्व ऋग्वेदीय काल तक ले जावेगा। यह स्पष्ट है कि ये परिव्राजक संसार को दुःखमय समझते थे, ऐहिक और आमुष्मिक सुख की प्राप्ति के लिए करणीय कर्मकाण्ड में अथवा एतदर्थ अन्यथा उपासना में विश्वास नहीं करते थे, अथ च वैदिक विचारधारा में अन्तर्भुक्त नहीं थे।

यह विवेचन पालि–साहित्य में बहुशः प्रयुक्त **'समण-ब्राह्मण'** युग्म को भी व्याख्यात करने में समर्थ हैं। दोनो समण और ब्राह्मण समान रूप से समादृत थे। दोनों के लक्ष्य और प्रवृत्तियाँ सदृश थीं–दोनों ही शील, चित्त और प्रज्ञा से अभिसम्पन्न माने जाते थे। दोनों ही अनेक विधियों से और अनेक रूपों से तपश्चर्या करते थे–

अनेक-परियायेन तयो जिगुच्छाय वण्णं भासन्ति (**दीघ निकाय** १.१४४); परम तत्त्व के विषय में अनेकविध विचार करते थे–

अनेक-परियायेन पञ्ञावण्णं भासन्ति (वही); विविध विधियों से विमुक्ति पर विचार करते थे– **समण-ब्राह्मणा विमुक्तिवादा**(वही)। इसीलिए कहा गया **दुक्करं सामञ्ञं दुक्करं ब्रह्मञ्ञम्** 'दुष्कर श्रामण्य है 'दुष्कर ब्रह्मण्य है'। यह समकक्षता और आगे बढ़ती है। यह कहा गया कि **'यतो खो' कस्सप, भिक्खु अवेरं अव्यापज्जं मेत्तचित्तं भावेति, आसवानं च खया अनासवं चेतो विमुत्तिं, पञ्ञाविमुत्तिं दिट्ठेव धर्म्मे समं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसमज्ज विहरति, अयं कुच्चति, कस्सप, भिक्खु समणो इति पि ब्राह्मणो इति पि** (वही)। जो भिक्खु वैर–हीनता के सहित चित्त को मैत्री से भावित करता है; जिसके आस्रव का क्षय हो गया है; जिसने धर्म–दृष्टि से अभिज्ञा ज्ञान प्राप्त कर लिया है उसी को श्रमण कहते हैं, उसी को ब्राह्मण कहते हैं।

पुनः श्रावस्ती में जब शाक्यपुत्रीय श्रमण ने एक स्त्री से अभद्र याचना की तो उस स्त्री ने यह कह कर भर्त्सना की कि **अलज्जिनो इमे समणा सक्य पुत्तिया.........नत्थि इमेसं सामञ्ञं नत्थि इमेसं ब्रह्मञ्ञं नट्ठं इमेसं सामञ्ञा, अपगता इमेसं ब्रह्मञ्ञा** (पाराजिक, पृ. १६०–१६१)।

श्रमण के समकक्ष इन ब्रह्म–सम ब्राह्मणों के विषय में बुद्ध का वचन है –

कथं च दोण, ब्राह्मणोव्रह-समो होति ? ..... सो अट्ठचत्तालीस - वस्सानि कोमारं ब्रह्मचरियं चरन्ति.....। सो आचारियस्स आचारिय - धनं निय्यादेत्वा केस - मस्सुं ओहारेत्वा कासायानि वत्थानि अच्छादेत्वा अगारस्मा अनागरियं पवज्जति (अंगुत्तरनिकाय, पृ. ४६८–६६) द्रोण, कैसा ब्राह्मण ब्रह्म–सम होता है? जो अड़तालीस वर्ष तक कौमार्य– व्रत धारण कर ब्रह्मचर्या करता है (और फिर) आचार्य को दक्षिणा निवेदित कर, केशश्मश्रु परित्याग कर एवं काषाय–वस्त्र धारण कर आगार से निकलकर अनागारी हो जाता है।

बृहदारण्यक उपनिषद् (४.४.२२) में भी ब्राह्मण के विषय में यही अवधारणा है –

ब्राह्मणा विविदिषन्ति.....प्रव्रजन्ति.....भिक्षाचर्यं चरन्ति।

यहाँ ब्रह्मानुभूति की साधना में तत्पर ब्राह्मणों से तात्पर्य ब्राह्मण–वर्ण से नहीं है। वर्णान्तर्गत ब्राह्मणों का भी उल्लेख पालि–साहित्य में उपलब्ध है जहाँ वे निन्दा के पात्र ही माने गये। इन द्विविध पक्षों को देखकर रिचर्ड फिक ने **सोशल आर्गेनाइजेशन** (पृ. १६२–१६३) में लिखा कि "मेरा यह मन्तव्य है कि हम लोगों को इन दो प्रकारों के ब्राह्मणों में अन्तर करना पड़ेगा जो बाह्य रूप में अपृथक्करणीय लगते हैं किन्तु जो वस्तुतः भिन्न हैं, तथा जिनमें नाम और जाति की समानता को छोड़कर कोई भी सादृश्य नहीं"।

ब्राह्मण अभिधान समान रूप से व्यवहृत होने पर भी ये दोनों वर्ग सर्वथा भिन्न थे। समण के युग्म में सम्मिलित ब्राह्मण ब्रह्म की उपासना में निरत होने के कारण ब्राह्मण थे, जबकि दूसरा वर्ग चातुर्वर्ण्य–व्यवस्था–ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र की मर्यादा के ब्राह्मण थे।

यूनानी साहित्य में वर्णित भारतीय वृत्तान्त अवान्तरकालीन और कर्णि–कर्णिका से संकलित होने के कारण साधारणतः अविश्वसनीय है, किन्तु गौण–साक्ष्य और समर्थक प्रमाण के रूप से तो उसका विनियोग किया जा सकता है। उनके अनुसार "भारतीय दिव्य ज्ञान–(थिया–सोफ) व्यक्तियों के, जिन्हें यूनानी गिम्नो–सोफिस्ट (**गिम्नो = नग्न, सोफिस्ट =** दार्शनिक) कहते थे, दो वर्ग थे–" **ब्रख्मन और सरमनीय** (मजूमदार, क्लासिकल एकाउण्ट आफ् इण्डिया, पृ. ४२५)। निश्चय ही यहाँ ब्राह्मणों और श्रमणों को युगपत् रीति से **गिम्नो-सोफिस्ट** और **थिया-सोफ** कहा । यह यूनानी शब्द **ब्रख़्मन** अन्यथा भी **महत्त्वपूर्ण** है क्योंकि यह ब्राह्मण को भाषा की दृष्टि से हखामनी अभिलेखों की पुरानी फारसी और आवेस्तिक भाषा में उपलब्ध सगोत्रों से जोड़ता है– **ब्रह्मन्** (संस्कृत) **ब्रख्मन** (यूनानी) **ब्रज़मन** (हखामनी) और **बरख़्द** (वृह् + क्त अवेस्ता)। यहाँ यह नहीं कहा जा रहा है कि यूनानी में ब्रख्मन शब्द था; वह तो निश्चित ही ब्राह्मण का, यूनानी ध्वनि के अनुकूल, रूपान्तर मात्र है; और न यह सुझाव ही है कि हखामनी ब्रज़मन और भारतीय ब्रह्मन्–ब्राह्मण पूर्णतः समानार्थक हैं किन्तु यह अवश्य कहने का प्रयास है कि ब्रज़मन बरख़्द ब्रह्मन् के सगोत्र हैं और इनका आध्यात्मिक अर्थों में प्रयोग होता था। उदाहरणार्थ हखामनी शासक क्षयार्ष के पर्सेपोलस (एच) अभिलेख में **ब्रज़मनीय = ब्रह्मण्य** का प्रयोग तीन बार हुआ। ४१ वीं पंक्ति में कहा गया–

अउरमज़्दां अयदिय अर्ता च ब्रज़मनिय

"अहुरमज़्दा" और ऋता का ब्राह्मण्य रूप (भक्ति पूर्वक) से यजन किया। इसी प्रकार **यस्नें** (३४.६) में आर्मइती को बॅरॅख्ध्रा (बृह् बरॅग + क्त, पूजित) कहा गया।

ब्रह्मण्य की यह धारा ऋग्वेद में भी है। एक ऋचा है –

स वस्वः कामं पीपरदियानो ब्रह्मण्यतो नूतनस्यायोः। (२.२०.४)

"वह (इन्द्र ?) श्रद्धापूर्वक उपासना करने वाले मनुष्य के काम को अच्छी तरह से पूर्ण करता है।"

उत ब्रह्मण्या वयं.....विप्राः (८.६.३३).

ये ब्राह्मण्य ही ब्रह्म–विद ब्राह्मण थे। ऋग्वेद में ब्राह्मण के बारह उल्लेख हैं, और पुरुष–सूक्त को छोड़कर कहीं भी ब्राह्मण–वर्ण का निश्चित उल्लेख नहीं । अपितु वाक् चतुष्पद रूप के प्रसंग में, औषधियों से रोग दूर करने के सन्दर्भ में उनका उल्लेख है। विमर्शनीय है निम्न प्रसंग –

चत्वारि वाक्परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणाः ये मनीषिणः । १.१६४.४५.

मनीषी ब्राह्मण वाक् के जिन चार पदों को जानते हैं उनकी अनेकविध व्याख्यायें हैं। एक व्याख्या परा, पश्यन्ती, माध्यमा और वैखरी से सम्बद्ध है जिनमें 'परा' परमतत्त्व के निष्कल रूप का द्योतन करती है।

ब्राह्मणाः व्रतचारिणः (८.१०.२.१.) और औषधियों के सम्वाद में ब्राह्मण का उल्लेख (१०. १७.२२) उनको ब्राह्मण–वर्ण से सम्बद्ध नही कर पाता।

अथर्ववेद में वे ब्रह्मविद् ब्रह्मौदन के प्रसंग में (अथर्ववेद ११.३.२६.) और व्रात्यों के सन्दर्भ में (वही, १५.१८) में उल्लिखित हुए। पुनः उपनिषदों में, विशेषतः **बृहदारण्यक** और **मुण्डक** में, इनका विवरण मिलता है।

चातुर्वर्ण्य व्यवस्था के पूर्व ही इन ब्रह्मविद् ब्राह्मण्य ब्राह्मणों की अवस्थिति रही होगी और समण– ब्राह्मण युग्म में इसी प्रकार के ब्राह्मणों की ओर संकेत है ऐसी प्रबल सम्भावना है।

इन पुरा– ब्राह्मणों में सभी सोमपायी और अग्निपूजक हों, यह आवश्यक नहीं। इनमें यथेष्ट वैविध्य है। इनमें कुछ निश्चित ही मख –मह धार्मिक उत्सवों से सम्बद्ध थे। इन मखों–माहों का विस्तृत विवरण डा० वासुदेव शरण अग्रवाल ने अपनी पुस्तक 'प्राचीन भारतीय लोक–धर्म' में किया है। यक्ष–मह, इन्द्र–मह की पुरानी परम्परा थी। इन उत्सवों में धार्मिक कृत्य सम्पादन करने वाले ब्राह्मणों को **माखण/माहण** कहा जाता था। यद्यपि प्राकृत में **बंभण** = ब्राह्मण, **बंभणी** = ब्राह्मणी, **बंभ-लोय** = ब्रह्म लोक, **बंभयारिय** = ब्रह्मचारी आदि शब्दों का प्रयोग मिलता है तथापि इनके साथ ही ब्राह्मण को **माहण**, ब्राह्मणी को **माहणी**, ब्रह्मर्षि को **माहण-रिसि**, ब्राह्मणत्व को **माहणत** और महाब्राह्मण **महामाहण** भी कहा गया। **उत्तराध्ययन सूत्र** में स्पष्टतः ब्राह्मण और माहण के अभिधानों को समीकृत किया गया–

जे लोए बम्भणो वुत्तो ..... वं वयं बूमि माहणं -

'जिसको अन्य पुरुष ब्राह्मण कहते हैं उनको हम माहण कहते हैं'।

माहण प्रतिष्ठावाची ब्राह्मणत्व था। कल्पसूत्र (१.१) में श्रमण भगवान् महावीर के जन्म का विवरण दिया गया –

भगवं महावीरे चरिमे तित्थमरे पुब्व-तित्थिय-
निद्दिट्ठे माहण-कुण्डगामे नयरे उसभदत्तस्स माहणस्स कोडाल-सगोत्तस्स
भरियाए देवाणंदाए माहणीए जालंधर-सगोत्ताए.....कुंच्छिसि
गब्भताए वक्केते।

पूर्व तीर्थंकर के निर्देश के अनुसार श्रमण भगवान् महावीर ने कुण्ड–ग्राम नामक माहण–नगर में कोडाल–गोत्रीय ऋषभदत्त माहण की जालन्धर–गोत्रीय भार्या देवानन्दा माहणी की कुक्षि में गर्भ के रूप में प्रवेश किया'।

पारम्परिक जैन व्याख्या **'मा हन'** = 'मत मारो'के आधार पर माहण का मौलिक अर्थ अहिंसक करती है। निश्चय ही यह कल्पनाश्रित निर्वचन है। वेबर, जेकोबी आदि वर्ण–विपर्यय के आधार पर बंभण का रूप माहण बताते हैं किन्तु पिशेल का यह कथन सत्य है कि यह समीकरण भाषा–वैज्ञानिक दृष्टि से असम्भव है। उनकी अपनी व्युत्पत्ति (पिशेल, प्राकृत ग्रामर, प्रखण्ड २५०) माखण के आधार पर है– मख (यज्ञ) माख माखण = माहण। किन्तु इसके लिए पूर्वरूप 'माखण' की परिकल्पना करनी पड़ती है। पुनः प्राकृत में जो प्रयोग माहण शब्द के मिलते हैं, उनमें मख = यज्ञ का प्रसंग प्रायः उपलब्ध नहीं होता है। इन्द्र–मह, यक्ष–मह, स्कन्द–मह, रुद्र–यात्रा आदि उत्सवों के सम्पन्न कराने वालों को उसी प्रकार माहण कहते थे जैसे इस समय इसी प्रकार के कृत्यों को सम्पादन कराने वालों को ओझा>उवज्झाय>उपाध्याय कहते हैं। यहाँ अवधारणीय यह है कि प्राकृत में दोनों शब्द मिलते हैं– बंभण और माहण। साथ ही द्रष्टव्य है कि संस्कृत में माहण शब्द सर्वथा अनुपलब्ध है। मह लोक–धर्म था, माहण लोक–जन था।

माहण का यह साक्ष्य ब्राह्मणों में वैविध्य का द्योतन तो करता ही है, इस ओर भी इंगित करता है कि अवान्तर काल में जब चातुर्वर्ण्य–व्यवस्था की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई तो ब्राह्मण–वर्ण के अन्तर्गत धार्मिक कृत्यों का सम्पादन कराने वाले सभी समूहों का समावेश नहीं हो पाया, और ये अवशेष वर्ण–व्यवस्था के पूर्व की स्थिति का द्योतन करते हैं। माहण निश्चित ही ब्राह्मण वर्ण में निमज्जित नहीं हो पाये थे। ऐसे अन्य वर्ग थे और विशेषतः **अथर्ववेद** में इनका साक्ष्य उपलब्ध है। माहण केवल दिङ्–निर्देश करता है। अन्य वर्ग में गृहपति ऐसा ही महत्त्वपूर्ण समूह था।

वर्ण–व्यवस्था ऋग्वेदीय परम्परा में क्रमशः विकसित हुई और उस समय विकसित हुई जिसे हम पूर्व–वैदिक–काल का अन्तिम चरण कहते हैं। उसके पूर्व ही पुरावैदिक काल में ब्राह्मण्य– ब्राह्मणों के अनेक रूप प्रचलित और विकसित हो गये थे। इस प्रकार ब्राह्मण इतिवृत्त के दो स्तर हैं पुराकालीन एवं वर्ण–कालीन। समण– ब्राह्मण युग्म में प्रयुक्त ब्राह्मण पुराकालीन था।

इसी प्रकार पालि–प्राकृत साहित्य के **खत्तिय** भी भारतेरानी काल की **क्षत्र-क्षथ्र-क्षायथ्य** परम्परा की अभिव्यक्ति है– वे वर्णान्तर्गत क्षत्रियों से भिन्न थे। ये गण–विशिष्ट खत्तिय थे,

वर्ण–विशिष्ट क्षत्रिय नहीं। भारतेरानी काल के सद्यः पश्चात् जन के परिवर्तन की दो प्रक्रियायें दिखाई देती हैं। एक ओर जन क्रमशः गण में परिवर्तित हुआ और दूसरी ओर वह वर्णों में विभाजित हुआ। प्रथम प्रक्रिया में गण, संघ और श्रेणी की प्रथाओं का उद्भव हुआ। जिस प्रकार शिल्पियों की श्रेणी थी उसी प्रकार खत्तियों और श्रमणों के गण और संघ थे। जैसा अन्यत्र विवेचित किया गया है, श्रमणों में गण और गणी की स्थिति एक लाक्षणिक विशेषता थी । बौद्ध–संघ की प्रतिष्ठा इसी प्रक्रिया का निदर्शन है।

अतः श्रमण–परम्परा वैदिक कर्मकाण्ड के प्रतिक्रिया स्वरूप अथवा वैदिक साहित्य के हाशिए में उल्लिखित 'यति' और 'मुनि' परम्परा से विकसित है– ये दोनों सिद्धान्त साक्ष्यों से परिपुष्ट नहीं होते।

□□□

IDENTIFICATION OF THE NAÑJUK MAṆḌALA

BY

LOKESH CHANDRA
S. D. SINGHAL

The discovery of several bronzes from the Candi Rejo hamlet in the Ṅañjuk district (East Java) in 1913 sparked off a ongoing enquiry into their identification. Kempers (1959 : 63) speaks of 90 bronzes of this collection in the Jakarta Museum, some of which were lost in the fire in the Colonial Exhibition at Paris in 1931. Scheurleer and Klokke (1988: 32) reckon 38 bronzes described by Krom in 1913, to which 17 more statuettes were added in 1915, so that the Museum at Jakarta should now have 55 of them. Scholars have felt that it constitutes a maṇḍala. Investigation reveals that the existing statuettes represent a substantial part of the Vajradhātu-maṇḍala.

The Vajradhātu-maṇḍala is represented in several configurations, with varying iconography of the individual deities, besides addition or substraction of groups of deities. The fundamental tantra of this maṇḍala is the *Tattva-saṅgraha* (fully: Sarva-tathāgata-tattva-saṅgraha) and therein the basic model is the Vajradhātu mahāmaṇḍala. This is described at length in the *Niṣpanna-yogāvalī* of Abhayākaragupta. The Indonesian text of *Nāgabāyu-sūtra* and *Kalpabuddha* also detail this maṇḍala. It is illustrated in the *Rita-so gyara-gobu-shingan,* a scroll drawn under the personal supervision of Śubhākara-siṁha, who arrived in China in 716 and worked there till his death in 735. Its extant Japanese copy is dated 855.

The mahāmaṇḍala comprises (i) the innermost sanctum, termed *garbha-kūṭāgāra* in the *Niṣp.,* with (ii) an enceinte running around it called *paṭṭikā* in the same text. The 53 deities in this maṇḍala are arranged as follows:

Centre: 1 Vairocana, 2 Sattvavajrī, 3 Ratnavajrī
4 Padmavajrī (Dharmavajrī), 5 Karmavajrī

East: 6 Akṣobhya, 7 Vajrasattva, 8 Vajrarāja
9 Vajrarāga, 10 Vajrasādhu

South: 11 Ratnasambhava, 12 Vajraratna, 13 Vajrateja,
14 Vajraketu, 15 Vajrahāsa

West: 16 Amitābha, 17 Vajradharma, 18 Vajratīkṣṇa,
19 Vajrahetu, 20 Vajrabhāṣa

North: 21 Amoghasiddhi, 22 Vajrakarma, 23 Vajrarakṣa,
24 Vajrayakṣa, 25 Vajrasandhi

Corners: 26 Vajralāsyā, 27 Vajramālā, 28 Vajragītā, 29 Vajranṛtyā

ENCEINTE

East: 30 Maitreya, 31 Amoghadarśin, 32 Sarvāpāyajaha
33 Sarva-śoka-nirghāta-mati

South: 34 Gandhahasti, 35 Śūraṅgama (Śauraya),
36 Gaganagañja, 37 Jñānaketu

West: 38 Amitaprabha, 39 Candraprabha,
40 Bhadrapāla, 41 Jvālinīprabha

North: 42 Vajragarbha, 43 Akṣayamati, 44 Pratibhānakūṭa
45 Samantabhadra

Corners: 46 Vajradhūpā, 47 Vajrapuṣpā, 48 Vajrālokā, 49 Vajragandhā

Portals: 50 E. Vajrāṅkuśā, 51 S. Vajrapāśā, 52 W. Vajrasphoṭā (chain)
53 N. Vajrāveśā (bell).

1 Four-faced Mahāvairocana (Krom fig. 1, Scheurleer 33) is the main form in the *Nișp.* 44. His mount is a lion. The other four Tathāgatas are also on their respective mounts. In the *Ṅañjuk maṇḍala,* only the Five Tathāgatas have mounts, while in the Gobu the Tathāgatas as well as the surrounding bodhisattvas are on mounts. The Tathāgatas have seven of each mount in the Gobu: thus Vairocana rides seven lions (Gobu p. 54). Krom has illustrated the backslap separately, while Scheurleer shows it fixed to the back of the image. The backslab in the illustration in Krom shows elephants on both sides. He is one of the six ornaments upholding the throne, known in Tibetan as *Khridrug ḥgyogs*: elephant, lion, black antelope (*kṛṣṇasāra*), sea-monster (*makara*) nāga and garuḍa. While elephant symbolises strength, the nāga denotes

wealth. Five animals have been identified by Scheurleer (1988: 34): "On top it features a kāla, behind which the curving handle of the parasol is attached. At each end is a makara head, its mouth opened outwards. Lower down on both sides of the backslab yet another mythical animal is depicted. A vyālaka, a horned lion, stands on the back of an elephant, which appears to be in the act of kneeling".

6. Akṣobhya (Krom fig. 2, 3), identified by his mount the elephant (*Niṣp.* 44, Gobu 56). His right hand in bhūmi-sparśa mudrā and the left resting on the lap with the palm upwards corresponds to the description in the *Niṣp.* Bosch 1929 pl.IIa identified him correctly.

Krom fig. 8 seems to be an Akṣobhya from another series as its measurements are different (pedestal 3. 5, lotus 1.7). It could also have been done as an individual image, without reference to a maṇḍala.

11. Ratnasambhava (Krom fig. 7), is recognisable by his mount the horse. His right hand holds a jewel in varada mudrā while the left rests upright in the lap. The statuette follows the *Niṣp.* 44 literally. It comes from another set, because it measures 12.9 cm while the previous statuette is 15.7 cm. Krom's identification as Ratnapāṇi needs to be changed.

16. Amitābha (Krom fig. 5) is in Samādhi-mudrā. Like no. 6 his image measures 9.7 cm and pertains to the Five Tathāgatas.

21. Amoghasiddhi (Krom fig. 4). Both his hands are broken. His mount is a Garuḍa, which can be seen on Krom fig. 6. The figures 4 and 6 seem to pertain to him.

The sixteen Bodhisattvas (*ṣoḍaśa-bodhisattvāḥ Niṣp.* 46) surrounding the four Tathāgatas can be distinguished by their size and the lack of a pedestal.

7. Vajrasattva (Krom fig. 29) already so recognised by Krom. Gobu 6, E. sot. 412, Snodgrass 2. 604.

Scheurleer (1988: 105) illustrates a silver figure of Vajrasattva on a bronze throne on a richly decorated pedestal, in Nanjuk style. She has rightly pointed out that "the figure is made of silver, a precious metal, ... and the level of abstraction in rendering the attributes, does define this deity as an

Ādibuddha". The figure is thus Vajradhara as an independent deity and not Vajrasattva.

9. Vajrarāga (Krom fig. 15), holds the bow and arrow as in *Nişp.* 44. Gobu 8, Esot. 414, Snodgrass 2. 606.

10. Vajrasādhu (Krom fig. 25), exclaiming *sādhu* "well, well done!" applauding with both hands at the level of the heart (*Nişp.* 44). Gobu 9, Esot. 415, Snodgrass 2. 606.

12. Vajraratna (Krom fig. 32), right hand has a jewel, and the left is in wisdom, fist. The Hizoki says that he holds a jewel in the right hand, but in the Genzu and Toji maṇḍalas he merely makes the gesture of holding the jewel, which is not shown (Snodgrass 1988: 2. 608). Gobu 10, Esot. 417.

14. Vajraketu (Scheurleer 104), 9 cm, not illustrated by Krom. Gobu 12, Esot. 419, Snodgrass 2. 609.

17. Vajradharma (Krom fig. 34), his right hand opens a partially blossomed lotus held in the left (*Nişp.* 45). Gobu 14, Esot. 422, Snodgrass 2.611.

18. Vajratīkṣṇa (Krom fig. 28, Kempers 1959 pl. 169), his right hand holds aloft the sword and the left hand has a manuscript of the *Prajñāpāramitā* (*Nişp.* 45). Gobu 15, Esot. 423, Snodgrass 2. 612.

20. Vajrabhāṣa (Krom fig. 36), his right hand holds a tongue (*Nişp.* 45).Gobu 17, Esot. 425, Snodgrass 2. 613.

22. Vajrakarma (Krom fig. 10), his right hand has a viśvavajra and the left a bell (*Nişp.* 45). Gobu 18, Esot. 427, Snodgrass 2. 615.

23. Vajrarakṣa (Krom fig. 9), his right hand holds a viśvavajra and the left a sword. In Gobu 19 the right hand has a viśvavajra and the left is a wisdom-fist. In the Sūkṣma-maṇḍala Vajrarakṣa wields a sword in the right hand (TZ. 38. 158). Krom's identification as Mañjuśrī needs to be changed. Gobu 19, Esot. 428, Snodgrass 2. 616.

24. Vajrayakṣa (Krom fig. 30) is fearsome by the two tusks projecting from his mouth to subdue evil demons (*Nişp.* 45). The Japanese translate the name Vajrayakṣa as Kongo-ge 'Diamond Tooth' referring to his

sharp fangs (Snodgrass 2. 616). In Gobu 20 he holds the tusk in his right hand, and his alternate name is Vajradaṃṣṭra. Esot. 429.

26. Vajralāsyā (Krom fig. 38, Bosch 1929 pl.IIc) is the only goddess with a smiling face, true to her person. She is the *apsarā* or celestial woman of the joy of love's pleasures who transforms them into the perfect joy of undefiled love (Snodgrass 2. 623). *Lāsya* is a dance representing the emotions of love performed dramatically. This danceform was invented by Pārvatī, as opposed to the *tāṇḍava* of Śiva. The statue seems to hold a long scarf over the hands in allusion to a danceuse offering her upper garment in the gaiety of abandon. Gobu 26, ESot. 431.

27. Vajramālā (Krom fig. 17, 18) holds a necklace of jewels (ratnamālā, *Niṣp.* 46). In fig. 17 she just holds the necklace, but in fig. 18 she is about to put it on her neck. Krom p. 68 identifies the statue as Varuṇa by mistaking the necklace as a serpent. Varuṇa has a serpent noose which is coiled and not straight as in fig. 17. Gobu 27, Esot. 432, Snodgrass 2. 624.

28. *Vajragītā* (Krom fig. 37), already identified by Fontein (1971: 79 pl. 45,151) as *Gītā*. Kempers (1959: 63) uses the vague expression "a musical Tārā from the Vajradhātu-maṇḍala" which needs to be avoided. Gobu 28, Esot. 433, Snodgrass 2. 625. Bosch 1929 pl.IIb identifies her as Tārā with makạra-vīṇā.

29. Vajranṛtyā (Krom fig. 21) is in a vigorous movement of dance, holding a three-pronged vajra in the right hand (*Niṣp.* 46). She is absorbed in the "samādhi of the dance of divine powers" (Snodgrass 2. 626), which is so expressively conveyed by the face of the statuette lost in the mood of her movements. Gobu 29, Esot. 434.

30. Maitreya (Krom fig. 33) as one of the sixteen bodhisattvas. In the Japanese maṇḍala he holds a kuṇḍikā/vase (Esot. 661).

33. Sarva-śoka-nirghāta-mati (Bosch 1929 pl.IIId) holds the branch of an Aśoka tree in his left hand (Snodgrass 2. 664). In Esot. 829 his symbol is the Aśoka branch on a lotus. The deity is not Puṣpā.

34. Gandhahastin (Krom fig. 19) recognisable by the bowl of scent. Gandhagaja or Gandhahastin 'scent-elephant' is an elephant during rut.

The esoteric symbol of the bodhisattva in the samaya-maṇḍala of the Vajradhātu-maṇḍala is a bowl (Esot. 655).

37. Jñānaketu (Krom fig. 11) holds the jewel-pennant in the left hand (Esot. 653).

39. Candraprabha (Krom fig. 13) holds the disc of the moon in the left hand. In the sūkṣma-maṇḍala of the Vajradhātu-maṇḍala he holds the disc of the full moon in the right hand (Esot. 589).

41. Jvālinīprabha (Krom fig. 12), left hand holds the orb of the sun against the shoulder. Krom has identified it as Kṣitigarbha. Esot. 588, Snodgrass 2. 664.

42. Vajragarbha (Krom fig. 35), his hands hold a square formed by four vajras (Esot. 665, Snodgrass 2. 664). In certain representations it gives the semblance of a box-like object, as in our statuette.

46. Vajradhūpā, so identified by Krom fig. 22, Bosch 1929 pl.IIIb, Kempers 1959: pl. 170, Fontein 1971: 80 pl. 47, Gobu 30, Esot. 435, Snodgrass 2. 626.

47. Vajrapuṣpā (Fontein 1971: 81, pl. 49) holds a tray of flowers in both hands, as in the Japanese representation in Gobu 31, Esot. 436, Snodgrass 2. 627. Fontein identifies her as Gandhā (?) which stands revised.

48. Vajrālokā/Vajradīpā (Krom fig. 23, Bosch 1929 pl.IIIc). Krom has already named her Dīpā. Gobu 32, Esot. 437, Snodgrass 2. 628.

49. Vajragandhā (Bosch 1929 pl.IIIa, Kempers 1959: pl. 171 Puṣpa-Tārā, Fontein 1971: 81 fig. 48, 151 Puṣpā). She is spraying perfume from the tray in the left hand. "She holds a dish of powdered incense in the left hand, while the right hand makes the gesture of sprinkling incense" (Snodgrass 2. 629). Gobu 33, Esot. 438.

52. Vajrasphoṭā (Krom fig. 20) holds a chain, as already identified by Fontein 1971: 80 fig. 46. Gobu 36, Esot. 441, Snodgrass 2. 632.

General Observations :

The name of the hamlet where the Ṅañjuk bronzes were found is Candi Rejo, which must have been a prominent Vajrayāna monastery

famous for its exquisite images and as an atelier for the casting of three-dimensional maṇḍalas. The O.J. *arêja* (base *rêja*) means "nice, pretty, handsome, beautiful, attractive" (Zoetmulder 1982: 2. 1530). Its derivative *amaharja, pinahareja* means "to embellish, put in order etc". (Zoetmulder *ibid.*). The elegance of Vajrayāna statues, especially of goddesses, done at this monastery must have provided its name. We have a similar instance in the case of the Nav Bahar monastery in Balkh. The equation "ideal beauty = Buddhist image" was an established fact in the East Iranian world, even when Buddhism had faded away. Early Persian poetry continued to cultivate abstract mental forms poignantly recalling ideals of the grace of Buddhist statues. 'Ayyūqī in his novel entitled *Varqa va Golshah* (Tehran 1956, p. 6) writes of his beautiful heroine that "she was .... a Buddha in a temple full of offerings". Futher on, we find the crescendo in stanzas 2138-2142 where she is addressed as *Bot* (Buddha), then *lo'bat* (statuette), and finally as *nowbahar*, the Buddhist monastery itself which was well known for its graceful statues in Iranian literature (both in the Persian and Arabic languages) upto the time of Yāqūt in the 13th century.

The ateliers of Candi Rejo must have issued several sets of the Vajradhātu-mahāmaṇḍala, being a premier place of their manufacture. The statues discovered so far exhibit certain distinctive features of various sets of maṇḍalas. Krom 1-6 form one set while Krom 7 is from another. Images with a halo (Krom 9, 10, 13, 15, 16, 18, 19, 21, 23, 24) stem from yet a third set. There are individual images, which did not form part of a maṇḍala, like that of Vajrasattva who was adored as Vajradhara the Ādibuddha (Scheurleer 1988: 105).

The discovery of small gold plates inside the pedestals, sometimes with undeciphered inscriptions (Fontein 1971: 151), is a clear indication of the consecration of the images. The inscriptions should bear mantras or even bījas and can provide invaluable help to identify the images, or to confirm the identifications arrived at by their characteristics.

The mudrā of the right hand of statues 7, 12, 13, 22, 23, 24 is the posture of holding the vajra, and statue 7 is actually that of Vajrasattva. A Mongolian statue of Vajrasattva done by Zanabazar (=Sanskrit Jñānavajra) has a charming representation of this mudrā in N. Tsultem, *The Eminent*

Mongolian Sculptor: G. Zanabazar, Ulanbator 1982. It is a gilded bronze, which means that it is a consecrated image. A statue has to be gilded when it is consecrated.

Tārā is a specific goddess, but it has been used as a generic expression for a goddess, as in 'Tārā with makara-vīṇā, Reading Tārā, etc. etc.' As precise Sanskrit designations of all the goddesses from the fundamental tantra *Tattvasaṅgraha, Niṣpanna-yogāvalī,* and other Sanskrit texts are available, the appropriate name of the goddess should be used and Tārā be avoided.

The measurements of the figures in Krom are as follows:

Group	Fig.	Pedestal	cm.
1	1 Mahāvairocana	yes 5. 2	21.5
2	2-6Tathāgatas	yes 3. 7	15.7
3	7Vajrasattva	yes 3. 4	12.9 from another set
4	9-27	no	11.1 (image 9.0, lotus 2.1)
5	28-38	no	9.1 (image 7.8, lotus 1.3)

बौद्ध धर्म की महासांधिक शाखा के महान् आचार्य नेपाली बुद्ध श्री थे जिन्होंने कुछ समय विक्रमशिला विश्वविद्यालय में महासंधि निकाय का प्रचार किया और 'पारमित' तथा 'गुह्यमंत्र यान' के अनेक उपदेश दिये। लांमा तारानाथ ने उन्हें स्वच्छन्दाचारी कहा है।[२४]

नेपाल में 'हेवश्रतंत्र' का भी प्रचलन था जिसे स्वयंभू या आदि बुद्ध कहा जाता था। किन्हीं ग्रन्थों में इसे हेरुक कहा गया है। हेरुक को संसार का रक्षक बताया गया है, और संसार को उसकी लीला कहा गया है।[२५]

नेपाल का सम्बन्ध अनेक बुद्धों, बौद्धाचार्यों से भी रहा है। अशोक के धर्म अभिलेखों में नाभक के नाभ पंतिसं का उल्लेख मिलता है।[२६] फाहियान ने इसे ना–जि–विया लिखा है। इसे क्रकुच्छन्द बुद्ध का जन्म स्थान माना जाता है। यह कपिलवस्तु से १० मील दक्षिण था दक्षिण–पश्चिम में नेपाल में स्थित था।[२७]

अशोक के ही गौण स्तम्भ अभिलेख निगालीसागर में कनक मुनि (बुद्ध) का उल्लेख प्राप्त होता है। कनक मुनि का नेपाल में व्यापक प्रचार था। मौर्य सम्राट ने अपने राज्याभिषेक के १४ वें वर्ष निगालीसागर में स्थित कनक मुनि बुद्ध के मूल स्तूप को दो गुना परिवर्धित करवाया था और उसके ६ वर्ष बाद वह स्वयं उसकी पूजा के लिये गया था।[२८] चीनी यात्री ह्वेनसांग ने सातवीं शताब्दी में निगालीसागर में एक स्तूप देखा था जिसमें कनक मुनि के धातु पुष्प सुरक्षित थे। उसी के सामने यात्री ने २० फीट ऊंचा एक प्रस्तर स्तंभ भी देखा था जिसके शीर्ष भाग पर एक सिंह की मूर्ति बनी हुई थी। स्तंभ पर अभिलेख भी लिखा हुआ था।[२६]

---

२१. एल० एम० जोशी, स्ट० बु० क० इण्डि, पृ० ६

२२. वही, पृ० ६

२३. बौद्ध धर्म के २५०० वर्ष, पृ० ५८

२४. भा० बौ० ध० इति० पृ० १३

२५. डा० लाल मणि जोशी, स्ट० बु० क० इण्डि, पृ० ३६६

२६. अशोक का १३ वां शिलाभिलेख पृ० ६ 'नभक लभितिव'

२७. राय चौधरी, पो० हि० ए० इ० पृ० ३०१

२८. डा० आर० वी० पाण्डेय, हिस्ट० लिट० इन्स० पृ० ४०

२६. द्रष्टव्य, नन्द मौर्य युगीन भारत पृ० २३६–४०

नेपाल में स्थित शाक्य मुनि गौतम बुद्ध की जन्मभूमि लुम्बिनी विश्व की बौद्ध तीर्थ–स्थली बनी हुई है जहाँ सम्राट अशोक द्वारा स्थापित प्रस्तर स्तंभ आज भी यह उदघोष कर रहा है कि शाक्य मुनि बुद्ध यहीं पैदा हुए थे (हिद बुधे जाते शाक्य मुनि ति)[३०] । विश्व के लाखों बौद्ध प्रति वर्ष सद्धर्म यात्रा पर लुम्बिनी आते हैं। नेपाल सरकार ने इसके विकास और विस्तार के लिये विस्तृत योजना तैयार की है।

लामा तारानाथ के अनुसार चतुर्थ शताब्दी के प्रसिद्ध दार्शनिक आचार्य वसुबन्धु अपने सिद्धान्तों के प्रचार के लिये नेपाल गये थे।[३१] सातवीं शताब्दी के बौद्धचार्य शान्तिरक्षित ने ७५ वर्ष की आयु में तिब्बत के राजा ति सोङ दे सेन के निमंत्रण पर तिब्बत जाते समय नेपाल की भी यात्रा की थी और काफी समय वे नेपाल में तथागत के उपदेशों का प्रचार करते रहे थे।[३२]

नेपाल के बौद्ध धर्म के इतिहास में दीपांकर श्री ज्ञान का नाम भी उल्लेखनीय है। वे नेपाल के बाद तिब्बत में सद्धर्म प्रचार के लिये गये थे और वहां के लोगों के अज्ञान और अन्ध–विश्वास को दूर किया था।[३३] उनके शिष्यों में से दो शिष्य फम और थिङ् नेपाल के रहने वाले थे।[३४] क्षान्ति पाल के शासन काल में भारत के बौद्धाचार्य भारत दारिक धर्म प्रचार के लिये नेपाल गये थे। उन्हें प्रसिद्ध बौद्ध–दार्शनिक आर्यदेव का पट्ट शिष्य महासिद्धदारिद माना जाता है।[३५]

पाल राजवंश के अन्तिम शासक गोविन्द पाल के धर्म गुरु शाक्य श्री भद्र का भी नेपाल से घनिष्ट सम्बन्ध रहा है। बारहवीं शताब्दी में जब मुहम्मद बिन बख्तियार–बख्तियार खिलजी का बौद्ध विनाशक हमला हुआ और नालन्दा तथा विक्रम शिला के चित्रों को भस्मसात् कर दिया गया उस समय बंगाल में भी सुरक्षा न देखकर शाक्य श्री भद्र अपने शिष्यों सहित नेपाल चले गये थे।[३६] लामा तारानाथ के अनुसार ओदन्तपुरी महाविहार के आचार्य महारत्न रक्षित भी तुरुष्कों के नर संहार को देखकर नेपाल चले गये थे।[३७] वास्तव में उस समय नेपाल बौद्ध धर्म का संरक्षक देश था।

---

३०. अशोक का सम्मिनदेई गौण स्तंभ अभिलेख पृ० २

३१. भा० बौ० ध० इ० पृ० ७० बौद्ध धर्म के २५०० वर्ष पृ० ५८

३२. बौद्ध धर्म और विहार, पृ० २११ण भिक्षु शान्ति रक्षित का जन्म ६५० ई० में बिहार प्रदेश के भागलपुर जिले के सहीर ग्राम में हुआ था। ६७५ ई० में नालन्दा में आचार्य ज्ञान गर्भ से दीक्षा ग्रहण की और वहीं उनकी शिक्षा–दीक्षा भी हुई।

३३. लामा तारानाथ, भा० बौ० ध० इ० पृ० १२०

३४. वही, पृ० १३१ दीपांकर श्री ज्ञान विक्रम शिला विश्वविद्यालय के विहाराचार्य थे। वे बंगाल के शासक मयपाल के पुत्र नयपाल के समकालीन थे। नेपाल यात्रा के समय दीपांकर श्री ज्ञान ने शासक नयपाल के नाम एक पत्र भेजा था जिसका उल्लेख लामा तारानाथ ने किया है।

३५. भा० बौ० ध० इ० पृ० १३१

३६. बौद्ध धर्म और विहार, पृ० २२६ शाक्य श्री भद्र का जन्म ११२७ ई० कश्मीर में हुआ था। उनकी शिक्षा–दीक्षा बोधगया, नालन्दा तथा विक्रम शिला में हुई थी। बंगाल के पाल वंशी अन्तिम शासक गोविन्दपाल के धर्मगुरु तथा विक्रमशिला के सम्भवतः अन्तिम आचार्य थे।

३७. भा० बौ० ध० इ० पृ० १३४

बौद्ध भिक्षुओं के अलावा नेपाल को बौद्ध भिक्षुओं को जन्म देने का भी गौरव प्राप्त है। नेपाली बौद्ध भिक्षुणियों में हरित तारा को देवी के रूप में सम्मान प्राप्त है। यह हरित तारा नेपाल के राजा अंशु वर्मन की राजकुमारी थी जिसका विवाह तिब्बत के राजा स्बोन–शात–ग्राम–जो के साथ हुआ था। तारा अपने साथ नेपाल से भगवान बुद्ध अक्षोभ्य की एक मूर्ति तिब्बत ले गई थीं जिसे राजा ने राजधानी ल्हासा में बुद्ध विहार बनवा कर स्थापित करवाया था।[३८]

उपर्युक्त सर्वेक्षण से यह स्पष्टतः सिद्ध हो जाता है कि नेपाल में प्राचीन काल से ही बौद्ध धर्म का विशेष सम्मान रहा है। राजा और प्रजा दोनों ही बौद्ध धर्मावलम्बी रहे हैं और उसके प्रचार–प्रसार में योगदान करते रहे हैं। मुसलमानों के संहारक हमले के समय सुरक्षा के लिये पूर्वोत्तर भारत के बौद्ध भिक्षुओं ने नेपाल को अपना शरण देश चुना था। नेपाल के पुरातात्त्विक प्रमाण भी यही बताते हैं कि वहाँ बौद्ध धर्म का व्यापक प्रचार था।

□□□

३८. डा० अनुकूलचन्द्र बनर्जी, बुद्धिज्म इन इण्डिया एण्ड एब्रॉड, पृ० २२२

SOCIAL MILIEU OF EARLY BUDDHIST ART IN INDIA

(From c. 200 B.C. to early centuries of Christian era)

Dr. SANDHYA MUKERJEE

Allahabad

The social milieu of India as depicted in early Buddhist art presents a queer scenario. Heterogeneous traditions, beliefs and practices of tribal, rural and of other miscellaneous origin were creating a baffling problem. Naturally there was an urgent need for a religion that was'*bahujaññā* and could bring a social harmony by blending and incorporating the disharmonious elements. And the solution came in the form of Buddhism, in which, as a veteran scholar of Buddhism has observed, 'man's religious faith expresses itself in harmony with his cultural environment'.[1]

The contemporaneous socio-economic life was in a state of flux. Agrarian economy had already entered a new phase of development with the accelerated production of tools in the second phase of iron age. Expansion of towns and increased demands in urban centres for essential commodities of life gave a boost to the artisans and craftsmen. As their number and technical knowhow increased they organised themselves in guilds. From literary texts, both *Pāli* and early *Dharma Sūtras* we get an idea about different functional groups having personal involvement in the sphere of their activities. Many such functional groups had organised themselves in guilds. Such guilds with their 'tribe like organisation' helped their 'kinship groups' to gain proficiency in the inherited skill in their respective spheres. In early epigraphic records we come across names of some such jobs as stone carving (*Śailarūpakarma*)[2], r*avakāmikau, Dantakāras* or carvers of ivory had already organised themselves as a localized trade by second century B.C. and we hear of *Vediśaka* workers in

---

1. G.C. Pande, *Studies in the origin of Buddhism*, p. 318, Allahabad, 1957.
2. Luders List No. 1045.

ivory who were adept in stone carving as well. Thus the *rūpakarma* or carving of the top architrave of the south gate of Stūpa I at Sāñchī was done by the workers in ivory coming from Vidiśā, it being the gift of *Ānanda*, the foreman of the artisans (āvesin).[3]

Wood carvers were also carrying their brisk business in their own specific areas. We thus hear of *Vaḍḍhakīgāma*, village of carpenters, with five hundred carpenters living and working in their sphere of activity.[4] Many such professions which were still denied the social recognition for which they were craving, find mention in early texts. Buddhism which has been described as the 'most social of religions'[5] brought in its wake a message of social harmony and equilibrium in the form of a people's religion. Thus the most enthusiastic support and patronage for the propagation of Buddhism through art came from the people themselves.

Appearance of early Buddhist art was, therefore, significantly a social phenomenon. It was a product of the collective and integrated activity of the people to popularize a faith which carried messages of the people to the people. The donors and active participants mentioned in the epigraphic records of the sculpted panels of Bhārhut, Sāñchī, Bodhgayā and other places, refer to persons coming from different strata of society like masons and weavers,[6] labourers, potters, ivory workers, families both royal and ordinary,[7] monks and nuns,[8] local kings and queens etc. All of them contributed and participated in monumental art activity which actually projected along with edifying themes the social attitudes and aptitudes of people at large. Thus followers and supporters of the faith, whether rich or poor joined in the collective work and contribute their shares---rich with covetuous donations and poor came handy with their labour and skill.[9]

---

3. Insc. No. 398, J. Marshall, *Monuments of Sanchi,* I, 342.
4. *Alinacitta Jātaka,* II. 18.
5. D.D. Kosambi, *The Culture and Civilization of Ancient India,* p. 106, New Delhi, 1976.
6. Luders List, 331.
7. *Bharhut pillar inscription,* Luder's List No. 725.
8. *Ibid.,* Luder's List No. 772.
9. See, Devala Mitra, *Buddhist Monuments,* p. 11, Calcutta, 1971.

Another important feature which is noticeable in the sculpted panels of early Buddhist monument distributed over a wide geographical range, is the close affinity of style, technique, art idiom, motifs and themes. Such affinity naturally draws our attention to the question of mobility of skilled artisans. Such artisans and craftsmen, whether they belonged to ivory workers group or stone cutters job or that of wood carvers or gold-smiths professions, were collected and commissioned for work in different places according to need and demand of the assignment undertaken. Intricately beautiful designs of jwellery worn by *Yakṣiṇīs* and *Vṛkṣiṇīs* portrayed in the sculpted panels of Bhārhut, Sāñchī, Kośāmbī and other places thus show the workmanship of skilled jewellers. While the flat low and two dimensional figural sculptures, both in graceful and rigid forms, from technique point of view betray a close affinity with wood carvers art. Again the linear composition, the close knit style and technique found in the depiction of *Chhadanta Jātaka* as portrayed on the top architrave of the south gateway at Sāñchī, throw light on the ivory workers skill and mastery in rendering the scenic details of the story.

Popularity of stone as a medium of art expression subsequently brought radical changes in the domain of art as well as social sphere. With increased demands for structural edifices, the craftwise crystallization and specialization also became specific. We thus find special references to *śailarūpākāras*[10] and *śailavarḍḍhakī.*[11] The types of Buddhist edifices already mentioned in the Pāli texts came broadly under two heads - the *stūpa* and *Vihāras*. The *stūpas* which nucleated from relics mounds, were object of worship while *Vihāras* served as monk establishments. In the Vinaya[12] five types of *leṇa* or *layaṇās* (*śayanāsanas*) are mentioned. *Leṇa* which originally were five structural types survived in two typical forms, *Vihāra* and *Guha.*[13] Specialization in stone masonry was a substantial cause for boosting early Buddhist art activity in India.

Buddhist structural and sculptural activities took another new turn with the expansion of trade and commerce. First lay converts of Buddhism, as has

---

10. *Luder's List*, 1045.
11. Luder's List, 350; E.I. XX, p. 22.
12. *Cullavagga*, p. 239.
13. S.K. Dutta, *Buddhist Monks and Monastaries in India*, p. 23, London, 1962.

India especially with Rome the socio-economic milieu of the country took another new turn. Romans traded with India on a bigger scale after the monsoon route from Egypt to India came to be freely used about the middle of first century A.D. Augustus, the Roman Emperor, had also opened the way to Greek merchants who traded with India. Strabo[23] informs us that as many as 1200 ships sailed from the ports of Red Sea to North East Africa and India. In the course of such trading facilities a good number of foreign traders settled in the country.

We have both literary and epigraphic records regarding foreign trading settlements in the country. Thus reference to foreign trading posts is found in Ancient Tamil literature[24] as well as in an inscription at Nāgārjunakoṇḍā[25]. Infiltration of sophisticated art technique and idiom thus came as natural consequences of foreign contacts. To quote M.N. Deshpande[26] the picture of India at the turn of Christian era would not be complete without accounting for all these alien influences. Socio-economic conditions which gave special impetus to art activity in Veṇgi region, acted as motive force behind the Mathura school in the North as well. Mathura was a flourishing commercial centre and a meeting point of trade routes coming from far and wide. Being a prosperous and flourishing city, it also became a prolific centre of art, supported and patronized by mercantile community who had special predication for Buddhism. Buddhist monks themselves, who were sufficiently affluent by now, also played the role of direct patrons and propagators of Buddhist art. Though the history of Mathura School can be traced back as early as 2nd century B.C. its real affluence synchronized with the Kushāṇa rule in India.

Society as depicted in the relief carvings of Mathura workshop during its heyday, is characterised by earth bound yet refined taste of town elites. These town elites, *Nāgarakas* or the so called 'man about town' represented the intelligensia of the new social set up. These *Nāgarakas* with their joie-de-vivre attitude towards life became the patron of a new art movement in Mathura. And

---

23. Strabo, *Geography*, II, 118, 686, XVII, 798, 815.

24. *Ibid.*

25. Mukerji, *I.H.Q.*, XXV, 2, p, 147, *On Nagarjunakonda* Inscription.

26. M.N. Deshpande, *Houtie me Congress International D' Archaeologic Classique,* p. 39, Paris, 1963.

as D. Desai[27] has observed erotic themes received more romantic aura in the art of Mathura. Scenes taken from literary works[28] coupled with '*madhupāna*'[29] scenes and representation of voluptous beauties shown in various *krīḍā vihāra* postures as well as in lyrically beautiful forms offer a feast for the eyes of the beholder.

Besides depiction of various themes and motifs of mundane interests Mathura workshop created a history in Buddhist art by producing the cult images of the Buddha in various conventionalized forms and *mudrās.* Some of these images were dedicated by the Buddhist friars or monks who also donated pillars and other adjuncts of Buddhist establishments. Subsequently such establishments became very prosperous through their own active participation in commercial activities.

Contemporaneous school of Gandhāra had different problems. The socio-cultural contradictions which emerged in the realm obtained a peculiar character due to inter-mixtures of various nomadic hordes at different levels of culture. The scramble for power which ultimately paved the way for the establishment of the Kushāṇa rule in the reign had its far reaching impact on art and religion. The Indo-Scythians had their 'acquaintance with the arts of the Parthia and Rome'[30]. The commercial and diplomatic contacts of the Kushāṇas and Rome can be ascertained from periplus and Plotomy's Geography. Infiltration of alien themes and artefacts was a natural sequence of such contacts. Rowland thinks that there remains also the 'question of probable presence of Greeco-Roman artists in Gandhāra'.[31] Mahāyāna Buddhism which officially commenced with the Fourth Buddhist Council held under the patronage of the Kushāṇas, gave new dimension to Buddhist art activity in the region. Mahāyāna with its extended pantheon of Gods and Goddesses of diverse origin along with interesting ancedotes woven round some of them enhanced the popular appeal of

---

27. D. Desai, *Erotic Sculptures of India*, p. 22, New Delhi, 1975.
28. V.S. Agrawala, *J.I.S.O.A.*, Vol. VI, pl. XX-3, Archaeological Museum of Mathura, No. 372.
29. Archaeological Museum of Mathura, p. 79.
30. Co *Dynastic Arts of the Kushanas* - J.M. Rosenfied, 1967 (See foreword by B. Rowland, P. VII).
31. *Ibid.*

the religion and attracted the notices of rich and powerful patrons, coming from different parts of the globe. Yavana settlers of the region had already shown their special predilection for Buddhism by bestowing large endowments on Buddhist establishments. Buddhist art received fresh and invigorating stimulas when the Roman traders were welcomed by the Kushāṇas as they reached Kabul to avoid heavy toll on silk trade levied by the Parthians.[32] In the hybrid atmosphere Buddhist art developed an art idiom which borrowed motifs, forms and technique from Graeco Roman or Western Aisatic sources. Even the Buddha images show clear foreign linkage in their atheletic forms, sharp features and immaculate appearacne. Artists and patrons of Gandhāra School thus belonged to a social milieu which though surcharged with Buddhist atmosphere had their roots and linkage in alien source.

□□□

32. R. Turner, *The Great Cultural Traditions*, Vol. II, p. 912, London, 1941.

दक्षिण कोसल (छत्तीसगढ़) क्षेत्र में बौद्ध-धर्म

डॉ० कृष्णकुमार त्रिपाठी

सागर

ईसवी पूर्व छठीं शती का समय भारतीय इतिहास में बहुत महत्त्वपूर्ण माना जाता है। महात्मा गौतमबुद्ध और महावीर ने धर्म–दर्शन के क्षेत्र में कतिपय नई दिशायें दीं। बौद्ध एवं जैन–धर्मों का प्रभाव न केवल धार्मिक क्षेत्र में पड़ा, अपितु कला के विविध क्षेत्रों पर भी उनका प्रभाव पड़ा । बौद्ध स्तूपों का निर्माण गौतम बुद्ध के महापरिनिर्वाण के पश्चात् प्रारम्भ हुआ। ये स्तूप, बुद्ध तथा उनके प्रमुख शिष्यों के अवशेषों पर निर्मित हुए। मौर्य सम्राट् अशोक तथा कुषाण सम्राट् कनिष्क के समय में स्तूपों, चैत्यों, संघारामों और मूर्तियों का निर्माण बड़े रूप में सम्पन्न हुआ। शासकों के अतिरिक्त व्यावसायिक और साधारण–जनों ने भी उनके निर्माण में प्रभूत योग दिया[१]।

मध्यप्रदेश में साँची, विदिशा, भरहुत, तुमैन के अतिरिक्त कतिपय अन्य कला केन्द्रों में बुद्ध की प्रतिमायें, स्तूप, चैत्य, विहार आदि के प्रचुर अवशेष प्राप्त हुए हैं। उत्तर भारत में मथुरा, सारनाथ, बोधगया, वैशाली आदि महत्त्वपूर्ण कला केन्द्र थे। यहाँ कनिष्क के शासनकाल (७८–१०१ ई०) के प्रारम्भ से बोधिसत्त्व और बुद्ध की बहुसंख्यक प्रतिमाओं का निर्माण होने लगा था। ये मूर्तियां दो प्रकार की मिली हैं– १ स्थानक (खड़ी हुई) तथा २ आसनस्थ (पद्मासन पर बैठी हुई)। ज्ञान या संबोधि–प्राप्ति के पहले बुद्ध की संज्ञा "बोधिसत्त्व" थी और उसके पश्चात् बुद्ध हुई। बोधिसत्त्व को मुकुट, ग्रैवेयक आदि विविध आभूषणों से अलंकृत राजवेश में दिखाया जाता है, पर बुद्ध को इनसे रहित केवल वस्त्र (चीवर) धारण किए हुए। बुद्ध के सिर पर जटाजूट (उष्णीश) रहता है, जो उनके बुद्धत्त्व या ज्ञान सम्पन्नता का सूचक है। गौतम बुद्ध के पहले अनेक बुद्धों के होने की कल्पना बौद्ध मत में है। भगवान् बुद्ध के पूर्व जन्म की कथाएँ "जातक" कहलाती हैं। इन कथानकों के अनुसार गौतम के रूप में जन्म लेने के पूर्व बुद्ध अनेक योनियों में बिचरे थे। भरहुत, साँची, बोधगया, गान्धार, मथुरा, अमरावती, सारनाथ, तुमैन (जिला गुना), मल्हार आदि की कला में जातक कथानकों को पाषाण–कला के माध्यम से स्थापित किया गया है[२]।

---

१. नलिनाक्ष दत्त तथा कृष्णदत्त बाजपेयी : उत्तरप्रदेश में बौद्ध–धर्म का विकास

२. कृष्णदत्त बाजपेयी, : भारतीय कला को बौद्ध–धर्म का योगदान, यू.जी.सी. अखिल भारतीय बौद्ध–धर्म संगोष्ठी, दर्शन–विभाग, सागर विश्वविद्यालय,सागर (पठित शोध–पत्र,)

दक्षिण कोसल (छत्तीसगढ़) के प्रमुख कला केन्द्र सिरपुर, जिला रायपुर के उत्खनन से दुर्लभ बौद्ध–प्रतिमाएँ, चैत्य तथा विहारों के अवशेष प्रकाश में आए हैं, जो आठवीं शती से लेकर बारहवीं शती के मध्य में हैं। इसी प्रकार बिलासपुर जिले में स्थित मल्हार तथा उसके आसपास के भू–भाग में बौद्ध–प्रतिमाओं तथा चैत्य–विहारों का प्रचुर निर्माण हुआ। ये सभी बौद्ध–कलावशेष ईसवी सातवीं शती से दसवीं शती के मध्य के हैं। इस काल की प्रमुख बौद्ध–प्रतिमाओं में बुद्ध, बोधिसत्त्व, तारा, मंजु हेवज्र आदि अनेक देवी–देवताओं की प्रतिमायें बनीं। बस्तर (जगदलपुर) क्षेत्र के सर्वेक्षण[३] से केशकाल के समीप गुबरहिन (गढ़धनौरा) ग्राम में दो बौद्ध–स्तूपों की खोज की गयी है। मध्यप्रदेश शासन के पुरातत्त्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा इन स्तूपों की सफाई तथा संरक्षण का कार्य कराया जा रहा है। भोंगापाल में बड़े आकार की पकी ईटों से निर्मित बौद्ध–स्तूप के अवशेष विद्यमान हैं। इस बड़े स्तूप के आसपास कई अन्य छोटे आकार के स्तूप भी रहे हैं।

भोंगापाल में ध्यानस्थ बुद्ध की प्रतिमा भी मिली है। मूर्तिकला की दृष्टि से बुद्ध की विवेच्य प्रतिमा गुप्तोत्तरकालीन कला से साम्य रखती है। पकी ईटों से निर्मित चैत्य–विहारों के अवशेष बस्तर के समीप जैतगिरि में देखने को मिलते हैं। गुबरहिन, भोंगापाल तथा जैतगिरि के बौद्ध–कलावशेषों से ज्ञात होता है कि सुदूर बस्तर क्षेत्र में बौद्ध–मत का प्रसार गुप्तकाल अथवा परवर्ती गुप्तकाल में हो गया था। रायपुर नगर से उत्तर–पूर्व लगभग ५५ कि.मी. दूर महानदी के दाहिने तट पर सिरपुर (श्रीपुर) गाँव बसा हुआ है। यह महासमुद्र तहसील के अन्तर्गत आता है। डॉ० मोरेश्वर गंगाधर दीक्षित[४] ने सिरपुर में १९५३ से ५६ तक उत्खनन कार्य कराया था। यहाँ के टीलों के उत्खनन से बौद्ध–विहार, चैत्य, स्तूप, पाषाण और धातु की बौद्ध–प्रतिमाएँ तथा दैनिक उपयोग की अन्य पुरा–वस्तुएँ प्राप्त हुई हैं। बौद्ध–विहारों की सुविस्तृत रूपरेखा से ज्ञात होता है कि यहाँ विकसित योजना के आधार पर निर्माण–कार्य कराया गया। यहीं से बुद्ध की विशालकाय प्रतिमा भी मिली थी, जो भूमि स्पर्श मुद्रा में है। बौद्ध–धर्म से सम्बन्धित मैत्रेय, अवलोकितेश्वर, बोधिसत्त्व, स्वर्णादित्य आदि की प्रतिमायें प्रमुख हैं। सिरपुर के उत्खनन से भूमिस्पर्श तथा वरदमुद्रा में बुद्ध–प्रतिमायें, पद्मासन में आसीन बुद्ध, धर्ममक्र प्रवर्तन मुद्रा सहित बुद्ध, वज्रपाणि, तारा और अवलोकितेश्वर के साथ बौद्ध मंजु, तारा, आदि प्रतिमायें उल्लेखनीय हैं, जो अब महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय, रायपुर में संरक्षित हैं। ये सभी बौद्ध–कलावशेष ईसवी आठवीं शती से लेकर ईसवी बारहवीं शती के मध्य के हैं। पकी मिट्टी से निर्मित मृण्मुद्राओं में द्वादशभुज अवलोकितेश्वर, भूमि–स्पर्श मुद्रा में आसीन बुद्ध की प्रतिमायें कलात्मक हैं[५]।

---

३. विवेकदत्त झा, : उत्तरी बस्तर–क्षेत्र का सर्वेक्षण–प्रतिवेदन (१९८४–८५ तथा ८५–८६) प्रा. भारतीय इतिहास, संस्कृति तथा पुरातत्त्व विभाग, विश्वविद्यालय, सागर

४. इण्डियन आर्केलाजी–ए रिव्यू १९५३–५४ पृ. १२ चित्र १० बी. डी. (नई दिल्ली), वही, १९५४–५५, पृ. २४–२६,चित्र ४८–४९ तथा चित्र ६. वही, १९५५–५६,पृ.२६–२७.एस. एल. कटारे, एक्सवेशन्स ऐट सरपुरः इ.हि. क्वा. भाग ३५,अंक १, मार्च,१९३५; प्रगति (म.प्र. शासन) जनवरी–फरवरी, १९५६, पृ. १२; **शुक्ल अभिनन्दन ग्रन्थ**, पृ.१८४–१९१; मध्यप्रदेश के पुरातत्त्व का सन्दर्भ ग्रन्थ, हि.ग्र. अकादमी (भोपाल), १९७४, पृ. ६४१–६४३

५. बालचन्द्र जैन, : महन्त घासीदास स्मारक संग्रहालय सूचीपत्र, भाग २ (पाषाण–प्रतिमायें) पृ. १. से ४; चित्रफलक १ तथा २ (रायपुर, १९६०); **वही, : पुरातत्त्व उपविभाग प्रदर्शिका**, पृ० २८–३० चित्रफलक ४,६,१२ तथा १५ (रायपुर)

सिरपुर तथा आरंग से प्राप्त प्रस्तर तथा धातु की बौद्ध-मूर्तियां असाधारण कलात्मक शैली के कारण अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। ऐसी सम्भावना व्यक्त की गयी है कि इन मूर्तियों की निर्माण–कला "नालंदा कला–शैली" से प्रभावित रही है।[६]

भवदेव रणकेसरी के शिलालेख[७] से ज्ञात होता है कि भांदक में पाण्डुवंश के पहले सूर्यघोष नाम के शासक ने अपने पुत्र की स्मृति में शाक्यमुनि बुद्ध के एक मन्दिर का निर्माण कराया था। उस मन्दिर का जीर्णोद्धार भवदेव रणकेसरी ने कराया था। इस शिलालेख में बुद्ध के जिन, तायी और सुगत आदि नामों का उल्लेख है। मिराशी जी ने इस शिलालेख का प्राप्ति–स्थल आरंग (रायपुर) माना है। महाशिवगुप्त बालार्जुन (ईसवी ५६५–६५५ तक) के मल्हार सें प्राप्त ताम्रपत्र लेख[८] में बौद्धसंघ को कैलाशपुर (वर्तमान केसला) नामक ग्राम बिहारिका मठ के लिए दान में देने का उल्लेख है। इसी राजा के समय में उसकी राजधानी श्रीपुर (सिरपुर) में अनेक बौद्ध विहारों का निर्माण हुआ। बौद्ध–मन्दिरों, विहारों तथा बौद्ध–भिक्षुओं का उल्लेख करने वाले शिलालेख सिरपुर में मिले हैं। सिरपुर–उत्खनन से प्राप्त १४ पंक्तियों का लेख[९] उल्लेखनीय है, जिसमें आनन्दप्रभु नामक एक भिक्षु द्वारा महाशिवगुप्त के शासनकाल में एक बौद्ध–मठ बनवाने का उल्लेख है। राजा ने मठ में निवास करने वाले भिक्षुओं के भोजन आदि के लिये एक सत्र की व्यवस्था की थी।

कोनी (बिलासपुर) के शिलालेख में उल्लेख मिलता है कि उसके रचनाकार कोशल को बौद्ध त्रिरत्न–बुद्ध, धर्म और संघ की जानकारी थी और उसने बुद्ध के आगम–ग्रन्थों का अध्ययन किया था।[१०] मल्हार (जिला बिलासपुर) से प्राकृत भाषा में एक स्मृतिस्तम्भ लेख सन् १९८० के आसपास तत्कालीन रजिस्ट्रेशन अधिकारी, श्री आनन्द कुमार रिसबुड को प्राप्त हुआ था। डॉ० भास्करनाथ मिश्र[११] (भोपाल) ने इस स्मृति–स्तम्भलेख का अभिज्ञान इस प्रकार किया है:

पंक्ति – १. रधिक (म) स उपझायं
पंक्ति – २. धाकलतस मझिमस
पंक्ति – ३. णिकस नणकस
पंक्ति – ४. इसिनाग चि (तम्)

---

६. वही, सूचीपत्र, भाग–३ (धातु–प्रतिमायें) पृ. १ से ८ तक चित्रफलकं २ से ७ तक १०.

७. बालचन्द्रजैन, : **उत्कीर्ण- लेख,** (सूचीपत्र भाग–६) पृ. २८ से ३६ तथा ३७,३८ आदि, रायपुर, १९६१; **एपिग्राफिया इण्डिका,** जिल्द २३, पृ. ११६–१७ और जिल्द २६, पृ. २२७.

८. व्ही.व्ही.,मिराशी, तथा लोचनप्रसाद पाण्डेय, **एपिग्राफिया इण्डिका,** जिल्द, २३, पृ. १३३ इत्यादि; **उत्कीर्ण- लेख,** पृ. ४४–४८ तथा चित्रफलक २१, २२ और २३ (क).

९. वही, : **एपिग्राफिया इण्डिका,** जिल्द २३, पृ. ११३; जिल्द ३१, पृ. १९७–९८ ; **शुक्ल अभिनन्दन ग्रन्थ,** पृ. १८६–१८६; **प्राचीन छत्तीसगढ़,** पृ.६०–६१ तथा २०५ (रायपुर १९७३).

१०. प्यारेलाल गुप्त, **प्राचीन छत्तीसगढ़,** पृ. २१०११.

११. भास्करनाथ मिश्र, : ए नोट ऑन दि सो काल्ड बुद्धिस्ट इनिस्क्रप्शन ऑन दि स्टोन स्लैब फ्राम मल्हार, **प्राच्य–प्रतिभा,** अंक १२ (भाग १ तथा २) पृ. ११५–१८ (भोपाल, १९८४).

यहाँ बौद्ध आचार्य रधिक (उपाध्याय) के अतिरिक्त पाँच बौद्ध–शिष्यों–धाकलत, मझिम, णिक, नणक, इसिनाग – का नामोल्लेख इस क्षेत्र में सद्धर्म की प्राचीनता की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। लिपि के आधार पर इस स्मृति–स्तम्भलेख का समय ईसवी प्रथम–द्वितीय शती का माना गया है। यह स्मृति–लेख बौद्ध आचार्य सहित उसके पाँच शिष्यों (भिक्षुओं) के कायिक अवशेषों के ऊपर स्मृति–स्वरूप स्थापित किया गया प्रतीत होता है।

परंतु डॉ० श्यामकुमार पाण्डेय (सागर) इस स्मृति फलक का अभिज्ञान करते हुए इसे बौद्ध--मत के स्थान पर हिन्दू–मत से संबंधित मानते हैं और कालक्रम की दृष्टि से इसे ईसवी प्रथम शती के अंतिम चरण का निरूपित करते हैं।

चीनी यात्री ह्वेनसांग के विवरण से ज्ञात होता है कि दक्षिण–कोशल की राजधानी में मौर्य सम्राट् अशोक के द्वारा निर्मित एक प्राचीन स्तूप था, जिससे जुड़े हुए संघाराम में नागार्जुन बोधिसत्त्व निवास करते थे। उस समय सातवाह अथवा सद्वाह नाम का राजा शासन करता था और वह नागार्जुन का भक्त था। यहीं सिंहल से आये हुए देव बोधिसत्त्व ने नागार्जुन के दर्शन किये थे। सातवाहन राजा ने नागार्जुन के लिए एक संघाराम का निर्माण कराया था।[१२] नागार्जुन के कारण सुदूर चीन तथा सिंहल द्वीप में भी कोशल का नाम विख्यात था। चीनी भाषा में इनके ग्रन्थों का अनुवाद भी किया गया था। चीन प्रवासी कुमार जीव नामक विद्वान् ने नागार्जुन के संस्कृत जीवनचरित का अनुवाद चीनी भाषा में ईसवी ४०५ में किया था। नागपुर के निकट स्थित "रामटेक पहाड़ी की नागार्जुन गुफा" इस महायान बौद्ध--सम्प्रदाय के विख्यात् विद्वान् का स्मरण दिलाती है।[१३]

मल्हार ग्राम (जिला बिलासपुर) के स्थानीय संग्रहालय में जैतपुर ग्राम तथा आसपास के क्षेत्रों से एकत्रित की गई बौद्ध–प्रतिमाएँ, बौद्ध जन्म--सम्बन्धी कथानक--फलक, जातक कथानक–स्तम्भों तथा अन्य शिल्पावशेषों का प्रचुर संग्रह है। विवेच्य क्षेत्र में वैदिक मत (शैव, वैष्णव तथा शाक्त) के साथ–साथ बौद्ध तथ जैन मतों का प्रचुर विकास देखने को मिलता है, जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि हिन्दू–धर्म ने बुद्ध को आत्मसात् करके उन्हें विष्णु का एक अवतार माना। दूसरी ओर बौद्धों ने बोधिसत्त्व अवलोकितेश्वर का समीकरण हिन्दू देवताओं ब्रह्मा, इन्द्र और शिव – के साथ किया।[१४] प्रसंगवश उल्लेखनीय है कि बौद्धों पर ब्राह्मण विचारधारा के प्रभाव को डॉ० राधाकुमुद मुकर्जी भी स्वीकार करते हैं।[१५]

---

१२. गोविन्दचंन्द्र पाण्डेय : **बौद्ध-धर्म के विकास का इतिहास**, पृ. ३६६ (हिन्दी समिति, सूचना विभाग, लखनऊ)१६७६ (वाटर्स, जिल्द २, पृ. २००–२०६).

१३. **शुक्ल अभिनन्दन ग्रन्थ**, इतिहास खण्ड, पृ. १५,१६५५; प्राचीन छत्तीसगढ़, पृ. ४७–४८ (रायपुर, १६७३).

१४. विण्टरनिट्ज : **ए हिस्ट्री ऑफ इण्डियन लिटरेचर**, पृ. ८–३० ; राजेन्द्र विहारी पाण्डेय, : प्रारम्भिक बौद्ध-- धर्म तथा ब्राह्मण–धर्म, **बुलेटिन ऑफ ऐंश्येंट इण्डियन हिस्ट्री एण्ड आर्केलॉजी**, अंक १, पृ. ८६–६६ (सागर विश्वविद्यालय, १६६७).

१५. राधाकुमुद मुकर्जी : **हिन्दू-सभ्यता**, पृ. २५१.

प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति तथा पुरातत्त्व विभाग, सागर विश्वविद्यालय द्वारा प्रोफेसर के.डी. बाजपेयी के निर्देशन में मल्हार में वर्ष १६७५ से १६७७ तक कराये गये उत्खननों में बौद्ध–प्रतिमायें, चैत्य तथा विहारों के प्रचुर अवशेष प्राप्त हुए हैं।[१६] उत्खनन से प्राप्त विविध कालों से सम्बन्धित पुरा वस्तुओं, अभिलेखीय तथा साहित्यिक साक्ष्यों के आधार पर मल्हार के सांस्कृतिक कालक्रम को निम्नांकित पाँच भागों में बाँटा गया है :

प्रथमकाल : ईसा पूर्व लगभग १००० से मौर्यकाल के पूर्व तक.

द्वितीयकाल : मौर्य–सातवाहन–कुषाणकाल (ईसवी पूर्व ३२५ से ईसवी ३०० तक).

तृतीयकाल : शरभपुरीय तथा सोमवंशी काल (ईसवी ३०० से ईसवी ६५० तक).

चतुर्थकाल : परवर्ती सोमवंशी काल (ईस्वी ६५० से ईसवी १०० तक).

पंचमकाल : कलचुरि काल (ईसवी १०० से ईसवी १३०० तक).

मल्हार उत्खनन खदान संख्या–४ में एक बौद्ध–मन्दिर मिला है, जिसमें पकी ईटों से निर्मित एक ऊंचे चबूतरे के मध्य भाग में "हेवज्र" की प्रतिमा स्थापित है। इस मन्दिर के चारों ओर विशाल पत्थरों से निर्मित "प्रदक्षिणापथ" तथा बौद्ध–भिक्षुओं के सुविधापूर्ण आवास के लिये विहार आदि के अवशेष भी उत्खनन में मिले हैं। इस मन्दिर का बाह्य भाग सुदृढ़ बड़े पत्थरों की चौड़ी दीवालों से आवृत्त मिला है। इसी खदान के समकालीन स्तर से एक अण्डाकार पकी मिट्टी की मुहर मिली है, जिसके ऊपर तीन ओर "श्री कल्याणार्चिय" लेख खुदा है। लिपि के आधार पर यह मृण्मुद्रा लगभग ई. सातवीं शती की प्रतीत होती है। इसका निर्माण धार्मिक उपयोग के लिए किया गया होगा, जिसे बौद्ध–धर्मानुयायी गले में धारण करते रहे होंगे। इसके मध्य भाग में छेद है, जिसके अन्दर धागा पिरोकर आसानी से पहना जा सकता है।

मल्हार ग्राम से उत्तर की ओर जैतपुर (प्राचीन जयतिपुर या चौत्यपुर) नामक ग्राम के समीप एक खेत से बोधिसत्त्व की पाषाण प्रतिमा एक कृषक को प्राप्त हुई थी, जो सम्प्रति मल्हार के स्थानीय संग्रहालय में सुरक्षित है। उपरोक्त स्थल के समीप एक ऊंचे टीले पर उत्खनन–कार्य कराया गया था। यहाँ पर ११ मी. लंबी तथा ११ मी. चौड़ी खदान लगायी गई, जिसे खदान संख्या – ६ की संज्ञा दी गई। इस खदान के उत्खनन से बौद्ध–मंत्रों से युक्त बहुसंख्यक पकी मिट्टी की मुहरें प्राप्त हुई हैं, जिनमें क्रमशः पाँच, सात तथा नौ पंक्तियों में बाद्ध–मंत्र अंकित हैं, ये सभी मुहरें गोलाकार तथा कतिपय अण्डाकार हैं। इन बौद्ध–मंत्रों से युक्त मुहरों का उपयोग बौद्ध–धर्मानुयायियों द्वारा पूजा–अर्चना के लिये किया जाता था। इसी खदान के मध्य भाग में ६.६० मी. लम्बा तथा ७.४० मी. चौड़ा कुटी हुई ईटों तथा बजरी मिश्रित मजबूत फर्श मिला है, जिसके चारों ओर पत्थरों तथा पकी ईटों से निर्मित सुदृढ़ दीवारें, छोटे–छोटे कमरों के अवशेष मिले हैं, जिसमें बौद्ध–भिक्षु निवास करते थे। समीप ही सादे पाषाण–स्तम्भ भी प्राप्त हुए हैं, जो विवेच्य बौद्ध–मन्दिर के निर्माण में प्रयुक्त हुए हैं।

---

१६. कृष्णदत्त बाजपेयी, तथा श्यामकुमार पाण्डेय, : मल्हार (उत्खनन प्रतिवेदन) प्रा.भ.इति. संस्कृति तथा पुरातत्त्व विभाग, सागर विश्वविद्यालय, सागर, पृ. १५–१७ (१६७८).

मल्हार संग्रहालय में संगृहीत प्रमुख बौद्ध-प्रतिमाएँ तथा अन्य शिल्पावशेष

१. बुद्ध-प्रतिमा (भूमि-स्पर्श मुद्रा) : जैतपुर ग्राम में एक भवन की भित्ति पर भूमि–स्पर्श मुद्रा में ध्यानी बद्ध की सुन्दर प्रतिमा पड़ी है। बुद्ध पद्मासीन पर आसीन हैं। सिर पर कुंचित केश (उष्णीष) हैं। शिरोभाग के पीछे सादा गोलाकार प्रभामण्डल है। दाहिना हाथ आसन के नीचे भूमि का स्पर्श करते हुए तथा बायाँ हाथ पद्मासन पर अवस्थित है। बुद्ध भगवान ध्यानस्थ होकर अखण्ड तपस्यारत हैं तथा भूमि से शक्ति अर्जित कर रहे हैं। प्रभाभण्डल के दोनों पार्श्वों में मकरमुख द्रष्टव्य है (समय–लगभग ई. ८वीं शती)।

२. बोधिसत्त्व : संग्रहालय में सुरक्षित बोधिसत्त्व की आसनस्थ प्रतिमा चतुर्भुजी है। सिर पर जटा–मुकुट है। मध्य के दोनों हाथ धर्म–चक्र प्रवर्तन मुद्रा में हैं। कानों में चक्राकार, कुण्डल गले में ग्रैवेयक, अलंकृत कमरबंध, केयूर तथा अन्य विविध अलंकरणों से सुसज्जित हैं। शिरोभाग के पीछे अण्डाकार अलंकृत प्रभामण्डल है। आसन पीठिका दुहरे कमल–पुष्पों से सुसज्जित है। आसन चौकी के नीचे सिंह, मानवाकृतियाँ तथा उपासक द्रष्टव्य हैं। विवेच्य प्रतिमा के ऊपरी भाग में पद्मासन पर आसीन विविध मुद्राओं में पाँच ध्यानी बुद्ध–प्रतिमाओं का अंकन है। दोनों पार्श्वो में तारा तथा मंजु द्रष्टव्य हैं। इनके साथ ही अन्य देवी–देवताओं का सुरुचिपूर्ण अंकन है। बोधिसत्त्व की विवेच्य प्रतिमा जैतपुर ग्राम के समीप एक खेत के अन्दर से प्राप्त हुई थी, जो अब मल्हार के स्थानीय संग्रहालय में सुरक्षित है (समय –ई. ८वीं शती)।

३. ध्यानी बुद्ध : एक अन्य पाषाण–फलक पर पद्मासन पर आसीन दो ध्यानी बुद्ध एक साथ भूमि–स्पर्श मुद्रा में दुहरे कमल की आसन–चौकी पर बैते दिखाये गये हैं (समय–ई. १०वीं शती)

४. इसी प्रकार एक अन्य पाषाण–फलक पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा उत्कीर्ण है। वे कमल–पंखुड़ियों से युक्त आसन पर बैठे द्रष्टव्य हैं। बुद्ध भगवान् पीठासन के सहारे टिके हैं। विवेच्य प्रतिमा आकर्षक है (समय – ई. १०वीं शती)।

५. हेवज्र: उत्खनन खदान संख्या चार के बौद्ध–देवता "हेवज्र" की सिरविहीन प्रतिमा प्राप्त हुई है, जो एक ऊंचे चबूतरे के ऊपर स्थापित थी। विवेच्य प्रतिमा गौर पुरातत्त्व–संग्रहालय, सागर में संरक्षित है।

६. पद्मपाणि अवलोकितेश्वर: बाएँ हाथ में सनाल कमल लिए हुए वरदमुद्रा में प्रदर्शित बौद्ध–देव पद्मपाणि अवलोकितेश्वर की एक सुन्दर प्रतिमा संग्रहालय में है। उनके मस्तक पर ध्यानी बुद्ध अमिताभ हैं। ऊपर दोनों पार्श्वों में विविध मुद्राओं में बुद्ध की लघु आकृतियाँ द्रष्टव्य हैं (समय – ई. १०वी शती लगभग)।


७. तारा देवी : बौद्ध – देवी तारा की एक चतुर्भुजी प्रतिमा संग्रहालय में है। उनके ऊपरी बाएँ हाथ में सनाल कमल तथा पीछे प्रभामण्डल है। ऊपरी बाएँ पार्श्वो में ध्यानी बुद्ध आसीन हैं। विवेच्य प्रतिमा विविध वस्त्राभरणों से सुसज्जित है। चरण–चौकी के नीचे एक आराधक बैठा है, जिसका शिरोभाग खण्डित है। (समय लगभग ई. १०वीं शती) ।



उलूक तथा कच्छप जातक-कथानकों
सहित अलंकृत स्तंभ, मल्हार
(जिला-बिलासपुर)
समय, ईस्वी 5वीं शती लगभग



मल्हार-उत्खनन से प्राप्त बौद्ध-देवता
'हेवज्र' की सिरविहीन प्रतिमा,
समय, ईस्वी 8वीं शती लगभग



नाल रंग के उत्खचित, चित्रित तथा ठप्पांकित (स्टैम्प्ड) मृद्भाण्ड, मल्हार-उत्खनन से प्राप्त
समय, ई॰ 7वीं–8वीं शती



बौद्ध-देवता जंभाल (कुबेर) की विविध अलंकरणों से सुशोभित प्रतिमा (सिरपुर, जिला रायपुर से प्राप्त)
समय, ईस्वी 8वीं शती
(सागर विश्वविद्यालय)



मल्हार-उत्खनन खदान संख्या 5 जिसमें बौद्ध-विहारों के अवशेष मिले हैं।
प्रस्तर तथा पकी ईंटों से निर्मित दीवार का दृश्य

समय, ईस्वी 7वीं–8वीं शती लगभग

८. **बौद्ध-जन्म कथानक पाषाण फलकः** संग्रहालय तथा मल्हार ग्राम में सुरक्षित गोलाकार स्तम्भों पर बुद्ध के जन्म–महोत्सव तथा जीवन–चरित्र सम्बन्धी कथानकों को सुरुचिपूर्ण ढंग से अंकित कर कलात्मक स्वरूप प्रदान किया गया है। एक फलक पर मायादेवी सहित अन्य दृश्यों का अंकन है। एक अन्य पाषाण–फलक पर बौद्ध–देवता की सिरविहीन प्रतिमा उत्कीर्ण हैं जिसके निचले भाग पर तीन स्त्रियों तथा दो पुरुषों की आकृतियाँ हैं (समय – ई. आठवीं शती)।

६. उत्खनन खदान संख्या–६ से दो अलग–अलग बुद्ध की लघु–प्रतिमाओं के खण्ड प्राप्त हुए हैं, जिनमें ऊपरी भाग की प्रतिमा में भगवान बुद्ध का सिर अवशिष्ट है। उनके सिर पर कुंचित केश प्रदर्शित है। मुख–मुद्रा में सौम्यभाव परिलक्षित है, शिरोभाग के पीछे अलंकृत प्रभामण्डल है, बाह्य पार्श्व में अर्धवृत्ताकार बौद्ध–मंत्रों से युक्त ठप्पांकन है। दूसरे खण्ड में अवशिष्ट बुद्ध प्रतिमा के अधोभाग को कमलासन के ऊपर (पदमासन में) अवस्थित दिखाया गया है। आसन के नीचे एक पंक्ति का बौद्ध–मंत्र उत्कीर्ण है। बाह्य भाग में बौद्ध–मंत्रों का ठप्पांकन है। उक्त दोनों लघु–प्रतिमाओं के अंश अलग–अलग बौद्ध–प्रतिमाओं के प्रतीत होते हैं, इनका निर्माणकला ई. आठवीं शती प्रतीत होता है।

१०. **बौद्ध-जातक कथानक-स्तम्भः** विविध बौद्ध जातक कथानकों से युक्त एक पाषाण–स्तम्भ सम्प्रति मल्हार निवासी बाबा भगवतदास के भवन की भित्ति पर चुना है। इस कलात्मक स्तम्भ में कच्छप तथा उलूकजातक के कथानकों का सुरुचिपूर्ण अंकन है। बायीं ओर के दृश्य में दो हंसों को आपस में एक लकड़ी के दोनों किनारों को अलग–अलग मुखों में दबाए हुए दिखाया गया है, जो उड़ने के भाव में अंकित हैं। लकड़ी के मध्य भाग को मुख में दबाए कछुवा (कच्छप) लटक रहा है। नीचे एक कच्छप भूमि पर पड़ा है। समीप ही कुछ बालक आश्चर्यभाव से कछुए की ओर देख रहे हैं। उसके दाहिने भाग में उलूक–जातक कथानक का शिल्पांकन है। इसमें एक उलूक को विविध पक्षियों के साथ अंकित किया गया है। इस दृश्य का अंकन अब अस्पष्ट है (समय – ई. ५वीं शती)।

मल्हार उत्खनन[१७] से ज्ञात तृतीय काल (ई. ३०० से ३५० तक) तक चतुर्थकाल (ई. ६५० से ईसवी १०० तक) से सम्बन्धित बौद्ध–मन्दिर , चैत्य–विहार,स्तूप के अवशेष, प्रदक्षिणापथ, बौद्ध–भिक्षुओं के आवास की कोठरियां, लघु आकार की बुद्ध, हेवज्र तथा बोधिसत्त्व प्रतिमा, भिक्षापात्र, धर्मकरकपात्र, जास्पर तथा क्रिस्टल के बने लघु आकार के पूजा–स्तूप, "श्री कल्याणार्चि" लेख अंकित आकर्षक तांत्रिक मनका, दैनिक उपयोग की पुरा–वस्तुएं, ठप्पांकित मृद्भाण्ड पकी मिट्टी की बहुसंख्यक अभिलिखित मृण्मुद्राओं आदि की उपलब्धि उल्लेखनीय है। इन मुद्राओं पर निम्नांकित बौद्ध–मंत्र उत्कीर्ण है :

---

१७. वही,: मल्हार, पृ. ६,७,१३–१७; चित्रफलक ३,६,१२, (क), १४ (क), १५,१६(क), १७(क),३० इत्यादि। कृष्णकुमार त्रिपाठो, तथा रघुनंदन प्रसाद पाण्डेय, : मल्हार–दर्शन, छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक मण्डल (भेल) भोपाल, १६८०. प्यारेलाल गुप्त, : प्राचीन छत्तीसगढ़ रायपुर, १६७३. कृष्णदत्त बाजपेयी, छत्तीसगढ़ के प्राचीन नगर, प्राच्य-प्रतिभा, अंक ६, संख्या २, पृ. १४५–५०, (जुलाई १६७८, भोपाल). श्यामकुमार पाण्डेयः आर्केलॉजी ऑफ छत्तीसगढ़, प्राच्य-प्रतिभा, अंक ५ संख्या–१, पृ. ६७–१०४ (जनवरी १६७७, भोपाल).सुशीलकुमार सुल्लेरे,: छत्तीसगढ़ की कला का सामाजिक एवं धार्मिक पक्ष, प्राच्य-प्रतिभा, अंक ६, संख्या– १, पृ. १९२–१३ (जनवरी १६७८, भोपाल).

"ये धम्मा हेतु प्रभाव हेतुं तेषां तथागतो।
ह्यवदंतेषांच यो निरोधएवं वादी महाश्रमण।।"

मल्हार–जैतपुर–बैटरी आदि ग्रामों के लगभग ४ किलोमीटर तक फैले परिवेश को देखने से ऐसा लगता है कि उपर्युक्त समयावधि में तत्कालीन जनमानस में – "बुद्धं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि"– का निरन्तर कितना धार्मिक भावपूर्ण और मधुर उद्घोष होता रहा होगा।

बिलासपुर जिले में मौर्य सातवाहनकालीन अनेक मृत्तिका गढ़ों की खोज सागर विश्वविद्यालय द्वारा की गयी है।[१८] मल्हार के उत्खनन में ईसवी दूसरी शती की ब्राह्मी लिपि में अभिलिखित मृण्मुद्रा मिली है, जिस पर "गामस कोसलीया" लेख पढ़ा गया है। वर्तमान कोसली या कोसला ग्राम मल्हार से १६ कि.मी. उत्तर–पूर्व में स्थित है। कोसला गाँव से पुराना गढ़ प्राचीर तथा परिखा आज भी विद्यमान है, जो उसकी पुरातनता को मौर्यकाल से पूर्व का निरूपित करती हैं। वहाँ कुषाण शासक विमकैडफाइसिस का एक सिक्का भी मिला है।[१९] **रामायण** तथा परवर्ती साहित्य से ज्ञात होता है कि राम ने अपने प्रवास में दण्डकारण्य जाने के लिये चित्रकूट से आगे जिस मार्ग का अनुसरण किया था वह शहडोल, बिलासपुर तथा रायपुर जिलों से होकर जाता था। यह मार्ग ईसवी चौथी शती तक पर्याप्त प्रचलित हो गया था।[२०]

मल्हार (जिला बिलासपुर) के परिखायुक्त प्राचीनगढ़ के सर्वेक्षण से तथा मल्हार–उत्खनन से कई नवीन सातवाहन शासकों के गजपृष्ठांकित सिक्के मिले हैं। मल्हार के आसपास के भू–भाग से कुषाण शासक विमकैडफाइसिस, मघ शासकों, मित्र नामांत वाले सिक्के, "श्रीशरभ" लेख सहित शरपुरीयवंश के संस्थापक "श्रीशरभ" के दुर्लभ सिक्के डॉ० श्याम कुमार पाण्डेय (सागर) के निजी संग्रह में देखने को मिले हैं।[२१]

मल्हार के प्राचीनगढ़ के सर्वेक्षण से प्राप्त सातवाहन शासक "वेदश्री" की मृण्मुद्रा तथा आपीलक का सिक्का आदि उल्लेखनीय है। किरारी का काष्ठ–स्तम्भलेख (ईसवी प्रथम शती), कुमार वरदत्त का प्राकृत भाषा में उत्कीर्ण गुंजी–शिलालेख (ईसवी प्रथम शती), मल्हार (चकरबेड़ा) से प्राप्त रोमन सिक्के तथा बालपुर से प्राप्त आपीलक का सिक्का आदि बिलासपुर क्षेत्र के आरम्भिक इतिहास पर प्रभूत प्रकाश डालते हैं।[२२] अशोक के समय के लेख सरगुजा

---

१८. मल्हार, पृ. ४ तथा ५ (१९७५–७८), सागर विश्वविद्यालय, सागर

१९. उत्कीर्ण लेख (रायपुर, १९६१) प्राक्कथन (परिचय), पृ. दो–तीन इत्यादि. प्राचीन छत्तीसगढ़ पृ. ७,४६–४८ (रायपुर, १९७३).

२०. वही.

२१. सातवाहन, मघ शासकों मित्र–नामांत तथा "श्रीशरभ" लेखयुक्त सिक्के मल्हार से विगत् वर्षों में प्राप्त हुए हैं। ये सिक्के मल्हार निवासी श्री गुलाबसिंह के माध्यम से डॉ० श्यामकुमार पाण्डेय को उपलब्ध हुए हैं (डॉ० श्यामकुमार पाण्डेय से सूचना प्राप्ति के आधार पर).

२२. उत्कीर्ण लेख, पृ. २ तथा ३; तथा प्राचीन छत्तीसगढ़, पृ. ७,३६–४८.

जिले में रामगढ़ की सीताबोंगरा और जोगीमारा नामक गुफाओं में पाये गये हैं।[२३] मल्हार से प्राप्त ईसवी प्रथम–द्वितीय शताब्दी का बौद्ध–स्मृति स्तम्भ लेख, महाशिवगुप्त बालार्जुन का मल्हार अभिलेख (ईसवी ५६५–६५५) तथा मल्हार–उत्खनन से प्रकाश में लाये गये प्रचुर बौद्ध–कलावशेष इस ओर संकेत करते हैं कि दक्षिण–कोसल की राजधानी मल्हार में बौद्धमत का विकास मौर्य–सातवाहन काल में हो गया था। तत्पश्चात् ईसवी सातवीं शती से लेकर ईसवी दसवीं शती तक वज्रयान शाखा का वर्चस्व रहा। महाशिवगुप्त के समय से लेकर मल्हार (जिला बिलासपुर) तथा सिरपुर (जिला रायपुर) वज्रयानी बौद्ध–सम्प्रदाय के दो बड़े केन्द्र थे। इन दोनों बौद्ध–धर्म के केन्द्रों सहित दक्षिण–कोसल के भू–भाग में बौद्ध–मत का सुविकसित स्वरूप दिखायी देता है। कलचुरियों के समय (ईसवी ११वीं–१३वीं) शताब्दी में धार्मिक सहिष्णुता के फलस्वरूप वैदिक मत के साथ–साथ बौद्ध–देवी–देवताओं की प्रतिमाओं का भी निर्माण कराया जाता रहा । सिरपुर में आरम्भिक मूल बौद्ध–धर्म तथा इतिहास से सम्बन्धित प्रमाण बहुत कम मिले हैं।

ऐसा प्रतीत होता है कि मौर्य सम्राट् अशोक की कलिंग–विजय के पश्चात् दक्षिण कोसल (छत्तीसगढ़) क्षेत्र में बौद्ध–धर्म का विकास हो चुका था। चीनी यात्री ह्वेनसांग (ईसवी ६१६) के उल्लेख के अनुसार सम्राट् अशोक ने दक्षिण कोसल की राजधानी में स्तूप का निर्माण सम्भवतः मल्हार में कराया था। मौर्य सातवाहन, कुषाण, मघ, मित्रनामांत शासक, शरभपुरीय, सोमवंशी, कलचुरि आदि शासकों से सम्बन्धित प्राचीन सिक्के, अभिलेख, ताम्रपत्र, शिलालेख तथा अन्य पुरावस्तुओं के साथ–साथ बौद्धमत से सम्बन्धित विपुल पुरावशेष मल्हार तथा बिलासपुर के भू–भाग से प्रकाश में आये हैं। इन पुरातत्त्वीय प्रमाणों के आधार पर ऐसी धारणा बनती है कि छत्तीसगढ़ क्षेत्र में "मल्हार" बौद्धमत का आरम्भिक केन्द्र बन गया था। बौद्धमत के महान् दार्शनिक नागार्जुन ने सातवाहन शासनकाल में , संघाराम में रहकर यहीं से बौद्ध–दर्शन का प्रसार दक्षिण कोसल के सुविस्तृत भू–भाग में किया होगा। नागपुर के समीप स्थित "रामटेक पहाड़ी की नागार्जुन गुफा" का नामकरण कालान्तर में किया गया प्रतीत होता है। मल्हार के प्राचीनगढ़, भसरों तथा जैतपुर के विस्तृत क्षेत्र में बौद्धमत के प्रसार के परिप्रेक्ष्य में अभी गहन अन्वेषण, पुरातत्त्वीय सर्वेक्षण तथा उत्खनन–कार्य की नितान्त आवश्यकता है। उड़ीसा क्षेत्र, बस्तर–जगदलपुर, रायगढ़, रायपुर (सिरपुर, तुरतुरिया, आरंग) तथा बिलासपुर के अनेक कला केन्द्रों के व्यवस्थित सर्वेक्षण एवं अध्ययन से "दक्षिण कोसल में बौद्धमत" के प्रसार–विषयक और अधिक प्रामाणिक पुरातत्त्वीय सामग्री उपलब्ध होने की सम्भावना है।

□□□

---

२३. प्राचीन छत्तीसगढ़ पृ. ३५–३६ आदि, उत्कीर्ण-लेख, परिचय, पृ. २–३; चित्रफल एक, दो, तीन, उन्नीस, बीस, इक्कीस, बाईस, तेईस (क), उन्चास, चौवन (क) तथा (ख) आदि।

SOCIO–ECONOMIC CONDITIONS OF INDIA AS DEPICTED IN THE MAHĀVASTU.

Dr. MRS. VED SETH

Delhi

Mahāvastu[1] is one of the most important text which still belongs to the old school of the Hīnayāna. The work claims to be the book of the *Vinaya Piṭaka*, the text of the Lokottaravādins belonging to the Mahāsānghikas.[2] It is generally agreed that the Mahāsānghikas are the follower of Mahasangha the earliest schismatics. A sub. section of them are the Lokottaravādins who belong to the Madhyadeśa and declare the Buddhas to be Lokottara above the world and follow the worldly life only externally.[3]

In agreement with this doctrine ṭhe biography is given as an 'avadāna' a miracle story though it does not differ much from the books of Pāli canon.

Mahāvastu though describes itself a text of *Vinaya Piṭaka* but except for a few remarks on admission to the order and history of the earliest conversions with the origin of the community of monks it contains practically nothing about the actual *Vinaya*, the rules of the order. Apart from being a place of literature and art the *Mahāvastu* is rather a labynnth in which the thread of connected story of life of the Buddha can be traced with difficulty. The narrative are oftenly interrupted through numerous Jātakas and avadānas as well as dogmatic Sūtras. Even Jātaka or an episode is sometime repeated in prose and verse form. Even at different places, an episode recur with little variations. The whole work prose as well as verse is written in mixed Sanskrit.

---

1. Par. E. SENART, *Le Mahāvastu* Paris L' Imprimerie Nationale 1882-1897 Reprint 1977, 3V.
2. *MVU.* 1, P - 2.
3. *MVU*. 1, P - 159.

The main contents of this text are the biographical accounts of the Buddha's life, stories relating to his former existences and narratives about the disciples and devotees. It contains exposition of teachings of Buddha. Although it belongs to the Hīnayāna and contains much that occur in Pāli texts yet its contents such as description of ten Bhūmis and miraculor traits of Buddha's life make it closer to Mahāyāna.

It also represents the spirits of the Mahāyāna when it is said "the purity of the Buddha is so great that even the worship of the exalted one leads to the attainment of Nirvāṇa".[4] Worshipping of Buddhas and even adoring or honouring stūpas containing the relics is the surest path leading not only to wordly happiness but also to Nirvāṇa[5].

Scholars on the basis of stylistic pecularities have tried to fix the period of its composition. It is evident that the work is not the composition of a single author written in a well defined period. As it is written entirely in mixed Sanskrit and contains numerous pieces common to Pāli canon and Mahāyānic features seem to be influenced by the Gandhāra Art.[6]

This presumption is based on the reference to the halo of the Buddha.[7] The text makes mention of the Huṇas and Chinese language as well as of Yogācāra[8]. Winternitz thus concluded that "The nucleus of the work is very old and has originated already in the 2nd cent. B.C. although enlarged even as late as in 4th cent. A.D. and even still later through additions and interpolations".[9]

MVU presents the perfect panorama of the Pre-Buddhist and early Buddhist Indian society. Besides consisting the life of the Buddha it contains elements for a mosaic of the ancient Indian society which are found in the form of references to the contemporary society. It is essential to know how *MVU*

---

4. *MVU*, II P - 362.
5. *MVU*, III P - 373.
6. Maurice. Winternitz, *History of Indian Literature*, Tr. from German by V. Srinivasa Sharma. Reserved Ed. Delhi, Motilal Banarsidas, 1983. P - 237.
7. *MVU*, II P- 44.
8. *MVU*, I P- 120.
9. Winternitz *op. cit.*, P - 238.

depicts Jambūdvīpa with its divisions and administration along with social structure.

JAMBŪDVĪPA : Four great continents well-known to earlier Buddhist tradition are referred to variously in *MVU*.[10] These occupy to the south of Sumeru, Pūrvavideha to the east, Aparagodaniya to the west and Uttara-Kuru towards the north. Jambūdvīpa is referred to as indisputable, prosperous and noblest among the four continents[11]. Its stūpa is described resembling the bullock - cart with its face towards the south[12]. People inhabiting its different provinces furnished a sense of unity and brotherhood inspite of separate entity and tribes.

MVU refers to four divisions of Madhyadeśa and pratyantika. *MVU* does not explain the borders of Madhyadeśa which included all the cultured and richest parts and Pratyantika which was not so much developed.[13] The ethnological division of Āryāvarta and Mleccha janapada is Pre-Buddhist and *MVU* refers to this division but not in detail. *MVU* refers to the third division based on trade routes which is connected with Madhyadeśa and the lands towards its north and south were called uttarapatha and Dakṣiṇapatha Pūrvadeśa and Aparanta.[14]

Sixteen great provinces Mahājanpadas are enumerated in this text viz. Aṅga, Magadha. Vajji, Malla, Kāśī, Kośla, Chedi, Vatsa, Matsya, Sūrasena, Kuru, Pañcāla, Śivi, Daśārṇa Aśvaka and Avanti[15]. *MVU* is the only Buddhist Sanskrit text which preserves this complete list.[16] This list could not remain stable through centuries due to political conditions. In *MVU* we find details about people and kings of these Janapadas. *MVU* presents like other later works a glorious picture of wealth and prosperity of Kapilavastu[17] which is not

---

10. *MVU*, II P - 158, I, P - 49.
11. *MVU*, II, P - 15.
12. *MVU*, III P - 208.
13. *MVU*, III P - 258.
14. Cunningham, *Ancient Geography of India*, Varanasi P - 8.
15. *MVU*, I, P - 34.
16. Angane Lal, Sanskrit Buddha Sāhitya men Bhāratīya Jīvana. Lucknow, 1967, P- 23.
17. *MVU*, II P - 35.

realistic. The Sākya Janapada or Sākya rāṣṭra was an agricultural land as self governing political unit.[18]

Administration :

रहा।[१४] एकान्तवास के इस आदर्श की दृष्टि से सद्धर्म का प्रारम्भ में समाज से अधिक सम्बन्ध नहीं रहा होगा। बल्कि अधिकांश प्रमाण तो यही संकेत प्रस्तुत करते हैं कि गौतम बुद्ध स्वयं परिव्राजक परम्परा की देन थे अतः उनके प्रारम्भिक धर्म को भी मूलतः निवृत्तिमार्गी स्वीकार किया जाना चाहिए। पर यह सैद्धान्तिक विभेद था। "बुद्ध चक्खना लोकम् बोलोकेसि", "पस्सामि लोके परिफन्दमानम् पजम्" आदि से स्पष्ट है कि बुद्ध के चिन्तन का विषय सम्पूर्ण समाज और संसार था और उनका सार्वभौम सिद्धान्त समाज के दुःख–दर्द को लेकर दिवेचित था और वह "हिताय–सुखाय देव मनुस्सानम्" था। बुद्ध को अपना धर्म सब तक पहुँचाने की चिन्ता थी। वे स्वयं जन भाषा का प्रयोग करते थे और शिष्यों को भी वैसा ही करने के लिए प्रोत्साहित करते थे। अतः मन में यह संशय उत्पन्न होता है कि कदाचित् सद्धर्म की प्राचीन अवस्था में भी बौद्ध धर्म का रूप उतना अधिक निवृत्तिमार्गी या एकांगी न रहा होगा जैसा कि त्रिपिटक में प्रायः दिखाई देता है। पर यह सम्भावना मात्र है। इस पक्ष में निश्चित प्रमाण प्रस्तुत कर पाना संभव नहीं। परन्तु बिलगाव की यह स्थिति बहुत दिनों तक प्रभावी नहीं रही होगी, क्योंकि सद्धर्म के व्यापक प्रसार की चिन्ता, भिक्षुसंघ की संख्यावृद्धि और उसकी भिक्षा–वृत्ति ने बौद्ध संघ को समाज से सम्पर्क बनाये रखने के लिए बाध्य किया होगा। किर्स क्षण सामाजिक सम्पर्क इस सीमा तक प्रभावी बना कि भिक्षुओं में "सुत्तन्त विनय" और धम्म के साथ सामाजिक ज्ञान के जानकार भी प्रशंसित होने लगे थे।[१५] बुद्ध सदैव सचेष्ट दिखाई देते हैं कि सद्धर्म और भिक्षु संघ राजकीय और सामाजिक क्षोभ का भागी न हो। राजपुरुष, सैनिक, बन्दी, आदि के लिए संघदीक्षा का निषेध इसका स्पष्ट प्रमाण है।[१६] इसी प्रकार न तो बिना माता–पिता की आज्ञा के बालक–बालिका को और न तो बिना पति की आज्ञा के स्त्री को संघ में प्रवेश दिया जा सकता था।[१७] गृहस्थों की हानि, अनर्थ एवं निर्वासन आदि के इच्छुक एवं उनमें फूट डालने वाले भिक्षुओं को प्रतिसारणीय दण्ड की व्यवस्था थी।[१८] यद्यपि प्रारम्भिक पालि साहित्य में "प्रकाशनीय कर्म" का मात्र एक ही उदाहरण है परन्तु किसी भिक्षु की दुष्प्रवृत्ति को समाज के समक्ष घोषित करने का विधान था, ताकि भिक्षु विशेष के दोष के लिए पूरे संघ को कोप का भाजन न बनना पड़े और न सद्धर्म की छवि धूमिल हो।[१९] लोगों को राष्ट्र पिण्ड का दुरुपयोग न करने की चेतावनी देना भी इस दृष्टि से उल्लेखनीय है।[२०] समाज से बुद्ध और बौद्ध भिक्षुओं को सहयोग भी मिलने लगा और वह इस हद तक महत्त्वपूर्ण हुआ कि बुद्ध को भी अपनी दृष्टि से समाज को श्रद्धालु और अश्रद्धालु दो श्रेणियों में विभक्त करने की आवश्यकता प्रतीत हुई।[२१] इसके दो कारण प्रतीत

---

१४. सु०नि०,'खग्ग विषाण सुत्त'; देखिये, म०नि० "महासुमतासुत्त"

१५. वि०चु०, ४.४.४,

१६. वि०म०, १४० से ४३

१७. वि०म०, ४.७६

१८. वि०चु०, १.१८–२४

१९. वही, ७.२–३.

२०. धम्मपद, निरयवग्ग, गाथा, ३०७–८.

२१. तुलनीय, गोखले, इ०हि०क्वा०, १९५६, जिल्द ३२, पृष्ठ ३६.

होते हैं। प्रथम तो भिक्षुओं की जीवनचर्या ही समाज पर निर्भर थी। सम्भवतः इसीलिए बुद्ध ने यह नियम बनाया था कि यदि किसी कारण बश ग्रामवासी ग्राम छोड़कर जा रहे हों तो भिक्षुओं को वर्षावास छोड़ने का भय त्याग अपने श्रद्धालुओं के साथ जाना चाहिए।[२२] यायावर गृहस्थों के साथ जाने की अनुमति[२३] भी इसी कारण प्रतीत होती है। द्वितीयतः बौद्ध धर्म का प्रचार–प्रसार उसी स्थिति में सम्भव था जब उन्हें समाज सर्वक्षेत्रीय सहयोग दे और वह मिला भी। इस प्रकार के लाभ सत्कार के बौद्ध भिक्षु इस सीमा तक आदी हो गए कि उन्हें देवदत्त द्वारा वाञ्छित, स्वयं अपने ही पूर्व के आदर्शों को अस्वीकार कर देना पड़ा।[२४] बौद्ध भिक्षुओं में "खग्गविषाण कम्पों" का आदर्श धूमिल होने लगा और संघ में "सुख संघस्स सामग्गी समग्गानां तपो सुखम्" की धारणा बलवती होने लगी।[२५]

सम्भवतः बौद्ध धर्म में सामाजिक सम्बन्धों में विकास की प्रक्रिया के परिणाम स्वरूप ही बौद्ध भिक्षुओं के लिए अपने माता–पिता तथा भाई–बन्धुओं की अस्वस्थता की अवस्था में एवं उपासकों के कार्य के लिए सात दिन का वर्षावास तोड़ने की व्यवस्था हुई।[२६] इसी प्रकार अधिक वस्त्र मिलने पर माता–पिता को भी देने[२७] और अपनी सात पीढ़ी से सम्बद्ध भिक्षुणियों से ही वस्त्र धुलवाने की अनुमति मिली।[२८] भिक्षुत्व ग्रहण किये एक नापित द्वारा, अपने विद्वान् पुत्रों को, बुद्ध के सत्कार के लिए नापित का कार्य कर अन्न जुटाने का प्रोत्साहन और पुत्रों द्वारा उनके आदेश का पालन[२९] अत्यन्त रोचक है और यह आभास देता है कि बौद्ध भिक्षुओं का अपने पूर्व के पुत्रों आदि पर किंचित् अधिकार भी होता था। यही नहीं अपने रक्त सम्बन्धी पितरों को सन्तुष्ट करने का भी बौद्ध भिक्षुओं को निर्देश था। भिक्षुओं के लिए बुद्ध का यह उदबोधन, कि कोई भिक्षु अपने माता–पिता को श्रद्धावान्, दुराचारी को सदाचारी, दुष्प्रज्ञ को प्रज्ञावान्, कंजूस को त्यागी बना कर मातृ–पितृ ऋण से उऋण हो सकता है,[३०] सामाजिक सम्बन्ध की इस दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है यद्यपि गर्भिणी स्त्री का संघ में प्रवेश निषिद्ध था पर किसी कारण वश प्रवेश पा जाने पर संघ में नवजात शिशु के लालन – पालन की उचित व्यवस्था की जाती थी, यहाँ तक कि प्रसविनी भिक्षुणी के लिए सहचरी भिक्षुणी देना भी अनुमत था।[३१] इस प्रकार के नियम भिक्षु–भिक्षुणियों में किंचित् ममत्व एवं वात्सल्य भावना का संकेत प्रस्तुत करते हैं।

---

२२. वि०म०, ३.१०,

२३. वि०म०, ३.१२.१–२,

२४. वि०चु०, ७.३.१४–१५,

२५. धम्मपद, बुद्धवग्ग, गाथा १६४, "तुलनीय, गोखले", इ०हि०क्वा०, जिल्द ३२.१६५६.३५"

२६. वि०म०, क्रमशः ३.५ एवं ३.७ आदि।

२७. वि०म०, ८.२२,

२८. वि०सु०, नि०पा०, ४ और आगे; तुलनीय पाचित्तिय, २५ और २६ (भिक्खु पा०); सं०नि०, थपति सुत्त आदि।

२९. वि०म०, ६.३७,

३०. अ०नि०,२.४.२,

३१. वि०सु०, पाचित्तिय, ६१; वि०चु० १०.२५.१,

उल्लेखनीय है कि प्रारम्भिक पालि वाङ्मय में पूर्व–पत्नी की उपेक्षा के ही निर्देश हैं। तृष्णा को दुःख का मूल मानने वाले और वैवाहिक जीवन को काम–तृष्णा का मूर्तरूप समझने वाले सहधर्म में यह स्थिति कुछ भी अस्वाभाविक नहीं । भिक्षु के लिए अपनी पूर्व पत्नी से मधुर सम्बन्ध बनाए रखने से सदा विषय–वासना के प्रति आकर्षण का भय हो सकता है परन्तु उपर्युक्त अन्य तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में देखने से यह आभास होता है कि बुद्ध की गृहस्थ जीवन की परिभाषा अति संकीर्ण और प्रायः पत्नी तक ही सीमित थी। सभी बातों को दृष्टि में रखते हुए सामान्य पारिवारिक सम्बन्धों से बौद्ध भिक्षुओं को सर्वांश में विरक्त नहीं कहा जा सकता। यद्यपि इस प्रकार के नियम–परिवर्धन में एक विकास–क्रम देखना चाहिये।

बुद्ध अपने भिक्षु–भिक्षुणियों के सद्‌गुणी होने के साथ ही उपासकों के कर्त्तव्य पालन के भी हिमायती थे। यह तो सत्य है कि वे अध्यात्मसाधना की दृष्टि से सांसारिक जीवन को अनुपयुक्त ही नहीं, अपितु बाधक मानते थे[३२] तथा प्रायः गृहियों एवं कामभोगियों को अपने द्वारा आविष्कृत धर्म के परिज्ञान के अयोग्य समझते थे।[३३] विनय के नियमों के अनुसार तो जन सामान्य के समक्ष"सुत्तन्त–पाठ" और "प्रतिमोक्ष–पाठ" प्रायः वर्जित था।[३४] परन्तु पालि साहित्य में यत्र–तत्र बुद्ध ने यह मत व्यक्त किया है कि गृही हो या परिव्राजक सम्यक् प्रतिपत्ति वाला होने पर व्यक्ति न्यायकुशल धर्म का आराधक हो सकता है। यद्यपि यह संदिग्ध है कि बुद्ध के जीवन काल में ही भिक्षुओं द्वारा अर्ज्य उद्देश्यों– **"स्रोतापत्ति", "सकतागामीत्व", "अनागामीत्व"** एवं **"अर्हत्व" का विकास हो गया था,** फिर भी यह उल्लेखनीय है कि मृतक उपासकों के गतिख्यापन के समय उपर्युक्त में से प्रथम तीन को उपासकों द्वारा भी प्राप्य बताया गया है।[३५] कभी–कभी बुद्ध का इस प्रकार भी कथन है कि किसी–किसी को अष्टांग मार्ग का उचित आचरण करने से उसी फल की प्राप्ति हो सकती है जो गृहत्यागी भिक्षुओं को प्राप्य है।[३६] अनाथपिण्डिक की बुद्ध ने १०० वर्ष के प्रव्रजित भिक्षु से तुलना की थी। इसी संदर्भ में वज्जिय माहित का नाम उल्लेखनीय है जिसकी योग्यता को बुद्ध ने चिरप्रव्रजित भिक्षु के समकक्ष बताया था।[३७] उन्होंने तयुस्स,भल्लिक, हत्थक, चित्त आदि अष्टशील गृहपतियों को अमृतसाक्षात्कर्ता भी घोषित किया था।[३८] इस प्रकरण में वेलुकण्टकी नन्दमाता का उदाहरण भी उल्लेखनीय है, जो ब्राह्म मुहूर्त्त में उठकर 'सत्तन्त' पाठ करती और जो अपने मृत पति के गन्धर्व रूप में आने पर

---

३२. म०नि०, 'देदहसुत्त', 'छन्निसोधन सुत्त', 'सम्बाघो धरोवासो रजापथा"; तुलनीय, सं०नि० "थपतिसुत्त"आदि।

३३. वि०म०, १५.३; म०नि० "दन्तभूमिसुत्त"।

३४. वि०सु०, पाचितिय, "अनुसम्पन्ने वेमतिको पदसो धम्मं वाचेति, आपत्ति पाचित्तियस्स। अनुपसम्पन्ने उपसम्पन्ना मन्नी पदसो धम्मं वाचेति, आपत्ति पाचित्तियस्स", और वि०म०, २.१६.८; तुलनीय नलिनाक्ष दत्ता, इ०हि०क्व०, १६४५ जिल्द, २१,१७८

३५. दी०नि०, "जनवसभसुत्त"।

३६. तुलनीय, सं०नि०, ५५.५४ (मिलानसुत्त): दत्त एवं बाजपेयी,१६५६,११६।

३७. अ०नि०, १०,१०,३ (किंदिदिठक सुत्त)और १०.१०.४ (वज्जिय माहित सुत्त)।

३८. वही, ६.१२.४–२३ (भल्लिकादि सुत्तानि)।

भी विकृत चित्त न हुई। इकलौते पुत्र की राजपुरुषों के द्वारा हत्या करने पर भी उसे क्षोभ नहीं हुआ।[३९] इन उदाहरणों से यह स्पष्ट होता है कि बुद्ध की दृष्टि में अध्यात्म–साधना की दृष्टि से सांसारिक जीवन सर्वथा अनुपयोगी न था।

अब यह जिज्ञासा सहज ही उठ खड़ी होती है कि क्या बुद्ध ने जन सामान्य के लिए और समाज के नियमन–संयमन से सम्बन्धित उपदेश भी दिए थे। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया जा चुका है बुद्ध के चिन्तन का विषय अत्यन्त व्यापक था परन्तु यह निर्विवाद है कि बुद्ध के उपदेशों में मूल उपदेश लोक हिताय और लोकानुकम्पाय ही था। लोक भाषा में उपदेश देना और अपनी स्वकीय भाषा में अपने उपदेशों के संग्रह की आज्ञा देना[४०] आदि इस तथ्य के द्योतक हैं कि बुद्ध अधिकाधिक लोगों तक अपना उपदेश पहुँचाना चाहते थे।

स्वयं बुद्ध की यह मान्यता थी कि प्रत्येक व्यक्ति का आचरण भिन्न हो सकता है, अतः वे श्रोता के अनुरूप उपदेश भी देते थे। "कालामसुत्त" में उन्होंने वक्ता के कथित तथ्यों की प्रामाणिकता को परख कर ही ग्रहण करने का सुझाव दिया था।[४१] बुद्ध अपने व्यवहार और विचारों को किसी पर थोपना नहीं चाहते थे। धम्मिक के प्रश्न पर कि क्या बुद्ध किसी को कम तथा किसी को अधिक रुचि से उपदेश देते हैं, बुद्ध का उत्तर था कि जैसे कृषक अपने उत्तम, मध्यम और सामान्य श्रेणी के खेतों पर क्रम से ही उनकी गुणवत्ता के अनुरूप प्रेम करता है उसी तरह मेरे भिक्षु और अन्य क्षेत्र हैं, जिन्हें मैं उनकी रुचि के अनुरूप उपदेश देता हूँ।[४२]

गौतम बुद्ध के अनेक उपदेश तो ऐसे हैं जो भिक्षुओं, उपासकों और बौद्धेतरों, सब पर समान रूप से लागू माने जा सकते हैं। गृहस्थों के लिए दिए गये उपदेश दीघनिकाय को छोड़ प्रायः निकाय में "गहपति वग्ग" नाम से संगृहीत हैं। **दीघनिकाय** में भी गृहियों से सम्बद्ध **"जनवसभ"** और सिंगालोवाद सुत्त प्राप्त होते हैं। सिंगालोवाद सुत्त को तो निर्विवाद रूप से जन सामान्य की आचार संहिता के रूप में स्वीकार किया जा सकता है और श्री लंका की थेरवादी परम्परा उसे "गृही विनय" के रूप में प्रस्तुत भी करती है।[४३] इन सब में बुद्ध ने या तो व्यक्ति विशेष को या समूह को सम्बोधित करते हुए उपदेश दिया है। इसके अलावा भी प्रायः सम्पूर्ण बौद्ध वाङ्मय में सांसारिक जीवन और सामाजिक विधाओं से सम्बद्ध उपदेश यत्र–तत्र मिलते हैं। पालि वाङ्मय में मरणासन्न उपासकों के उपदेश के लिए आमन्त्रण पर बुद्ध या बौद्ध भिक्षुओं के जाने और उपदेश देने के अनेक उद्धरण प्राप्त होते हैं। वर्षकार का राजनैतिक सलाह के लिए बुद्ध के पास आना, बिम्बिसार और प्रसेनजित द्वारा समय–समय पर बुद्ध से सलाह प्राप्त करना, लोगों का उनके पास अपनी शंका के समाधान के लिए आना, ये सभी तथ्य संकेत देते हैं कि

---

३९. वही, ७.५.१० (नन्दमातासुत्त)।

४०. वि०चु०, ६.३३.१.

४१. अ०नि०, ३.७.५ (केसमुत्तिसुत्त)।

४२. सं०नि०, ४०.७

४३. राबर्ट सी० चाइलडर्स, दी होल इ्यूटी ऑव दी बुद्धिस्ट ले मैन, १९५३.१३५

बुद्ध और बौद्धधर्म अपने समृद्ध दिनों में न केवल अपने सामाजिक और नैतिक मूल्यों का रक्षक रहा अपितु अध्यात्म उपदेष्टा, व्यक्तिगत सलाहकार, शिक्षक और राजनीतिक द्रष्टा भी हुआ।[४४] इस प्रकार बौद्ध धर्म जन सामान्य के लिए न केवल पारलौकिक जीवन को आनन्दमय बनाने का प्रेरक तत्त्व था, अपितु सांसारिक जीवन को सुखमय और समृद्ध बनाने का भी उपदेष्टा कहा जा सकता है।

बुद्ध के द्वारा भिक्षुओं और जन सामान्य के लिए दिये गये उपदेशों के आधार पर यह सामान्य धारणा बन चली है कि बुद्ध द्वारा आविष्कृत अहिंसा प्रवण, मध्यम-मार्गी धर्म सरल तथा सुबोध था, जो न तो अतिक्लिष्ट वैदिक कर्मकाण्डों और कायक्लेश–प्रधान तप में विश्वास रखता था और न ही भोग विलासिता के प्रति आसक्ति में, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया जा चुका है, वस्तुतः यह धर्म तत्कालीन पुरोहित–पाखण्डों, जाति–वर्ग सम्बन्धी दुरूह मान्यताओं और ऊंच–नीच की भावना से त्रस्त समय और समाज की मांग के अनुरूप था। इसके सिद्धान्त व्यावहारिक धरातल पर मानव के दुःख–दर्द को लेकर विवेचित थे।

अतः यह एक प्रकार का मानव धर्म था। इस धर्म में स्थल–स्थल पर भाग्यवाद का खण्डन और कर्मवाद का मण्डन है। कर्म के द्वारा सभी सुख–सुविधाओं यहाँ तक कि निर्वाण की प्राप्ति को भी सरल बताया गया है।[४५] निश्चय ही इस प्रकार की भावना के पीछे बुद्ध की लोकोपकारी इच्छा कार्य कर रही थी। बुद्ध द्वारा भिक्षुओं और जन–सामान्य के लिए दिए गये उपदेशों के आधार पर यह सामान्य धारणा बनी है कि बुद्ध समता और प्रेम पर आधृत, अहिंसा–प्रवण, कर्मनिष्ठ एवं नैतिक समाज के पक्ष में थे। उल्लेखनीय है कि बुद्ध के आविर्भाव से कुछ पूर्व समाज में, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र जैसा वर्ण–विभाजन प्रभाव में था पर उनके युग में विभाजन–क्रम में किंचित् परिवर्तन हुआ और वरेण्यता क्रम से "खत्तिय", "ब्राह्मण", "वेस्स", एवं "सुद्द" जैसा विभाजन अस्तित्व में आया। यद्यपि पालि वाङ्मय के सामान्य अध्ययन से यह स्पष्ट है कि प्रथम विभाजन न तो लुप्त हो गया था और न ही दूसरा विभाजन निरापद मान्य; प्रत्युत दोनों प्रकार की विभाजन सम्बन्धी मान्यताओं में यत्किंचित् संघर्ष के लक्षण परिलक्षित होते हैं। वरेण्यता क्रम में ब्राह्मण-प्रथम था अथवा क्षत्रिय यह विवाद का विषय रहा।

त्रिपिटक में बुद्ध प्रायः जातिवाद की निस्सारता और कर्म की प्रधानता पर उपदेश देते वर्णित हैं। उनके द्वारा न केवल जातीय अपितु सामाजिक बन्धनों से भी परे हट कर बौद्ध संघ की स्थापना में भी, जिसमें ब्राह्मण से लेकर शूद्र और राजा से लेकर रंक तक की दीक्षा विहित थी, इसी भाव के दर्शन किये गए हैं। भिक्षुओं के चरमोद्देश्य की प्राप्ति भी सामूहिक प्रयास पर नहीं वरन् व्यक्तिगत कर्म पर आधारित थी। बुद्ध की यह मान्यता थी कि जैसे नदियां समुद्र में विलीन हो, समुद्र नाम से ही सम्बोधित होती हैं, उसी प्रकार संघ में दीक्षा के बाद प्रत्येक व्यक्ति "शाक्य पुत्रीय श्रमण" के नाम से अभिहित होगा।[४६]

---

४४. तुलनीय, गोखले, इ०हि०क्वा०, जिल्द, ३२,१९५६,३६,

४५. दी०नि०, "जनवसभसुत्त"; म०नि०, "एसुकारिसुत्त" और "चुलकम्मविभंगसुत्त"।

४६. वि०चु०, ६.१४,

बौद्ध चिन्तन की दृष्टि से सभी मनुष्य, मनुष्य होने के नाते समान हैं। उनमें ऊंच–नीच, सुजन्मा–कुजन्मा जैसा विभेद करना उचित नहीं। बुद्ध की दृष्टि में ब्राह्मण उच्च तथा उत्कृष्ट जाति के हैं और अन्य निम्न और हीन जैसे कथन व्यर्थ हैं। वस्तुतः सभी जाति के लोग बराबर हैं– "चत्तारों वण्ण सम–समा।"[४७] कोई व्यक्ति जन्मना किसी जाति से सम्बद्ध नहीं होता अपितु कर्मणा होता है। कोई ब्राह्मण कुल में जन्म लेकर निकृष्ट कृत्यों का सम्पादन करता है तो इस जन्म में कलंकित होता है और मरणोपरान्त नरक जाता है। उसका ब्राह्मण कुल में उत्पन्न होना न तो उसे कलंकित होने से बचा सकता है न तो नरक जाने से। इसके विपरीत सोपाक जैसे निम्नजातीय परिवार में जन्म लेने के बावजूद मातंग अपने सद्कर्मों से ऋषि का दर्जा प्राप्त कर महनीय कीर्ति का भागी होता है। उसका निम्नजन्मा होना न ही उसे ख्याति–काम से रोक सका और न ब्रह्मविहार से।[४८]

बुद्ध के अनुसार किसी जाति–विशेष में जन्म लेने के कारण किसी व्यक्ति को उस जाति–विशेष के कृत्य सम्पादन के लिए प्रेरित करना समीचीन नहीं। इस दृष्टि से एक पूर्व के नामित बौद्ध भिक्षु का कथानक उल्लेखनीय है। उसने अपने विद्वान् पुत्रों द्वारा पारिवारिक पेशे से ही धन एकत्र करा कर उससे बुद्ध प्रमुख भिक्षु संघ को खाद्य–पदार्थ अर्पित किया था। यद्यपि यह कृत्य बौद्ध धर्म के प्रति परम अभिरुचि का द्योतक है तथापि बुद्ध ने विद्वान् पुत्रों से हज्जाम का कृत्य करने के लिए प्रेरित करने के कारण उस बौद्ध भिक्षुक की पर्याप्त निन्दा की थी।[४९] वस्तुतः "खत्तिय", "ब्राह्मण", "वैस्स", "सुद्द" जैसे सामाजिक उद्‌बोधन पारम्परिक सम्बोधन मात्र हैं। इनके पीछे पारिवारिक या आनुवांशिक भाव नहीं लेना चाहिए। धम्म अपने आप में उत्कृष्ट है और इसका पालन इहलोक–परलोक दोनों के लिए हितकर है।"[५०] धम्म का आशय है विद्या और चरण। ऐसा मन्तव्य है कि "विज्जाचरण–सम्पन्नों, सो सेट्ठो देवमानुसेति।"[५१] यहाँ विज्जा–चरण का तात्पर्य है, शील, समाधि और प्रज्ञा।[५२] इनसे सम्पन्न व्यक्ति देव और मनुष्य दोनों में श्रेष्ठ है। इस प्रकार स्पष्ट है कि जिस व्यक्ति की परिचर्या से शील, श्रुत, श्रद्धा, प्रज्ञा आदि की वृद्धि होती हो उसकी सेवा करनी चाहिए, चाहे वह किसी भी जाति–वर्ग से सम्बद्ध हो ।[५३] वस्तुतः बुद्ध का कर्म सिद्धान्त बौद्ध दर्शन का सार और बड़ा ही व्यापक था। बुद्ध ने ऐहिक–आमुष्मिक सभी प्रकार की सुख समृद्धि के लिए कर्म के महत्त्व को प्रतिपादित किया। "चूलकम्म विभंग सुत्त" में तो उन्होंने कर्म को ही सब कुछ–दायाद, योनि, बन्धु और प्रतिशरण माना है।[५४]

---

४७. दी०नि०, भाग–१, पृ० ८०,

४८. ख०नि०, भाग–१, पृ० २८९–९०,

४९. वि०म०, ६.३७,

५०. दी०नि०, भाग–३ पृ० ७२–७५,

५१. दी०नि०, भाग–१, पृ० ८९–९१,

५२. देखो,महेश तिवारी, सोशियो-इकोनामिक आइडियाज़ इन अर्ली बुद्धिस्ट स्क्रिप्चर्स, १९८४,पृ० ४–५ (बुद्धिस्ट एण्ड नेशनल कल्चर्स विषयक प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय गोष्ठी में प्रस्तुत शोध पत्र)।

५३. म०नि०, "एसुकारिसुत्त"।

५४. म०नि०, "चूलकम्मविभंगसुत्त"।

यद्यपि सरकानि शाक्य जैसे कुछ उदाहरणों तथा क्षत्रियों के प्रति आकर्षण से सम्बद्ध प्रकरणों से बुद्ध का कर्म सिद्धान्त निश्चय ही खण्डित होता है,[५५] परन्तु उन्हें अपवाद ही मानना चाहिए। कर्मों के अनुसार ही व्यक्ति के मूल्यांकन या जाति–वर्ग के निर्धारण की यह धारणा निश्चय ही जन्मानुसारी वर्ण–भेद व ब्राह्मण धारणा की वैदिक परम्परा के हिंसामय यज्ञों की विरोधी थी, साथ ही इनमें तत्कालीन भौतिक संस्कृति के स्पर्धापूर्ण वातावरण में एक गरीब व्यक्ति को भी अपने कर्मों के माध्यम से करोड़पति बनने की प्रेरणा थी। इसी प्रकार इस सिद्धान्त के अनुसार वे अपने कर्मों के बल पर ब्राह्मण और मुक्ति प्राप्ति का उत्साह लाभ कर सकते थे।

व्यक्ति की उच्च या हीन स्थिति या सामान्य रूप से सामाजिक विषमता की कर्मानुसारी व्याख्या तो बुद्ध के पहले के भी भारतीय साहित्य में मिलती है और बुद्ध के समकालीन और किंचित् बाद के साहित्य में भी। पर अनुमानतः तत्कालीन वर्ण एवं जाति व्यवस्था पर इसका विशेष प्रभाव नहीं पड़ा और स्वयं बुद्ध को विभिन्न रूपों में इस व्यवस्था से समझौता करना पड़ा। कभी–कभी बुद्ध चारों जातियों में क्षत्रिय एवं ब्राह्मण के पूजार्ह, स्वागतार्ह और सेव्य होने का व्याख्यान देते हैं।[५६] यह भी उक्त है कि बौद्ध लेखकों ने जाति को सामाजिक संगठन के रूप में देखने का प्रयास नहीं किया अपितु उन्होंने यह दिखाया कि मुक्ति प्राप्ति में जाति का कोई महत्त्व नहीं। बुद्ध के इस प्रश्न पर कि कौन भिक्षु उत्तम भोजन, जल और आवास के अधिकारी हैं, भिक्षुओं का यह उत्तर था कि जो दीक्षा के पूर्व क्षत्रिय, ब्राह्मण या वैश्य कुल के होते हैं।[५७]

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि अपनी किन्हीं मजबूरियों के कारण बुद्ध को पूर्व वर्णित जाति सिद्धान्त स्वीकार करना पड़ा और भिक्षु भी प्रथम तीन वर्णों को ही प्रतिष्ठा की दृष्टि से देखते थे। विशेषकर क्षत्रियों का स्थान सर्वाग्र था और तत्कालीन जनपदों में प्रशासकीय वर्ग की स्थिति को देखते हुए यह स्वाभाविक भी लगता है।

प्रारम्भिक पालि साहित्य के सामान्य अध्ययन से ऐसा आभास होता है कि बुद्ध सामाजिक समन्वय के इच्छुक थे। इस दृष्टि से उनके "ब्रह्मविहार" का आदर्श विशेष उल्लेखनीय है। "ब्रह्मविहार" का आशय है उत्कृष्ट जीवन–पद्धति। उत्कृष्ट जीवन पद्धति चार मानवीय मूल्यों – "मेत्ता", "करुणा", "मुदिता", और "उपेक्ख" के सम्यक् प्रतिपत्ति से सम्भव है। इन चार मानवीय मूल्यों को सामाजिक ढाँचे का चार आधार स्तम्भ कहा जा सकता है। "मेत्ता" का आशय है "परहित कामता"। "करुणा" मानव–मन की वह स्थिति है जिसमें अनुराग और प्रेम का अजस्र प्रवाह होता है। यह स्थिति मात्र मौखिक सहानुभूति नहीं वरन् दूसरों के दुःख की सहज अनुभूति अर्थात् "पर दुःख–कातरता" है। मुदिता का आशय है दूसरों के सुख–कल्याण में ईर्ष्या–द्वेष विहीन निर्वाद आनन्दानुभूति तथा ऊंच–नीच एवं मूर्ख बुद्धिमान जैसे भेदभाव से परे

५५. सं०नि०, ५५.२४–२५ (पठम सरणानिसक्क सुत्त एवं दुतिय सारणानिसक्क सुत्त); दी०नि० "अम्बट्ठसुत्त"।

५६. म०नि०, "सेखासुत्त" एवं "कणत्थलसुत्त"।

५७. वि०चु०, ६.६.२.

की स्थिति है "उपेक्खा"। बुद्ध इन चार मानव मूल्यों के सतत् अभ्यास का उपदेश न केवल बौद्ध भिक्षुओं को देते वर्णित हैं, वरन् यत्र–तत्र सामान्य जन के समक्ष भी इस प्रकार के उपदेशों का उदाहरण उपलब्ध है।[५८] इस प्रकार के अभ्यास से सामाजिक शांति और सौमनस्य की स्थिति सहज कल्पनीय है। ऐसी स्पृहणीय सामाजिक परिस्थिति में न तो परस्पर दुश्मनी और कलह की आशंका हो सकती है न असंतोष की। ऐसा सामाजिक वातावरण निश्चय ही सर्वांगीण सुख–समृद्धि का जनक होगा।

बुद्ध वस्तुतः अहिंसा–प्रवण नैतिक समाज के पक्ष में थे चोरी, मानव–हिंसा, मैथुन जहाँ भिक्षुओं के लिये पराजिक दोष माने जाते थे[५९] और असत्य भाषण गर्हित समझा जाता था, वहीं हिंसा, चोरी आदि से दूर रहना तथा ब्रह्मचर्य का पालन करना जन–सामान्य के लिए भी उपदिष्ट था।[६०] अहिंसा धर्म का उपदेश तो उपनिषदों में भी उपलब्ध होता है पर वहाँ यज्ञों आदि में पशु हिंसा अभिमत थी।[६१] बुद्ध ने हिंसामय यज्ञ को भी गर्हित बताया।[६२] शिकारी, कसाई के कार्य, मांस–व्यापार, मानव–विक्रय आदि बौद्धों के लिए तथा आदर्श गृहस्थों के लिए वर्जित थे।[६३] बुद्ध न केवल मानव अपितु प्राणिमात्र की हिंसा के निन्दक थे। वस्तुतः बुद्ध के अहिंसा के सिद्धान्त की परिधि में ही उनके द्वारा निर्दिष्ट सत्य, अस्तेय को भी कुछ सीमा तक रखा जा सकता है क्योंकि वे सत्य भाषण के साथ ही मृदु वाणी के भी पक्ष में थे और अचौर्यता का तात्पर्य बेईमानी से भी वर्जन प्रतीत होता है।[६४]

गृहस्थों के लिये मांस–भक्षण अविदित न था। पालि साहित्य में यत्र–तत्र भिक्षु तथा स्वयं बुद्ध भी मांस खाते वर्णित हैं, यहाँ तक कि कुछ विशेष छूट के साथ भिक्षुओं को भी बुद्ध ने मांस भक्षण का निर्देश दिया।[६५] इसके लिए जैनियों ने उनकी कटु आलोचना भी की थी[६६], जिस आधार पर कुछ आधुनिक विद्वानों ने भी बुद्ध पर आक्षेप किया है।[६७] पर इस संदर्भ में बुद्ध को दोषी ठहराने के बदले उनकी परिस्थितियों पर भी ध्यान अपेक्षित होगा। वस्तुतः बौद्ध भिक्षुओं का जीवन–यापन गृहस्थों पर ही निर्भर था। अतः उनके द्वारा अर्पित भोज्य पदार्थ का भक्षण विहित था क्योंकि भिक्षुओं की अल्पकामिता इसी में निहित थी। कुछ उदाहरणों से ऐसा

---

५८. म०नि०, "चूलअस्सपुर सुत्त"।

५९. वि०सु० (भिक्खु पा०) "पराजिकधम्म"।

६०. दी०नि०, "सिंगालोवाद सुत्त"।

६१. छान्दोग्य उपनिषद् २.१५.

६२. दी०नि०, "कूटदन्तसुत्त"।

६३. अं०नि०, ५.१८; विशेषकर ५.१८.७ (उपासकवग्ग, "वणिज्जासुत्त")

६४. तुलनीय, बैशम "वण्डर दैट वाज़ इण्डिया, १९५६.२८७ और आगे।"

६५. भिक्षुओं के मांस–भक्षण के संदर्भ में देखें, लेखक के ग्रन्थ का अध्याय–५.

६६. वि०म०, ६.३१.१३; म०नि०, "सीहसुत्त"।

६७. मदनमोहन सिंह, बुद्ध कालीन समाज और धर्म, १९७२.६८.

आभास होता है कि बुद्ध मंगलकारी भावना की पूर्ति के लिए अप्रशस्त पदार्थों के प्रयोग के भी पक्ष में थे।[६८] युद्ध के संदर्भ में बुद्ध के बहुत वक्तव्य नहीं हैं, पर अनुमान होता है कि ये युद्ध के विरोधी थे और उनकी दृष्टि में धर्म–युद्ध नाम की भी कोई चीज नहीं है।[६९] राजोवाद जातक का उदाहरण –

"अकोधेन जिने कोधम् असाधुम् साधुना जिने।
जिने कदरियम् दानेन, सच्छेनालिक वादिनम्।।"

उनकी युद्ध विरोधी भावना की दृष्टि से अत्यन्त रोचक है। अर्थात् राजा को चाहिए कि वह क्रोधी को अक्रोध, दुष्टों को सौजन्य, कृपण को प्रचुर दान तथा मिथ्यावादी को अपने सद्वचन से वशवर्ती बनायें। शाक्यों और कोक्तियों के रोहिणी नदी के जल विवाद और बुद्ध के हस्तक्षेप से उसका शान्तिपूर्ण समाधान तो प्राचीन स्रोतों से समर्थित नहीं है, परन्तु आधुनिक इतिहासकार प्रायः इसकी ऐतिहासिकता पर संदेह नहीं करते। इस प्रकार यह घटना भी बुद्ध को अहिंसा का पक्षधर और युद्ध का विरोधी सिद्ध करती है। इसी प्रकार गृहस्थ जीवन और उपासकों के आदर्श में जैसा कि ऊपर उल्लेख किया जा चुका है, बार–बार मैत्री भाव, करुणा, सहयोग आदि पर बल देने से भी इस तथ्य की पुष्टि होतीं है। बुद्ध के द्वारा अनाथपिण्डिक की झगड़ालू पुत्रवधू के सौमनस्य उत्पन्न करने के कथानक का प्राचीन पालि परम्परा में उल्लेख है।[७०] बुद्ध क्रोधी व्यक्ति के पर्याप्त निन्दक थे।[७१] कलह शमन के लिए उभय पक्ष के समक्ष निर्णय देना, स्मृति, अमूढ़ता, प्रतिज्ञा, बहुमत तथा उसके पाप कर्म के अनुरूप निर्णय देना, उभय पक्ष की अनुमति से मुकदमा समेटना आदि का विधान था।[७२] इस प्रकार बुद्ध का सामाजिक सुख–शान्ति एवं नैतिक समाज का आदर्श समाज सन्तुलन की दृष्टि से वास्तव में स्तुत्य है। अहिंसा, शान्ति और प्राणिरक्षा का आदर्श मानव–मानव और जीव–जीव में सह अस्तित्व के भाव के लिए अत्यन्त आवश्यक था।

सामाजिक सुख–शान्ति और जनता के नियमन–संयमन की दृष्टि से राजा के महत्त्व का प्रतिपादन भी महत्त्वपूर्ण है। बुद्ध की दृष्टि में राजा का कर्त्तव्य है कि वह जनता को बुरे कर्मों से रोके, भ्रष्टों को दण्डित करे और सत्कर्मों के प्रति प्रोत्साहित करे।[७३] राजपुरुषों एवं परिचारकों को परिश्रमी बनाने के लिए राजा को स्वयं का परिश्रमी होना आवश्यक था।[७४] नामकरण के संदर्भ में बुद्ध की "धम्मन परे रञ्जेतीति राजा" जैसी व्याख्या यह सिद्ध करती है कि राजा धर्माचरण से लोगों को आनंदित करता था। वह प्रजा द्वारा प्रशंसित, पृथ्वी का

---

६८. वि०चु०, ५.२१; तुलनीय, म०नि०, "बोधिराजकुमारसुत्त" आदि।

६९. डि वैरी, सो०इ०द्र०, पृ० १२८–१२९; श्री राहुल, व्हाट दी बुद्ध टॉट, १९७४.८४.

७०. अ०नि०, ७.५.१० (भरिया सुत्त)।

७१. अ०नि०, ७.६.११ (क्रोधनसुत्त)।

७२. अ०नि०, ७.८.१०(अधिकरण समथसुत्त)।

७३. दी०नि०, "अग्गञ्सुत्त"।

७४. स०नि०, कोसल संयुत्त, "जहाँ इस प्रकार के बहुत से तथ्य संकलित हैं।"

अधिपति और प्रजा का हितैषी था।[७५] चक्रवर्ती राजा बुद्ध द्वारा प्रशंसित था। उसका कर्त्तव्य था कि वह लोगों को पंचशील के पालन के प्रति प्रेरित करे और वांछितों को यथेच्छ दान दे, राजा–प्रजा में पिता–पुत्र का सम्बन्ध भी झलकता है।[७६]

यद्यपि बुद्ध ने संबके लिए उपदेश दिया पर, जैसा कि ऊपर उल्लेख है कि जन सामान्य के लिए दिए गये उपदेश अपेक्षाकृत कम हैं। फिर भी अनेक उपदेश ऐसे हैं जो बौद्धों और अबौद्धों दोनों पर समान रूप से लागू होते हैं। संख्या में कम ही सही पर इन उपदेशों से बुद्ध की आदर्श गृहस्थी सम्बन्धी मान्यताओं का अच्छा खासा चित्र प्रस्तुत होता है।

बुद्ध को एक ऐसे आदर्श समाज की अपेक्षा थी जिसका प्रत्येक सदस्य पुरुषार्थी हो और न केवल समाज के अन्य सदस्यों के प्रति बल्कि अनागरिक समाजेतर व्यक्तियों एवं जीव–जन्तुओं के प्रति भी अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह करे। आदर्श गृहस्थ बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय हो कर माता–पिता के प्रति कर्त्तव्यनिष्ठ होता है और कृतज्ञ हो धर्मानुसार उनकी पूजा–अर्चना करता है। वह अनागरिक प्रव्रजित ब्रह्मचारियों का आदर करता है, धर्म के विषय में प्रज्ञावान् होता है और राजाओं, देवताओं, जाति–बंधुओं का हित करने वाला होकर; वह मात्सर्य लोक को त्याग कल्याण–लोक को प्राप्त करता है।[७७] इससे स्पष्ट है कि बुद्ध सामाजिक क्षेत्र में ही नहीं बल्कि नैतिक, राजनैतिक, धार्मिक सभी क्षेत्रों में व्यक्ति के कर्त्तव्यों और गृहस्थों तथा श्रमण–परिव्राजकों के परस्पर के आचार–विचार के सतर्क उपदेष्टा थे। **दीघनिकाय** के "सिंगालोवाद सुत्त" से इन सभी तथ्यों पर स्पष्ट प्रकाश पड़ता है।

बुद्ध द्वारा सिंगाल के छः दिशाओं के प्रणाम करने के महत्त्व का खण्डन और उनके स्थान पर माता–पिता, गुरु–अमात्य, श्रमण–ब्राह्मण, मित्र–दास, भृत्य को ही सत्करणीय दिशा बताना

"माता पिता दिसा पुब्बा, आचरिया दक्खिणा दिसा।
पुत्ता-दारा दिसा पच्छा, मित्ता-मच्चा च उत्तरा
दास-कम्भकरा हेटठा, उद्धम समण ब्राह्मणा।
एता दिसा नमस्सेय्या अलमत्तो कुले गिही।।"

वास्तव में व्यक्ति को व्यावहारिक जगत से जोड़ने का प्रयत्न था और उसके सामाजिक और नैतिक कर्तव्यों की पूर्ति का ही उपदेश था।

भिक्षुओं की तरह ही जन सामान्य का भी कर्त्तव्य था कि वह नैतिकता के प्रति सतर्क रहे। इस संदर्भ में उसके लिए ब्रह्मचर्य का पालन, जीव–हिंसा से विरति, सत्य–भाषण और अचौर्यता निर्दिष्ट थी। स्वेच्छया द्वेष, मोह और भय के वशीभूत हो धर्मातिक्रमण करना वर्जित था। गुरु शिष्य के कर्त्तव्य का भी स्पष्ट निर्देश है। जहाँ शिष्य से गुरु की उचित

---

७५. दी०नि०, "अग्गञ्सुत्त"

७६. वही, "महापदानसुत्त"।

७७. अ०नि०, ८.४.८(सप्पुरिसुत्त)।

परिचर्या और उसके द्वारा दी गई शिक्षाओं को उचित रीति से ग्रहण करने की अपेक्षा की जाती, वहीं गुरु का धार्मिक कर्त्तव्य था कि वह शिष्य को विनीत बनाये और उसे उचित शिल्पों की शिक्षा दे। वस्तुतः बौद्ध धर्म के गुरु को गुरु, पिता, शिक्षक एवं अनुशासक के रूप में पहचाना जा सकता है। **दीघनिकाय** के "सिंगालोवाद सुत्त" में उसकी दक्षिण दिशा से तुलना की गई है।

आतिथ्य–सत्कार करना गृहस्थों का पुनीत कर्तव्य था। श्रमण ब्राह्मण श्रेष्ठ और पूज्य थे। श्रमण ब्राह्मण समाज में सदगुणों और मानव–मूल्यों का विकास करते हैं, अतः वे उत्तम दिशा के रूप में स्तुत्य हैं। प्रत्येक गृहस्थ का कर्तव्य था कि उनके प्रति मनसा, वाचा, कर्मणा मैत्री भाव रखे और प्रत्येक याचक को यथाशक्ति मुक्त हस्त से दान कर उनकी सेवा करें। बुद्ध का दृष्टिकोण था कि दान से भौतिक सुख प्रतिष्ठादि, स्वर्ग की प्राप्ति एवं देवताओं के सांनिध्य में आनन्दानुभूति होती है।[७८] श्रमण–ब्राह्मण का कर्तव्य था कि वे गृहस्थों को पाप से मुक्त करें तथा कल्याण मार्ग की ओर उन्हें प्रवृत्त करा, स्वर्ग की ओर उन्मुख करें। गृहस्थों को सज्ञान बनाना भी श्रमण ब्राह्मणों का कर्तव्य था।

अर्थ प्रवण नागा समाज जहाँ तत्कालीन समाज की मांग था वहीं स्वयं बुद्ध और बौद्ध भिक्षुओं की भिक्षा जीवी आवश्यकताओं का पूरक भी। आर्थिक दृष्टि से प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य था कि अपनी भावी पीढ़ी के लिए सम्पत्ति का अर्जन और संरक्षण करें।[७९] धर्म विहित कृत्यों से उत्पन्न कामभोगी-वस्तुएँ हानिप्रद नहीं, बल्कि उनके दान से पुण्य भी होता है।[८०] अच्छे गृहस्थों को मधुमक्खी की भाँति संकेत रूप से भोगों का संचय करना चाहिए और संचित सम्पत्ति का उचित रीति से उपभोग करना चाहिए। वह अपनी सम्पत्ति को चार भागों में विभक्त कर एक को स्वयं प्रयोग में लाये, दो भागों को अन्य कृत्यों में व्यय करे और शेष भाग को आपात काल के लिए छोड़ दे । अतः बुद्ध गृहस्थों के अर्थ–सम्पत्ति सम्बन्धी भौतिक उपयोग के साधनों को भविष्य के लिए सुरक्षित रखने के भी पक्ष में थे। इस प्रकार का प्रबन्ध न केवल भौतिक सुविधा की दृष्टि से अपितु सन्मित्रों की प्राप्ति की दृष्टि से भी अपेक्षित था। किन्हीं–किन्हीं उदाहरणों से तो सम्पत्ति पर सभी पुरुषों के समान अधिकार की प्रशंसा का संकेत मिलता है।[८१] बुद्ध ने नागर सभ्यता के कतिपय दुर्गुणों तथा मद्यपान, असमय–भ्रमण, समज्जासेवन, व द्यूत क्रीड़ा आदि से, जो अर्थ–हानि के साथ ही सामाजिक प्रतिष्ठा, मानसिक सन्तुलन, शारीरिक स्वास्थ्य आदि की दृष्टि से भी घातक थीं, दूर रहने का उपदेश दिया। सांसारिक क्षेत्र में सत्संगति और मित्रता सम्बन्धी उपदेश विशेष महत्त्व का था। बुद्ध ने जहाँ लोगों को कुमित्रों से बचने का सुझाव दिया,[८२] वहीं सर्वक्षेत्रीय विकास के लिए सन्मित्रों का साथ भी आवश्यक बताया।

---

७८. वही, ५.४.४, तुलनीय, ५.४.१ एवं ५.४.५ सीहसेनापतिसुत्त, तुलनीय, सुमनसुत्त एवं दावानिससंसुत्त।

७९. दी०नि०, 'सिंगालोवादसुत्त।

८०. अ०नि०, १०.१०.१ (कामभोगीसुत्त)।

८१. अ०नि०, ८.३.१–२ (पठम एवं दुतिय उग्ग सुत्त)।

८२. अ०नि०, 'एककनिपात', १७.१०– पाप मित्रता को सर्वाधिक अनर्थकारी कहा गया है। तुलनीय, ६.२.१०(विलामसुत्त);देखो, भरतसिंह उपाध्याय, पालि साहित्य का इतिहास, संवत् २००८,१८२,

सन्मित्र का कर्तव्य था कि वह सुख–दुःख एवं अर्थोपार्जन में सहयोगी हो और उपकारी, अनुकम्पक, गुह्य बातों को छिपाने वाला, पापनिवारक तथा स्वर्ग की ओर प्रवृत्त करने वाला बने। ऐसे मित्र प्रतिष्ठा के योग्य थे और उनकी माता–पिता तथा पुत्र की तरह सेवा परिचर्या आवश्यक थी। ऐसे मित्रों के साथ धनादि से सहयोग करना, समता, मृदुता और विश्वसनीयता, का व्यवहार करना अनुमोदित था। सन्मित्रों से सम्बद्ध व्यक्ति का अन्य भी आदर–सत्कार करते हैं एवं शुभेच्छुओं के सम्भवतः इन्हीं गुणों के कारण उनकी उत्तर दिशा के रूप में कल्पना थी।[८३]

परिवार के संदर्भ में बुद्ध द्वारा उपदिष्ट कर्तव्य निश्चय ही स्पृहणीय हैं। बुद्ध माता–पिता की ब्रह्मतुल्य प्रतिष्ठापना के पक्षधर थे।[८४] माता–पिता की सेवा–शुश्रूषा और सहयोग न केवल सांसारिकों के लिए, वरन् यथावश्यक भिक्षुओं के लिए भी विहित था।[८५] माता–पिता का भरण–पोषण, उनके कृत्यों का सम्पादन, उनकी सन्तुष्टि के लिए वंश परम्परा कायम रखना, भावी पीढ़ी के लिए दाय का प्रतिपादन और पितरों से सम्बद्ध श्राद्ध–कर्म करना गृहियों का प्रायः अनिवार्य कर्तव्य था। पालि साहित्य में माता–पिता की "पूर्व दिशा" के रूप में प्रतिष्ठापना है।[८६]

पत्नी के रूप में स्त्री को अधिकार था कि वह पति से सुख, समृद्धि, अलंकरण तथा यथेष्ट सम्मान प्राप्त करे।[८७] कुल कुमारियों तथा कुल–स्त्रियों को समाज से सम्मान प्राप्त करने का अधिकार था।[८८] पत्नी के रूप में दासी भार्या ही प्रशंसित थी।[८९] उसका कर्तव्य था कि वह मृदुभाषिणी हो और पति के प्रति श्रद्धालु बने। पति से पहले उठे और बाद में सोये। पति के माता–पिता और उसके सम्मानित व्यक्तियों की सेवा पत्नी के लिए प्रशंसित थी। परिवार की संख्या वृद्धि और वंश परम्परा कायम करने में पत्नी पुत्रोत्पत्ति द्वारा तो सहयोग करती ही थी, आर्थिक दृष्टि से भी वह उपादेय थी। पति की मृत्यु के अनन्तर, उसे परिवार में पति के दायित्व का निर्वाह करना और स्वयं के द्वारा अर्जित वस्तु से बच्चों और परिवार वालों का भरण–पोषण करना प्रशंसित था।[९०] सम्भवतः अपने इन्हीं स्पृहणीय कृत्यों के कारण पत्नी और बच्चों की "पश्चिम दिशा" के रूप में प्रतिष्ठा थी।

---

८३. दी०नि०, "सिंगालोवादसुत्त"।

८४. अ०नि०, ४.७.३.(ब्रह्मसुत्त)।

८५. वि०म०, ३.७.७.२२.१।

८६. दी०नि०, "सिंगालोवादसुत्त"।

८७. वही, "सिंगालोवादसुत्त"।

८८. वही, "महापरिनिब्बानसुत्त"; अ०नि०,६.३(वज्जिसप्तक वग्ग) आदि।

८९. अ०नि०, ७.६.१० (भरियासुत्त)।

९०. अ०नि०, ६.२.६ (नकुलपितुसुत्त)।

इसी प्रकार पत्नी और पुत्र के प्रति व्यक्ति के कर्तव्य का व्यवस्थित प्रतिपादन है। अपने परिवार का भरण–पोषण करना व्यक्ति का पुनीत कर्तव्य था। पुत्र के प्रति माता–पिता का कर्त्तव्य था कि वे उन्हें पाप से निवृत्त करें, शिल्प में निपुण बनायें तथा योग्य स्त्री से सम्बन्ध करायें। इसी प्रकार प्रत्येक गृहस्थ का कर्तव्य था कि वह पत्नी के प्रति पूर्ण ईमानदार रहे। उसे यथेष्ट सम्मान दे तथा सुख और आभरण आदि का समुचित प्रबन्ध करें।[६१]

स्पष्ट है कि बुद्ध के दृष्टिकोण में स्त्रियों की परिवार की सुख समृद्धि में अहम् भूमिका थी और वह गृही जीवन की अपरिहार्य तत्त्व थी। प्राचीन पालि साहित्य में धारणा सुरक्षित है कि स्त्रियों की प्रतिष्ठा सन्तानोत्पत्ति और मातृत्व में होती है तथा उनके लिए पति की प्राप्ति और असपत्नीक होना परम सुख होता है।[६२] बुद्ध के "स्त्री–प्रकृति–दर्शन" और उनकी अध्यात्मक्षेत्र तथा निर्वाण के प्राप्ति की योग्यता को स्वीकार करते हुए संघ में प्रवेश के आदेश में संकोच ब्रह्मचर्य के पालन में व्यवधान की दृष्टि से तो महत्त्वपूर्ण थी ही, इस तथ्य का भी सूचक है कि बुद्ध स्त्रियों के गृहिणी रूप को ही आदर्श मानते थे। यदि इन तथ्यों में रखकर देखा जाए तो **महावग्ग** में मगधक्षेत्र में बुद्ध के प्रति किया गया यह आक्षेप, कि वे घर उजाड़ने वाले हैं,[६३] न्यायपूर्ण नहीं कहा जा सकता।

बौद्ध एवं जैन साहित्य के अनुशीलन से यह सुविदित है कि प्रायः प्रत्येक समृद्ध परिवारों में नौकर और दास नियुक्त होते थे और अपने क्रिया–कलापों से प्रायः पारिवारिक सदस्य के रूप में मान्यता प्राप्त कर लेते थे। बुद्ध के उपदेशों में इनके लिए भी आवश्यक कर्त्तव्यों का विधान है। प्रत्येक स्वामी का कर्त्तव्य था कि वह दास–भृत्यों से उनकी सामर्थ्य के अनुरूप ही काम लें, अस्वस्थता में उचित उपचार करें तथा उन्हें यथावसर अवकाश दें, उनके लिए भोजनादि का प्रबन्ध और समुचित पारिश्रमिक की व्यवस्था करें। इसी प्रकार दास–भृत्य का अपने स्वामी के प्रति कर्तव्य था कि वे उनसे पहले उठें, पीछे सोवें, चोरी न करें और कार्यों का निपुणतापूर्वक मनोयोग से सम्पादन करें। वस्तुतः दास–कर्मकर सेवा के प्रतीक हैं, और उनके इस महत्त्व को, समाज के षडआयामी ढाँचे में उचित स्थान देते हुए "हेट्ठादिसा" के रूप में प्रतिपादित किया गया है।[६४]

बुद्ध के चिन्तन और उनकी मान्यताओं के विवेचन से यह सुस्पष्ट है कि वे विराट् अध्यात्म–चिन्तक, प्रबुद्ध समाज सुधारक और आचार–विचार के सफल शिक्षक थे। हालांकि कभी–कभी उन्हें तत्कालीन सामाजिक मान्यताओं से समझौता करना पड़ा , भिक्षु–भिक्षुणियों के लिए सामाजिक रीति–रिवाजों के अनुरूप नियम बनाना पड़ा, परन्तु इस प्रकार की समझौतावादी नीति, उनके मध्यममार्गी धर्म और भिक्षाजीवी चारिका प्रधान भिक्षु संघ की आवश्यकताओं को

---

६१. वही, "सिंगालोवादसुत्त"।

६२. अ०नि०, ६.५.१० (खत्तियसुत्त), ८.३.७ (पठमबलसुत्त)।

६३. वि०म०, १.२४.५,

६४. दी०नि०, "सिंगालोवादसुत्त",; अ०नि०, ३.४.४ (उग्गहसुत्त)।

देखते हुए, सहज स्वाभाविक है। वस्तुतः समय और समाज की मांग के अनुरूप यह धर्म सिद्धान्त जीवन के व्यावहारिक धरातल पर मानव के दुःख दर्द को लेकर विवेचित एक प्रकार का मानव धर्म था। अतः इसके सिद्धान्तों का समाज–सापेक्ष होना कथमपि विस्मयावह नहीं। रोचक है कि सांसारिक दुःखों को लेकर बुद्ध के चिन्तन का प्रारम्भ होता है और "आत्यन्तिक दुःख निवृत्ति" अथवा "परिनिर्वाण" की अवस्था उनके चिन्तन का परम लक्ष्य है। उनकी कल्याणकारी चिन्तन–दृष्टि अत्यन्त व्यापक थी। उनकी करुणा का विषय न केवल तथाकथित बौद्ध समाज, बल्कि बौद्ध एवं बौद्धेतर सम्पूर्ण समाज था, न केवल मनुष्य वरन् प्राणि मात्र था। उन्होंने तत्कालीन सामाजिक कुरीतियों का तथ्यपरक विश्लेषण कर समता पर आधारित एवं कर्म–प्रधान समाज का आदर्श प्रस्तुत कर सामाजिक सौमनस्य का सुखद मार्ग प्रशस्त किया। इस प्रकार उनके उपदेशों में धार्मिक, राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, पारिवारिक यत्किंचित् सर्वक्षेत्रीय आदर्शों का सुन्दर समन्वय है। उनके सामाजिक उद्‌बोधनों में विभिन्न जाति–वर्गों एवं पारिवारिक सदस्यों के न केवल पारस्परिक क्रिया कलापों का व्यवस्थित विवेचन है बल्कि गृह त्यागी श्रमण–परिव्राजकों के प्रति उनके तथा श्रमण परिव्राजकों को उनके प्रति परस्पर व्यवहारों एवं उत्तरदाय का सुखकर निरूपण है।

उल्लेखनीय है कि बुद्ध का समाज विषयक चिन्तन उस युग में तो स्पृहणीय था ही आज भी उपादेय है, सामाजिक सन्तुलन एवं सुख–शान्ति की दृष्टि से न केवल भारत अपितु अन्य देशों में भी समादरणीय है। अतः देश–काल की परिधि से परे यह सार्वदेशिक और सार्वकालिक है। वास्तव में बुद्ध के उपदेशों के आधार पर सामाजिक एवं पारिवारिक सम्बन्धों की तथा गृहत्यागियों के प्रति, गृहस्थों के प्रति, गृहत्यागियों के कर्तव्य एवं उत्तरदायों की एक सुव्यवस्थित आचार संहिता तैयार की जा सकती है जो ऐहिक आमुष्मिक दोनों जीवन के अभ्युदय की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है।

□□□

NATURE OF EARLY BUDDHIST HISTORIOGRAPHY

SHANKAR GOYAL

One may begin a study of the nature of the early Buddhist historiography with a reference to the tradition of the late Vedic historiography[1] in the atmosphere of which it originated and developed. In the Vedic age there grew three types of composition which indicate the first systematic attempts of our ancestors to record historical facts. These are, firstly, the *vaṁśas* (succession-lists of Vedic teachers) and the lists of gotras and pravaras (which are translated as family genealogies); secondly, the *gāthās* (epic song-verses) and *nārāśaṃsīs* (songs in praise of heroes); and thirdly, the records of contemporary historical incidents. These are all embedded in different works of the Vedic literature. The early Buddhist historiography was influenced most by the *vaṃśa* lists.

The compilation of succession-lists of Vedic teachers probably begun in the period of the Brāhmaṇas and was continued down to the times of the Āraṇyakas and the Upanishads. The first list is preserved in the *Vaṁśa Brāhmaṇa* of the Sāmaveda school; the second and the third are found in the *Jaiminīya Upanishad Brāhmaṇa* likewise belonging to the Sāmaveda school; the fourth and the fifth are found in the *Bṛhadāraṇyaka Upanishad* forming the concluding portion of the *Śatapatha Brāhmaṇa* of the white Yajurveda school; the sixth is found at the end of the *Śaṅkhāyana Āraṇyaka* of the Ṛgvedic school and the seventh is found in the *Muṇḍaka Upanishad* of the Atharvaveda school. Thus the compilation of these lists can be traced back to the late Brāhmaṇa works of the *Sāmaveda* and *Yajurveda* schools. By contrast the Brāhmaṇas of the Ṛgvedic school (*Ailtareya* and *Kaushītaki*) as well as the Brāhmaṇa of the

1. For Vedic historiography vide V.S. Pathak, *Ancient Historians of India*, Gorakhpur, 1984, Ch. 1 and U.N. Ghoshal, *studies in Indian History and Culture*, 1965, Ch. II.

Atharvaveda school *(Gopatha)* are wanting in such lists. According to U.N. Ghoshal, probably the growing scepticism about Vedic sacrificial ritual, of which we have indications in the Brāhmaṇas themselves and which was to culminate in the revolt of Buddhism and Jainism, led the priestly authors of the late Brāhmaṇa texts to justify themselves with the weight of Formidable authority going back to the gods."[2]

Succession-list of teachers are given in the Gṛhyasūtras also. But there is a great difference between these late lists and those found in the Brāhmaṇa texts. In the lists of the Vedic texts the human teachers were looked upon as historical personages whose names and order of succession were recorded correctly as proof of the genuineness of their teaching while in the later accounts the teachers belong to the rank of semi-divine personages to be venerated along with groups of deities and manes. Now it was felt no longer necessary to transmit their names in genealogical succession. It is true that the oldest names in the Vedic lists consist of the names of deities like Agni, Vāyu, Indra and Brahman. But rest of the names of these lists consist of human teachers who may be broadly accepted as historical. Some of these personages obviously took an outstanding share in the development of Vedic thought and ritual. According to Max mxller "with the exception of the highest links in each chain of teachers the lists have an appearance of authenticity rarely to be met with in Indian composition." However the value of these lists to the modern historian is discounted by the fact that they utterly fail to approach the level of a biography of the human teachers. They are usually were names which acquire some personality only when one is able to relate some ideas or facts mentioned elsewhere in the same or some other text with a particular name. It is against this background that the rise of the early Buddhist historiography has to be studied.

The rise of various religious movements in the sixth century B.C. brought into prominence several tīrthaṅkaras who were marked out from the Vedic thinkers by their more or less distinctive teachings and personified in themselves as it were the whole of their teachings. Nothing, therefore, could be more natural than that their lives should form the subject of reverent investigations by their followers. That the followers of the Buddha were

2. Ghoshal, op.cit, p. 3.

interested in such investigations is apparent from their canonical literature. The present Pali canonical literature represents the scriptures of the Theravādins. The canonical literature of other schools has been preserved in the form of Sanskrit and Prakrit fragments of the original texts recently brought to light in Kashmir and Central Asia, as well as in extensive Tibetan, Chinese and other translations. Like the Vedic lore the Buddhist sacred texts were also at first handed down by oral tradition and were not put to writing till centuries afterwards. According to a tradition preserved in the *Dīpavaṁsa* and *Mahāvaṃsa*, which has been accepted as trust worthy, the Pali *Tripiṭaka* along with its commentaries was fixed in writing for the first time under the Siṁhalese king Vaṭṭagāmaṇī in the first century B.C.

Theoretically the *Tripiṭaka* is a record of important happennings in the life of the Master including his discourses (*Sutta Piṭaka*) and the events connected with the establishment of the Buddhist Church and the enactment of its rules (*Vinaya Piṭaka*), The discourses of the *sutta piṭaka* are not arranged chronologically. Their arrangement is according to their length, topic and mnemonic convenience. However usually the circumstantial account of the events leading up to the discourse, the place where the discourse was given and the time when it was given are mentioned. Thus the *suttas* sometimes include glimpses of contemporary history. The compilers of the *suttas* obviously knew some version of the Paurāṇika history also. They were not much interested in ancient rulers though they have recorded the deeds of some of them. When they wrote, the legends of the chakravartins were no longer historical. The emperors were now ideals to be followed and the Buddhist valued the legends as examples which contemorary kings could follow. The first emperor was Mahāsammata, the Greal Elect. Sometimes he is identified with Manu. Others were Dālhanemi, Reṇu, and Māndhatā, all mentioned in Brāhmanical and Jaina legends also. Stories about historical kings such as Janaka of Videha, and perhaps the ancient kings of Kāśī, Uddālaka, a thinker of the Upanishadic age and probably contemporary of king Janaka, and the fact that he tought at Takkhasilā (as in the *Chhāndogya Upa.*) are also recorded. This 'history', however is already fading into legend and being adapted for the purpose of edification.

In the whole range of Pali canonical literature, no connected biography of Buddha is found. However these texts record some contemporary events in

which activities of the Buddha form a special category. A number of episodes describing the Master's ancestry and birth, his infancy and youth, his renunciation, austerities and enlightenment, his career as a wandering preacher and lastly his nirvāṇa are found interspersed with the texts on doctrine and discipline.

Four suttas in the *Majjhima*, however, describe the days of his wandering in search of Truth. In several more suttas spread over the four Nikāyas and the *Mahāvagga* there are references to Buddha's Enlightenment. The *Mahāvagga* further attempts to narrate the history of the days following the sambodhi, just as the *Mahāparinibbāna sutta* pieces together fragments relating to Buddha's last days and tries to build a continuous narrative. In the *Mahāpadāna sutta* one finds that the attempt to schematize Buddha's life theologically is already far advanced. Basides, there are other incidental references in the Nikāyas which shed some light on Buddha's personality.

Much later is the sketch persented in the *Nidānakathā*. still later, and of only hagiological importance is the Pali poem *Jinacarita*, while *Mālālaṅkāra vatthu* is a quite modern work of uncertain date."[3]

For the authors of these texts the events recorded in them were not records of ordinary events but of "momentous events of cosmic significance, a significance which was not very apparent at first, perhaps (to the immediate followers of the Buddha), but which in any case gained strongly at the expense of the accuracy of the records as the personality of the 'perfect' Buddha (or still more of a Buddha) became a cosmic symbol. The Sthaviras, perhaps more than any other School, preserved ancient records of the Buddha as an ordinary human being living amongst his fellows, subject to sickness and weariness, but they too worked in an accompaniment of supernatural manifestations.[4] The same appears to have been the case with the oldest parts of the Sanskrit canon. Out of these separate legends were woven in later times and with numerous additions, complete biographies of the Buddha, such as we find in the Pali commentaries and chronicles as well as in the Sankskrit *Mahāvastu* and *Lalitavistara*.

---

3. G.C. Pande, *Studies in the Origins of Buddhism*, Allahabad, 1957, p. 369.
4. A.K. Warder, in *Historious of India, Pakistan and Ceylon*, ed. C.H. Philips, London, 1961, p.50.

"An early form of the Sanskrit tradition is visible in the collection of legends in the Tibetan scriptures, especially the *Vinaya*. The most important have been translated into English by Rockhill as Life of the Buddha. *Mahāvastu*, belonging to the *Vinaya* of the Lokottaravādins, contains much legendary material for Buddha's biography. *Lalitavistara*, in its present form a Mahāyāna sūtra but containing some clearly old passages, gives a continuous narrative of Buddha's life. The *Abhiniṣkramaṇa* sūtra, existing only in a Chinese translation, has been published in an abridged translation in English by Beal as The Romantic Legend of śākya Buddha. It agrees in the main with the Mahāvastu. Finally, the Sanskrit epic- *Buddhacarita* of Asvaghoṣa-may be mentioned."[5]

According to G.C. Pande the earlier disciples of Buddha paid much less attention to his life than to his teachings, and were inclined to regard him as essentially a human being, a śākya, a Gautama, who, through his own efforts, became Awakened, and finally, at his death, entered a mysterious state beyond common comprehension. He was remembered as a Great Ascetic, a Great Sage; his Dhamma was what remained on earth after his death as the source of inspiration for his followers. The recollection of Buddha's life played a small part in the practice of Dhamma, and hence little attention was devoted to the compilation of his historical biography. Within a century however, the situation began to change through the gradual apotheosis of Buddha, and accounts of his life were embellished and systematised in accordance with the requirements of Buddhological theories."[6]

In the process of transformation of Buddha's personality the authentic fact of his life tended to be obscured or forgotten, while numerous legends gathered around the various incidents of his career. The fact that the romantic tales of Buddha's miraculous conception and birth and the dogmatic beliefs about the six preceding Buddhas occur in the texts of the Pali canon as well as on the relief sculptures of the Bharhut stūpa belonging to the second century B.C. proves their early origin.

